DFJK-03

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

नित्यकर्म प्रयोग

पाठ्यक्रम अभिकल्प समिति

अध्यक्ष

प्रो.(डॉ.) विनय कुमार पाठक
कुलपति
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

समन्वयक एवं सदस्य

समन्वयक

डॉ. क्षमता चौधरी
सहायक आचार्य (अंग्रेजी) व.म.खु.वि., कोटा

सदस्य

1. **प्रो.(डॉ.) एल.आर. गुर्जर**
   निदेशक, सामाजिक एवं मानविकी विद्या पीठ
   वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा (राज.)
2. डॉ. क्षमता चौधरी
   सहायक आचार्य (अंग्रेजी)
   वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
3. डॉ. कमलेश जोशी
   उपकुलसचिव, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
4. प्रो. भास्कर श्रोत्रिय
5. डॉ. सरिता भार्गव
6. पं. हेमन्त शास्त्री
   ज्योतिष, कोटा

सम्पादन एवं पाठ्यक्रम लेखन

सम्पादक

डॉ. उमेश शुक्ला
व्याख्याता, संस्कृत विभाग
श्रीमती लाड़ देवी, संस्कृत महाविद्यालय, माड़ल गढ, भीलवाड़ा

	लेखक	इकाई सं.
1	**प्रो. वासुदेव शर्मा** **आचार्य एवं ज्योतिष विभागाध्यक्ष,** **राष्ट्रिय संस्कश्त संस्थान, त्रिवेणी नगर,** **गोपालपुरा बाईपास के पास, जयपुर**	(2, 7, 8, 9, 10, 11)
2 . 2	**पं. चन्द्रशेखर शर्मा** **ब्रह्मपुरी, जयपुर**	**(1, 3, 4, 5, 6)**

अकादमिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था

प्रो.(डॉ.) विनय कुमार पाठक
कुलपति
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

प्रो.(डॉ.) एल.आर. गुर्जर
निदेशक, सामाजिक एवं मानविकी विद्याा पीठ
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,
कोटा (राज.)

प्रो.(डॉ.) पी.के. शर्मा
निदेशक, क्षेत्रीय सेवाएं
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,
कोटा (राज.)

पाठ्य सामग्री उत्पादन एवं वितरण विभाग

श्री योगेन्द्र गोयल
सहायक उत्पादन अधिकारी

उत्पादन

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

अनुक्रमणिका

इकाई सं.	इकाई का नाम	पृष्ठ सं.
इकाई – 1	दैनिक नित्यकर्म (हस्त अवलोकन, भूमि प्रार्थना, शौचकर्म, दन्तधावन, तीर्थ प्रार्थना)	3
इकाई – 2	दैनिक जीवन में ज्योतिषीय पंचांग का व्यवहारिक ज्ञान	30
इकाई – 3	षोड़श संस्कारों का परिचय एवं यज्ञोपवीत का पूजन सहित धारण विधि	75
इकाई – 4	सन्ध्योपासना (त्रिकाल सन्ध्या का विधान एवं नियम, सन्ध्या में पूजनकालिक प्रमुख मुद्राओं का सचित्र विश्लेषणात्मक विवरण)	140
इकाई – 5	पंचदेवोपासना	161
इकाई – 6	बलिवैश्वदेव एवं भोजनविधि	203
इकाई – 7	नित्य तर्पण (देव–ऋषि–पितृ–मनुष्य तर्पण)	223
इकाई – 8	उत्तरकर्म (अन्त्येष्टिकर्म) परिचय	246
इकाई – 9	शिवसंकल्प सूक्त, अप्रतिरथ सूक्त, पुरूष सूक्त, उत्तरनारायण सूक्त, रुद्रसूक्त, भद्रसूक्त का पाठाभ्यास	292
इकाई – 10	चण्ड़ी–विधान का सामान्य परिचय	317
इकाई – 11	यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र का सैद्वान्तिक ज्ञान	346

पाठ्यक्रम परिचय

दैनिक क्रियाएँ (हस्त अवलोकन, भूमि अवलोकन, भूमि प्रार्थना, शौच कर्म, दन्त धवन, तीर्थ एवं स्नान)

भारतीय सनातन संस्कृति पुनर्जन्म एवं मरण पर आधारित है। इस लोक में सभी जगह सुख–दुख,हानी–लाभ,जीवन–मरण,दरिद्रता–सम्पन्नता, रुग्णता –स्वस्थता, वुद्धिमत्ता–अवुद्धिमत्ता, दया–कुरता और द्वेष–अद्वेष आदि वैभिन्न्य स्पष्ट रुप से दिखायी पडता है। पर यह वैभिन्न्य दृष्ट कारणों से ही होना आवश्यक नहीं,कारण की ऐसे बहुत सारे उदाहरण प्राप्त होते हैं, कि एक ही माता पिता के एक ही साथ जन्मे युग्म बालकों की शिक्षा –दीक्षा , लालन –पालन आदि समान होने पर भी व्यक्तिगत रूप से उनकी परिस्थितियां भिन्न–भिन्न होती हैं, जैसे कोई सुखी कोई दुखी, कोइ हानी कोई लाभ, कोई दरिद्र कोई सम्पन्न कोई रुग्ण कोई स्वस्थ, कोई वुद्धिमान कोई अवुद्धिमान, कोई दयावान कोई कुर कोई द्वेष कोई अद्वेष कोई अंगहीन तो कोई सर्वांग–सुन्दर इत्यादि। इन सभी बातों से यह स्पष्ट होता है कि जन्मान्तरीय धर्माधर्म रूप अदृष्ट भी इन भोगों का कारण है। अतः मानव –जन्म लेकर अपने कर्तव्य के पालन और स्व–धर्माचरण के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को अत्यधिक सावधान होना चाहिये।

कर्मकाण्ड में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम पत्र में कुल 11 इकाईयों को सम्मिलित किया गया है, जिनका परिचय इस प्रकार है–

इकाई –1 : दैनिक क्रियाएँ (हस्त अवलोकन, भूमि अवलोकन, भूमि प्रार्थना, शौच कर्म, दन्त धवन, तीर्थ एवं स्नान)इस इकाई के अध्ययन से मनुष्य के नित्यकर्मो के सम्बन्ध में विशद विवेचन किया गया है। मनुष्य को बहुत सी विधों में पशुओं से भी ज्ञान ग्रहण करने हेतु शास्त्रों ने निर्देशित किया है।

इकाई 2 : पंचांग का व्यावहारिक जीवन में उपयोग–इस इकाई के अध्ययन से तिथि, वार, नक्षत्र, योग करण। पाँच अंगों के अतिरिक्त भी अन्य अनेकानेक विषयों का ज्ञान करेंगे

इकाई – 3 षोडश संस्कार : मानव जीवन विशुद्ध और उन्नत बनाने के उद्देश्य से संचालित षोड़श संस्कार व्यवस्था अनादिकाल से भारतीय संस्कृति का अभिन्न अङ्ग रही है। संस्कार–संज्ञक क्रिया–कलाप प्रत्येक ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य लिए अनिवार्य कर्तव्य है,इसके विषय में अध्ययन करेंगे

इकाई – 4 सन्धा : सन्धा वर्णन से संबंधित यह चौथी इकाई है। सन्ध्या शब्द का तात्पर्य दो कालों के मध्य का समय होता है। सन्ध्या तीन प्रकार की होती है – 1. प्रातः सन्ध्या, 2. मध्याह्न सन्ध्या तथा 3. सायं सन्ध्या। तथापि एक और सन्ध्या (रात्रि सन्ध्या) होती है जो सभी के लिए बाध्य नहीं है, यह केलव कार्यविशेष (तान्त्रिक कर्म) के लिए विशेष अतः इस इकाई के अध्ययन के बाद आप संधा संबंधी समस्त महत्वपूर्ण तथ्यों को बता सकेगें।

इकाई – 5 पंचदेव – उपसना : इस इकाई में पञ्चदेव के विषय में विशेष महत्त्व माना गया है सूर्य, गणेश, दुर्गा, शिव तथा विष्णु पञ्चदेव है। इनका पूजन सभी कार्यों में से करना चाहिए, अन्यथा पूजनकर्म निष्फल हो जाता है। अतः इस इकाई के अध्ययन के बाद आप महत्वपूर्ण तथ्यों को बता सकेगें।

इकाई–6, बलि वैश्यदेव : इस इकाई में बलि–वैश्यदेव का प्रयोजन एवं उसकी विधियों सम्यक् अध्ययन किया गया है मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, अतः नित्य दिनचार्य में यज्ञ एवं भोजनविधि का महत्त्वपूर्ण क्रम है। सभी जीवों के लिए भोजन का प्रबन्ध एवं समाज में मानवता का उत्थापन प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। अतः इस इकाई के अध्ययन के बाद आप महत्वपूर्ण तथ्यों को बता सकेगें।

इकाई –7 नित्य तर्पण : तर्पण का प्रयोजन ऋण से मुक्ति है। प्रस्तुत इकाई में नित्यकर्म के अन्तर्गत तर्पण करने की विधि का संगोपांग वर्णन किया गया है।

इकाई – 8 उत्तर कर्म (अन्त्येश्टिकर्म) : मृत्यु समय निकट देखकर पुत्र अथवा सम्बन्धी लोग भक्ति का उपदेश, भगवान्के नामों का उच्चारण, गायत्री मन्त्र का जाप, ऊँकार अथवा महामृत्युञ्जय का जाप, गङ्गा, राम, कृष्ण का स्मरण करवायें या जिसकी मृत्यु निकट आ गयी हो, उसे गीता, विष्णुसहस्रनाम, गङ्गा सहस्रनाम, श्रीमद्भगवद्गीता आदि पुण्य शास्त्रों का पाठ सुनावें, जिससे अन्तकाल में प्राणी भगवान्नाम को स्मरण अथवा श्रवण करते हुए मुक्त हो सके। अतः इस इकाई के अध्ययन के बाद आप महत्वपूर्ण तथ्यों को बता सकेगें।

इकाई – 9 सूक्तो की व्याख्या : इस देश मे जितने प्रकार के उपवास व्रत पूजन अथवा होम–नियम प्रचलित है उनमे शिवरात्रि–व्रत के समान साम्ब सदाशिव की आराधना से चतुर्वर्ग फलाप्ति का अमोघ वैदिक उपाय है ''रूद्राभिषेक''। शिव और रूद्र ब्रह्म के ही पर्यायवाची शब्द है। 'वेदः शिवः शिवो वेदः' वेद शिव है और शिव ही वेद है अर्थात् शिव वेदस्वरूप है अतः इस इकाई के अध्ययन के बाद आप महत्वपूर्ण तथ्यों को बता सकेगें। '

इकाई–10 चण्डी विधान :इस संसार में बड़े–बड़े सिद्ध एवं साधकों ने सप्तशती पर अपनी वाणी को पवित्र करने के लिए शास्त्र–साधना, अनुभव, भक्ति, प्रेम एवं आनन्द में विभोर होकर अपने–अपने श्रेष्ठतम विचारों को साधकों के हितार्थ चण्डी के विधान के विषय में बताया गया है। अतः इस इकाई के अध्ययन के बाद आप महत्वपूर्ण तथ्यों को बता सकेगें। '

इकाई–11 यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र का सैद्धान्तिक ज्ञान : तन्त्र–मन्त्र–यन्त्र मानव जीवन का अभिन्न अङ्ग है। अपने नित्यदिन के कर्मों के सिद्धि हेतु इनका उपयोग सभी धर्मों के अनुयायी किया करते है। तन्त्र–मन्त्र–यन्त्र के योग में पारङ्गत होना परम आवश्यक है। जब तक मनुष्य आत्म–संयम नहीं करता है,

इकाई –1

दैनिक क्रियाएँ (हस्त अवलोकन, भूमि अवलोकन, भूमि प्रार्थना, शौच कर्म, दन्त धवन, तीर्थ एवं स्नान)

इकाई की संरचना

1.1 प्रस्तावना
1.2 उद्देश्य
1.3 विषय प्रवेश
1.4 हस्त अवलोकन
1.4.1 ब्रह्म मुहूर्त
1.4.2 हस्त अवलोकन का मन्त्र
1.5 भूमि प्रार्थना
1.5.1 अभंग परिहार हेतु वस्तुओं का दर्शन
1.5.2 शीतल जल से मुखंडों का प्रक्षालन
1.5.3 मानसिक शुद्धि मन्त्र
1.5.4 प्रातः स्मरण के मंगल श्लोक
1.6 शौच कर्म
1.7 दन्त धावन
1.7.1 दातुन तोडने हेतु प्रार्थना
1.7.2 वर्णो के अनुसार दन्त काष्ठ
1.7.3 निषेध काल
1.7.4 प्रशस्त काष्ठ
1.7.5 निषिद्ध काष्ठ
1.7.6 काष्ठ विसर्जन
1.7.7 क्षौर कर्म
1.7.8 क्षौर कर्म फल
1.7.9 प्रशस्त वरों में क्षौर कर्म का फल
1.7.10 तैलाम्भंग
1.7.11 तैलाम्भंग हेतु निषिद्ध काल
1.7.12 तैलाम्भंग का निषेध काल में फल
1.7.13 व्यायाम
1.8 तीर्थ प्रार्थना
1.8.1 प्रातः स्वाद के लाभ
1.8.2 सूर्य नमस्कार
1.8.3 स्नान
1.8.4 असक्त की स्नान विधि
1.8.5 संकल्प
1.8.6 जल–श्रेष्ठता
1.8.7 अपवित्र जल विचार

1.8.8 मृत्तिका लेपन मन्त्र
1.8.9 तीर्थावाहन
1.8.10 गंगा प्रार्थना
1.8.11 तीर्थ स्नान के नियम
1.8.12 स्नानांग तर्पण
1.8.13 देव तर्पण
1.8.14 ऋषि तर्पण
1.8.15 पितृ तर्पण
1.8.16 जीवित तर्पण का निर्णय
1.9 सारांश
1.10 शब्दावली
1.11 अति लघुत्तरीय प्रश्न
1.12 लघुत्तरीय प्रश्न
1.13 सन्दर्भ ग्रन्ध सूची

1.1 प्रस्तावना :

मनुष्य के श्वासोच्छावास अर्थात अहर्निश जीवन में प्रभू का नाम होना चाहिए, तभी मानव मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। शास्त्रों में सूर्योदय से ही मनुष्य के नित्यकर्मो के सम्बन्ध में विशद विवेचन किया गया है। मनुष्य को बहुत सी विधों में पशुओं से भी ज्ञान ग्रहण करने हेतु शास्त्रों ने निर्देशित किया है। जैसे –

काक चेष्टा बको ध्यानम्, श्वाद निद्रा तथैव च।

स्वल्पाहारी गृहत्यागी, विद्यार्थी पंचलक्षणम्।।

यदि मनुष्य प्रकृति का अनुसरण करे, तो अनेकानेक व्याधियाँ मनुष्य से स्वतः ही दूर हो जाती है। उदाहरण के लिए हम पशु–पक्षियों की जीवनचर्या देख सकते है। उनके नित्यकर्म सूर्योदय से प्रारम्भ होकर सूर्यास्त तक समाप्त हो जाते है। यदि मनुष्य भी जीवन में शास्त्रों में बताये गये नित्यकर्मो को अंगीकार कर ले तो वह स्वयं तो सात्विक बन ही जाता है, आस–पास क सामाजिक लोग भी उनसे प्रेरणा लेने लगते है।

1.2 उद्देश्य :

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप शास्त्रों में वर्णित निम्नलिखित ज्ञान से अवगत हो पायेंगे।

1. प्रातः कालीन नित्यकर्मो में प्रारम्भिक कर्म का विधान एवं नियम।

2. नित्य पठनीय श्लोकों की पाठविधि तथा उनका अर्थज्ञान।

3. इस इकाई के अध्यय करने के बाद आप नित्य क्रियाओं के सम्यक् विधान का पालन करने हेतु

बतायी गयी विधियों का समझ सकेंगे।

1.3 विषय प्रवेश :

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रकृति द्वारा कुछ विशेष नियम निर्धारित किये गये हे, जो मनुष्य एवं पशु दोनों के लिए समान रूप से करना अनिवार्य हे। जैसे – भोजन, जलग्रहण, उत्सर्जन इत्यादि क्रियाएँ। ये सभी क्रियाएँ स्वस्थ शरीर के पोषण हेतु आवश्यक है। इसी प्रकार मानसिक स्वस्थता के लिए मन का एकाग्र होना अत्यावश्यक है। मन की एकाग्रता के लिए विविध शास्त्रों में भिन्न–भिन्न स्व–प्रकृति के अनुसार निरूपण किये गये है। उदाहरण के लिये –

1. योगाश्चित्तवृति निरोधः। – पतंजलि योग सूत्र

2. अभ्यासेन हि कौन्तेय .....। – श्रीमद्भागवग्दीता

मनुष्य–शरीर में प्राण–अपान–समान–उदान–ज्ञान–नाक–कूर्म–देवदत्त–धनंजय आदि प्रमुख नाड़ियाँ है।

1.4 हस्त अवलोकन :

1. इन्हीं में प्रवाहित वायु वेग शरीर को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ बनाता है। अपनी–अपनी नाड़ी की प्रकृति क अनुसार मनुष्य विविध परिस्थितियों मे आचार–व्यवहार करता है।

2. ब्रह्म मुहूर्त को परिभाषित करते हुए विष्णुपुराण में कहा गया है कि –

अर्थात रात्रि के पश्चिम याम (अन्तिम प्रहार) को ब्रह्म मुहूर्त तो कहते ही हैं उसमें भी तृतीय चरण को विष्णुपुराण में ब्रह्ममुहूर्त कहा गया है। अथवा गणित में घंटा मिनट के अनुसार रात्रि के अन्तिम प्रहर का तृतीय चरण अर्थात् सूर्योदय होने के लगभग एक घंटे तीस मिनट पूर्व का समय ब्रह्म मुहूर्त के अन्तर्गत आता है।

इस अवलोकन की क्रिया प्रत्येक मनुष्य को शोकर उठते ही सबसे पहले करनी चाहिए। दर्शन के समय ही हस्त अवलोकन मन्त्र कराग्रे वसते लक्ष्मी... इत्यादि का उच्चारण भी करना चाहिए।

1.4.1 ब्रह्ममुहूर्त्त :–

रात्रेः पश्चिमयामस्य मुहूर्त्तो यस्तृतीयकः।

स ब्राह्म इति विज्ञेयो विहितः सः प्रबोधने।। **– विष्णुपुराण**

ब्राह्मे मुहूर्ते या निद्रा सा पुण्यक्षयकारिणी;

तां करोति द्विजो मोहात् पादकृच्छ्रेण शुद्धयति।।

अर्थात् ब्रह्ममुहूर्त्त की निद्रा मनुष्य के पुण्य का क्षय करने वाली है। ब्रह्ममुहूर्त्त में जो भी कोई (विशेषकर द्विज) मोहवश निद्रावस्था में रहता है, उसे प्रायश्चित के लिए अर्थात् उस पाप से मुक्ति के लिए ''पादकृच्छ्र'' नामक व्रत करना चाहिए।

1.4.2 हस्त अवलोकन का मन्त्र :–

करागे्र वसते लक्ष्मीः करमध्ये तु सरस्वती।

करमूले स्थितो ब्रह्मा प्रभाते कर दर्शनम्।। **– आचारप्रदीप**



मन्त्र का यह अर्थ है कि हाथ के अग्रभाग में लक्ष्मी, मध्य में सरस्वती और मूल ब्रह्मा का निवास है। अतः प्रातः काल दोनों हाथों में इन देवताओं का ध्यान करते हुए दर्शन करना चाहिए।

वस्तुतः सांसारिक सभी कार्य मनुष्य के हाथों से ही सम्पादित होते है। श्रीमद्भागवग्दीता में भी श्रीकृष्ण ने कर्मयोग का सन्देश दिया है। लक्ष्मी को धन की देवी कहा गया है, संसार के समस्त भौतिक सुख धन के बिना प्राप्त नहीं हो सकते है तथा सरस्वती, जिसे ज्ञान की देवी कहा जाता है उसकी आराधना के बिना मनुष्य की बौद्धिक क्षमताएँ विकसित नहीं हो सकती है। ब्रह्मा अर्थात् परमत्व (ईश्वर) की कृपा से रहित मनुष्य किसी भी कार्य में सफल नहीं हो सकता। इसीलिए शास्त्रों ने लक्ष्मी–सरस्वती–ब्रह्मा को स्व–हस्त में स्थान दिया है और कर्म करने हेतु मनुष्य को प्रेरित किया है।

नोट :– सम्प्रदाय के अनुसार व्यक्ति जिस भी आध्यात्मिक शक्ति में आस्था रखता है, उसका ध्यान करते हुए हस्त अवलोकन कर सकते है।

अव्याधितं चेत् स्वपन्तं ..... विहितकर्मश्रान्ते तु न।।

– आचार्य इन्दु

शास्त्र में रोगी, वृद्ध व्यक्ति, बालकों के लिए ब्रह्ममुहूर्त्त में निद्रामुक्त ने होने पर भी किसी भी प्रकार प्रायश्चित नहीं बताया गया है। साथ ही धार्मिक अनुष्ठान अथवा सामाजिक कल्याण हेतु किये गये कार्यों के फलस्वरूप भी यदि कोई धार्मिक ब्रह्ममुहूर्त्त में निद्रामुक्त नहीं हो ताता है, तो वह भी पूर्व में किये कृत्यों के फलस्वरूप दोषमुक्त रहता है अर्थात् उन्हें भी प्रायश्चितमुक्त रखा गया है।

वर्णं कीर्तिं मतिं लक्ष्मीं स्वास्थ्यमायुश्च विन्दति।

ब्राह्मे मुहूर्त्ते संजाग्रच्छ्रियं वा पंकजं यथा।।

अर्थात् ब्रह्ममुहूर्त्त में उठने से व्यक्ति को शारीरिक–कान्ति, यश, लक्ष्मी, बुद्धि, दीर्घायु, स्वास्थ्य आदि की प्राप्ति सहज ही सुलभ हो जाती है।

यहाँ ध्यान देने योग्य विशेष बात यह है कि भारतीय संस्कृति में स्वावलम्बन अर्थात् आत्मनिर्भरता की भावना का व्यक्ति में विकास करने के उद्देश्य से ही स्व–हस्तावलोकन का महत्त्व प्रतिपादित किया गया है।

1.5 भूमि प्रार्थना (भूमि प्रार्थना, प्रमाण, दर्शन, मुख प्रक्षालन) :

शय्या से उठकर हस्त अवलोकन के पश्चात् पृथ्वी पर पैर रखने से पूर्व भूमि की वन्दना तथा क्षमा याचना करने का विधान बताया गया है। इस हेतु यदि सम्भव हो तो भूमि का हाथ से स्पर्श कर प्रमाण करने के उपरान्त ही नाम का जो स्वर प्रभावी हो प्रथमतः वही पैर पहले रखते हुए निम्न श्लोक के माध्यम से अभिवादन तथा क्षमायाचना करनी चाहिए–

समुद्रवसने देवि! पर्वतस्तनमण्डले!।

विष्णुपत्नि! नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।।

अथवा

समुद्रमेखले देवि! पर्वतस्तनमण्डले।

विष्णुप्रिये नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।।

अर्थात् हे समुद्ररूपी मेखले! (करधनी) को धारण करने वाली और पर्वतरूप स्तनों से युक्त हे विष्णु की पत्नी पृथिवी देवी! तुमको नमस्कार है और तुम मेरे पादस्पर्श को क्षमा करो।

इसके पश्चात् दायाँ चरण मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्यदेवो भव। अतिथि देवो भव। आदि निर्देशों अनुसार श्री मंगल, सार्वत्रिक, विजय, आयु, विद्या, यश और बल की वृद्धि के लिए सभी को प्रणाम करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। इस क्रिया से आयु, विद्या, यश और बल की वृद्धि होती है।

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।

चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्।।

अर्थात् अभिवादनशील (प्रणाम करना स्वाभाविक) मनुष्य और नित्य रूप से वृद्धों अर्थात् माता–पिता एवं गुरू आदि की सेवा करने वाले मनुष्यों को आयु, विद्या, बल और यश में वृद्धि प्राप्त होती है। इतना ही नहीं बल्कि श्रीद्भागवत महापुराण में चराचर प्राणियों वनस्पतियों आदि को प्रमाण करने का परामर्श दिया गया है, जैसे –

खं वायुमग्निं सलिलं महीं च।

ज्योतिषि सत्त्वानि दिशो द्रुमादीन्।

सरित् समुद्रांश्च हरेः शरीर यत्किंच भूतं प्रणमेदन्यः।।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने प्रभु श्रीराम के माध्यम से रामचरित मानस में प्रभात वेला में गुरूजनों को प्रणाम करने के लिए प्रेरणा दी है :–

प्रातकाल उठि कै रघुनाथ। मातु पिता गुरू नावहिं माथा। – **रामचरितमानस**

1.5.1 इसके पश्चात् अमंगल के परिहारार्थ मांगलिक वस्तुओं का दर्शन करना चाहिए। यथा –

श्रोतियं सुभगां गाश्च अग्निमग्चितं तथा।

प्रातरूत्थाय यः पश्येदापद्भ्यः स विमुच्यते।।

अर्थात् प्रभात वेला में जो व्यक्ति वेदज्ञ, विद्वान्, सौभाग्यवती स्त्री, गौ, अग्नि तथा याज्ञिक का दर्शन करता हे, वह भी विपत्तियों से मुक्त रहता है।

1.5.2 शीतल जल से मुखांगों का प्रक्षालन –

पुराणों में निद्रानिवृत्ति के पश्चात् शीतल जल से मुख प्रक्षालन करने का विधान बताया गया है। जिसमें नेत्रादि प्रक्षालन भी सम्मिलित है। जैसे – ब्रह्मवैवर्तपुराण का कथन है –

आपूर्यशीतलजलेन मुखं प्रसिश्चेत् पानीयबिन्दुविसरैः नयने सदैव।

त्रिसप्तधारमखिलक्षिरूजापहारी कर्मेतदुक्तमधियोगि गुरूप्रसिद्धम्।।

चक्षुर्जलंच व्यायामः पादाधस्तैलमर्दनम्।

कर्णयोर्मूर्ध्नि तैलं च जराव्याधिविनाशनम्।।

1.5.3 मानसिक शुद्धि हेतु मन्त्र :–

ओम अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।। ओम पुण्डरीकाक्षः पुनातु ऐसा तीन बार उच्चारण करें।

1.5.4 प्रातः स्मरण हेतु मंगलश्लोक :–

गणेश स्मरण :–

प्रातः स्मरामि गणनाथमनाथबन्धुं,

सिन्दूरपूरपरिशोभितगण्डयुग्मम्।

उद्दण्डविघ्नपरिखण्डनचण्डदण्ड–

माखण्डलादिसुरनायकवृन्दवन्द्यम्।।

समूह के मुखिया अनाथो के बन्धु, सिन्दुर से शोभायमान दोनों गण्डस्थल वाले, प्रबल विघ्न का नाश करने में समर्थ एवं इन्द्रादि देवों से नमस्कृत श्रीगणेश को मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

विष्णुस्मरण :–

प्रातः स्मरामि भवभीतिमहार्तिनाशं,

नारायणं गरूड़वाहनमब्जनाभम्।

ग्राहाभिभूतवरवारणमुक्तिहेतुं,

चक्रायुधं तरूणवारिजपत्रनेत्रम्।।

संसार से भयरूपी महान् दुःख को नष्ट करने वाले, ग्राह से गजराज को मुक्त कराने वाले, चक्रधारी एवं नवीन कमलदल के समान नेत्रवाले पद्मनाभ गरूड़वाहन भगवान् श्रीनारायण का मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

शिवस्मरण :–

प्रातः स्मरामि भवभीतिहरं सुरेशं,

गंगाधरंवृषभवाहनमम्बिकेशम्।

खट्वांगशूलवरदाभयहस्तमीशं,

संसाररोगहरमौषधमद्वितीयम्।।

संसार के भय को नष्ट करने वाले, देवेश, गंगाधर, वृषभवाहन, उमापति, हाथ में खट्वांग एवं त्रिशूल लिये और संसाररूपी रोग का नाश करने के लिए अद्वितीय औषध–स्वरूप, अभय एंव वरद मुद्रायुक्त हस्तवाले भगवान् शिव को मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

देवीस्मरण :–

प्रातः स्मरामि शरदिन्दुकरोज्जवलाभां,

सद्रत्नवन्मकरकुण्डलहाभूषाम्।

दिव्यायुधोर्जितसुनीलसहस्त्रहस्तां,

रक्तोत्पलाभचरणां भवतीं परेशाम्।।

शरत्कालीन चन्द्रमा के समान उज्जवल आभायुक्त, उत्तम रत्नों से जटिल मकरकुण्ड तथा हारों से सुशोभित, दिव्यायुधों से दीप्त सुन्दर नीले हजारों हाथों वाली, लाल कमल की आभायुक्त चरणों वाली भगवती दुर्गा देवी का मैं प्रातः काल स्मरण करता हूँ।

सूर्यस्मरण :–

प्रातः स्मरामि खलु तत्सवितुर्वरेण्यं,

रूपं हि मण्डलमृचोऽथ तनुर्यजूंषि।

सामानि सस्य किरणाः प्रभवादिहेतुं,

ब्रह्माहरात्मकमलक्ष्यमचिन्त्यरूपम्।।

सूर्य का वह प्रशस्त रूप, जिसका मण्ड ऋग्वेद, कलेवर यजुर्वेद तथा किरणों में सामवेद है। जो सृष्टि आदि के कारण हैं, ब्रह्मा और शिव के स्वरूप हैं तथा जिनका रूप अचिन्त्य और अलक्ष्य हैं, प्रातः काल मैं उनका स्मरण करता हूँ।

त्रिदेवों के साथ नवग्रह का स्मरण :–

ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी, भानुः शशी भूमिसुतोबुधश्च।

गुरूश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः, कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

ब्रह्मा, विष्णु, शिव, सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु व केतु – ये सभी मेरे प्रातः काल को मंगलमय करे।

ऋषिस्मरण :–

भृगुर्वसिष्ठः क्रतुरंगिराश्च, मनुः पुलस्त्यः पुलहश्च गौतमः।

रैभ्यों मरीचिश्च्यवनश्च दक्षः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

भृगु, वसिष्ठ, क्रतु, अंगिरा, मनु, पुलस्त्य, पुलह, गौतम, रैभ्य, मरीचि, च्यवन और दक्ष – ये समस्त मुनिगण मेरे प्रातः काल को मंगलमय करे।

सनत्कुमारः सनकः सनन्दनः सनातनोऽप्यासुरिपिंगलौच।

सप्त स्वराः सप्त रसातलानि कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

सप्तावर्णाः सप्त कुलाचलाश्च सप्तर्षयो द्वीपवनानि सप्त।

भूरादिकृत्वा भुवनानि सप्त कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

ये ऋषिगण – सनत्कुमार, सनक, सनन्दन, सनातन, आसुरि और पिंगल

ये सप्तस्वर – षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पश्पंचम, धैवत तथा निषाद

ये सात अधोलोक – अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल तथा पाताल

उपर्युक्त सभी मेरे प्रातः काल को मंगलमय करे। सातों समुद्र, सातों कुलपर्वत, सप्तर्षिगण, सातों वन तथा सातों द्वीप, भूर्लोक, भुवर्लोक आदि सातों सभी मेरे प्रातः काल को मंगलमय करे।

प्रकृतिस्मरण :–

पृथ्वी सगन्धा सरसास्तथापः, स्पर्शी च वायुर्ज्वलितं च तेजः।

नभः सशब्दं महता सहैव, कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

गन्धयुक्त पृथ्वी, रसयुक्त जल, स्पर्शयुक्त वायु, प्रज्वलित तेज, शब्दसहित आकाश एवं महत्तत्व – ये सभी मेरे प्रातःकाल को मंगलमय करे।

इत्थं प्रभाते परम पवितं पठेत् स्मरेद्वा श्रृणुयाच्च भक्त्या।

दुःस्वप्ननाशस्विह सुप्रभातं भवेच्च नित्यं भगवत्प्रसादात्।।

इस प्रकार उपर्युक्त इन प्रातः स्मरणीय परमपवित्र श्लोकों का जो भी व्यक्ति भक्तिपूर्वक प्रातः काल पाठ करता है, स्मरण करता है अथवा श्रवण करता है, भगवद्दया से उसके दुःस्वप्नों का नाश हो जाता है और उसका प्रभाग मंगलमय हो जाता है।

1.6 शौचकर्म :

प्रत्येक द्विज एवं अन्य सभी धार्मिकों को शोचाचार का सदैव नियमपूर्वक पालन करना चाहिए क्योंकि इसके बिना अन्य सभी क्रियाएँ निष्फल हो जाती है। यथा

शौचे यत्नः सदा कार्यः शौचमूलो द्विजः स्मृत।

शौचाचारविहीनस्य समस्ता निष्फलाः क्रियाः।। – दक्षस्मृति

1.6.1 जलपात्र को उचित स्थान पर रखे, सिर व शरीर को ढककर रखे, जनेऊ को दायें कान पर लगा लेना चाहिए अथवा जनेऊ को दायें हाथ से निकालकर (कण्ठीकृत करके) पहले दायें कान को लपेटे, फिर उसे सिर के ऊपर लाकर बायें कान को भी लपेट लेवे। यथा –

मूत्रे तु दक्षिणेकर्णे पुरीषे वामकर्णके।

उपवीतं सदाधार्यं मैभुने तु उपवीतिवत्।। – सायण

शिरोवेष्टनस्य तु सदा तेनैव सिद्धेः। – आचारभूषण

वर्तमानकाल में अधिकांश जनसंख्या व्यक्ति कोष्ठबद्धता से पीड़ित है। यदि प्रातः मलत्याग से पूर्व रात्रि में ताम्रपात्र में रखा हुआ जल भरपेट पी लिया जाये तो इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। यथा –

निशायां तु पिबेद् निशान्ते शीतलं जलम्.....।।

अर्थात् रात्रि में कवोष्ण (गुनगुना) दूध, प्रातः ताम्रपात्र में रखा शीतलजल तथा भोजन के बाद छाछका सेवन करने पर किसी अन्य औषधि के सेवन की आवश्यकता नहीं रह जाती।

1.6.2 ऊर्ध्वगामी वायु को अधेगामी बनाने, मलाशय पर दबाव बनाने के लिए सिर और कानों पर वस्त्र लपेट, शिखा खोलकर सुखपूर्वक पूर्व उत्तराभिमुख बैठकर सम्भव हो तो खेत, खुला मैदान, शौचालय अथवा सुविधाजनक स्थान पर मल–त्याग करना चाहिए। कहीं यह भी उल्लेख मिलता हैकि जगदात्मा सूर्य को दायीं और रख प्रातः उत्तर तथा सायंकाल दक्षिण की ओर मखकर मल–त्याग करना चाहिए। यथा –

शौचे च सुखमासीनः प्राङ् मुखो वाप्युदङ् मुखः।

शिरः प्रावृत्य कर्णौ च मुक्तकच्छशिखोऽपि वा।। – दक्षस्मृति

दिवा सन्ध्यासु कर्णस्थब्रह्मसूत्र उदङ् मुखः।

कुर्यान्मूत्रपुरीषे तु रात्रौ च दक्षिणामुखः।। – याज्ञवल्क्यस्मृति

जलाशय से दस (10) हाथ परिमाण स्थान छोडकर तथा तीर्थ से चतुर्दश (40) हस्तपरिमाण स्थान छोड़कर मूत्रविसर्जन करना चाहिए।

जलाशय से शत (100) हाथ परिमाण स्थान छोड़कर तथा तीर्थ से चतुःशत (400) हस्तपरिमाण स्थान छोड़कर मल–त्याग करना चाहिए। यथा –

दश हस्तान् परित्यज्य मूत्रं कुर्याज्जलाशये।

शतहस्तान् पुरीषार्थे तीर्थ नद्यां चतुर्गुणम्।।

यदि आप खुले स्थान पर शौच कर रहे है तो तीन बार ताल (ताली) बजाकर शौचक्रिया के लिए मौन होकर बैठे।

1.6.3 शौचमन्त्र :– शौच के समय का मन्त्र स्मरण –

गच्छन्तु ऋषयो देवाः पिशाचा ये च गुह्यकाः।

पितृभूतगणाः सर्वे करिष्ये मलमोचनम्।। – नारदपुराण

1.6.4 शौचक्रिया सम्पन्न हो जाने पर दो बार शिश्र, पाँच बाद गुदा, दस बार बायें हाथ, सात बार दोनों हाथ शुद्ध मिट्टी (वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जल से) से रगड़कर धोने चाहिए। यह विधि गृहस्थ के लिए तो यथावत् है, ब्रह्मचारी के लिए द्विगुणित, वानप्रस्थ के लिए त्रिगुणित तथा यतियों (सन्यासी) के लिए चतुर्गुणित करणीय है। यथा –

द्वे लिंगे मृत्तिके देये गुदे पंच करे दश।

उभयोः सप्त दातव्याः विट्शौचे मृत्तिकाः स्मृता।।

मूत्रोत्सर्गमात्रे तु एकालिंगे करे तिस्त्र उभयोमृर्त्तिकाद्वयम्।

एकैकया मृदा पादौ प्रक्षाल्य तु शुचिर्भवेत्।।

मूत्राशौचं समाख्यातं शुक्रे तद् द्विगुणं भवेत्। – वसिष्ठ

1.6.5 मूत्रविसर्जन के पश्चात् चार (4) बार, मलत्याग के पश्चात् आठ (8) बार गण्डूष (कुल्ला अथवा मुखप्रक्षालन) अपने बायें हाथ की तरफ करना चाहिए। यथा –

मूत्रोत्सर्गे तु चतुरः पुरीषे त्वष्टसंख्कान् ....।। – आपस्तम्ब

1.7 दन्तधावन (क्षौरकर्म, तैलाभ्यंग, व्यायाम) :

शौचकर्म के पश्चात् करंज, गूलर, आम, कदम्ब, लोध, चम्पक, बेर, नीम, बबूल, खदिर इनमें से जो भी सुलभ हो, उसकी अंगुली–प्रमाण से बारह (12) अंगुल की कनिष्ठिका अंगुली जितनी मोटी दातून लेवे, उसे खूब चबा लेवे, नर्म कूची बनाकर भली–भाँति दाँतों को धीर–धीर रगड़कर मसूड़ों को बचाकर साफ करना चाहिए।

निम्बश्च तिक्तके श्रेष्ठः काषाये खदिरस्तथा।

मधुको मधुरे श्रेष्ठः करंजः कटुके तथा।।

1.7.1 दातुन हेतु काष्ठ को वृक्ष से तोड़ने के समय प्रार्थना करे :–

आयुर्बलं यशो वर्चः प्रजा पशुवसूनि च।

ब्रह्म प्रजां च मेधां च त्वं नो देहि वनस्पते।। – कात्यायन

1.7.2 वर्णो के अनुसार दन्तकाष्ठ का प्रमाण :–

ब्राह्मण के लिए द्वादशांगुल (12), क्षत्रिय के लिए नवांगुल (09), वैश्य षष्ठ्यंगुल (06) तथा शूद्र व स्त्रियों के लिए चतुरांगुल (04) लम्बी तथा कनिष्ठिका अंगुली के समान मोटी दन्तकाष्ठ प्रशस्त कही गयी है। यथा –

द्वादशांगुलकं विप्रे काष्ठमाहुर्मनीषिणः।

क्षत्रविट्शूद्रजातीनां नवषट्चतुरंगुलम्।। – आचार्य भूषण

1.7.3 दन्तधावन हेतु निषेध काल

संक्रान्ति, व्यतिपात, व्रत, श्राद्धदिवस, प्रतिपदा, षष्ठी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा तथा रविवार को काष्ठ से दन्तधावन नहीं करना चाहिए। केवलमात्र मुखप्रक्षालन करना चाहिए। यथा –

प्रतिपद्दर्शषष्ठीसु नवम्यां रविवासरे।

व्यतीपाते च संक्रान्त्यां दन्तकाष्ठं न भक्षयेत्।। – व्यास

उपवासे तथा श्राद्धे न कुर्यात् दन्तधावनम्।। **– विष्णु**

1.7.4 दन्तधावन हेतु प्रशस्त काष्ठ :– चिड़चिड़ा, गूलर, आम, नीम, बिल्व, कुरैया, करंज, खैर, अपामार्ग, अर्क, उदुम्बर, बेर आदि की दातुन श्रेष्ठ मानी जाती है। यथा –

खदिरश्च करंजश्च कदम्बश्च वटस्तथा।

तिन्तिड़ी वेणपृष्ठं च आम्रनिम्बौ तथेव च।।

अपामार्गश्च बिल्वश्च अर्कचौदुम्बरस्तथा।

बरीतिन्दुकास्त्वेते प्रशस्ता दन्तधावने।। **– आचार्य इन्दु**

1.7.5 दन्तधावन हेतु निषिद्ध काष्ठ :–

कुशा, दूर्वा, पलाश, निशुप आदि काष्ठों का दन्तधावन में प्रयोग नहीं करना चाहिए। यथा –

कुशं काशं पलाशश्च निशुपं यस्तु भक्षयेत्।

तावद्भवति चाण्डालो यावद्गंगा न गच्छति।।

दातून करने के बाद अन्यून तीस (30) कुल्ले करके मुखशोधन करना चाहिए, तदनन्तुर मुख में जलभरके नेत्रों को जल से भली भांति धोना चाहिए, जिससे उनकी ऊष्णता शमित होकर नेत्रज्योति बढ़ती है। यदि सम्भव हो तो त्रिफला जल से नेत्रशोधन करना चाहिए। यथा –

भिल्लोदककषायेण तथैवामलकस्य वा।

प्रक्षालयेन्मुखं नेत्रे स्वस्थं शीतोदकेन वा।।

1.7.6 दन्तधावन के पश्चात् दन्तकाष्ठ का विसर्जन :–

दन्तधावन के पश्चात् दन्तकाष्ठ को दो भागों में विभाजित करके भलीप्रकार से धीरे–धीरे जिव्हा को साफ करना चाहिए। यथा – ''राक्षस्यामुत्सृजेत् काष्ठम्।'' (आश्वलायन) उच्चारण करके नैर्ऋत्यकोण में त्याग देना चाहिए।

दन्तधावन के पश्चात् कम से कम बाहर (12) बार गण्डूष (कुल्ला) अथवा मुखशोधन करना चाहिए। मुखशोधन ऋतु के अनुसार शीतल अथवा ऊष्ण जल से करना चाहिए।

दन्तधावन हेतु निषेधकाल में मध्यमा, अनामिका अथवा अगुंष्ठा से दाँतों को भलीभाँति साफ करे, किन्तु तर्जनी अंगुली से दन्तधावन नहीं करना चाहिए। यथा –

मध्यमा अनामिकाभ्यां च वृद्धांगुष्ठेन च द्विजः।

दन्तस्य धावनं कुर्यान्न तर्जन्या कदाचन।।

1.7.7 क्षौरकर्म :–

एकादशी, अमावस्या, चतुर्दशी, पूर्णिमा, संक्रान्ति, व्यतिपाल, व्रत–उपवास, श्राद्ध, रविवार, मंगलवार तथा शनिवार के दिन क्षौरकर्म का निषेध किया गया है। यथा –

भानुर्मासं क्षपयति तथा सप्त मार्तण्डसूनुः।

भौमश्चाष्टौ वितरति शुभान् बोधनः पंच मासान्।।

सप्तेवेन्दुर्दश सुरगुरूः शुक्र एकादशेति।

प्राहुर्गर्गप्रभृतिमुनयः क्षौरकार्येषु नूनम्।। – **वाराहीं संहिता**

1.7.8 निषिद्ध वारों में क्षौरकर्म करने का फल :– शास्त्रों में विचारित है कि –

रविवार को क्षौरकर्म करने से एक मास, मंगलवार को क्षौरकर्म करने से आठ मास, शनिवार को क्षौरकर्म करने से सात मास की आयु का क्षय होता है।

1.7.9 प्रशस्त वारों में क्षौरकर्म करने का फल :–

बुधवार को क्षौरकर्म करने से पाँच मास, सोमवार को क्षौरकर्म करने से सात मास, गुरूवार को क्षौरकर्म करने से दस मास तथा शुक्रवार को क्षौरकर्म करने से एकादशमास की आयुवृद्धि होती है।

नोट :– सामान्यतः गुरूवार को क्षौरकर्म नहीं करवाना चाहिए तथा जिन व्यक्तियों की नित्यक्रिया में क्षौरकर्म भी सम्मिलित है, उन्हें उपरोक्त किसी भी प्रकार का अशुभ अथवा शुभफल का विचार नहीं करना चाहिए।

1.7.10 तैलाभ्यंग :–

आयुर्वेद में अभ्यंग के लिए घृत (घी) से तेल की श्रेष्ठता प्रतिपादित करते हुए कहा गया है – ''घृतादष्टगुणा तैले मर्दने न तु भक्षणे'' अर्थात् मालिश हेतु प्रयुक्त तेल घी की अपेक्षा आठ (08) गुणा अधिक होता है, परन्तु भोजन में नहीं। आयुर्वेदाचार्य वाग्भट के अनुसार प्रतिदिन तेल की मालिश करने से थकावट, आलस्य, बुढ़ापा आदि के लक्षण शीघ्र प्रकट नहीं होते है। रोगों का उपशमन तथा नेत्रज्योति की वृद्धि होती है। शरीर पुष्ट, आयु में वृद्धि एवं सुखद निद्रा का लाभ होता है। मालिश से त्वचा चिकनी, सुन्दर और मजबूत हो जाती है। सिर, कान और पाँवों में विशेषरूप से मालिश करना प्रशस्त माना गया है। यथा –

अभ्यंगमाचरेन्नित्यं स जराश्रमवातहा।

दष्टिप्रसादपुष्ट्यायुः स्वपनसुत्वक्तदार्ढ्यकृत्।।

शिरः श्रवणपादेषु तं विशेषेण शीतलेयत्।।

शरीर को पूर्णतः निरोग रखने के लिए वायु की सर्वाधिक महत्ता है। शरीर त्वचा के छिद्रों द्वारा वायु ग्रहण करता है। त्वाचा में यह शक्ति मालिश के द्वारा आती है। अतः स्वस्थ रहने की कामना करने वालों का नियमित मालिश करनी चाहिए। महर्षि चरक का कथन है। यथा –

स्पर्शनेऽभ्यधिको वायुः स्पर्शनंच त्वगाश्रितम्।

त्वच्यश्च परमोऽभ्यंगस्तस्मात्तं शीलयेन्नरः।।

1.7.11 तैलाभ्यंग हेतु निषिद्धकाल :–

षष्ठी, एकादशी, द्वादशी, अमावस्या, पूर्णिमा, व्रत–उपवास, श्राद्ध–दिवस, रविवार, मंगलवार तथा शुक्रवार को तैल की मालिश नहीं करनी चाहिए।

1.7.12 निषिद्धकाल में तैलमालिश का फलः–

रविवार के दिन तेल की मालिश करने से ताप, सोमवार को तेल की मालिश करने से शोभा, मंगलवार को तैल की मालिश करने से मृत्यु अथवा आयुक्षय, बुधवार का धनप्राप्ति, गुरूवार को तैल की मालिश करने से हानि, शुक्रवार को तैल की मालिश करने से दुःख तथा शनिवार को तैल की मालिश करने से सुख की प्राप्ति होती है। गन्धयुक्त पुष्पों से सुवासित तथा अन्य पदार्थों से युक्त सरसों का तेल मालिश में प्रयोग करने पर दोष नहीं लगता है।

तैलाभ्यंगेरवौ तापः सोमे शोभा कुजे मृतिः।

बुधे धनं गुरौ हानिः शुक्रे दुःखं शनै सुखम्।।

रवौ पुष्पं गुरौ दूर्वा भौमवारे तु मृत्तिका।

गोमयं शुक्रवारे च तैलाभ्यंगे तु दोषभाक्।।

सार्षपं गन्धतैलं च यत्तैलं पुष्पवासितम्।

अन्यद्रव्यं युतं तैलं न दुष्यति कदाचन।। **– निर्णयसिन्धु**

वार	फल	अशुभ फल के शमन हेतु द्रव्य
रविवार	ताप	पुष्प
सोमवार	शोभा	–
मंगलवार	आयुक्षीण अथवा मृत्यु	मिट्टी

बुधवार	**धनप्राप्ति**	**–**
गुरूवार	**हानि**	**दूर्वा**
शुक्रवार	**दुःख**	**गोबर (गोमय)**
शनिवार	**सुख**	**–**

कानों के नीचे अँगूठे से धीरे–धीरे मालिश करने से कानों में वातज रोग, बधिरता आदि रोग, फोड़े–फुन्सी आदि, हनुस्तम्भ–ठुड्डी की जकड़न आदि रोगों के होने का भय नहीं होता है। सिर की मालिश से शीर्षाघात, कम्पवात, सन्त्रास आदि होने का भय शिथिल हो जाता है तथा पाँवों के तलवों की मालिश से नेत्रदृष्टि बढ़ती है, स्नायुतन्त्र होता है एवं शरीर बलवान् होता है। यथा –

न कर्णरोगा वातोत्था न मन्याहनुसंग्रहः।

नोच्चैः श्रुतिर्न बाधिर्यं स्यान्नित्यं कर्णतर्पणात्।।

नोट :– **सामान्यतः जिन व्यक्तियों की नित्यक्रिया में तैलाभ्यंग भी सम्मिलित है, उन्हें उपरोक्त किसी भी प्रकार का अशुभ अथवा शुभफल का विचार नहीं करना चाहिए। मुख्यरूप से दोष का फल केवलमात्र तिल के तेल हेतु ही माना गया है।**

1.7.13 व्यायाम :–

नित्यक्रिया में व्यायाम को भी अनिवार्य करणीय कर्म प्रतिपादित किया गया है। शरीर का स्वस्थ्य एवं स्फूर्तिदायक रखने में इसका अत्युत्तम योगदान है। व्यायाम से पुष्ट शरीर पर रोग सहसा आक्रमण नहीं कर पाते है। विरूद्ध आहार भी इससे पच जाता है। यह शैथिल्य (पतलापन), आलस्य, वृद्धावस्था आदि से भी बचाव करता है तथा मोटापे से भी बचाता है। नियमित व्यायाम करने से शरीर पुष्ट, अंग कान्तियुक्त एवं सुडौल हो जाते है, जठराग्नि तीव्र हो जाती है। शरीर भूख, प्यास, धूप, शीत, श्रम, क्लम आदि सहने का अभ्यस्त हो जाता है। सम्पूर्ण आरोग्य की प्राप्ति व्यायाम से ही सम्भव है। यथा–

शरीरोपचयः कान्तिर्गात्राणां सुविभक्तता।

दीप्ताग्नित्वमनालस्यं स्थिरत्वं लाघवं सृजा।।

श्रमक्लपपिपासाष्णशीतादीनां सहिष्णुता।

आरोग्यं चापि परमं व्यायामदुपजायते।।

आयुर्वेद भी इस विषय में कहता है – ''धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्यं मूलमुत्तमम्'' अर्थात् धर्म–अर्थ–काम–मोक्ष का मूलस्त्रोत्र स्वस्थ्य शरीर ही है।

''धीमता तदनुष्ठेयं स्वास्थ्यं येनानुवर्तने'' और इसकी प्राप्ति का साधन व्यायम ही है।

1.8 तीर्थप्रार्थना (सूर्य नमस्कार, स्नान) :

नवछिद्रों वालो अत्यन्त मलिन काया से मल निरन्तर उत्सर्जित होता रहता है। इस मल से शरीर को शुद्ध करने के लिए प्रातः काल स्नान अवश्य करना चाहिए। यथा –

अत्यन्तमलिनः कायः नवच्छिद्रसमन्वितः।

स्त्रवत्येष दिवारात्रौ प्रातः स्नानं विशोधनम्।। **– दक्षस्मृति**

1.8.1 प्रातः स्नान के लाभ :–

नित्य स्नान करने से रूप, तेज, बल, पवित्रता, आयु, आरोग्य, निर्लोभता, दुःस्वप्न का नाश, तप और मेधा की व2द्धि होती है। यथा –

गुणा दश स्नानपरस्य साधो! रूपं च तेजश्च बलं च शौचम्।

आयुष्यमारोग्यमलोलुपत्वं दुःस्वप्रश्नशश्च तपश्च मेधाः।। **– दक्षस्मृति**

वेद–श्रुति–स्मृतियों में कहे गये समस्त धार्मिक कृत्य स्नानमूलक है, जिसके नित्य करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। शरीर की पुष्टता एवं आरोग्य की वृद्धि होती है। यथा –

स्नानमूला क्रियाः सर्वाः श्रुतिस्मृत्युदिता नृणाम्।

तस्मात् स्नानं निषेवेत् श्रीपुष्ट्यारोग्यवर्धनम्।।

1.8.2 सूर्य नमस्कार :–

ओम ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्तीनारायण सरसिजासनसन्निविष्ट।

केयूरवान् कमरकुण्डलवान् किरीटीहारि हिरण्यमय वपुद्धतशंखचक्रः।।

1. ओम मित्राय नमः **2. ओम रवये नमः** **3. ओम सूयार्य नमः**

4. ओम भानवे नमः **5. ओम खगाय नमः** **6. ओम पूषणे नमः**

7. ओम हिरण्यगर्भाय नमः *?*

8. ओम मरीचये नमः **9. ओम आदित्याय नमः**

10. ओम सवित्रे नमः **11. ओम अकार्य नमः** **12. ओम भास्कराय नमः।**

फलश्रुति –

आदित्यस्य नमस्कारान् ये कुर्वन्ति दिने दिने।

आयुः प्रज्ञां बलं वीर्यं तेजस्वेशांच जायते।।

1.8.3 स्नान :–

स्नान करने के पश्चात् ही मनुष्य शारीरिक रूप से शुद्ध होकर प्रातः काल जप–पूजा–पाठ इत्यादि धार्मिक नित्यकर्म करने हेतु अधिकृत होता है। प्रातः काल स्नान एक अत्यावश्यक कर्म (सामाजिक एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से) है। शास्त्रों में स्नान के सात भेद बताये है। यथा –

मान्त्रं भौमं तथाग्नेयं वायव्यं दिव्यमेव च।

वारूणं मानसं चैव सप्त स्नानान्यनुक्रमात्।। **– आचारमयूख**

इत्यादि मन्त्रों स्नान करना मन्त्रस्नान कहलाता है, सम्पूर्ण शरीर में मिट्टी का लेपन भौमस्नान, भस्म का लेपन अग्निस्नान गौ की खुर की धूलि लगाना वायव्य स्नान, सूर्यकिरण में वर्षा के जल से स्नान दिव्यस्नान, जल से स्नान करना वारूणस्नान तथा आत्मचिन्तर करना मानसिक स्नान की श्रेणी में आता है। यथा –

आपो हिष्ठादिभिर्मान्त्रं मृदालम्भस्तु पार्थिवम्।

आग्नेयं भस्मना स्नान वायव्यं गोरजः स्मृतम्।।

यत्तु सातपवर्षेण स्नानं तद् दिव्यमुच्यते।

अवगाहो वारूणं स्यात् मानसं ह्यात्मचिन्तनम्।। – आचारमयूख

स्नान	–	विधि
1. मन्त्रस्नान	–	इत्याद मन्त्रों से मार्जन करना चाहिए।
2. भौमस्नान	–	समस्त शरीर में मिट्टी लगाना
3. अग्निस्नान	–	समस्त शरीर में भस्म लगाना
4. वायुस्नान	–	गौ (गाय) के खुर की धूल (मिट्टी) लगाना
5. दिव्यस्नान	–	सूर्यकिरण में वर्षा के जल से स्नान
6. वारूण (जल) स्नान	–	जल में डुबकी लगाना अथवा जल से स्नान करना
7. मानसिक स्नान	–	स्नान का चिन्तन करना अथवा विचारों का शुद्धिकरण

1.8.4 अशक्तजनों के लिए स्नानविधि :–

शारीरिक रूप से स्नान में असमर्थ (बाल, वृद्ध, रोगी) होने पर सिर के नीचे से ही स्नान करना चाहिए अथवा गीले वस्त्र से अथवा आर्द्र वस्त्र से शरीर को साफ करना (पोंछ लेना) भी विशेष परिस्थितियों में स्नान की ही श्रेणी में आता है, इसे कटिस्नान भी कहा जाता है। यथा –

अशिरस्कं भवेत् स्नानं स्नानाशक्तौ तु कर्णिकाम्।

आर्द्रेण वाससा वापि मार्जन दैहिकं विदुः।।

मणिबन्ध तक हाथ तथा घुटनों तक पैर धोकर एवं पवित्र होकर दोनों घुटनों के भीतर हाथ करके आचमन करने से स्नान के समान फल मिलता है तथा शुद्धि होती है। यथा –

आ–मणेर्बन्धानाद्धस्तो पादौ चाजनुतः शुची।

प्रक्षाल्य चाचामेद्विद्वानन्तर्जानुकरो द्विजः।।

1.8.5 संकल्प :–

"हरि ओम विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः ओम तत्सदद्यैतस्य श्रीमदभागवतो महापुरूषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्य अद्यश्रीब्राह्मणो अहनि द्वितीय परार्द्धे श्रीश्वेतवराहकल्पे, सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे

अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिः प्रथमचरणे जम्बुद्वीपे भरतखण्डे त्रापि परमपवित्रे भारतवर्षे आर्यावर्तैकदेशान्तर्गते पुण्यक्षेत्रे (अपने देश का नाम) अमुक देशे (अपने राज्य का ना) अमुक नगरे (अपने नगर का नाम) श्रीगंगायमुनयोः पश्चिमे भाग नर्मदायाः उत्तरे भागे, चान्द्रसंज्ञकानां प्रभवादि षष्टिसम्वत्सराणां मध्ये अमक नाम्नि सम्वत्सरे (सम्वत्सर का नाम) श्रीमन्नृपतिवीरविक्रमार्कसमयादमुसंख्यापरिमिते विक्रमाब्दे अमुकायने (उत्तरायण अथवा दक्षिणायन) अमुक ऋतौ (ऋतु का नाम) अमुकमासे (मास का नाम) अमुकपक्षे (पक्ष का नाम) अमुकतिथौ (तिथि का नाम) अमुकवासरे (वार का नाम) अमुकगोत्रः (गोत्र) अमुकशर्मा अहं (ब्राह्मण के लिए शर्मा, क्षत्रिय के लिए वर्मा, वैश्य के लिए गुप्ता, शूद्र के लिए दासान्त) प्रातः (मध्यान्हे/सायं) सर्वकर्मसु शुद्ध्यर्थं श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्त्यर्थं श्रीभगवत्प्रीतयर्थं च अमुकस्नानं (स्नान का नाम) करिष्ये।''

1.8.6 जल की उत्तरात्तर श्रेष्ठता का विचार :– कुएँ से झरने का जल, झरने से सरोवर का लज, सरोवर के जल से नदी का जल, नदी के जल से तीर्थ का जल तथा तीर्थ के जल से गंगाजल श्रेष्ठ है। यथा –

निपानादुद्धतं पुण्यं ततः प्रस्त्रवणोदकम्।

ततोऽपि सारसं पुण्यं ततो नादेयमुच्यते।।

तीर्थतोयं ततः गंगातोयं ततोऽधिकम्।। – अग्निपुराण

1.8.7 स्नान हेतु अपवित्र जल का विचार :–

जिस शिला पर धोबी कपड़े धोता है और कपड़े धोते समय जहाँ तक जल के छींटे पड़ते हो, वहाँ तक का जल अपवित्र माना जाता है। यथा –

वासांसि धावतो यत्र पतन्ति जलबिन्दवः।

तदपुण्यं जलस्थानं रजकस्य शिलांकितम्।।

1.8.8 स्नान के पूर्व मृत्तिका का लेपन–मन्त्र :–

अश्वक्रान्ते! रथक्रान्ते! विष्णुक्रान्ते वसुन्धरे!

मृत्तिके! हर मे पापं यन्मया दुष्कृतं कृतम्।।

1.8.9 प्रार्थना (तीर्थ आवाहन) :–

पुष्करा़नि तीर्थनि गंगाद्याः सरितस्तथा।

आगच्छन्तु पवित्राणि स्नानकाले सदा मम।।

गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।

नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरू।।

त्वं राजा सर्वतीर्थानां त्वमेव जगतः पिता।

याचितं देहि मे तीर्थं तीर्थराज नमोऽस्तुते।।

1.8.10 गंगा प्रार्थना :–

विष्णुपादाब्जसम्भूते! गंगे! त्रिपथगामिनी!

धर्म्मद्रवेति विख्याते! पापं! मे हर जान्हवी।।

गंग गंगेति यो ब्रूयाद् योजनानां शतैरपि।

मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति।।

उपरोक्त मन्त्रों को पढ़ते हुए गंगा सहित सभी तीर्थोंका आवाहन/प्रार्थना करते हुए स्नान आरम्भ करे। स्नान करते समय गज के समान आनन्द–मुद्रा में जलक्रीड़ा में करते हुए स्नान का आनन्द लेना चाहिए।

"गजवतत् स्नानमाचरेत्" अनुसार जिस प्रकार हाथी मदमस्त होकर जल में स्नान करता है, उसी प्रकार व्यक्ति को स्नान का आनन्द लेते हुए शरीर की शुद्धि करनी चाहिए।

1.8.11 तीर्थ स्नान के नियम :–

नाभि पर्यन्त अथवा यथोचित जल में जाकर जल की ऊपरि सतह को हटाकर नाक बन्द करके जलप्रवाह की ओर अथवा सूर्य की ओर मुख करके तीन–पाँच अथवा सात डुबकियाँ लगाकर स्नान करना चाहिए। डुबकि लगाने से पूर्व शिखा को खोल लेना चाहिए। गंगा के जल मे मल–मूत्र का त्याग अथवा थूकना इत्यादि अनुचित क्रियाएँ नहीं करनी चाहिए तथा शौचकाल का वस्त्र धारण करके भी तीर्थस्नान नहीं करना चाहिए। यथा –

नाभिमात्रजले तिष्ठन् सप्त द्वादश पंच वा।

त्रिवारं वापि चाप्लुत्य स्नानमेवं विधीयते।। – आचाररत्न

साधारणतया स्नान के समय गंगा के अतिरिक्त अन्य तीर्थ, कुएँ, बावड़ी, नदी, घर के स्नान–पात्र आदि के जल में भी गंगाजी का आवान आवश्यक है। यथा –

स्नानकालेऽन्यतीर्थेषु जप्यते जान्हावी जनै।

बिना विष्णुपदीं कान्यत् समर्थ ह्यघशोधने।। – सकन्दपुराण

1.8.12 स्नानांग तर्पण :–

जलाशय तीर्थों में स्नान के पश्चात् स्नानांग तर्पण अवश्य करना चाहिए। सन्ध्यावन्दन से पूर्व इसका करना आवश्यक माना गया है। इसी कारण शास्त्रों ने अशौच में भी स्नानांग तर्पण का निर्देश दिया है। जीवित–पितृकों के लिए यह स्नानांग तर्पण कहा गया है। यथा –

स्नानान्तरं तावत् तर्ययेत् पितृदेवताः।

स्नानांगतर्पणं विद्वान् कदाचिन्नैव हायेत्।।

आशौचेऽपि तद्भवति .....।

अत्र देवपितृणामेवेज्यत्वात् सांगस्य –

चानुष्ठेयत्वाज्जीवितपितृकस्याप्यधिकारः।। – आचाररत्न

स्नानांग तर्पण में बायें हाथ में जल लेकर दाहिने अंगुष्ठ से ''ऊर्ध्वपुण्ड्र'' (तिलक) तथा मध्य की तीन अंगुलियों से जल द्वारा ही त्रिपुण्ड करना चाहिए तथा दोनों हाथों को सटाकर अर्थात् मिलाकर अंजलि बना लेवे और जल भरकर गाय के सींगों के जितनी ऊँचाई पर ले जाकर जल में ही अंजलि के जल को त्याग देना चाहिए। यथा –

द्वौ हस्तौ युग्मतः कृत्वा पूरयेदुदकांजलिम्।

गौश्रृंगामात्रमुद्धत्य जलमध्ये जलं क्षिपेत्।

1.8.13 देवतर्पण :–

सव्य होकर पूर्वाभिमुख होकर मुख पर वस्त्र (तौलिया) का बायें कन्धे पर रखकर देवतीर्थ से मन्त्र पढ़कर एक–एक जलांजलि निम्न प्रकार देना चाहिए :–

1. ओम ब्रह्मादयो देवास्तृप्यन्ताम्
2. ओम भूर्देवास्तृप्यन्ताम्
3. ओम भुवर्देवास्तृप्यन्ताम्
4. ओम स्वर्देवास्तृप्यन्ताम्
5. ओम भूर्भुवः स्वर्देवास्तृप्यन्ताम्।

1.8.14 ऋषितर्पण :–

उत्तराभिमुख होकर जनेऊ को गले में पहनकर उपवस्त्र को दोनों कन्धों पर डालकर प्रजापतीतीर्थ से प्रत्येक निम्न मन्त्र पढ़ते हुए दो–दो जल की अंजलि देनी चाहिए :–

1. ओम सनकादयो मनुष्यास्तृप्यान्ताम्,
2. ओम भूर्ऋषयस्तृप्यन्ताम्,
3. ओम भुवर्ऋषयस्तृप्यन्ताम्,
4. स्वर्ऋषयस्तृप्यन्ताम्,

5. ओम भूर्भूवः स्वर्ऋषयस्तृप्यन्ताम

1.8.15 पितृ तर्पण :–

दक्षिणाभिमुख होकर यज्ञोपवीत को दाहिने कन्धे और बायें हाथ के नीचे करके उपवस्त्र को दाहिने कन्धे पर रखे तथा पितृतीर्थ से तीन–तीन जलांजलि देवे :–

1. ओम कव्यवाडनलादयः पितरस्तृप्यन्ताम्, 2. ओम चतुर्दशयामास्तृप्यन्ताम्,

3. ओम भूः पितरस्पृप्यन्ताम्, 4. ओम भुवः पितरस्तृप्यन्ताम्,

5. ओम स्वः पितरस्तृप्यन्ताम् 6. ओम भूर्भुवः स्वः पितरस्तृप्यन्ताम्

1.8.16 जिनके जीवित पितृक हो, वे जीवित पितृकों को जलांजलि न देवे :–

7. ओम अमुकगोत्रा अस्मत्पितृपितामहास्तृप्यन्ताम्।

8. ओम अमुकगोत्रा अस्मन्मातृपितामहीप्रतितामह्यस्तृप्यन्ताम्।

9. ओम अमुकगोत्रा अस्मन्मातामहप्रमातामहवृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकास्तृप्यन्ताम्।

10. ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तं जगत्तृप्यताम्।

उपर्युक्त तर्पण करने के पश्चात् जल के तट (तीर) पर जाकर जल में ही एक जलांजलि अधोलिखित मन्त्र से देनी चाहिए :–

अग्निदग्धाश्च ये जीवा येऽप्यदग्धाः कुले मम।

भूमौ दत्तेन तोयेन तृप्ता यान्तु परां गतिम्।।

जल से बाहर निकलकर दाहिनी ओर शिखा (चोटी) के जल को अंगुष्ठ व तर्जनी के मध्यभाग से निचोड़ना चाहिए। यथा –

लता गुल्मेषु वृक्षेषु पितरो ये व्यस्थिताः।

ते सर्वे तृप्तिमायान्तु मायोत्सृष्टैः शिखादकैः।

यज्ञोपवीत को बाये कन्धे पर और दाहिने हाथ के नीचे करके आचमन करे और जल के बाहर एक जलांजलि यक्ष्मा को देवे :–

यन्मया दूषितं तोयं शरीर मलसम्भवम्।

तस्य पापस्य शुद्ध्यर्थं यक्ष्माणं तर्पयाम्यहम्। – विश्वमित्र

स्नान के बाद यदि वस्त्र से शरीर को पोंछा जाये तो उचित रहता है क्योंकि सिर से टपकने वाले जल को देवता पीते है। मुख से टपकने वाले जल को पितर ग्रहण करते है तथा बीच वाले भाग से टपकने वाले जल को गन्धर्व ग्रहण करते है और कटि से नीचे वाले भाग से गिरने वाले जल को जन्तु पीते है। यथा –

पिबन्ति शिरसो देवाः पिबन्ति पितरो मुखात्।

मध्यतः सर्वगन्धर्वा अधस्तात् सर्वजन्तवः।।

तस्मात् स्नातो न निर्मृज्यात् स्नानशाट्याा न पाणिना।

तिस्त्रः कोट्योऽर्धकोटी च यावन्त्यंगरूहाणि वै।

वसन्ति सर्वतीर्थानि तस्मात्र परिमार्जयेत्।। **– गोभिल**

1.8.17 वस्त्र धारण :–

स्नान करने के पश्चात् गीले वस्त्रों को जल से बाहर निकलकर उतार देना चाहिए तथा नवीन अथवा धौतवस्त/ उपवस्त्र धारण करने चाहिए क्योंकि शास्त्रों ने जल में सूखे वस्त्र से और भूमि पर गीले वस्त्रों से पूजनादि कार्यो का निषेध किया है। पूजा आदि करने के लिए अधोवस्त्र से लाँग अवश्य लगानी चाहिए तथा अधोवस्त्र बाँधते समय गाँठ लगाने का भी शास्त्र ने निषेध किया है।

1.9 सारांश

नित्यकर्म नामक प्रथम पत्र में दैनिक क्रियाओं से सम्बद्ध वर्णनों की इस प्रथम ईकाई के अध्ययन से आपने जाना कि स्वस्थ रहते हुए जीवन यापन करने के लिए प्रत्येक मनुष्य को गृहस्थ जीवन में किस प्रकार की दिनचर्या का पालन करना चाहिए। इस इकाई के अन्तर्गत समस्त शास्त्रसम्मत महत्वपूर्ण आचारों के उल्लेख से आपको, करदर्शन विधि, भूमि प्रार्थना, दवे स्मरण, दन्तधावन विधि, क्षौर कर्म, स्नान विधान, सन्ध्या विधि एवं महत्व तथा अन्य जीवनोपयोगी तथ्यों का ज्ञान कराया गया है। इन वर्णनों के अध्ययन से उक्त समस्त विधि एवं निषेधों को जानकर आप अपने दैनिक जीवन को समुन्नत बना पायेंगे।

इस प्रकार प्रस्तुत इकाई के अध्यन के पश्चात् आप नितयकर्म की विधियों को जानकर उनका उपयोग करने के लिए अन्यों को प्रेति कर सामाजिक दोषों के निराकरण में भी योगदान दे सकेंगे।

1.10 शब्दावली

1. हस्त = हाथ,
2. अवलोकन = देखना,
3. प्रक्षालन = जल से शुद्ध करना,
4. ब्रह्म मूहुर्त = रात्रि का अन्तिम चरण,
5. कवोष्ण = गुनगुना
6. शौच = मलत्याग,
7. कर्म = कार्य,
8. नैर्ऋत्य = दक्षिण–पश्चिम दिशा का मध्यभाग

9. लघुशंका	=	मूत्रत्याग,	10. गण्डूष	=	कुल्ला करना,
11. दन्तधावन	=	दाँतों को साफ करना,	12. काष्ठ	=	लकड़ी
13. निषेध	=	कार्य की मनाही,	14. काल	=	समय,
15. प्रशस्त	=	श्रेष्ठ,	16. विसर्जन	=	त्याग,
17. क्षौर	=	बालों को साफ करना,	18. अभ्यंग	=	मालिश,
19. गोमय	=	गोबर,	20. जठराग्नि	=	भूख,
21. मेध	=	बुद्धि,	22. लेपन	=	लगाना,
23. तर्पण	=	जल देना,	24. उपवस्त्र	=	कमर से ऊपर के वस्त्र

1.11 अति लघुत्तरात्मक प्रश्न –

प्रश्न–1 : ब्रह्ममुहूर्त्त किसे कहते है ?

उत्तर : रात्रि के अन्तिम प्रहर के तृतीय चरण (सूर्योदय से पूर्व 1 घण्टा 30 मिनट) को ब्रह्ममुहूर्त्त कहते हैं।

प्रश्न–2 : पादकृच्छ्र व्रत क्यों करना चाहिए ?

उत्तर : ब्रह्ममुहूर्त्त की निद्रा मनुष्य के पुण्य का नाश करती है, जिसके प्रायश्चित के लिए पादकृच्छ नामक व्रत करना चाहिए।

प्रश्न–3 : हस्तावलोकन में किन–किन देवताओं का स्थान कहाँ–कहाँ होतो है ?

उत्तर : हाथ के अग्र भाग मे लक्ष्मी, मध्य में सरस्वती तथा मूलभाग में ब्रह्मा का निवास होता है।

प्रश्न–4 : दन्तधावन हेतु प्रशस्त काष्ठ कौनसी होती है ?

उत्तर : नीम, गूलर, आम, बिल्व, खेर, अपामार्ग, उदुम्बर, बैर करंज, चिड़चिड़ा आदि काष्ठ दन्तधावन हेतु प्रशस्त होती है।

प्रश्न–5 : किन्हीं पाँच नित्यकर्मो के नाम लिखिए ?

उत्तर : 1. हस्त अवलोकन 2. भूमि प्रार्थना 3.शौचकर्म 4. दन्तधावन 5. स्नान।

प्रश्न–6 : नित्य स्नान के लाभ बताइये ?

उत्तर : नित्य स्नान करने से रूप, तेज, बल, पवित्रता, आयु, आरोग्यता, निर्भीकता, दुःस्वप्नों का नाश, तप–मेधा की वृद्धि होती है।

1.12 लघुत्तरात्मक प्रश्न –

प्रश्न–1 : नित्यकर्म से कया अभिप्राय है ?

प्रश्न–2 : क्षौरकर्म के निषेधकाल का वर्णन कीजिये ?

प्रश्न–3 : तेल मालिश का वारादि के अनुसार शुभाशुभ फलों का वर्णन कीजिये ?

प्रश्न–4 : शौचकर्म का विधि सहित विवेचन कीजिये ?

प्रश्न–5 : नित्य कर्म के अन्तर्गत स्नान विधि का स्नानांग तर्पण सहित विवेचना कीजिए ?

1.13 सन्दर्भ ग्रन्थ –

1. धर्मशास्त्र का इतिहास

लेखक – डॉ. पाण्डुरंग वामन काणे

प्रकाशन – उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

2. नित्यकर्म पूजा प्रकाश,

लेखक – पं. बिहारी लाल मिश्र,

प्रकाशन :– गीताप्रेस, गोरखपुर।

3. अमृतवर्षा, नित्यकर्म, प्रभूसेवा

संकलन ग्रन्थ

प्रकाशन – मल्होत्रा प्रकाशन, दिल्ली।

4. कर्मठगुरू :

लेखक – मुकुन्द वल्लभ ज्योतिषाचार्य

प्रकाशन – मोतीलाल बनारसीदास, वाराणासी।

5. हवनात्मक दुर्गासप्तशती

सम्पादक – डॉ. रवि शर्मा

प्रकाशन –राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, जयपुर।

इकाई – 2

पंचांग का व्यावहारिक जीवन में उपयोग

इकाई की रूपरेखा

2.1 प्रस्तावना
2.2 उद्देश्य
2.3 विषय प्रवेश
2.3.1 पंचांग
2.3.2 सम्बत्सर
2.3.3.1 सम्वत्सर आनयन विधि
2.3.3.2 सम्वत्सर स्वामी
2.3.3.3 सम्वत्सर फल
2.3.2 ऋतु
2.3.3 आर्षवचनानुसार काल विभाग
2.3.4 अयन
2.3.4.1 उत्तरायण
2.3.4.2 दक्षिणायन
2.3.5 मास
2.3.5.1 सौरमास
2.3.5.2 चान्दमास
2.3.5.3 सावन मास
2.3.5.4 नाक्षत्र मास
2.3.5.5 क्षयधि मास
2.3.5.6 मलमास में करणीय
2.3.5.7 जन्म मास
2.3.6 पक्ष
2.3.7 तिथि
2.3.7.1 अमावस्या के भेद
2.3.7.2 पूर्णिमा के भेद
2.3.7.3 तिथि विभाजन
2.3.7.4 नन्दादि तिथियों में उत्पत्ति का फल
2.3.7.5 तिथि समय
2.3.7.6 छिद्रा तिथि
2.3.7.7 वृद्धि तिथि
2.3.7.8 क्षय व वृद्धि तिथि का त्याग
2.3.7.9 पर्व तिथियाँ

2.3.7.10 गलग्रह तिथियाँ
2.3.7.11 सोपपद व कुलाकुल तिथियाँ
2.3.7.12 तिथियों के स्वामी
2.3.7.13 तिथियों में निषिद्ध कार्य
2.3.7.14 वेत्रादि मास में शून्य तिथियाँ
2.3.7.15 पक्षरन्ध्र तिथियाँ
2.3.7.16 तिथि योगिनी चक्र
2.3.7.17 घात तिथियाँ
2.3.7.18 अशुभ फल नाशक पदार्थ
2.3.7.19 तिथियों में द्वारनिर्माण का निषेध
2.3.7.20 मन्वादि तिथियाँ
2.3.7.21 युगादि तिथियाँ
2.3.7.22 मन्वादि व युगादि तिथियों में करणीय कर्म
2.3.7.23 स्वयं सिद्ध तिथियाँ
2.3.8 गण्डान्त विचार
2.3.8.1 तिथि गण्डान्त
2.3.8.2 लग्न गण्डान्त
2.3.8.3 नक्षत्र गण्डान्त
2.3.9 वार – विचार
2.3.9.1 शुभ अशुभ वार
2.3.9.2 वारों में करणीय
2.3.10 कालहोरा मुहूर्त्त
2.3.11 चौघड़िया मुहूर्त्त
2.3.12 अभिजित् मुहूर्त्त
2.3.13 प्रदोष काल
2.3.14 घात वार
2.3.15 दिशा – शूल
2.3.16 वार में अुशुभफलनाशक पदार्थ
2.3.17 वार जन्म फल
2.3.18 पंचक में करणीय–अकरणीय
2.3.19 अग्निवास
2.3.20 नक्षत्र
2.3.21 नक्षत्रों की संज्ञा एवं उनमें करणीय
2.3.22 योग विचार
2.3.23 व्यतियात
2.3.24 वैधृति
2.3.25 आनन्दादि 28 योग
2.3.26 क्रकचादि तात्कालिक योग
2.3.27 करण

2.3.27.1 करण विवेचन
2.3.28 भद्रा विचार
2.3.28.1 भद्रा मुख
2.3.28.2 भद्रा अंग विभाग
2.3.28.3 भद्रा में शुभाशुभ
2.3.29 राहुकाल का यथार्थ
2.3.30 शिववास
2.4 सारांश
2.5 शब्दावली
2.6 अतिलघुत्तरीय प्रश्न
2.7 लघुत्तरीय प्रश्न
2.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

2.1 प्रस्तावना

भारतीय मनीषा में पंचांग बनाने की प्रथा अत्यन्त पुरानी है। ज्योतिष के क्षेत्र में पंचांग तभी से प्रचलित हुआ जब से हमें ज्योतिष का थोड़ा बहुत ज्ञान होने लगा था पर यह निश्चित है कि वह पुराना पंचांग आज जैसा नहीं था। पंचांग के स्थान परर पहले किसी समय चुतरंग, त्रयंग, द्वयंग अथवा एकांग भी प्रचलित था और लिपि का ज्ञान होने के पहले तो कदाचित जबानी ही उसका ज्ञान कर लेते थे परन्तु इतना अवश्य है कि तिथि, नक्षत्र, ग्रह आदि स्थिति दर्शक कोई व्यवस्था अतिप्राचीन काल से ही प्रचलित रही है। यहाँ उसे ज्योतिदर्पण कहेंगे। वेदो में भी लिखा हैं कि अमुक दिन, नक्षत्र और ऋतु में अमुकामुक कार्य करने चाहिए। वेदांगज्योतिषकाल अर्थात् शकपूर्व 1400 में वर्ष में तिथि और नक्षत्र अथवा सावन दिन और नक्षत्र दो ही अंग थे। तिथि का मान लगभग 60 घटी होती है अर्थात् उसे अहोरात्र दर्शक कहना चाहिए। तिथ्यर्ध अर्थात् करण नामक अंग का प्रचार तिथि के थोड़े ही दिनों बाद हुआ होगा और उसके बाद वार प्रचलित हुए होंगे, अथर्वज्योतिष में करण व वार दोनो हैं। ऋक्गृह्य परिशिष्ट में तिथि, करण मुहूर्त, नक्षत्र, तिथि की नन्दादि संज्ञाओं, दिनक्ष और वार का वर्णन हैं, पर मेषादि राशियाँ हैं। वर्तमान पंचांग का स्वरूप प्राचीनकाल से बहुत ही भिन्न हो चुका हैं।

2.2 उद्देश्य :

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप निम्नलिखित शास्त्रीय ज्ञान से अवगत हो पायेंगे :

1. प्रतिदिन पंचांग का प्रयोग किस अर्थ में किया जाय।

2. पंचांग के सिद्धान्तों का अधारभूत ज्ञान।

3. पंचांग के आधार पर विभिन्न निर्णयों का ज्ञान।

4. विवाहदि कार्यो एवं अन्य संस्कारों के समय का ज्ञान।

2.3 विषय प्रवेश :

प्राचीनकाल से पंचांग का महत्व प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में रहा है। प्रातःकाल निद्रामुक्त होते ही पहली जिज्ञासा यही होती है कि आज कौनसा वार, तिथि, व्रत–पर्व आदि है। इस इकाई में सभी जिज्ञासुओं को पंचांग का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा हैं, जिससे वह स्वयं दैनिक ज्योतिषीय निर्णय स्वतः कर सके।

2.3.1 पंचांग :

पाँच अंगों से पंचांग बना है – तिथि, वार, नक्षत्र, योग करण।

तिथिर्वारंच नक्षत्रं योगः करणमेव च।

यत्रैतत् पंचकं स्पष्टं पंचांग तदुदीरितम्।। – पंचांगविज्ञानम्

पाँच अंगों के अतिरिक्त भी अन्य अनेकानेक विषयों का समावेश पंचांग में होता है। वर्ष के सम्वत्सरादि निर्णय, ग्रहण–निर्णय, व्रत–पर्वादि, दैनिक ग्रह–स्पष्ट, विवाह आदि मुहूर्त्त।

2.3.2 सम्वत्सर :–

पंचांग का प्रारम्भ सम्वत्सर से होता है। यही वर्ष गणना सम्वत्सर की जननी है। ब्राह्म, दैव, मानव, पित्र्य, सौर, सावन, चान्द्र एवं बार्हस्पत्यादि मतों के अनुसार विभिन्न कालमानों को व्यक्त किया जाता है। तदनन्तर बार्हस्पत्य और चान्द्र मान से सम्वतसर की प्रतिपत्ति होती है।

2.3.2.1 सम्वत्सर आनयन विधि :–

शालिवाहन शक एवं विक्रमसम्वत् में 135 का अन्तर होता है। अतः शकाब्द में 135 जोड़ने पर विक्रमाब्द प्राप्त होता है। प्रस्तुत सम्वत् में 09 जोड़कर प्राप्त संख्या को 60 से विभाजित करे। शेषांकों के अनुसार प्रभावादि गत सम्वत्सर जानने चाहिए।

उदाहरण के लिए –

सम्वत् 2022 + 9 = 2231 ÷ 60 अर्थात् लब्धि 33 एवे शेष 51 प्रज्ञत हुआ। अतः 51 सम्वत्सर भोगने के बाद 52 वाँ कालयुक्त नामक सम्वत्सर वर्तमान है।

2.3.2.2 सम्वत्सर स्वामी :–

60 सम्वत्सर को द्वादश भागों में विभाजित कर देने से प्रत्येक भाग में पाँच सम्वत्सर होते हैं। इस सम्वत्सरपंचक की कालावधि युग कहलाती है। पाँच–पाँच सम्वत्सरों से निर्मित क्रम प्राप्त युगसमूहों के अधिपति इस प्रकार है :–

सम्वत्सर (पाँच–पाँच)	स्वामी
1–5	विष्णु

6–10	बृहस्पति
11–15	इन्द्र
16–20	अग्नि
21–25	विश्वकर्मा
26–30	अहिर्बुध्न्य
31–25	पितर
36–40	विश्वेदेवा
41–45	चन्द्र
46–50	इन्द्राग्नि
51–55	अश्विनी
56–60	भग

2.3.2.3 सम्वत्सरफल :– वर्तमान सम्वत्सर संख्या को दुगुना करके उसमें 03 घटाकर 07 का भग दें। शेषांकों के अनुसार सम्वत् फल निम्नलिखित है :–

शेषांक	फल	शेषांक	फल
0	पीड़ा	1	दुर्भिक्ष
2	सुभिक्ष	3	मध्यम
4	दुर्भिक्ष	5	सुभिक्ष
6	मध्यम		

विक्रमादित्य काल से प्रचलित प्रभवादि सम्वत्सरों की शुभाशुभता उनकी संज्ञा से ही झलकती है, इनके निम्नलिखित अविच्छिन्न क्रम है :–

1. प्रभव	2. विभव	3. शुक्ल	4. प्रमोद	5. प्रजापति
6. अंगिरा	7. श्रीमुख	8. भाव	9. युवा	10. धाता
11. ईश्वर	12. बहुधान्य	13. प्रमाथी	14. विक्रम	15. वृष

16. चित्रभानु	17. सुभानु	18. तारण	19. पार्थिव	20. व्यय
21. सर्वजित्	22. सर्वधारी	23. विरोधी	24. विकृति	25. खर
26. नन्दन	27. विजय	28. जय	29. मन्मथ	30. दुर्मुख
31. हेमलम्बी	32. विलम्बी	33. विकारी	34. शार्वरी	35. प्लव
36. शुभकृत्	37. शोभन	38. क्रोधी	39. विश्वावसु	40. पराभव
41. प्लवंग	42. कीलक	43. सौम्य	44. साधारण	45. विरोधकृत्
46. परिधावी	47. प्रमादी	48. आनन्द	49. राक्षस	50. नल
51. पिंगल	52. कायुक्त	53. सिद्धार्थी	54. रौद्र	55. दुर्मति
56. दुन्दुभि	57 रूधिरोद्गारी	58. रक्ताक्षी	59. क्रोधन	60. क्षय

2.3.3 ऋतु :–

सूर्य की मेषादि प्रत्येक दो–दो राशियों पर संक्रमण काल ऋतु कहलाता है। इस प्रकार एक वर्ष में छः ऋतुयें होती है :–

1. बसन्त	2. ग्रीष्म	3. वर्षा	4. शरद्	5. हेमन्त
6. शिशिर				

ऋतुएँ	**सौरमास**	**चान्द्रमास**
बसन्त	मीन–मेष	चैत्र–वैशाख
ग्रीष्म	वृष–मिथुन	ज्येष्ठ–आषाढ़
वर्षा	कर्क–सिंह	श्रावण–भाद्रपद
शरद्	कन्या–तुला	आश्विन–कार्तिक
हेमन्त	वृश्चिक–धनु	मार्गशीर्ष–पौष
शिशिर	मकर–कुम्भ	माघ–फाल्गुन

आर्षवचन के अनुसार ऋतुओं का विभाग :–

ऋतुएँ	प्रकार
बसन्त, ग्रीष्म एवं वर्षादि	दैवी–ऋतु
शरद्, हेमन्त एवं शिशिर	पितर–ऋतु

इनका फल स्व–कर्मानुसार होता है।

2.3.4 अयन :–

क्रान्तिवृत्त के प्रथमांश का विभाजन उत्तर व दक्षिण गोल के मध्यवर्ती ध्रुवों के द्वारा माना गया है। यही विभाजन उत्तरायण और दक्षिणायन कहलाता है। इन अयनों का ज्योतिष संसार में प्रमुख स्थान हैं।

2.3.4.1 उत्तरायण :–

इसे सौम्यायन भी कहा जाता है। उत्तरायण प्रवृति सायन मकर के सूर्य (जो पंचांगों में प्रायः ''मकरे भानुः'' से निर्दिष्ट किया जाता है) अर्थात् 21–22 दिसम्बर से लेकर मिथुन का सूर्य 06 मास तक रहता है। साधारणतया लौकिकमतानुसार यह माघ से अषाढ़ पर्यन्त माना जाता है। सौभ्यायन सूर्य की कालावधि को देवताओं का दिन माना जाता है एवं इस समय में सूर्य देवताओं का अधिपति होता है। शिशिर, बसन्त और ग्रीष्म – ये तीन ऋतुएँ उत्तरायण सूर्य का संगठन करती है। इस अयन में नूतन गृह–प्रवेश, दीक्षा ग्रहण, देवता, उद्यान, कुआँ, बावड़ी, तालाब आदि की प्रतिष्ठ, विवाह, चूड़ाकरण तथा यज्ञोपवीत प्रभृति संस्कार एवं इतरेतर शुभकर्म करना शास्त्रसम्मत है।

नोट :– उत्तरायण प्रवृति के समय से 40 घटी पर्यन्त समय पुण्यकाल माना जाता है। जो सभी शुभकार्यो मे वर्जित है।

2.3.4.3 दक्षिणायन :–

यह समय देवताओं की रात्रि माना गया है। सायन कर्क से सूर्य (जिसके यत्र–तत्र ''कर्केभानुः'' से प्रदिष्ट किया जाता है) अथवा 21–22 जून से 06 मास अर्थात् धनुराशिस्थ सायन सूर्य तक का मध्यान्तर दक्षिणायन (याम्यायन) संज्ञक है। दक्षिणायन में वर्षा–शरद्–हेमन्त ऋतु की प्रवृत्ति होती है। दक्षिणायन काल में सूर्य पितरों का अधिष्ठाता कहा गया है इस काल में षोड़श संस्कार तथा अन्य मांगलिक कार्यो के अतिरिक्त कर्म ही किये जाते है। उग्रदेवता, मातृकाएँ, भैरव, वाराह, नारसिंह, त्रिविक्रम (विष्णु), महिषासुर का वध करते हुए दुर्गा की स्थापना दक्षिणायन में भी की जा सकती हैं।

नोट :– दक्षिणायन प्रवेश हो के समय से 15 घटी का समय पुण्यकाल के नाम से प्रसिद्ध है और वह सभी शुभशुभ कर्मों में विशेषतः त्याज्य है।

2.3.5 मास :– ज्योतिष के अध्ययन में मासों का वर्गीकरण निम्न प्रकार किया गया है –

मास चार प्रकार के होते है :–

2.3.5.1 सौरमास :– यह सूर्य संक्रमण से सम्बद्ध है। मेषादि बारह राशियों पर सूर्य के गमनानुसार ही मेषादिसंज्ञक द्वादश सौरमासों का गठन किया गया है। एक सौरमास लगभग 30 दिन 10 घण्टे का होता है। विवाह, उपनयनादि षोड़श संस्कार, यज्ञ, एकोद्दिष्ट श्राद्ध, ऋण का दानादान एवं ग्रह–चारादि अन्योन्यविषयक कालों का विचार सौरमास से करना चाहिए।

2.3.5.2 चान्द्रमास :– यह चन्द्र से सम्बन्धित है। अमावस्या के पश्चात् शुक्ल प्रतिपदा को चन्द्र किसी नक्षत्रविशेष में प्रवेश करके प्रतिदिन एक–एक कला के परिणाम से बढ़ता हुआ पूर्णिमा को पूर्णचद्र के रूप में दृष्टिगोचर होता है। पुनः कृष्णप्रतिपदा से क्रमशः अल्पशुक्ल होता हुआ चन्द्रमा अमावस्या को पूर्णान्धकाररूपी मृतावस्था को प्राप्त होता है। अतः एक मत के शक्ल प्रतिपदा अमावस्या तक अत्यन्तर मतानुसारेण शुक्ल प्रतिपदा से पूर्णिमा तक का समय चान्द्रमास कहा जाता है। यद्यपि शुक्लपक्षादि मास मुख्य तथा कृष्णपक्षादि मास गौण है। तथापि देशभेद के अनुसार दोनों प्रकारों से चान्द्रमासों की प्रवृत्ति को ग्रहण किया जाता है। प्रत्येक चान्द्रमास प्रायः 29 दिन 22 घण्टे का होता है। चैत्रादि विभिन्न चान्द्रमासों की संज्ञायें पूर्णिमा को चन्द्र द्वारा संक्रमित नक्षत्र संज्ञा पर आधारित है :–

मास	**नक्षत्र**
चैत्र	चित्रा, स्वाती
वैशाख	विशाखा, अनुराधा
ज्येष्ठ	ज्येष्ठा, मूल
आषाढ़	पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा
श्रावण	श्रवण, धनिष्ठा
भाद्रप	शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद
आश्विन	रेवती, अश्विनी, भरणी
कार्तिक	कृतिका, रोहिणी
मार्गशीर्ष	मृगशिरा, आर्द्रा
पोष	पुनर्वसु, पुष्य
माघ	अश्लेषा,
फाल्गुन	पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी, हस्त

2.3.5.3 सावनमास :–

एक अहोरात्र में 24 घण्टे या 60 घटी मानकर 30 दिन का एक सावनमास होता है। जातक की अवस्था, उत्तराधिकरियों में सम्पत्ति–विभाजन, स्त्रीगर्भ की वृद्धि तथा प्रायश्चित्तदि कर्मों में सावनमास का ही विचार करना चाहिए।

2.3.5.4 नाक्षत्रमास :–

चन्द्रमा के द्वारा 27 नक्षत्रों के भ्रमण को सम्पूर्ण करने में आवश्यक समयावधि को एक नाक्षत्रमास कहते है। नाक्षत्रमास का उपयोग जलपूजन, नक्षत्रशान्ति, यज्ञ–विशेष तथा गणितादि में किया जाता है।

2.3.5.5 क्षयाधिमास विचार :–

सौरवर्ष का मान : 365 दिन – 15 घटी– 31 पल – 30 विपल

चान्द्रवर्ष का मान : 354 दिन – 22 घटी – 01 पल– 33 विपल

इस प्रकार स्पष्ट है कि चान्द्र वर्ष सौर वर्ष से 10 दिन – 53 घटी – 30 पल – 07 विपल कम है। इस क्षतिपूर्ति और दोनों मासों के सामंजस्य के उद्देश्य से हर तीसरे वर्ष अधिक चान्द्रमास तथा एक बार 141 वर्षो के बाद तथा दूसरी बार 19 वर्षो के बाद क्षय–चान्द्रमास की आवृत्ति होती है।

असंक्रान्तिमासोऽधिमासः स्फुटं स्याद्।

द्विसंक्रान्तिमासः क्षयाख्यः कदाचित्।। – सिद्धान्तशिरोमणि

अर्थात् जिस चान्द्रमास में स्पष्ट सूर्य की संक्रान्ति न हो वह **''अधिकमास''** तथा जिस चान्द्रमास में दो बार सूर्य की संक्रान्ति हो, वह **''क्षयमास''** कहलाता है।

क्षयमास व अधिकमास दोनों **''मलमास''** कहलाते है। इन्हें लोक व्यवहार में भी यही संज्ञा की गयी है।

2.3.5.6 मलमास में करणीय व अकरणीय कार्य :–

सन्ध्या–अग्निहोत्र–पूजनादि, नित्यकर्म, गर्भधान, जातकर्म–सीमान्त–पुंसवन–संस्कार, रोगशान्ति, अलभ्य योग में श्राद्ध, द्वादशाह–सपिण्डीकरण, मन्वादि तिथियों का दान, दैनिक दान, यव–तिल–गो–भूमि तथा स्वर्णादि दान, अतिथि सत्कार विधिवत स्नान, प्रथम वार्षिक श्राद्ध, मासिक श्राद्ध एवं राजसेवा विषयक कर्म मलमास में शास्त्रसम्मत है।

अनिय व अनैमित्तिक कार्य, द्वितीय वार्षिक श्राद्ध, तुलापुरूष–कन्यादान–गजदानादि, अन्योन्य षोड़श महादान, अग्न्याधान, यज्ञ, अपूर्व तीर्थयात्रा, अपूर्व देवता के दर्शन, वाटिका–देव–कुआँ–तालाब–बावड़ी आदि के निर्माण और प्रतिष्ठा, नामकरण–उपनयन–चौलकर्म–अन्नप्राशनादि संस्कार विशेष, राज्याभिषेक, सकामना, वृषोत्सर्ग बालक का प्रथम निष्क्रमण, व्रतारम्भ, व्रतोद्यापन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, विवाह, देवता का महोत्सव, कर्मानुष्ठानादि काम्यकर्म, पाप–प्रायश्चित, प्रथम उपाकर्म व उत्सर्ग, हेमन्त ऋतु का अवरोह, सर्वबलि, अष्टकाश्राद्ध, ईशान देवता की बलि, वधूप्रवेश, दुर्गा–इन्द्र का स्थापन और उत्थान, देवतादि की शपथ ग्रहण करना, विशेष परिवर्तन, विष्णु–शयन और कमनीय यात्रा का मलमास में निषेध है।

2.3.5.7 जन्मास :–

जन्मदिन से एक सावनमास (30 दिन) पर्यन्त जन्मास कहलाता है। मत–मतान्तरों से व्यक्ति का जन्म हो, उसे ही जन्ममास माना जाता है। पुनश्च क्षयमास के अन्तर्गत तिथि के पूर्वार्द्ध में जन्म हो तो पूर्वमास तथा परार्द्ध में जन्म हो तो आगामी मास ही जन्ममास निर्धारित किया जाना चाहिए।

जन्मानस में साधारणतया क्षौरकर्म (चूड़ाकरण), यात्रा व कर्णवेधादि कर्म वर्जित है, परन्तु स्नान, दान, जप, होम, विवाह एवं कमनीय कर्मो के लिए जन्मास शुभफलदायी होता है। यथा –

स्नानं दानं तपो होमः सर्वमांगल्यवर्द्धनम्।

उद्वाहश्च कुमारीणां जन्ममासे प्रशस्यते।। –

श्रीपतिसमुच्चय

अर्थात् जन्ममास में प्रीति समुच्चय नामक ग्रन्थ के अनुसार स्नान, दान, तप होम कुमारियों के विवाह आदि सभी मांगलिक कार्य प्रशस्त हैं। तात्पर्य यह है कि ये सभी कर्म जन्ममास में करने चाहिए।

जन्मनि मासि विवाहः शुभदो जन्मर्क्षजन्मराश्योश्च।

अशुभं वदन्ति गर्गाः श्रुतिवेधक्षौरयात्रासु।। – पीयूषधारा

अर्थात् जन्ममास में मांगलिक कार्य सम्पादन के निर्णयान्तर्गत वसिष्ठ ने केवल जन्मदिन गर्गाचार्य जन्मान्तर 08 दिन, अधिपति ने 10 दिन और भागुरि ने जन्म के पक्ष को ही केवल दूषित बतलाया है एवं जन्मानस के शेष शुभकार्य सम्पादन में ग्राहा है :–

जातं दिनं दूषयते वसिष्ठो ह्यष्टौ च गर्गो नियतं दशरात्रिः।

जातस्य पक्षं किल भागुरिश्च शेषाः प्रशस्ताः खलु जन्ममासि।। –

राजमार्तण्ड

2.3.6 पक्ष :– पक्ष के अन्तर्गत प्रत्येक मास में दो भाग करके तिथि, वार एवं नक्षत्रों आदि का अध्ययन किया जाता है।

अर्थात् जिस रात्रि में सूर्य और चन्द्रमा किसी राशि में एक ही अंश पर हो, वह रात्रि अमावस्या कहलाती है। अमावस्या से निरन्तर बढ़ती हुई चन्द्र–सूर्य की परस्पर दूरी जिस दिन 180 अंश परिमित हो जाती है, उस दिन रात्रि को पूर्ण चन्द्र दृष्टिगोचर होता है और वह रात्रि पूर्णिमा कहलाती है। अतः अमावस्या से पूर्णिमा तक का यह 15 दिनात्मक प्रकाशमान मध्यान्तर **''शुक्लपक्ष''** कहलाता है, तत्पश्चात् पूर्णिमा से अमावस्या तक का काल **''कृष्णपक्ष''** कहलाता है।

शुक्लपक्ष देवप्रधान होने से देवकर्मों में तथा कृष्णपक्ष में पितराधिष्ठित होने के कारण पितृकर्मों में विहित है अर्थात् शुक्लपक्ष में सर्व शुभकार्य तथा कृष्णपक्ष में सभी पितृकार्य प्रशस्त है। यथा –

य देवा पूर्यतेऽर्द्धमास स देवा, योऽपक्षीयते स पितरः।। – शतपथ ब्राह्मण

प्रायः एक पक्ष 15 दिन का होता है और कभी–कभी तिथि–क्षय–वृद्धि के कारण न्यूनाधिक भी हो सकता है, परन्तु एक ही पक्ष में दो बार तिथि–क्षय हो जाने से 13 दिनात्मक पक्ष समस्त कर्मों में वर्जनीय है। यथा –

पक्षस्य मध्ये द्वितिथी पतेतां तदा भवेद्रौरवकालयोगः।

पक्षे विनष्टे सकलं विनष्टमित्याहुराचार्यवराः समस्ताः।। – ज्यातिर्निबन्ध

2.3.7 तिथि :–

''रविचन्द्रयोर्गत्यन्तरं तिथिः'' अर्थात् सूर्य व चन्द्रमा की गति का अन्तर ही तिथि का मान होता है। इन्हें कुल 30 भागों में विभाजित किया गया है। इस प्रकार सूर्य और चन्द्र के प्रत्येक 12 अंश पर एक तिथि बढ़ती है, जिन्हें क्रमशः प्रतिदा (प्रथमा) द्वितीया आदि से लेकर अमावस्या तक कृष्णपक्ष की तथा इसी प्रकार प्रतिपदा, द्वितीय, तृतीय आदि से पूर्णिमा तक शुक्लपक्ष की 15–15 तिथियाँ होती है। सम्पूर्ण तिथियों को मिलाकर एक चान्द्रमास होता है, जिसे पंचांग में अलग से चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ एवं फाल्गुन नामों से अलग–अलग प्रदर्शित किया जाता है।

अमावस्या को हुए सूर्य–चन्द्रमा के समागम के पश्चात् दोनों ग्रह उत्तरोत्तर दूर होते जाते है, उस दिन चन्द्रमा 0 अंश से प्रारम्भ होकर जब 12 अंश तक जाता है, तब शुक्ल प्रतिपदा का आगमन होता है। इसी प्रकार 12–12 अंशों के परिमाण से अग्रिम तिथियाँ बनती है। अन्त में पूर्णिमा को सूर्य–चन्द्र में 180 अंश की दूरी हो जाने पर चन्द्रमा मण्डल पूर्ण प्रकाशमान हो जाता है। इसी प्रकार 12 अंश के क्रमि ह्यस के साथ–साथ कृष्णा प्रतिपदा का आगमन इसी प्रकार होता है, यही क्रम कृष्णपक्ष का है।

2.3.7.1 अमावस्या के भेद :–

सिनीवाली, दर्श, कुहू। प्रातः काल रात्रिपर्यन्तत व्यापिनी अमावस्या **'सिनीवाली'** चतुर्दशी से विद्धा **'दर्श'** तथा प्रतिपदा से युक्त **'कुहू'** संज्ञक होती है।

2.3.7.2 पूर्णिमा के भेद :–

अनुमति व राका। रात्रि को एक कलाहीन और दिन में पूर्णचन्द्र से सम्पन्न **'अनुमतिसंज्ञक'** पूर्णिमा चतुर्दशीयुक्त होती है, परन्तु रात्रि में पूर्ण चन्द्रमा सहित पूर्णिमा प्रतिपदा से युक्त औरा **'राका'** होती है।

2.3.7.3 तिथि को शास्त्रों में पाँच भागों में विभाजित किया गया है (नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता, पूर्णा) :–

संज्ञा	तिथियाँ

नन्दा	1	6	11
भद्रा	2	7	12
जया	3	8	13
रिक्ता	4	9	14
पूर्णा	5	10	15/30

2.3.7.4 नन्दादि तिथियों में उत्पन्न जातकों का फल :–

नन्दा तिथि (1–6–11) :– नन्दा तिथि में जन्म लेने वाले जातक मान पाने वाले, दवताओं की भक्ति में निष्ठा रखने वाले, विद्वान्, ज्ञानवान् व लोकप्रिय होते है।

वस्त्र, गीत, नृत्य, कृषि, उत्सव, गृहसम्बन्धी कार्य तथा किसी शिल्प का अभ्यास हेतु नन्दा तिथि श्रेष्ठा है।

भ्रदा तिथि (2–7–12) :– भद्रा तिथि में जन्म लेने वाले जातक बन्धु–बान्धवों में सम्मानित, राजसेवक, धनी तथा सांसारिक भय से डरने एवं परोपकारी होते है।

विविाह, उपनयन, यात्रा, आभूषण–निर्माण और उपयोगी कला सीखना तथा हाथी–घोड़ा एवं सवारीविषयक कार्यों हेतु भद्रा तिथि श्रेष्ठ है।

जया तिथि (3–8–13) :– जया तिथि में जन्म लेने वाले जातक राजाओं सदृश या राजाओं से पूजित किन्तु पुत्र–पौत्रों से रहित शूरवीर दीर्घायु और दूसरों के मन की बात को जानने वाले होते है।

सैन्य–संगठन, सैनिक–शिक्षा, संग्राम, शस्त्र–निर्माण, यात्रा, उत्सव, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, औषधकर्म और व्यापार हेतु जयातिथि श्रेष्ठ है।

रिक्त तिथि (4–9–14) :– रिक्ता तिथि में जन्म लेने वाले जातक प्रमादि, प्रत्येक कार्य में अनुमान लगाने वाले गुरूओं के निन्दक, शास्त्र के ज्ञाता, दूसरों के मद को नाश करने वाले तथा अत्यधिक कामचेष्टा रखने वाले होते है।

शत्रुओं का दमन और कैद करना, विष देना, शस्त्रप्रयोग, शल्यक्रिया तथा अग्नि लगाना आदि क्रूरकर्म हेतु रिक्तातिथि श्रेष्ठ है।

पूर्णा तिथि (5–10–15/30) :– पूर्णा तिथि में जन्म लेने वाले जातक धन से परिपूर्ण, वेद एवं शास्त्रों के अर्थों को जानने वाले विद्वान्, सत्यवक्ता तथा शुद्ध मन वाले हाते है।

विवाह, यज्ञोपवीत, आवागमन, नृपाभिषेक तथा शान्तिक–पौष्टिक कर्म हेतु पूर्णातिथि श्रेष्ठ है।

2.3.7.5 तिथिसमय :– सूर्योदय के समय जो तिथि वर्तमान हो, वह उदयव्यापिनी तिथि दिन–रात्रि तक दान, पठन, व्रतोपवास, स्नान, देवकर्म, विवाहादि संस्कार तथा प्रतिष्ठादि समस्त मांगलिक कार्यों में ग्राह्य है,

परन्तु श्राद्ध, शरीर पर तैल या उबटन का प्रयोग, मैथुन तथ जन्म–मरण में तात्कालिक **कर्मव्यापिनी** तिथि को ही ग्रहण करना चाहिए।

2.3.7.6 छिद्रा तिथि :– प्रत्येक पक्ष की 4, 6, 8, 9 12 और 14 तिथियाँ पक्षछिद्रा कहलाती है तथा शुभकार्यों में अनका परित्याग ही अपेक्षित है। अत्यावश्यकता में निर्दिष्ट तिथियों की आदिम घटियों का त्यागकर शेष घटियों को प्रयोगार्थ ग्रहण करना चाहिए।

तिथि	4	6	8	9	12	14
घटी	8	9	14	25	10	05

क्षय तिथि :–

सूर्योदय के बाद किसी तिथि का प्रारम्भ हो तथा अग्रिम सूर्योदय से पहिले उस तिथि का समापन हो जाये, तो वह तिथि क्षयतिथि कहलाती है।

2.3.7.7 वृद्धि तिथि :–

यदि एक ही तिथि के प्रमाण में दो सूर्योदय हो जाये अर्थात् सूर्योदय के पहिले किसी तिथि का प्रारम्भ हो जाये तथा अग्रिम सूर्योदय के पश्चात् उस तिथि का समापन हो तो वह तिथि वृद्धितिथि कहलाती है।

2.3.7.8 क्षय व वृद्धि तिथि का त्याग व परिहार :–

क्षय व वृद्धि तिथियाँ सभी कर्मों में त्याज्य है तथा आवश्यक होने पर **'तिथिक्षय'** अथवा **'तिथिवृद्धि'** के दिन कार्य के समय लग्न कुण्ड़ली में बृहस्पति केन्द्रस्थ हो तो तिथिदोष समाप्त हो जाता है। यथा –

अमाख्यं तिथेर्दोषं केन्द्रगो देवपूजितः।

हन्ति यद्वत् पापचयं व्रतं द्वैवार्षिक यथा।। – वसिष्ठ

2.3.7.9 पर्व तिथियाँ :–

कृष्णा अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा तथा सूर्य–संक्रान्ति के दिन वर्तमान तिथि **'पर्वसंज्ञक'** होती है, जो सभी मांगलिक कार्यों में वर्जित है।

2.3.7.10 गलग्रह तिथियाँ :–

चतुथी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी, त्रयोदशी, चतुर्दशी, अमावस्या, प्रतिपदा ये सभी कृष्णपक्ष के **'गलग्रह'** तिथियां है, इनका सभी मांगलिक कार्यों में निषेध है।

2.3.7.11 सोपपद व कुलाकुल तिथियाँ :–

ज्येष्ठशुक्ल द्वितीया, आषाढ़ शुक्ल दशमी, पौषशुक्ल एकादशी, माघ की कृष्णपक्ष व शुक्लपक्ष की चतुर्थी व द्वादशी ये तिथियाँ **'सोपपद'** होती है। ये सभी तिथि शुभफलदायक है।

प्रत्येक मास की द्वितीय, षष्ठी व द्वादशी तिथि **'कुलाकुल'** संज्ञक होती है। ये सभी तिथियाँ मध्यमफलदायक है।

2.3.7.12 तिथियों के स्वामी :–

भारतीय परम्परा में कंकर–कंकर से शंकर की कल्पना की गयी है, इसी प्रकार पंचांग के प्रत्येक के प्रत्येक अंग का स्वामी निर्धारित किया गया है। अभीष्ट देवताओं के शुभाशुभ फल भी प्रतिपादित किये गये है। इसी क्रम में यहाँ तिथियों के स्वामी का विवेचन किया जा रहा है।

तिथि	स्वामी	निर्दिष्ट कर्म
प्रतिपदा	अग्नि	विवाह, यात्रा, उपनयन, प्रतिष्ठा, सीमन्तोन्नयन, चौलकर्म, गृहारम्भ, गृहप्रवेश शान्तिक–पौष्टिक कार्य आदि समस्त मांगलिक कार्य
द्वितीया	ब्रह्मा	राजा–मन्त्री–सामन्त–देश–कोश–गढ़ और सेनादि राज के सप्तांग व छत्र, चामर,आदि राज्य के सप्तचिन्ह–सम्बन्धी कार्य, वास्तुकर्म, प्रतिष्ठा, यात्रा, विवाह,आभूषण–निर्माण व धारण, उपनयनादि शुभकर्म।
तृतीया	पार्वती	संगीत–विद्या, शिल्पकर्मविषयक कर्म, सीमन्त, चूड़ाकरण, अन्नप्राशन, गृहप्रवेश तथा द्वितीया तिथि में निर्दिष्ट सभी कर्म तृतीय तिथि में भी प्रशंसनीय है।
चतुर्थी	गणेश	शत्रुताड़न, बिजली के कार्य, विषदान, हिंसक कर्म, अग्नि लगाना, बन्दी तथा शस्त्रप्रयोगादि सभी कर्म।
पंचमी	सर्प	चर–स्थिरादि सभी कर्म, परन्तु किसी को ऋण नहीं देना चाहिए।
षष्ठी	कार्तिकेय	शिल्पकर्म, रणकार्य, गृहारम्भ, वस्त्रालंकार कृत्य, अखिलकाम्य कर्म, परन्तु इसदिन दन्तधवन, आवागमन, तैलाभ्यंग, काष्ठकर्म एवं पितृकार्य वर्जित है।
सप्तम	सूर्य	हस्तिकर्म, विवाह, संगीतकर्म, वस्त्राभूषण निर्माण और धारणयात्रा, गृहप्रवेश,वधूप्रवेश, संग्राम तथा द्वितीय–तृतीया व पंचम में निर्दिष्ट सभी

		कर्म सप्तमी में भी ग्राह्य है।
अष्टमी	शिव	युद्ध, वास्तुकार्य, शिल्प, राजकार्य, आमोद–प्रमोद, लेखन–नृत्य, स्त्रीकर्म, रत्नपरीक्षा, आभूषण–कर्म तथा शस्त्रधारण, परन्तु मांस का सेवन इस दिन कदापि नहीं करे।
नवमी	दुर्गा	चतुर्थी में उक्त सभी कर्म, विग्रह, कलह, जुआ खेलना, मद्यनिर्माण–पान, आखेट तथा शस्त्रनिर्माण श्रेष्ठ है।
दशमी	यम	द्वितीय–तृतीय–पंचमी–सप्तमी में निर्दिष्ट सभी कर्म, हाथी–घोड़ा से सम्बन्धी कर्म तथा राजकार्य श्रेष्ट है, इस दिन तैलाभ्यंग नहीं करे।
एकादशी	विश्वेदेवा	एकादशी, व्रतोपवास, यज्ञोपवीत, पाणिपीड़न, देव महोत्सवादि अखिल धर्म कर्म, गृहारम्भ, युद्धशिल्प सीखना, मद्यनिर्माण व गमन–आगमन व वस्त्रालंकार कार्य श्रेष्ठ है
द्वादशी	हरि	अखिल चर–स्थिर कार्य, पाणिग्रहण, उपनयनादि मांगलिक आयोजन श्रेष्ट है, परन्तु तैलमर्दन, नूतन गृहारम, गृहप्रवेश व यात्रा का परित्याग करे।
त्रयोदशी	काम	शुक्लपक्ष की त्रयोदशी ही ग्राह्य है। द्वितीय–तृतीय–पंचमी–सप्तमी तथा दशमी में निर्दिष्ट सभी कार्य शुक्लपक्ष क त्रयोदशी में श्रेष्ठ है, परन्तु मतान्तरेण इस दिन यात्रा–गृहप्रवेश, तैलाभ्यंग, युद्ध वस्त्राभूषण कर्म तथा यज्ञोपवीत के अतिरिक्त समस्त मांगलिक कार्य शुभ है।
चतुर्दशी	शिव	विषदान, शस्त्रधारण प्रयोग तथा चतुर्थीयुक्त दुष्टकर्म शास्त्रोक्त है, परन्तु चतुर्दशी में क्षौरकर्म तथा यात्राकर्म आदि कर्म वर्जित है।
पूर्णिमा	चन्द्रमा	विवाह, देव, जलाशय, वाटिका की प्रतिष्ठा, शिल्पभूषणादि कर्म, संग्राम

		तथा साञ्जिक, शान्तिक–पौष्टिक वास्तु कर्म श्रेष्ठ है।
अमावस्या	पितर	इस दिन अग्न्याधान, पितृकर्म तथा महादान प्रशस्त है, परन्तु इसमें कोई शुभकर्म

2.3.7.13 विभिन्न तिथियों में निषिद्ध कार्य

तिथि	**कार्य**	**तिथि**	**कार्य**
षष्ठी	तैलाभ्यंग	द्वितीया	उबटन
अष्टमी	मांसभक्षण	दशमी	उबटन
चतुर्दशी	क्षौरकर्म	त्रयोदशीउबटन	
अमावस्या	रतिक्रिया	अमावस्या	आँवला मिश्रित जल से स्नान
सप्तमी	आँवला मिश्रित जल से स्नान	नवमी	आँवला मिश्रित जल से स्नान

2.3.7.14 चेत्रादि मास में शून्य तिथियाँ :–

मास	**शून्यतिथियाँ कृष्णपक्ष**	**शून्यतिथियाँ शुक्लपक्ष**
चैत्र	8, 9	8, 9
वैशाख	12	12
ज्येष्ठ	14	13
आषाढ़	6	7
श्रावण	2, 3	2, 3
भाद्रपद	1, 2	1, 2
आश्विन	10, 11	10, 11
कार्तिक	5	14
मार्गशीर्ष	7, 8	7, 8

पौष	4, 5	4, 5
माघ	5	6
फाल्गुन	4	3

2.3.7.15 पक्षरन्ध्र तिथियाँ :–

चतुर्थी, षष्ठी, अष्टमी, नवमी, द्वादशी व चतुर्दशी इन तिथियों की पक्षरध्र संज्ञा होती है, इनमें कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। यदि बहुत–ही आवश्यक हो तो उपर्युक्त तिथियों में निम्न चक्रानुसार कार्य करे :–

तिथि	**त्याज्य घटी (दण्ड़)**	**तिथि**	**त्याज्य घटी (दण्ड़)**
चतुर्थी	08	षष्ठी	09
अष्टमी	14	नवमी	24
द्वादशी	10	चतुर्दशी	05

2.3.7.16 तिथियोगिनी चक्र :–

दिशा	**तिथि**	**दिशा**	**तिथि**
ईशान	8, 30	पर्व	1, 9
आग्रेय	3, 11	दक्षिण	5, 13
नैर्ऋत्य	4, 12	पश्चिम	6, 14
वायव्य	7, 15	उत्तर	2, 10

उपर्युक्त तिथियों में योगिनी चक्रोक्त ईशादि दिशाओं में स्थित होती है। योगिनी यात्रा के समय बायें भाग में सुखदायक, पृष्ठ में वांछितफलप्रदायिनी, दक्षिण में धन का नाश करने वाली तथा सम्मुख में मृत्युकारक (कष्टदायक) होती है। यथा –

योगिनी सुखदा वामे पृष्ठे वांछित दायिनी।

दक्षिणे धनहन्त्री च सम्मुख मरणप्रदा।।

2.3.7.17 घाततिथियाँ (राशि के अनुसार) :– यात्रा आदि में घात तिथि को वर्जित करना चाहिए।

तिथि	राशि	तिथि	राशि

1, 6, 11	मेष	5, 10, 15	वृष
2, 7, 12	मिथुन	2, 7, 12	कर्क
3, 8, 13	सिंह	5, 10, 15	कन्या
4, 9, 14	तुला	1, 6, 11	वृश्चिक
3, 8, 13	धनु	4, 9, 14	मकर
3, 8, 13	कुम्भ	5, 10, 15	मीन

2.3.7.18 तिथि अशुभफलनाशक पदार्थ :–

जिस तिथि में यात्रा करनी हो, यदि वह तिथि अशुभ हो तोचक्रांकित पदार्थों का भक्षण करके अथवा इन वस्तुओं का दान करके यात्रादि कार्य करने पर सफलता प्राप्त होती है तथा तिथिदोष नष्ट हो जाता है।

तिथि	**पदार्थ**	**तिथि**	**पदार्थ**
प्रतिपदा	मदार का पत्र	द्वितीया	चावल का धोया हुआ पानी
तृतीया	देशी घी	चतुर्थी	देशी घी का हलवा
पंचमी	हविष्यान्न	षष्ठी	स्वर्ण का धोया हुआ जल
सप्तमी	पुआ	अष्टमी	अनार का फल
नवमी	कमलपुष्प का जल	दशमी	गौ मूत्र
एकादशी	जौ का भात	द्वादशी	दूध–चावल की खीर
त्रयोदशीगुड़		चतुर्दशी	रक्त
पूर्णिमा	मूंग	अमावस्या	भात

2.3.7.19 तिथि में द्वारनिर्माण का निषेध :– इन तिथियों इन दिशाओं के द्वारा नहीं बनाने चाहिए और बने हुए द्वारो में से इन तिथियों में इन दशाओं में प्रवेश अथवा इन द्वारों से गमन नहीं करना चाहिए।

दिशा	**तिथि**
पूर्व	पूर्णिमा तथा कृष्णपक्ष की अष्टमी (कृष्णपक्ष – 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8)
दक्षिण	शुक्लपक्ष की नवमी से चतुर्दशी तक (शुक्लपक्ष – 9, 10, 11, 12, 13, 14)

पश्चिम	अमावस्या, शुक्लपक्ष की अष्टमी (कृष्णपक्ष – 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8)
उत्तर	कृष्णपक्ष की नवमी से चतुर्दशी तक (कृष्ण – 9, 10, 11, 12, 13, 14)

2.3.7.20 मन्वदि तिथियाँ (इन तिथियों में शुभ कार्य नहीं करने चाहिए) :–

तिथि

1. चैत्रशुक्ल तृतीय व पूर्णिमा
2. कार्तिकशुक्ल पूर्णिमा व द्वादशी
3. आषाढ़शुक्ल दशमी व पूर्णिमा
4. ज्येष्ठ व फाल्गुनशुक्ल पूर्णिमा
5. आश्विनशुक्ल नवमी
6. माघशुक्ल सप्तमी
7. पौषशुक्ल एकादशी
8. भाद्रपद शुक्ल तृतीया
9. श्रावणकृष्ण अमावस्या व अष्टमी

2.3.7.21 युगादि तिथियाँ (इन तिथियों में शुभ कार्य नहीं करने चाहिए) :–

तिथियाँ	युगदि
कार्तिशुक्ल नवमी	सत् युगादि
वैशाख शुक्ल तृतीया	त्रेतायुगादि
माघकृष्ण अमावस्या	द्वापरयुगादि
श्रावणकृष्ण त्रयोदशी	कलियुगादि

2.3.7.22 मन्वादि व युगादि तिथियों में करणीय कर्म :–

इन तिथियों में स्नान, हवन, जप, दान–पुण्य करने से अनन्तकोटि फल प्राप्त होता है, परन्तु विद्यारम्भ उपनयन, व्रतोद्यापन, विवाह, गृहनिर्माण, गृह–प्रवेश, नित्याध्ययन तथा यात्रादि में इन्हे त्याज्य बताया गया है।

शुक्लपक्ष में कर्तव्य श्राद्ध के लिए इन तिथियों को पूर्वान्ह और कृष्णपक्ष के श्राद्धों के इनका अपरान्ह ग्राह्य है।

अपवाद :–

चैत्र व वैशाख शुक्ल तृतीया तथा माघशुक्ला सप्तमी तिथियाँ मन्वादि युगादि होने पर भी शुभकर्मों में ग्रहण करने की अनुमति शास्त्रों ने दी है। यथा –

या चैत्रवैशाखसितातृतीया माघे च सप्तम्यथ फाल्गुनस्य।

कृष्णे द्वितीयोपनये प्रशस्ता प्रोक्ता भरद्वाजमुनीन्द्रमुख्यैः।। –

पीयुषधारा

2.3.7.23 तिथियों में आने वाली स्वयंसिद्ध तिथियाँ :–

तिथि	**पर्व**
चैत्रशुक्ल प्रतिपदा	नवीन सम्वत्सराङ्गम्भ (कल्पादि)
चैत्रशुक्ल नवमी	रामनवमी
वैशाखशुक्ल तृतीया	अक्षयतृतीया (त्रेतायुगादि)
वैशाख शुक्ल पूर्णिमा	बुद्ध पूर्णिमा/पीपल पूर्णिमा
ज्येष्ठशुक्ल दशमी	गंगादशमी
ज्येष्ठशुक्ल एकादशी	निर्जला एकादशी***
आषाढ़शुक्ल नवमी	भड्ल्या नवमी
भाद्रपद कृष्ण अष्टमी	जन्माष्टमी***
भाद्रपदकृष्ण नवमी	गोगानवमी***
भाद्रपदशुक्ल एकादशी	जलझूलनी एकादशी
आश्विनशुक्ल दशमी	विजयादशमी (दशहरा/मन्वादि)***
कार्तिकशुक्ल अमावस्या	दीपावली (दीपमालिका)***
कार्तिकशुक्ल एकादशी	देवप्रबोधिनी एकादशी
माघशुक्ल पंचमी	बसन्त पंचमी
फाल्गुनशुक्ल द्वितीया	फुलेरा दोज
चैत्रकृष्ण अष्टमी	शीतलाष्टमी (बास्योड़ा)***

2.3.8 गण्डान्त विचार :– गण्डान्त को विभाजित करके म्निानुसार अध्ययन किया जा सकता है

2.3.8.1 तिथि गण्डान्त :– पूर्णा (5–10–15) तथा नन्दा (1–6–11) तिथि, इन तिथियों की क्रम से अनत और आदि की 2–2 घटी दोषयुक्त होने से गण्डान्त नाम से प्रसिद्ध है। यह जन्म, यात्रा, विवाह, व्रतबन्ध आदि में कष्टकारक है।

2.3.8.2 लग्नगण्डान्त :–

कर्क–सिंह, वृश्चिक–धनु तथा मीन–मेष इन दो–दो राशियों के अन्त और आदि की आधी–आधी घटी को गण्ड़ान्त कहते है। यह सभी शुभकर्मों में त्याजय है।

2.3.8.3 नक्षत्रगण्ड़ान्त :–

रेवती–अश्विनी, अश्लेषा–मघा तथा मीन–मेष के नक्षत्रों क्रम से अन्त और आदि की 2–2 घटियाँ अर्थात् दोनों की सन्धि के 4 घटी को गण्ड़ान्त कहते है। इसमें सभी मांगलिक कृत्य वर्जित है।

सभी प्रकार के गण्ड़ान्त में जन्म, यात्रा, विवाह आदि शुभकर्म वर्जित है।

गण्डमूल नक्षत्र एवं उनका फल
(शान्ति कराने से अशुभ फल की निवृत्ति व शुभ फल पुष्टी होती है)

चरण	अश्विनी	अश्लेषा	मघा	ज्येष्टा	मूल	श्रेवती
प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ	पितृभय सुखैश्वर्य राज्यसुख प्राप्ति राज्यसुख प्राप्ति	शान्ति व सुख धननाश मातृनाश पितृनाष	मातृहानि पितृभय सुख धन–विद्या	बड़े भाई को कष्ट छोटे भाई को कष्ट पितृकष्ट	पितृनाश मातृनाश धननाश शांति व सुख	राज्यसुख प्राप्ति राज्यसुख प्राप्ति धनलाभ तन–मन पीड़ा

2.3.9 वार (उदयात् उदयं यावत् भानोः भूमिः सावनवासरः) :– दिनों के नाम को वार कहते है, जो भारतीय पद्धति के क्रमशः सूर्य, चन्द्र, मंगल अथवा भौम, गुरू या बृहस्पति, शुक्र तथा शनि के नाम पर समान्यतः रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार, शनिवार के नाम से जाने जाते है। इनका मान एक सूर्योदय से दूसरे सर्योदय तक होता है। इसके स्वामी के नाम पर ही इन वारों का नामकरण हुआ है। जन्म, मरण, षोड़श संस्कार, यात्रा, यज्ञ, हवन–प्रतिष्ठादि सभी मांगलिक कार्यों में वार–प्रवृत्ति सूर्योदय से ही सर्वदा मानी जाती है तथापि प्रातः सन्ध्यादि नित्य करणीय कर्मों में अर्द्धरात्रि के उपरान्त अग्रिम वार को संकल्प में ग्रहण कर लिया जाता है।

2.3.9.1 शुभ–अशुभ वार :– सोमवार, बुधवार, गुरूवार व शुक्रवार सौम्यवारों की श्रेणी में आते है तथा रविवार, मंगलवार व शनिवार क्रूरवारों की श्रेणी में आते है। इन्हीं की संज्ञा के अनुसार ये अभीष्ट कर्मो में फलदायी होते है।

वारों की शुभता दिन–रात्रि के अनुसार भिन्न–भिन्न प्रभावोत्पादक होती है। यथा – रविवार, गुरूवार व शुक्रवार का प्रभाव रात्रि में नगण्य होता है तथा सोमवार, मंगलवार व शनिवार का प्रभाव दिन में नगण्य होता है।

बुधवार का फल सभी समय में एकसमान होता है। यथा –

न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्यदैत्येज्यदिवाकराणाम्।

दिवा शशांकर्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोषः।। – ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्तचिन्तामणि

2.3.9.2 वार व उनके करणीय कार्य :–

वार	**देव**	**अधिदेव**	**करणीय कार्य**
रविवार	शिव	अग्नि	राजकीय सेवा एवं अन्य राजकीय कार्यों के लिए शुभ है। यह ध्रुव एवं स्थिरसंज्ञक वार है।
सोमवार	पार्वती	जल	सभी कार्यों के लिए शुभ है। यह वार चर एवं चलसंज्ञक है।
मंगलवार	कार्तिकेय	भूमि	युद्ध, द्युतक्रिड़ा (जुआ, सट्टा), यात्रा, कर्ज देने, सभा में जाने, मुकदमा प्रारम्भ करने के लिए शुभ है।यह वार उग्र एवं क्रूरसंज्ञक है।
बुधवार	विष्णु	हरि	विद्या (कला–काव्य) का प्रारम्भ, नवीन व्यापार करना,नवीन लेखन, पुस्तकों का प्रकाशन, धन–संग्रहणप्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करने हेतु शुभ है। मिश्र व साधारण संज्ञा बुध को दी गयी है।
गुरूवार	ब्रह्मा	इन्द्र	विद्या का प्रारम्भ, वैवाहिक–कार्यक्रम, उच्चाधिकारियों से मिलन, नवीन काव्य लेखन, प्रकाशन, धन–संग्रह आदि शुभ कार्यों के लिए लघु व क्षिप्र संज्ञा गुरूवार को दी गयी है।

शुक्रवार	इन्द्र	इन्द्राणी	नवीन वस्त्र एवं आभूषणों को धारण करना, सौभाग्यवर्धकार्य चलचित्र शूटिंग कार्य एवं यात्रा जाने हेतु श्रेष्ठ है।मृदु एवं मैत्र संज्ञा शुक्रवार को दी गयी है।
शनिवार	काल	ब्रह्मा	नूतन गृहारम्भ, भूमि–क्रय, मशीनरी का शुभारम्भ, द्रव्य संग्रह, मकान का शिलान्यास (भूमिपूजन) आदि स्थिर कार्यों हेतु श्रेष्ठ है। यह वार दारूण व तीक्ष्ण संज्ञक है।

2.3.10 कालहोरा मुहूर्त्त :–

होरा	**रवि**	**सोम**	**मंगल**	**बुध**	**गुरू**	**शुक्र**	**शनि**
1	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि
2	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू
3	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल
4	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि
5	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र
6	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध
7	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम
8	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि
9	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू
10	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल
11	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि
12	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र

13	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध
14	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम
15	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि
16	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू
17	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल
18	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि
19	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र
20	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध
21	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम
22	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि
23	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू
24	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रवि	सोम	मंगल

यदि किसी कार्य को करने हेतु कोई भी शुभ मुहूर्त नहीं मिल रहा हो तो उस कर्म को अन्य वार में भी विहित वार की कालहोरा (क्षणवार) में कर सकते है। एक कालहोरा सूर्योदय से 01–01 घण्टे का होता है, ये कालहोरायें सूर्यादिवार की होती है तथा प्रत्येक क्षणवार गत कालहोरेश से छठा होता है।

यदि उपरोक्त वारों के अतिरिक्त अन्य दूसरों कार्यों में अति आवश्यकता हो शास्त्रों में चौघड़ियों की व्यवस्था है। दिन में आठ (8) तथा रात्रि में आठ (8) चौघड़िये होते है अर्थात् एक अहोरात्र में कुद 16 चौघड़िये होते है, जिनमें निषिद्ध वार होते हुए भी दिन अथवा रात्रि के समय में भी आप अभीष्ट कार्य सम्पन्न कर सकते है।

2.3.11 चौघड़िया मुहूर्त्त विधि :–

दिनमान के आठ भाग करने पर आठ चौघड़िया मुहूर्त्त प्राप्त होते हैं अर्थात् प्रत्येक चौघड़िये का मान लगभग डेढ़ घण्टा (01 घण्टा 30 मिनट) होता है। चक्र में (प्रातः 06:00 बजे के माध्यमान से समय दिया गया है। सूर्योदय के अनुसार समय में परिर्वन किया जा सकता है।) :–

दिन में चतुर्घटिका मुहूर्त्त							
सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	वार
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	06-7:30
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	07:30-09
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	09-10:30
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	10:30-12
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	12-1:30
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	1:30-03
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	03-4:30
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	4:30-06

रात्रि में चतुर्घटिका मुहूर्त्त							
सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	वार
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	06-7:30
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	07:30-09
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	09-10:30
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	10:30-12
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	12-1:30
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	1:30-03
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	03-4:30
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	4:30-06

2.3.12 अभिजित् मुहूर्त्त :–

नौमी तिथि मधुमास पुनीता। सुकलपक्ष अभिजित् हरिप्रीता।।

मध्यदिवस अतिसीन न घामा। पावकाल लोक विश्रामा।।

जो भगवान् को अतिप्रिय है, जिसमें काल भी संसार के उपकार के लिए कुछ क्षण विश्राम करता है, इसी अभिजित् मुहूर्त्त, नवमी तिथि, चैत्रमास में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का आविर्भाव हुआ था। यदि कोई भी शुभमुहूर्त्त नहीं बनता हो तो सभी जातकादि कर्म अभिजित् मुहूर्त्त में किये जा सकते है।

दिनमान के मध्यभाग में 48 मिनट का अभिजित् मुहूर्त्त होता है जो कि सभी मांगलिक कार्यों में प्रशंसनीय है, किन्तु बुधवार के दिन अभिजित् का निषेध है।

अभिजित् का मान :–

उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का चतुर्थ चरण + श्रवण नक्षत्र का आदिम चरण = अभिजित्

उत्तराषाढ़ा नक्षत्र की 15 घटी + श्रवण नक्षत्र की 04 घटी = अभिजित्

चन्द्रमा के राशि–अंश–कला–विकलाक अनुसार अभिजित् का मान :–

मकर राशि अन्तगर्त :– 09–06–40–00 से 09–10–53–20

2.3.13 प्रदोषकाल :– तिथियों में प्रदोष काल का निग्रय इस प्रकार किया जाता है

चतुर्थी का प्रथमप्रहर (3 घण्टे), सप्तमी की प्रथम डेढ़ प्रहर (4 घण्टा 30 मिनट), तथ त्रयोदशी के अग्रिम प्रहरद्वज (6 घण्टा) का समय **'प्रदोषकाल'** कहलाता है।

मतान्तर से षष्ठी या द्वादशी आधी रात्रि के बाद एकघटी पूर्वतक हो अथवा 09 घटी रात्रि तक तृतीय हो तो यह **'प्रदोष'** अध्ययन में वर्जित है तथा रात्रि में तीन प्रहर से पहिले सम्तमी या त्रयोदशी वर्तमान में हो तो वह **'प्रदोष'** भी अनध्याय होता है।

सदैव सूर्यास्त के पश्चात् तीन मुहूर्त्त (एक घंआ 12 मिनट) प्रदोष का मान होता है।

2.3.14 घातवार :– अधोलिखित राशि वालों के लिए निम्नलिखित वार अशुभ होते है। इन वारों में यथासम्भव यात्रा का तयाग करना चाहिए।

वार	**राशि**
रविवार	मेष
सोमवार	मिथुन
मंगलवार	मकर
बुधवार	कर्क
गुरूवार	तुला, कुम्भ
शुक्रवार	वृश्चिक, धनु, मीन
शनिवार	सिंह, वृष

2.3.15 दिशाशूल :– अधोलिखित वारों में निम्नलिखित दिशाओं की यात्रा यथासम्भव वर्जित रखनी चाहिए।

दिशा	निषिद्धवार
पूर्व	सोमवार, शनिवार
दक्षिण	गुरूवार

पश्चिम	रविवार, शुक्रवार
उत्तर	मंगलवार, बुधवार

2.3.16 वार में अशुभफलनाशक पदार्थ :–

जिस वार में यात्रा करनी हो, यदि वह तिथि अशुभ हो तो चक्रांकित पदार्थो का भक्षण करके अथवा इन वस्तुों का दानादि करके यात्रादि कार्य करने पर सफलता प्राप्त होती है तथा वारदोष नष्ट हो जाता है।

वार	**पदार्थ**
रविवार	शुद्ध घी अथवा शिखरन
सोमवार	दूध या खी
मंगलवार	गुड़ अथवा कांजीबड़ा
बुधवार	तिल अथवा पका हुआ दूध
गुरूवार	दही
शुक्रवार	शुद्ध घी अथवा कच्चा दूध
शनिवार	उड़द अथवा तैल से बनी वस्तु अथवा तिल

2.3.16 वार के अनुसार जन्म लेने वाले जातकों का फल

जन्मवार	**फल**
रविवार	पित्तप्रकृति, कार्यक्षेत्र में निपुणता, झागडालू, दानी, उत्साही, उग्र सस्वभाग।
सोमवार	बुद्धिमान, प्रिय कथावाचक, राजकृपा पाने वाला, सुख–दुःख को बराबर मानने वाला।
मंगवार	दीर्घायु, वीर, महाबली, अपने परिवार में प्रधान तथा कुबुद्धि वाला होता है।
बुधवार	विद्वान् पण्डित, मधुरभाशी, सम्पत्ति से युक्त, सुन्दर आकर्षति लेखन कार्य से जीविका निर्वाह करने वाला तथा धनी होता है।
गुरूवार	प्रशंसनीय कार्यकर्ता, विवेकी, विद्वान्, ग्रन्थकर्ता, राजा का मन्त्री, साधारण लोगों से

पूजित होता है।

शुक्रवार बुद्धिमान, मनोहर रूप वाला, चंचल, देवता से द्वेश करने वाला, वाचाल होता है।

वर के अनुसार कर्म

रविवार :– राज्याभिशेक, गाना बाजाना, नयी सवारी पर चढ़ना, राज्यसेवा, गाय–बैलों का क्रय–विक्रय, हवन–यज्ञादि, मन्त्रोपदेश, क्रय–विक्रय, औषधि, शस्त्रव्यवहार तथा युद्ध।

सोमवार :– पेड़–पौधे, पुष्प व उपवन लगान, बीजारोपणा, स्त्रीविहार, गायन, यज्ञादिकार्य, नये वस्त्र धारण करना।

मंगलवार :– फूट डालना, झूठ बोलना, चोरी, विश, अग्नि, शस्त्र–प्रयोग, संग्राम, वध, कपअ, घमण्ड, सैन्यकर्म तथा विराम।

बुधवार :– चतुरता पूर्ण पुण्यकर्म, लिखना–पढ़ना, कलाकौशल, शिल्प–चित्र बनाना, धातु–क्रिया, नौकरी, प्रवेश, युक्ति, मैत्री, सन्धि, व्यायाम और वाद–विवाद।

गुरूवार :– धार्मिक कृत्य, नवग्रहों की पूजा, यज्ञ, विद्याभ्यास, मांगलिक कृत्य, वस्त्र–व्यवहार, गृहकार्य, यात्रारम्भ, रथ, घोड़ा, औशधि एवं आभूषण सम्बन्धी सभी शुभ कार्य।

शुक्रवार :– स्त्री, गायन,शय्या, मणि, रत्न, हीरा, सुगन्धि, वस्त्र, अलंकार, जमीन–जायदाद, व्यापार, गाय, द्रव्य, भण्डार व खेतीबाडत्री के कार्य।

शनिवार :– पाप, मिथ्याभाशण, चोरी, विश, अर्क निकालना, शस्त्र, नौकर–चाकर सम्बन्धी कार्य, हाथी बाँधना, मन्त्र की दीक्षा, गृह–प्रवेा तथा सभी स्थिरकार्य।

जिसका जन्म दिन में होता है वह धर्माचरण से युक्त, अधिक पुत्र वाला, भोगी, सुवस्त्रों को धारणकर्ता, बुद्धिमान व सुन्दर आकृति वाला होता है।

रात्रि में जन्म लेने वाला जातक कम बोलने वाला, मलिन हृदय, पापात्मा, छिप कर पाप करने वाल, अधिक कामचेष्टा वाला होता है।

1.3.18 पंचकों में क्या करें और क्या नहीं ? (पंचक नक्षत्र – धनिष्ठा, शतभिशा, पू.भा., उ.भा., रेवती**)** :–

कुम्भ व मीन राशि में चन्द्रमा के रहते हुए धनिष्ठा के उत्तराभाद्रपद और रेवती ये पांच नक्षत्र पंचकों के माने गये है। पंचकों में मुख्य रूप से शवदाह, चारपाई बुनना, पलंग शय्या, चटाई, कुर्सी तखत, व्यवसाय गद्दी तैयार कराना, मकान की छत डालना, लैन्टर सैट करना, खम्भों को सैट करना, काष्ठ/ईंधन/लोहे के सरिये संग्रह करना तथा दक्षिण दिशा की यात्रा, दक्षिणाभिमुख नये भवन की सीड़ियों पर चढ़ना आदि 'श्रीपति' के अनुसार वर्जित माना गया है।

पंचक के पांच नक्षत्रों में किए गये कृत्यों का फल पांच गुणा होता है। इसी तरह त्रिपुष्कर योग त्रिगुधित और द्विपुष्कर योग दुगुणित फल देते है। पंचाकों में पांच गुणा, त्रिपुष्कर योग में तिगुना और द्विपुष्कर योग में दोगुना हानि लाभ हुआ करता है। मृत्यु, व्याधि अन्याय व्यथा रोगोपद्रव होने पर शांति विधान की आवश्यकता पड़ती है। पंचक नक्षत्रों (धनि, शत, पूभा, उभा, रेवती) का विशेश विचार उपरोक्त वर्णित कृत्यों मे ही किया जाता है। शुभ कर्म विवाह मुण्डन, यज्ञोपवीत, गृहारंभ, गृहप्रवेष, वाणिज्यकर्म, वाहनादि के लेन–देन, फर्म संचालन, मूर्तिप्रतिष्ठा आदि सभी श्रेश्ठ मुहूर्तो में तो पंचक के पांचो नक्षत्र शुभ कहे गए है। सभी पर्वोत्सव, व्रत, रक्षाबन्धन, भैय्यादूज, महालक्ष्मी पूजानादि में पंचको का विचार नहीं किया जाता है। 'वृहछ्ज्योतिशसार' गन्ध में तो धनि, उभा, रेवती नक्षत्र सभी कार्यो में सिद्धिप्रद माने गये है। पूभा एवं शतभिशा नक्षत्र को साधारण रूप से सिद्धिदायक कहा गया है।

2.3.19 अग्निवास :–

जिस दिन हवन करना हो उस दिन तिथि और वार की संख्या जोड़कर एक ओर जोड़ना, पुनः 4 का भाग देना, यदि पूरा भाग लग जाए, 0 शेष रहे अथवा 3 शेष रहेतब अग्नि का वास पृथ्वी पर सुखकारक होता हैं। शेष 1 बचने पर आकाश में प्राणघातक, शेष 2 में पाताल में धननाशकारक होता हैं। तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से तथा वार की रविवार से करनी चाहिए।

नक्षत्र :– सम्पूर्ण आकाशमण्ड़ल को 12 राशियों के अतिरिक्त 27 नक्षत्रों में विभाजित किया गया है।

नक्षत्र	आकृति	तारा	स्वामी
1. अश्विनी	अश्वमुख3		अश्विनी कुमार
2. भरणी	योनि	3	यम
3. कृतिका	नापितक्षुर	6	अग्नि
4. रोहिणी	शकट	5	ब्रह्मा
5. मृगशिरा	हिरणमुख	3	चन्द्र
6. आर्द्रा	मणि	2	शिव
7. पुनर्वसु	गृह	4	अदिति
8. पुश्य	बाण	3	बृहस्पति
9. अश्लेशा	चक्राकार	5	सर्प
10. मघा	भवन	5	पितर
11. पूर्वाफाल्गुनी	चारपाई	2	भग

12.	उत्तराफाल्गुनी	शय्या	2	अर्यमा
13.	हस्त	हाथ	5	रवि
14.	चित्रा	मोती	1	विश्वेदेव
15.	स्वाती	मूंगा	1	वायु
16.	विशाखा	तोरण	4	इद्राग्नि
17.	अनुराधा	बलिर्भक्तपुंज	4	मित्र
18.	ज्येष्ठा	कुण्ड़ल	3	इन्द्र
19.	मूल	सिंहपुच्छ	11	राक्षस
20.	पूर्वाशाढ़ा	हाथीदाँत	2	जल
21.	उत्तराषाढ़ा	सिंहासन2		विश्वेदेव
	अभिजित्	त्रिभुज	3	ब्रह्मा
22.	श्रवण	वामन	3	विष्णु
23.	धनिष्ठा	मृदंग	4	वसु
24.	शतभिशा	वृत्त	100	वरूण
25.	पूर्वाभाद्रपद	मंच	2	अजपाद
26.	उत्तराभाद्रपद	युगल–पुरूष	2	अहिर्बुध्न्य
27.	रेवती	मृदंग	32	पूशा

2.3.21 नक्षत्रों की सज्ञा एवं उनमें करणीय कर्म :–

संज्ञा	**नक्षत्र**	**करणीय कर्म**
ध्रुव–स्थिर	रोहिणी, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्रपद	बीजरोपण, उद्यान लगाना, नगरप्रवेश, ग्रामवास वियकशान्ति, गायनविद्या का प्रथम अभ्यास, नूतन वस्त्रधारण, काम आभूषण–निर्माण–धारण

		तथा मैत्री आदि सभी स्थिर कार्य इसमें श्रेष्ठ हैं।
चल–चल	पुनर्वसु, स्वामी,	हाथी–घोड़ा–ऊँट–मोटर–गाड़ी आदि की सवारी, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा वाटिका लगाना या प्रथम प्रवेश, व्यापार प्रारम्भ, मैथुन क्रिया, स्वर्ण–चाँदी–मणि–रत्नादि युक्त आभूषण निर्माण तथा विद्या को सीखने का प्रारम्भ आदि कर्म।
उग्र–क्रूर	भरणी, मघा, पूर्वाफाल्गुनी,	शत्रुताड़न, अग्नि का यत्र–तत्र प्रज्वलन, शठता करना,
	पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाभाद्रपद	विष सेवन करना/कराना, यन्त्र–मन्त्र के माध्यम से किसी पर घात करना जैसे क्रूर कार्य तथा पशुओं का वशीकरण इस नक्षत्र में करणीय कर्म है।
मिश्र–साधारण	कृतिका व विशाखा	अग्निकार्य, वृषोत्सर्ग, अग्निहोत्र प्रारम्भ, वस्तु का सम्मिश्रण, बन्दी बनाना, विष–प्रयोग आदि हेय व भयंकर कर्म।
क्षिप्र–लघु	अश्विनी, पुष्य, हस्त अभिजित्	वस्तुओं का विक्रय, रतिक्रया, शास्त्रों का अध्ययन, आभूषण धारण करना, सहितय–संगीत–कला विषय कर्म व औषधि का आदान–प्रदान।
मृदु–मैत्र	मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा रेवती	गीत–वाद्य सम्बन्धी कर्म, नवीन परिधान–धारण, रतिक्रिया, मित्रता करना तथा अलंकार निर्माण
तीक्ष्ण–दारूण	आर्द्रा, अश्लेषा, ज्येष्ठा मूल	अभिचार कर्म (मारण, उच्चाटन, विद्वेषण आदि), कलोत्पादन, हाथी–घोड़ों का प्रशिक्षण, बीजवपन,

उद्यानारम, शान्तिक–पौष्टिक कर्म, गृह–ग्राम

प्रवेश,

संगीतविद्या का प्रारम्भ, आमोद–प्रमोद तथा नवीन

वस्त्र–आभूषण का धारण।

जन्मनक्षत्र विचार :–

1. अन्नप्राशन, उपनयन, चूड़ाकरण, राज्याभिषेक आदि में जन्मनक्षत्र प्रशस्त होता है।

2. यात्रा, सीमन्तोन्नयन तथा विवाह में जन्मनक्षत्र अनिष्ट होता है।

3. मुहूर्त्तदीपिका के अनुसार चूड़ाकरण, औषधि सेवन, विवाद, यात्रा व कर्णवेध में ही जन्म–नक्षत्र का निषेध है।

4. जन्म नक्षत्र से 25 वाँ तथा 27 वाँ नक्षत्र शुभकर्मों में त्याज्य है।

2.3.22 पंचांग में योगविचार :–

योग को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। ''नैसर्गिक'' व ''तात्कालिक''। नैसर्गिक योगों का सदैव एक ही क्रम रहता है ये एक के बाद एक आते हैं। विष्कुम्भादि 27 योग नैसर्गिक श्रेणी में आते है, परन्तु तात्कालिक योग तो तिथि–वार–नक्षत्र आदि के विशेष संगम से बनते हैं। आनन्द प्रभृति एवं क्रकच, उत्पाद, सिद्धि तथा मृत्यु आदि योग तात्कालिक है।

योग	स्वामी	फल
1. विश्कुम्भ	यम	अशुभ
2. प्रीति	विष्णु	शुभ
3. आयुष्मान्	चन्द्र	शुभ
4. सौभाग्य	ब्रह्म	शुभ
5. शोभन	बृहस्पति	शुभ
6. अतिगण्ड़	चन्द्र	अशुभ
7. सुकर्मा	इन्द्र	शुभ

8.	धृति	जल	शुभ
9.	शूल	सर्प	अशुभ
10.	गण्ड	अग्नि	अशुभ
11.	वृद्धि	सूर्य	शुभ
12.	ध्रुव	भूमि	शुभ
13.	व्याघात	वायु	अशुभ
14.	हर्शण	भग	शुभ
15.	वज्र	वरूण	अशुभ
16.	सिद्धि	गणेश	शुभ
17.	व्यतिपात	रूद्र	अशुभ
18.	वरियान	कुबेर	शुभ
19.	परिघ	विश्वकर्मा	अशुभ
20.	शिव	मित्र	शुभ
21.	सिद्ध	कार्तिकेय	शुभ
22.	साध्य	सावित्री	शुभ
23.	शुभ	लक्ष्मी	शुभ
24.	शुक्ल	पार्वती	शुभ
25.	ब्रह्म	अश्विनी कुमार	शुभ
26.	ऐन्द्र	पितर	अशुभ
27.	वैधृति	दिति	अशुभ

2.3.23 व्यतिपात :–

यह उपद्रवी योग है। यह योग नैसर्गिक व तात्कालिक दोनों श्रेणियों मे आता हैं। अमावस्या को रविवार या श्रवण, धनिष्ठा, आर्द्रा, अश्लेशा अथवा मृगशिरा नक्षत्र के योग से ''व्यातिपातयोग'' बनता है।

2.3.24 वैधृति :–

यह भी व्यतिपात के समकक्ष ही है। इसे भी शुभकर्मो में त्याज्य बताया है।

शेष अशुभ योगों में परिघ का पूर्वार्द्ध, विष्कुम्भ व वज्र की आदिम 03 घटीख व्याघात की प्रारम्भिक 09 घटी, शूल की प्रथम 05 घटी तथा गण्ड–अतिगण्ड की आदिम 6–6 घटियाँ विशेषतः त्याज्या है।

2.3.25 आनन्दादि 28 योग :–

वार व नक्षत्र के योग से तात्कालिक आनन्दादि 28 योगों का आनयन होता है। इन योगों को ज्ञात करने के लिए वार विशेष को निर्दिष्ट नक्षत्र से विद्यमान नक्षत्र तक साभिजित् गणना की जाती है। रविवार को अश्विनी से सोमवार को भरणी से, मंगलवार को अश्लेशा से, बुधवार को हस्त से, गुरू को अनुराधा से, शुक्रवार को उत्तराशाढ़ा से तथा शनिवार को शतभिशा से तद्दिन के चन्द्रर्क्ष तक गिनने पर आप्त संख्या को ही उस दन वर्तमान आनन्दादि योग का क्रमांक प्राप्त होता है।

चक्र

योग	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	फल
आनन्द अर्थसिद्धि	अश्विनी	मृगशिरा	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ.शा.	शतभिशा	
कालदण्ड	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पू.भा	मृत्युभय
धूम्र	कृत्ति.	पुन.	पू.फा.	स्वाती	मूल	श्रवण	उ.भा.	दु:ख
प्रजापति (धाता)	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	सौभाग्य
सुधाकर (सौम्य)	मृगशिरा	अश्लेशा	हस्त	अनुराधा	उ.षा.	शत.	अश्विनी	बहुमुखी
ध्वाङ्क्ष	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पू.भा.	भरणी	अर्थनाश
ध्वजा (केतु)	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाती	मूल	श्रवण	उ.भा.	कृतिका	सौभाग्य

श्रीवत्स	पुष्य	उ.फा.	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	ऐश्वर्य
वज्र	अश्लेषा	हस्त	अनुराध	उ.षा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिरा	क्षयक्षय
मुद्गर	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पू.भा.	भरणी	आद्रा	धननाश
छत्र राजसम्मान	पू.फा.	स्वाती	मूल	श्रवण	उ.भा.	कृतिका	पुनर्वसु	
मित्र	उ.फा.	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	राहिणी	पुष्य	सौख्य
मानस	हस्त	अनुराधा	उ.षा.	शत.	अश्विनी	मृग.	अश्लेषा	सौभाग्य
पद्म	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पू.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	धनागम
लुम्बक लक्ष्मीनाश	स्वाती	मूल	श्रवण	उ.भा.	कृतिका	पुनर्वसु	पू.फा.	
उत्पात	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.	प्राणनाश
मृत्यु	अनुराधा	उ.षा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिरा	अश्लेषा	हस्त	मरणभय
काण क्लेशवृद्धि	ज्येष्ठा	अभि.	पू.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	
सिद्धि अभीष्टसिद्धि	मूल	श्रवण	उ.भा.	कृतिका	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाती	
शुभ	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.	विशाखा	कल्याण
अमृत राजसम्मान	उ.षा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिरा	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	
मुसल	अभि.	पू.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अर्थक्षय
अन्तक रोग / बुद्धिनाश	श्रवण	उ.भा.	कृतिका	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाती	मूल	
(गद)								
कुंजर	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.	विशाखा	पू.षा.	कुलवृद्धि
(मातंग)								

राक्षस	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिरा	अश्लेषा	हस्त	अनुराधा	उ.षा.	बहुपीड़ा
चर	पू.भा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभिजित्	कार्यलाभ
सुस्थिर	उ.भा.	कृतिका	पुनर्वसु	पू.फा.	स्वाती	मूल	श्रवण	गृहप्राप्ति
(प्र) वर्धमान	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	सुमंगल

दोष नरिहार :– पूर्वोक्त योगों में साधारण श्रेणी के योगों की प्रारम्भिक घटियों का त्याग कर देने के पश्चात् उनकी अशुभता की दोषपत्ति नहीं रहती है, परन्तु कालदण्ड, उत्पात, मृत्यु व राक्षस योग समग्र रूप से त्याज्य है। अन्य योगों की त्याज्य घटियाँ चक्र में प्रदिष्ट की गयी है।

योग	धूम्र	ध्वांक्ष	वज्र	मुद्गर	मद्म	लुम्ब	काण	मुसल	अन्तक
घटियाँ	1	5	5	5	4	4	2	2	7

नोट :– कुयोग के समय यदि कोई अन्य सिद्धि आदि सुयोग भी वर्तमान हो तो सुयोग का ही फल मिलता है, कुयोग का नहीं। यथा –

अयोगः सिद्धियोगश्च द्वावेतौ भवतो यदि।

आयोगो हन्यते तत्र सिद्धियोगः प्रवर्त्तते।। – राजमार्त्तण्ड

क्रकचादि तात्कालिक योग :–

तिथि–वार तथा नक्षत्र के विशिष्ट संगम से आविर्भूत योगों का मुहूर्त्तशोधन में महत्वपूर्ण स्थान है। अतः ऐसे ही कुछ प्रचलित योगों का विवरण चक्रों में उल्लेखित है :–

तिथिवार जनित योग

योग	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि
क्रकच	12	11	10	9	8	7	6
संवर्त	7	×	×	1	×	×	×
दग्ध	12	11	5	3	6	8	9
विष	4	6	7	2	8	9	7
अग्निजिव्हा	12	6	7	8	9	10	11
मृत्यु	1, 6	2, 7	1, 6	3, 8	4, 9	2, 7	5, 10

	11	12	11	13	14	12	15/30
सिद्धि	×	×	3, 8	2, 7	5, 10	1, 6	4, 9
			12	12	15, 30	11	14
कुलिक	7	6	5	4	3	2	1
अमृत	5, 10	5, 10	2, 7	1, 6	3, 8	4, 9	1, 6
	15, 20	15, 20	12	11	13	14	11
रत्नांकर	3, 8	1, 6	4, 9	4, 10	2, 7	5, 10	3, 8
	13		14	15/30	12	15/30	13

तिथिवार जनित योग

योग	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि
यमघण्ट	मघा	विशाखा	आर्द्रा	मूल	कृतिका	रोहिणी	हस्त
दग्ध	भरणी	चित्रा	उ.षा.	धनिष्ठा	उ.फा.	ज्येष्ठा	रेवती
अमृत	हस्त	मृगशिरा	अश्विनी	अनुराधा	पुष्य	रेवती	रोहिणी
उत्पाद	विशाखा	पू.षा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उ.फा.
सर्वार्थसिद्धि	अश्विनी	रोहिणी	अश्विनी	कृतिका	अश्विनी	अश्विनी	रोहिणी
	पुष्य	मृगशिरा	कृतिका	रोहिणी	पुनर्वसु	पुनर्वसु	स्वाती
	उत्तरात्रय	पुष्य	अश्लेषा	मृगशिरा	पुष्य	अनुराध	श्रवण
	हस्त, मूल	अनुराधा	उ.फा.	हस्त	अनुराधा	श्रवण	
		श्रवण		अनुराधा	रेवती	रेवती	
अमृत	रोहिणी	अश्विनी	कृतिका	कृतिका	पुनर्वसु	अश्विनी	रोहिणी
	उत्तरात्रय	रोहिणी	पुष्य	राहिणी	पुष्य	पू.फा.	स्वाती

पुष्य, हस्त	मृगशिरा	अश्लेषा	अनुराधा	स्वाती	उ.फा.	
मूल, रेवती	पू.फा.	स्वाती	शतभिषा	अनुराधा	अनुराधा	
	उ.फा.	उ.भा.			श्रवण	
	हस्त	रेवती			उ.भा.	
	श्रवण				पू.भा.	
	धनिष्ठा					
	पू.भा.					
	उ.भा.					
प्रशस्त रेवती	हस्त	पुष्य	रोहिणी	स्वाती	उ.फा.	मूल

क्रकचादि योग–प्रयोजन :–

क्रकच, संवर्त, दुग्ध, विष, अग्निजिव्हा, मृत्यु, कुलिक, उत्पात और यमघण्टकादि तिथि, वार, नक्षत्र से उद्‌गत समस्त योग, मंगल कर्मो में अशुभ होने के कारण वर्जित है। परंच, सिद्धि, अमृत–सिद्धि, सर्वार्थसिद्धि, अमृत रत्नांकुर एवं प्रशस्तादि योग अपने नाम के अनुसार (यथानाम तथा गुणाः) ही फलदायी होते है।

2.3.27 करण :–

तिथि का आधा भाग करण कहलाता है। कृष्णपक्ष में तिथि संख्या को सात से विभाजित करने पर प्राप्त अवशिष्ट संख्यक करण तिथि के पूर्वार्द्ध में तथा शुक्लपक्ष में द्विगुणित तिथि संख्या में 02 घा कर सात का भाग देने पर शेषांक क्रमसंख्या वाला करण उस तिथि के पूर्वार्द्ध मे स्थित होते है। उससे अग्रिम क्रम प्राप्त करण तिथि के उत्तरार्ध में होता है। बवादि 11 करणें का क्रम उनके स्वामी तथा विभिन्न तिथियों में उनके अस्तित्व का निम्न चक्र में प्रदर्शन किया जाता है।

करण	**स्वामी**	**शुक्लपक्षतिथि**	**कृष्णपक्ष तिथि**
चर करण :			
बव	इन्द्र	5, 12 पूर्वार्द्ध, 1, 8 15 उत्तरार्ध	4, 11 पूर्वार्द्ध
बालव	ब्रह्मा	2, 9 पूर्वार्द्ध, 5, 12 उत्तरार्ध	1, 8 पूर्वार्द्ध, 4, 11 उत्तरार्ध
कौलव	मित्र	6, 13 पूर्वार्द्ध, 2, 9 उत्तरार्ध	5, 12 पूर्वार्द्ध, 1, 7, 8 उत्तरार्ध
तैतिल	विश्वकर्मा	3, 10 पूर्वार्द्ध, 6, 13 उत्तरार्ध	2, 9 पूर्वार्द्ध, 5, 12 उत्तरार्ध

गर	भूमि	7, 14 पूर्वार्द्ध, 3, 10 उत्तरार्ध	6, 13 पूर्वार्द्ध, 2, 9 उत्तरार्ध
वणिज	लक्ष्मी	4, 11 पूर्वार्द्ध, 7, 14 उत्तरार्ध	3, 10 पूर्वार्द्ध, 6, 13 उत्तरार्ध
विष्टि	यम	8, 15 पूर्वार्द्ध, 4, 11 उत्तरार्ध	7, 14 पूर्वार्द्ध, 3, 10 उत्तरार्ध

स्थिर करण :

शकुनि	कलि	×	14 उत्तरार्ध
चतुष्पद	यद्र	×	30 उत्तरार्ध
नाग	सर्प	×	30 उत्तरार्ध
किंस्तुघ्न	मरूत्	1 पूर्वार्द्ध	×

2.3.27.1 करण का शुभ व अशुभ विवेचन :–

बावादि प्रथम सप्त **''चरसंज्ञक''** तथा शकुन्यादि चतुष्ट्य **''स्थिरसंज्ञक''** होते हैं। बवादि छः करणों में मांगलिक कर्म शुभ, भद्रा सर्वथा त्याज्य तथा अन्तिम चार करणोंमें पितृकर्म प्रशस्त है।

करण	**करणीय कर्म**
बल	बलवीर्यवद्धक पौष्टिक कर्म
बालव	अध्ययन, अध्यापन, यज्ञ, दान
कौलव	स्त्रीकर्म एवं मैत्रीकरण
तैतिल	सौभाग्यवती स्त्री के प्रियकर्म
गर	बीजारोपण व हल–प्रवहण
वणिज	व्यापारकर्म
विष्टि	अग्नि लगाना, विष देना, युद्धारम्भ, दण्ड देना तथा समस्त दुष्टकर्म
शकुनि	औषधि निर्माण व सेवन, मन्त्र साधन तथा पौष्टिक कर्म
चतुष्पद	राज्यकर्म व गौ–ब्राह्मण विषयक कर्म
किंतुघ्न	मंगलजनक कर्म

नाग	मंगलिकर्म वर्जित

2.3.28 भद्राविचार :–

देव–दानवों के समरकालिक अवसर पर महादेव की रौद्ररस सम्पनन आँखों ने उनके शरीर पर दृष्टिपात किया। तत्काल उनकी देह से गर्दभ – मुख, तीन चरण, सप्तभुजा, कृष्णवर्ण, सुविकसित दाँत, प्रतवाहनवाली तथा मुख से अग्नि उगलत हुई देवी की प्रादुर्भाव हुआ। प्रस्तुत देवी ने राक्षसों का शमन करते हुए देवताओं का संकटशमन किया। अतः देवों ने प्रसन्न होकर देवी को विष्टि–भद्रादि संज्ञाओं से विभूषित करके कारणों में स्थापित किया।

तिथियों के पूर्वार्द्ध और परार्द्ध के अनुरूप ही भद्रा की विद्यमानता जाननी चाहिए। उत्तरार्ध की भद्रा दिन में तथा पूर्वार्द्ध की भद्रा रात्रि में शुभ होती है।

पक्ष		कृष्ण				शुक्ल		
तिथि	3	7	10	14	4	8	11	15
पूर्वार्द्ध	×	भद्रा	×	भद्रा	×	भ्रदा	×	भद्रा
उत्तरार्ध	भद्रा	×	भद्रा	×	भद्रा	×	भद्रा	×

चन्द्रमा की राशि–संचरण के अनुसार भद्रा का वास होता है :–

लोकवास	**मृत्यु**	**स्वर्ग**	**पाताल**
चन्द्रराशि	4, 5, 11, 12	1, 2, 3, 8	6, 7, 9, 10
भद्रामुख	सम्मुख	ऊर्ध्वमुख	अधोमुख

भद्रा में यात्रा निषिद्ध है, परन्तु आवश्यक होने पर जिस दिशा में भद्रा का वास, वही दिशा प्रयाणार्थ विशेषतः त्याज्य है :–

तिथि	दिग्वास	तिथि	दिग्वास
3	ईशान	4	वश्चिम
7	दक्षिण	8	आग्नेय
10	वायव्य	11	उत्तर
14	पूर्व	15	नैर्ऋत्य

2.3.28.1 भद्रा मुख–मुख :– निम्नलिखित चक्र में विभिन्न प्रहरों की निर्दिष्ट घटियों में भद्रा के मुख और पुच्छ का संकेत किया गया है। शुक्लपक्ष की भद्रा मे आदिम और कृष्णपक्ष की अन्तिम घटियाँ ही इस विषय में ज्ञातव्य है।

पक्ष	**कृष्ण**	**भुक्ल**	**कृष्ण**	**भुक्ल**	**कृष्ण**	**भुक्ल**	**कृष्ण**	**भुक्ल**
तिथि	3	4	7	8	10	11	14	15
प्रहर	8	5	3	2	6	7	1	4
मुखघटी	5	5	5	5	5	5	5	5
प्रहर	7	8	2	1	5	6	4	3
पुच्छघटी	3	3	3	3	3	3	3	3

भद्रामुख व पुच्छ दोनों ही शुभकार्यों में त्याज्य है तथापि आवश्यक होने पर शुक्लपक्ष में ''भद्रापुच्छ'' और कृष्णपक्ष में ''भद्रामुख'' मंगलकार्यों में ग्राह्य है। प्रहर–गणना तिथि के प्रारम्भ से ही करनी चाहिए। सूर्योदय से नहीं।

2.3.28.2 भद्रा अंगविभाग :–

एक तिथि का अर्धभाग 30 घटी परिमित होती है। अतः भद्रा के विभिन्न अंगों में यथा–प्रदिष्ट घटियों का न्यास और तज्जनित फल निम्न है :–

घटी	5	1	11	4	6	3
भद्रांग	मुख	गर्दन	वक्षस्थल	नाभि	कमर	पुच्छ
फल	कार्यनाश	मष्त्यु	द्रव्यनाश	कलह	बुद्धिनाश	कार्यसिद्धि

प्रत्येक भद्रा की अन्तिम तीन घटियों में शुभकार्य किये जा सकते है। विभिन्न तिथियों मे विद्यमान भद्रा को पक्ष–भेद के अनुसार संज्ञाएँ प्रदान की गयी है। कृष्णपक्ष की भद्रा को में ''वृश्चिकी'' तथा शुक्लपक्ष की भद्रा ''सर्पिणी'' के रूप में बताया गया है। बिच्छु का डंक पुच्छ में तथा सर्प का दंश (विष) मुख में होने के कारण वृश्चिकी भद्रा की पुच्छ और सर्पिणी भद्रा का मुख विशेषतः त्याज्य है।

2.3.28.3 भद्रा में शुभाशुभ करणीय कर्म :– विष्अिकाल में किसी को बाँधना/कैद करना, विष देना, अग्नि जलाना, अस्त्र–शस्त्र का प्रयोग, कर्तन (काटना) भैंस, घोड़ा और ऊँट सम्बन्धी अखिल कर्म तथा उच्चाटनादि कर्म प्रशस्त है।

विवाहादि मांगलिक कष्त्य, यात्रा और गष्हारम्भ व गष्हप्रवेष भद्रा में त्याज्य बताये गये है।

भद्रा में अपवाद :–

1. यदि दिन की भद्रा रात्रि और भद्रा दिन में प्रवेश कर जाये तो भद्रा निर्दोष हो जाती है। यथा

रात्रिभद्रा यदह्नि स्याद् दिवा भद्रा यदा निशि।

न तत्र भद्रादोशः स्यात् सा भद्रा भद्रदायिनी।। – पीयूषधारा

2. मंगलवार, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति तथा प्रत्यरि, जन्मतारादि मध्यान्ह के उपरान्त शुभ होते हैं।

3. मीन संक्रान्ति में महादेव व गणेश की आराधना–अर्चना में, देवी पूजा हवनादि में तथा विष्णु–सूर्य साधना में भद्रा सर्वथ शुभदायक होती है। यथा –

स्यात्तु भद्राय भद्रा न शंभोर्जपे मीनराशिर्न योगस्तथाप्यर्चने।

होमकाले शिवायास्तमा तद्ध्रुवः साधने सर्वकालोऽथ मेशेनयोः।। – ज्योर्विदाभरण

2.3.29 राहुकाल का यथार्थ :– अभीष्ट तारीख को स्थानीय सूर्योदय और सूर्यास्तकाल का अन्तर कर दिनमान ज्ञात कीजिए। इस दिनमान को आठ (8) से भाग देने पर यामार्ध (आधा प्रहर) ज्ञात होगा। प्रथम यामार्ध का प्रारम्भकाल सूर्योदयकाल ही है। इसमें यामार्ध के घ.मि. जोडने पर प्रथम यामार्ध का समाप्तिकाल (अथवा द्वितीय यामार्ध का प्रारम्भकाल) ज्ञात होगा। इसमें पुनः यामार्ध के घ.मि. जोड़ने पर द्वितीय यामार्ध का समाप्तिकाल निकल आएगा। एसी प्रकार उत्तरोत्तर बार–बार जोड़ने पर आठों यामार्धो के यथार्थ प्रारम्भ और समाप्तिकाल ज्ञात हो जाएंगे। रविवार को आठवां, सोमवार को दूसरा, मंगलवार को सातवां, बुधवार को पाँचवा, गुरू को छठा, शुक्र को चौथा एवं शनि को तीसरा यामार्ध राहुकाल कहलाता है। आजकल प्रयोग में लाया जाने वाल राहुकाल का प्रारम्भ–समाप्तिकाल अशास्त्रीय है।

2.3.30 शिववास जानने का प्रकार –

तिथिं तु द्विगुणीं कृत्य पुनः पंच समान्वितम्।

मुनिभिस्तु हरेद्भागं भोशं च शिववासनम्।।

अर्थात् तिथि का 2 से गुणा करके 5 जोडे तत्पश्चात् 7 का भाग देवे, शेष 1 रहे तो शिववास कैलाशपर्वत पर, 2 में गौरीपार्श्व में, 3 में वृषारूढ़, 4 से सभा में सामान्य, 5 भोजन में, 6 से क्रीडा तथा शून्य में श्मशान में शिव का वास होता है।

शिवार्चन के लिए भाुभ तिथियाँ :–

शुक्लपक्ष में :– 2, 5, 6 ,7 9, 12, 13, 14 एवं कृष्णपक्ष में :– 1, 4, 5, 6, 8, 11, 12, 30

शिववास का फल – कैलाश में यदि शिवाजी का वस हो सुखकारक होता है। गौरी के साथ शुभकारक, वृषभ पर आरूढ़ हो तो धन व वैभव से युक्त, क्रीडा में हो तो सन्तापकारक, सभा व भोजन में मध्यम फलदायी, श्मशान में मृत्युदायी होता है।

2.4 सारांश :–

पंचांग के व्यापारिक जीवन में उपयोग से सम्बन्धित इस इकाई के वर्णनों का अध्ययन करके आपने जाता कि पूर्व में पंचांग के पाँच अंग न होकर तीन अथवा दो ही अंग होते थे। आधुनिक पंचांग पाँच आंगों वाला होकर विभिन्न क्षेत्रों के ज्ञान व निर्णय में सहायक है। संवत्सर से सम्बद्ध महत्वपूर्ण तथ्य, विभिन्न तिथि–वार–नक्षत्र–मुहूर्त्त कालादि में करणीय एवं अकरणीय की जानकारी प्रस्तुत इकाई का कर्ण्य–विषय है। उक्त इकाई में योग विचार, ग्रहों के काल विचार, तिथियों आदि के विभागशः वर्णन सम्यक् तालिकाओं का निर्माण कर स्पष्ट किया गया है। इस प्रकार विभिन्न मांगलिक कार्यों के वर्णन आदि के सहायक रूप तथ्यों के चित्रण द्वारा पंचांग की विस्तष्त जानकारी कराने का प्रयास इस इकाई के अन्तर्गत किया गया है।

अतः प्रस्तुत इकाई के अध्ययन से आप दैनिक कर्मों से लेकर मनुष्य जीवन के समस्त मांगलिक एवं आसन्न कार्यों का काल निर्णय करने में सक्षम होते हुए पंचांग से सम्बन्धितत समस्त तथ्यों को समझा सकेंगे।

2.5 शब्दावली :–

1. पंचांग = जिसके पाँच अंग हो,
2. सम्वत्सर = भारतीय वर्ष
3. अयन = सूर्य परिभ्रमण चक्र
4. सौरमास = सूर्य संक्रान्ति मास
5. गण्ड़ान्त = पर्व का आदि व अनत
6. काल = समय
7. स्वयंसिद्ध = अबूझ
8. आनयन = स्पष्ट करना
9. पुनिभिः = सप्तऋषि

2.6 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न :–

प्रश्न –1 : पंचांग के पाँच अंग कौनसे है ?

उत्तर : तिथि, वार, नक्षत्र, योग व करण – इनसे मिलकर पंचांग का निर्माण होता है।

प्रश्न –2 : सम्वत्सर कितने होते है ?

उत्तर : सम्वत्सर 60 होते है।

प्रश्न –3 : दैवी ऋतु एवं पितर ऋतुओं के नाम लिखिए ?

उत्तर : बसन्त, ग्रीष्म एवं वर्षा को दैवी ऋतु एवं शरद्, हेमन्त एवं शिशिर ऋतु को पित ऋतु कहते हैं।

प्रश्न –4 : सौरवर्ष व चान्द्रवर्ष का मान लिखिए ?

उत्तर : सौरवर्ष 365 दिन – 15 घटी – 31 पल – 30 विपल

चान्द्रवर्ष : 354 दिन – 22 घटी – 01 पल – 33 विपल

प्रश्न –5 : अमावस्या व पूर्णिका के भेद बताईये?

उत्तर : प्रातः काल व्यापिनी अमावस्या को **''सिनीवाली''**, चतुर्दशी से विद्धा को **''दर्श''** तथा प्रतिपदा से युक्त अमावस्या को **''कुहू''** संज्ञक कहते हैं।

रात्रि का एक कलाहीन और दिन में पूर्णचनद्र से सम्पन्न **''अनुमति''** संज्ञक पूर्णिमा चतुर्दशीयुक्त होती है, परन्तु रात्रि में पूर्ण चन्द्रमा सहित पूर्णिमा प्रतिपदा से युक्त **''राका''** संज्ञक होती है।

प्रश्न –6 : तिथियों की संज्ञा बताइये ?

उत्तर : नन्दा (1–6–11), भद्रा (2–7–12), जया (3–8–13), रिक्ता (4–9–14) व पूर्णा (5–10–15)।

प्रश्न –7 : तिथि गण्ड़ान्त व नक्षत्र बताईये ?

प्रश्न – ४ : ब्रह्मचारी के पाँच नियम लिखिए ?

उत्तर : गुरु सेवा, सत्य वचन बोलना, मालिश नहीं करवाना, विषम भूमि का लङ्घन नहीं करना, स्त्री के साथ समागम ब्रह्मचारी के लिए वर्जित है।

प्रश्न – ५ : केशान्त संस्कार किस आयु में किया जाता है ?

उत्तर : सोलहवें वर्ष में केशान्त संस्कार किया जाता है।

प्रश्न – ६ : विवाह के लिए निषिद्धमास कौन से है ?

उत्तर : चौत्र, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक तथा पौषमास विवाह हेतु वर्जित है।

प्रश्न – ७ : विवाह के समय हरिद्रालेपन का मन्त्र लिखिए ?

उत्तर : लक्ष्मीर्प्रिया अर्थदात्री लक्ष्मीरिव जनप्रिया।

सौभाग्यदा सदा स्त्रिणां हरिद्रे श्रीः सदास्तु मे।। इस मन्त्र को उच्चारित करते कन्या के दोनों हाथ तथा वर का केवल दायाँ हाथ हरिद्रा से लेपित करना चाहिए।

प्रश्न – ८ : भारतीय कानून में विवाह की कौनसी विधि सर्वाधिक प्रमाणित है?

उत्तर : सप्तपदी को भारतीय कानून में विवाह हेतु सर्वाधिक प्रमाणिकता दी गयी है।

प्रश्न – ९ : कितने पिण्ड मृतकशय्या से लेकर चिता स्थान तक दिये जाते है ?

उत्तर : प्रथम पिण्ड मृतकशय्या स्थान पर, द्वितीय मृतक की घर की देहली पर, तृतीय पिण्ड़ मार्ग के चौराहे पर, चतुर्थ पिण्ड विश्राम स्थल पर तथा पञ्चम पिण्ड़ चिता की रखा जाता है।

प्रश्न – १० : कपाल क्रिया किस प्रकार की जाती है ?

उत्तर : शव के अर्द्धदग्ध होने पर कर्मकर्ता बाँस के डण्डे को आगे से तोड़कर नारियल में घी भरकर सिर के ब्रह्मरन्ध्र का करता है।

3.7 लघुत्तरात्मक प्रश्न :–

प्रश्न – १ : षोड़श संस्कारों के नाम बताते हुए संक्षित परियच दीजिये ?

प्रश्न – २ : गर्भाधान का पारिभाषिक परिचय दीजिये ?

प्रश्न – ३ : ब्रह्मचारी के पालनीय नियम बताईये ?

प्रश्न – ४ : सप्तपदी का विवेचन कीजिये ?

प्रश्न – ५ : पञ्चकशान्ति का विवेचन कीजिये ?

3.8 सन्दर्भ ग्रन्थ

1 धर्मशास्त्र का इतिहास

लेखक – डॉ. पाण्डुरङ्ग वामन काणे

प्रकाशक :– उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

2 नित्यकर्म पूजा प्रकाश,

लेखक :– पं. बिहारी लाल मिश्र,

प्रकाशक :– गीताप्रेस, गोरखपुर।

3 अमृतवर्षा, नित्यकर्म, प्रभुसेवा

संकलन ग्रन्थ

प्रकाशक :– मल्होत्रा प्रकाशन, दिल्ली।

4 कर्मठगुरुः

लेखक – मुकुन्द वल्लभ ज्योतिषाचार्य

प्रकाशक – मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।

5 हवनात्मक दुर्गासप्तशती

सम्पादक – डॉ. रवि शर्मा

प्रकाशक – राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, जयपुर।

6 शुक्लयजुर्वेदीय रुद्राष्टध्यायी

सम्पादक – डॉ. रवि शर्मा

प्रकाशक – अखिल भारतीय प्राच्य ज्योतिष शोध संस्थान, जयपुर।

7 विवाह संस्कार

सम्पादक – डॉ. रवि शर्मा

प्रकाशक – हंसा प्रकाशन, जयपुर

इकाई – 4

संध्या

इकाई की रूपरेखा

4.1 प्रस्तावना

4.2 उद्देश्य

4.3 विषय प्रवेश (सन्धा का विस्तृत वर्णन)

4.4 सारांश

4.5 शब्दावलि

4.6 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

4.7 लघुत्तरात्मक प्रश्न

4.8 सन्दर्भ ग्रन्थ

4.4 प्रस्तावना

सन्धा वर्णन से संबंधित यह चौथी इकाई है। इसके पूर्व की इकाई में आप सोलह संस्कारों का अध्ययन कर चुके हैं। सन्ध्या शब्द का तात्पर्य दो कालों के मध्य का समय होता है। सन्ध्या तीन प्रकार की होती है – 1. प्रातः सन्ध्या, 2. मध्याह्न सन्ध्या तथा 3. सायं सन्ध्या। तथापि एक और सन्ध्या (रात्रि सन्ध्या) होती है जो सभी के लिए बाध्य नहीं है, यह केलव कार्यविशेष (तान्त्रिक कर्म) के लिए विशेष परिस्थितियों में ही करणीय है। सन्ध्या सभी वर्णों के लिए अनिवार्य है। सन्ध्याकाल में मनुष्य में उद्वेगों की प्रबलता रहती है, जिन्हें शान्त करने के लिए जप–तप आदि का विधान शास्त्रों में बताया गया है। सन्ध्या करने से मनुष्य का मन एकाग्र होता है तथा श्रेष्ठ विचारों का मस्तिष्क में आगमन होता है। शारीरिक व मानसिक व्याधियों के शमन के लिए भी सन्ध्या विशेष लाभदायी है, इससे व्यक्ति के आत्मबल में वृद्धि होती है। अतः इस इकाई के अध्ययन के बाद आप संधा संबंधी समस्त महत्वपूर्ण तथ्यों को बता सकेगें।

4.2 उद्देश्य

सन्ध्या वर्णन से संबंधित इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप –

1. सन्ध्या विधि को समझा सकेंगे।
2. सन्ध्या से प्राप्त होने वाले लाभों को बता सकेगें।
3. सन्ध्या से रहित की हानियां निर्धारित कर सकेंगे।
4. सन्ध्या से जीवन के चतुर्दिक विकासों को समझा सकेंगे।

5. सन्ध्या में करणीय एवं त्याज्य का महत्व बता सकेंगे।
6. त्रिकाल संध्या की विशेषताओं को बता सकेंगे।

4.3 विषय प्रवेश

सन्ध्या का समय :– ब्रह्ममुहूर्त्त में जब रात्रि चार घड़ी शेष रहे, तब शयन से उठकर भगवान् का स्मरण करे, शौच स्नाान के अनन्तर शुद्ध वस्त्र धारण करके पवित्र तथा एकान्त स्थान में कुश अथवा कम्बल आदि के आसन पर पूर्वदिशा की ओर मुख करके बैठे (तीनों काल की सन्ध्या में उपर्युक्त दिशाओं की ओर ही मुख करके बैठना चाहिए, केवल सूर्यार्घ्यदान, सूर्योपस्थान और गायत्रीजप सूर्याभिमुख होकर करना आवश्यक है।)।

आचमन एवं पवित्रीकरण विधि :– तत्पश्चात् ऊँ केशवाय नमः। ऊँ नारायणाय नमः। ऊँ माधवाय नमः स्वाहा – इन तीन मन्त्रों को पढ़कर प्रत्येक से एक–एक बार (कुल तीन बार) पवित्र जल से आचमन करे (आचमन के समय हाथ जानुओं के भीतर हो, पूर्व, ईशान या उत्तर दिशा की ओर मुख हो। ब्राह्मण इतना जल पिये जो हृदय तक पहुँच सके, क्षत्रिय उतना ही जल ग्रहण करे जो कण्ठ तक पहुँचे, वैश्य उतना ही जल ग्रहण करे जितना तालु तक जा सके। उस समय ओष्ठ बहुत न खोले, अङ्गुलियाँ परस्पर सटी रहे। जल में फेन या बुलबुले आदि न हो)। ब्रह्मतीर्थ से तीन बार आचमन करके के पश्चात्श्ऊँ गोविन्दाय नमः च्य मन्त्र से हाथ धो लेवे। अंगूठे का मूल ब्रह्मतीर्थ है, तत्पश्चात्मन्त्रोच्चापूर्वक दायें हाथ की अनामिका, मध्यमा अङ्गुली व अङ्गुष्ठ से सर्वप्रथम मुख का स्पर्श करे एवं इसी प्रकार क्रमशः नाक, आँख, कान का स्पर्श करते हुए बायें हाथ से दायें हाथ का तथा दायें हाथ से बायें हाथ का स्पर्श करे तत्पश्चात् घुटने का स्पर्श करते हुए सभी अङ्गों का स्पर्श करे।

तीन बार आचमन करके तर्जनी मध्यमा व अनामिका

अंगुली से मुख का स्पर्श करे :–	ऊँ वाङ्मऽआस्ये अस्तु।
तत्पश्चात् तर्जनी व अंगुष्ठ से नासिका का स्पर्श करे :–	ऊँ नसोर्मे प्राणः अस्तु।
तत्पश्चात् अनामिका व अंगुष्ठ से नेत्रों का स्पर्श करे :–	ऊँ अक्ष्णोर्मे चक्षुः अस्तु।
तत्पश्चात् मध्यमा व अंगुष्ठ से कानों का स्पर्श करे :–	ऊँ कर्णयोर्मे श्रोत्रमस्तु।
तत्पश्चात् हाथ के अग्रभाग से दोनों भुजाओं का स्पर्श करे :–	ऊँ बाह्वोर्मे बलम् अस्तु।
तत्पश्चात् दोनों हाथों से जंघाओं का स्पर्श करे :–	ऊँ ऊर्वोर्मे ओजः अस्तु।
तत्पश्चात् दोनों हाथों से सम्पूर्ण अंगों का स्पर्श करे :–	ऊँ अरिष्टानि मे अङ्गानि तनूस्तन्वा में सह सन्तु।

कुश के अभाव में स्वर्ण, चाँदी अथवा ताँबे की अंगूठी पहनकर भी कार्य किया जा सकता है। ऊँकार और व्याहृतियों सहित गायत्री मन्त्र का उच्चारण करके शिखा बाँध लेवे, यदि पहले से ही शिखा बँधी हो तो, उसका स्पर्शमात्र कर लेवे। एक जोड़ा यज्ञोपवीत धारण किये रहना आवश्यक है, देह पर धौत (श्वेत) वस्त्र

के अतिरिक्त एक उत्तरीय वस्त्र डाले रहना चाहिए। उत्तरीय वस्त्र के अभाव में एक और यज्ञोपवीत (कुल मिलाकर तीन यज्ञोपवीत) धारण किये रहे। फिर किसी पात्र में शुद्ध जल रखकर उसे बायें हाथ में उठा लेवे और दायें हाथ के कुशा से अपने शरीर पर सींचते हुए निम्नाङ्कित मन्त्र पढ़े :–

बायें हाथ में तीन कुशा व दायें हाथ में दो कुशों की बनी पवित्री धारण करे :–

ऊँ पवित्रेस्थो व्वैष्णव्यौसवितुर्व्व प्रसवऽउत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण र्सूस्य रश्मिभि ।

तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य त्कामल पुनेतच्छकेयम्।

ऊँ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।। ऊँ पुण्डरीकाक्षः पुनातु मां।

मनुष्य अपवित्र हो या पवित्र अथवा किसी भी दशा में स्थित हो, जो पुण्डरीकाक्ष भगवान्विष्णु का स्मरण करता है, वह बाहर और भीतर सब ओर से शुद्ध हो जाता है।

फिर नीचे लिखे मन्त्र से आसन पर जल छिड़ककर दायें हाथ से उसका स्पर्श करे :–

ऊँ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।

त्वं च धारय मां देवि! पवित्रं कुरु चासनम् ।

हे पृथ्वी देवि! तुमने सम्पूर्ण लोकों को धारण कर रखा है और भगवान्विष्णु ने तुमको धारण किया है। हे देवि! तुम मुझे धारण करो और मेरे आसन को पवित्र कर दो।

इसके बाद यथारुचि शास्त्रानुकूल चन्दन, भस्म, जल आदि का तिलक करे :–

ललाट में केशवाय नमः, कण्ठ में पुरुषोत्तमाय नमः, हृदय में बैकुण्ठाय नमः, नाभि में नारायण नमः, पीठ में पद्मनाभाय नमः, दायें पार्श्व में वामनाय नमः, बायें पार्श्व में विष्णवे नमः, दाहिने कान में गङ्गायै नमः, बाये कान में यमुनायै नमः, दाहिनी भुजा में हरये नमः, बायी भुजा में कृष्णाय मनः, मस्तक में हृषीकेशाय नमः तथा गर्दन में दामोदराय नमः का स्मरण करते हुए तेरह स्थानों पर तिलक करे।

भस्मधारण –

१. ऊँ त्र्यायुषं जमदग्रेः – ललाटे। २. ऊँ कश्यपस्य त्र्यायुषं – ग्रीवायाम्।

३. ऊँ यद्देवेषु त्र्यायुषं – दक्षिण स्कन्धे। ४. ऊँ तन्नोऽस्तु त्र्यायुषम्– हृदि।

यज्ञोपवीत :– सङ्कल्प करके दो यज्ञोपवीत धारण करे। यदि मलमूत्र त्यागते समय यज्ञोपवीत कान में नही लगाया भूल गये हो तो नवीन यज्ञोपवीत धारण करे। श्रावणी कर्म में पूजन किया हुआ यज्ञोपवीत न हो तो नूतन यज्ञोपवीत को जल से शुद्ध करके दस बार गायत्री मन्त्र से अभिमन्त्रित करके अधोलिखित मन्त्रों से प्रत्येक सूत्र एवं ग्रन्थि में देवताओं का आवाहन करे :–

प्रथमतन्तौ – ऊँ ओंकारमावाहयामि, द्वितीयतन्तौ – ऊँ अग्निमावाहयामि,

तृतीयतन्तौ – ऊँ सर्पानावाहयामि, चतुर्थतन्तौ – ऊँ सोममावाहयामि,

पञ्चमतन्तौ – ऊँ पितृनामावाहयामि, षष्ठतन्तौ – ऊँ प्रजापतिमावाहयामि,

सप्तमतन्तौ – ऊँ अनिलमावाहयामि, अष्टमतन्तौ – ऊँ सूर्यमावाहयामि,

नवमतन्तौ – ऊँ विश्वान्देवानावाहयामि।

ग्रन्थि में :– ऊँ ब्रह्मणे नमः, ब्रह्माणमावाहयामि। ऊँ विष्णवे नमः, विष्णुमावाहयामि। ऊँ रुद्राय नमः, रुद्रमावाहयामि। तत्पश्चात्दस बार गायत्री मन्त्र से यज्ञोपवीत को अभिमन्त्रित करे।

यज्ञोपवीत धारण करे :–

ऊँ यज्ञोपवीतमितिमन्त्रस्य परमेष्ठी ऋषिः लिङ्गोक्ता देवता त्रिष्टुप्छन्दः यज्ञोपवीतधारणे विनियोगः।

ऊँ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्।

आयुष्यम् अग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः ।

यज्ञोपवीत धारण के पश्चात्दो बार आचमन करे।

जीर्णयज्ञोपवीत त्यागने का मन्त्र (पुरानी यज्ञोपवीत को कण्ठी जैसा बनाकर सिर पर से पीठ की ओर निकाल देवे) :–

एतावद्दिनपर्यन्तं ब्रह्म त्वं धारितं मया।

जीर्णत्वात्त्वत्परित्यागो गच्छ सूत्र यथासुखम्।।

तदनन्तर हाथ में जल लेकर निम्नाङ्कित सङ्कल्प करे :–

ऊँ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अखिलब्रह्माण्डान्तर्गत भूमण्डल मध्ये सप्तद्वीप मध्यवर्तिनी जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत ब्रह्मावर्तैकदेशे गंगायमुनयोः पश्चिमभागे नर्मदाया उत्तरे भागे अर्बुदारण्ये पुष्करक्षेत्रे राजस्थान प्रदेशे गालवाश्रम उपक्षेत्रे (जयपत्तने) अस्मिन् देवालये (गृहे) देव–ब्राह्मणानां सन्निधौ ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे रथन्तरादि द्वात्रिंशत्कल्पानां मध्ये अष्टमे श्रीश्वेतवाराहकल्पे स्वायंभुवादि मन्वन्तराणां मध्ये सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे चतुर्णां युगानां मध्ये वर्तमाने अष्टाविंशतितमे कलियुगे प्रथमचरणे बौद्धावतारे प्रभवादि षष्टिसम्वत्सराणां मध्येऽस्मिन् वर्तमाने अमुकनाम्नि सम्वत्सरे अमुकवैक्रमाब्दे विक्रमादित्यराज्यात् शालिवाहनशके अमुकायने अमुकऋतौ अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकराशिस्थिते चन्द्रे अमुकराशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते देवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथायथा राशिस्थान स्थितेषु सत्सु एवं गुणगणविशेषेण विशिष्टायां शुभपुण्य बेलायां अमुकगोत्रः (शर्मा/वर्मा/गुप्त/दास) अमुकोऽहं ममात्मनः श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफल प्राप्त्यर्थं ऐश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं अप्राप्तलक्ष्मी प्राप्त्यर्थं प्राप्तलक्ष्म्याश्चिरकाल संरक्षणार्थं सकलमनईप्सित कामना संसिध्यर्थं लोके सभायां राजद्वारे वा सर्वत्र

यशोविजयलाभादि प्राप्त्यर्थं इह जन्मनि जन्मान्तरे वा सकलदुरितोपशमनार्थं मम सभार्यस्य सपुत्रस्य सबान्धवस्य अखिलकुटुम्बसहितस्य समस्तभयव्याधि जरापीड़ा–मृत्यु परिहार द्वारा आयुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं मम जन्मराशेः नामराशेः वा सकाशाद्ये केचिद्विरुद्घचतुर्थाष्ट्मद्वादशस्थानस्थितक्रूरग्रहास्तैः सूचितं सूचयिष्यमाणं च यत्सर्वारिष्ट् तद्विनाशद्वारा एकादशस्थान–स्थितवच्छुभफल प्राप्त्यर्थं पुत्रपौत्रादि सन्ततेरविच्छिन्न वृद्ध्यर्थं आदित्यादिनवग्रहानुकूलतासिध्यर्थं त्रिविधतापोपशमनार्थं चतुर्विध पुरुषार्थ सिध्यर्थं ममोपात्तदुरिक्षयपूर्वकं श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं प्रातः (सायं अथवा मध्याह्न) सन्ध्योपासनं कर्म करिष्ये।

तत्पश्चात्निम्नाङ्कित विनियोग पढ़े :–

ऋतं चेति त्र्यृचस्य माधुच्छन्दसोऽघमर्षण ऋषिरनुष्टुप्छन्दो भाववृत्तं दैवतमपामुपस्पर्शने विनियोगः।

तत्पश्चात्नीचे लिखे मन्त्र को एक बार पढ़कर आचमन करे :–

ऊँ ऋतञ्च सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत। ततो रात्र्यजायत। ततः समुद्रो अर्णवः। समुद्रादर्णवादधिसम्वत्सरो अजायत। अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्यमिषतो वशी। सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः।।

(महाप्रलय के बाद इस महाकल्प के आरम्भ में) सभी ओर प्रकाशमान तपःप परमात्मा से ऋत (सत्सङ्कल्प) और सत्य (यथार्थ भाषण) की उत्पत्ति हुई। उसी परमात्मा से रात्रि–दिन प्रकट हुए तथा उसी से जलमय समुद्र का आविर्भाव हुआ। जलमय समुद्र की उत्पत्ति के पश्चात्दिनों और रात्रियों को धारण करने वाला काल स्वःप सम्वत्सर प्रकट हुआ जो कि पलक मारने वाले जङ्गम प्राणियों और स्थावरों से युक्त समस्त संसार को अपने अधीन रखने वाला है। इसके बाद सबको धारण करने वाले परमेश्वर ने सूर्य, चन्द्रमा, स्वर्गलोक, पृथ्वी, अन्तरिक्ष तथा महलोक आदि लोक की भी पूर्वकल्प के अनुसार सृष्टि की।

तदनन्तर प्रणवपूर्वक गायत्री–मन्त्र पढ़कर रक्षा के लिए अपने चारों ओर जल छिड़के। फिर नीचे लिखे विनियोग को पढ़े :– ऊँकारस्य ब्रह्मा ऋषि दैवी गायत्री छन्दः परमात्मा देवता, सप्तव्याहृतीनां प्रजापतिऋषिर्गायत्र्युष्णिग्नुष्टुब्बृहतीपङ्क्तित्रिष्टुब्जगत्य छन्दांस्यग्निवायुसूर्यबृहस्पतिवरुणेन्द्रविश्वेदेवा देवता, तत्सवितुरिति विश्वामित्र ऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता, आपोज्योतिरिति शिरसः प्रजापतिऋषिर्यजुश्छन्दो ब्रह्माग्निवायु सूर्यो देवताः प्राणायामे विनियोगः।

इसके पश्चात् आँखे बन्द करके नीचे लिखे मन्त्र से प्राणायाम करे। उसकी विधि इस प्रकार है :–

पूरक :– पहिले दाहिने हाथ के अंगूठे से नासिका का दायाँ छिद्र बन्द करे, छिद्र से वायु को अन्दर खींचे, साथ ही नाभिदेश में नीलकमलदल के समान श्यामवर्ण चतुर्भुज भगवान्विष्णु का ध्यान करते हुए प्राणायाम–मन्त्र का तीन बार पाठ किया जाये (यदि तीन बार न हो सके तो, एक ही बार पाठ करे, परन्तु अधिक का अभ्यास करते रहे)।

कुम्भक :– अनामिका और कनिष्ठिका अङ्गुलियों से नासिका के बायें छिद्र को बन्द करके तब तक श्वास को रोके रहे, जब तक कि प्राणायाम–मन्त्र का तीन बार पाठ न हो जावे। इस समय हृदय के बीच कमल के आसन पर विराजमान अरुण–गौर–मिश्रित वर्णवाले चतुर्भुज ब्रह्माजी का ध्यान करे।

रेचक :– अंगूठा हटाकर नासिका के दाहिने छिद्र से वायु को धीरे–धीरे तब तक बाहर निकाले, जब तक प्राणायाम के मन्त्र तीन बार पाठ न हो जाये। इस समय शुद्ध स्फटिक के समान श्वेत वर्ण वाले त्रिनेत्रधारी भगवान्शङ्कर का ध्यान करे।

उपरोक्त तीन विधियाँ मिलकर प्राणायाम कहलाती है। प्राणायाम का मन्त्र :–

ऊँ भूः ऊँ भुवः ऊँ स्वः ऊँ महः ऊँ जनः ऊँ तपः ऊँ सत्यम्ऊँ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।। ऊँ आपो ज्योतिरसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम्।।

हम स्थावर–जङ्गमःप सम्पूर्ण विश्व को उत्पन्न करने वाले उन निरतिशय प्रकाशमय परमेश्वर के भजने योग्य तेज का ध्यान करते है, जो कि हमारी बुद्धि को सत्कर्मों की ओर प्रेरित करते है और जो भू, भुवः स्वः, महः, जनः, तपः और सत्य नामवाले समस्त लोकों में व्याप्त है तथा जो सच्चिदानन्दस्वःप जलःप से जगत्का पालन करने वाले, अनन्त तेज के धाम, रसमय,अमृतमय और भूर्भुवः स्वःप ब्रह्म है।

तत्पश्चात् निम्न विनियोग पढ़े :–

सूर्यश्च मेति नारायण ऋषिः प्रकृतिश्छन्दः सूर्यमन्युमन्युपतयो रात्रिश्च देवता अपामुनस्पर्शने विनियोगः।।

तत्पश्चात्निम्राङ्कित मन्त्र को एक बार पढ़कर एक बार आचमन करे :–

ऊँ सूर्यश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्ताम्। यद्रात्र्या पापमकार्षं मनसा वाचा हस्ताभ्यां पदभ्यामुदरेण शिश्ना रात्रिस्तवलुम्पतु। यत्किञ्च दुरितं मयि इदमहं माममृतयोनौ सूर्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा।।

सूर्य, क्रोध के अभिमानी देवता और क्रोध के स्वामी – ये सभी क्रोधवश किये हुए पापों से मेरी रक्षा करे (अर्थात्कृत पापों को नष्ट करके होने वाले पापों से बचावे)। रात्रि में मैंने मन, वाणी, हाथ, पैर, उदर और शिश्न (उपस्थ) इन्द्रिय से जो पाप किये हो, उन सभी को रात्रिकालाभिमानी देवता नष्ट करे। जो कुछ भी पाप मुझ में वर्तमान है, इसको और इसके कर्तृत्व का अभिमान रखने वाले अपने को मैं मोक्ष के कारण भूत प्रकाशमय सूर्यःप परमेश्वर में हवन करता हूँ (अर्थात्हवन के द्वारा अपने समस्त पाप और अहंकार को भस्म करता हूँ)। इसका भलीभांति हवन हो जाये।

उपर्युक्त आचमन–मन्त्र प्रातः काल की सन्ध्या का है। मध्याह्न और सायं काल के केवल आचमन–मन्त्र प्रातः काल से भिन्न है। मध्याह्न का विनियोग और मन्त्र इस प्रकार है :–

आपः पुनन्त्विति नारायण ऋषिरनुष्टुप्छन्दः आपः पृथिवी ब्रह्मणस्पतिर्ब्रह्म च देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः। यह पढ़ते हुए हथेली का जल नीचे अर्पित करना चाहिए।

इस विनियोग को पढ़े, तत्पश्चात्नीचे लिखे मन्त्र को एक बार पढ़कर एक बार आचमन करे।

ऊँ आपः पुनन्तु पृथिवीं पृथिवी पूता पुनातु माम्। पुनन्तु ब्रह्मणस्पतिर्ब्रह्मपूता पुनातु माम्। यदुच्छिष्टमभोज्यं यद्वा दुश्चरितं मम। सर्वं पुनन्तु मामापोऽसतां च प्रतिग्रह ँ स्वाहा।।

जल से पृथिवी का प्रोक्षण करे। पवित्र हुई पृथ्वी मुझे पवित्र करे, वेदों के पति परमात्मा मुझे शुद्ध करे। मैंने जो कभी किसी भी प्रकार उच्छिष्ट या अभक्ष्य भक्षण किया हो अथवा इसके अतिरिक्त भी मेरे जो पाप हो, उन सभी को दूर करके जल मुझे शुद्ध कर दे तथा नीच पुरुषों से लिए हुए दानःपादि दोषों को भी दूर करके जल मुझे पवित्र करे। पूर्वोक्त सभी दोषों का भलीभांति शमन हो जाये।

सायंकाल के आचमन का विनियोग और मन्त्र :–

अग्निश्च मेति नारायणऋषिः प्रकृतिश्छन्दोऽग्निमन्युमन्युपतयोऽहश्च देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः।।

इस विनियोग को पढ़े, तत्पश्चात्नीचे लिखे मन्त्र को एक बार पढ़कर एक बार आचमन करे।

ऊँ अग्निश्च मा मन्युश्च मन्युपतयश्च मन्युकृतेभ्यः पापेभ्यो रक्षन्ताम्। यदह्ना पापकार्षं मनसा वाचा हस्ताभ्यां पदभ्यामुदरेण शिश्ना अहस्तदवलुम्पतु। यत्किञ्च दुरितं मयि इदमहं मामृतयोनौ सत्ये ज्योतिषि जुहोमि स्वाहा।।

अग्नि, क्रोध के अभिमानी देवता और क्रोध के स्वामी – ये सभी क्रोधवश किये हुए पापों से मेरी रक्षा करे (अर्थात्कृत पापों को नष्ट करके होने वाले पापों से बचावे)। मैंने दिन में मन, वाणी, हाथ, पैर, उदर और शिश्र (उपस्थ) इन्द्रिय से जो पाप किये हो, उन सभी को दिन के अभिमानी देवता नष्ट करे। जो कुछ पाप मुझमें वर्तमान है इसको तथा कर्तृत्व का अभिमान रखने वाले अपने को मैं मोक्ष के कारणभूत सत्यस्वःप प्रकाशयम परमेश्वर में हवन करता हूँ (अर्थात्हवन के द्वारा अपने सारे पाप और अहङ्कार को भस्म करता हूँ)। इसका भलीभांति हवन हो जाये।

मार्जन :–

तत्पश्चात् निम्नलिखित विनियोग करे :–

आपो हिष्ठेति त्र्यृचस्य सिन्धुद्वीप ऋषिर्गायत्री छन्द आपो देवता मार्जने विनियोगः।

तत्पश्चात्निम्नाङ्कित तीन ऋचाओं के नौ चरणों में सात चरणों को पढ़ते हुए सिर पर ही जल सींचे, आठवें से पृथ्वी पर जल डाले और फिर नवें चरण को पढ़कर सिर पर ही जल सींचे। यह मार्जन तीन कुशों अथवा तीन अङ्गुलियों से करना चाहिए।

मार्जन मन्त्र :–

ऊँ आपो हिष्ठामयोभुवः। ऊँ तानऽऊर्ज्जेदधातन। ऊँ महेरणायचक्षसे। ऊँ ोवः शिवतमोरसः। ऊँ तस्यभाजयते हनः। ऊँ उशतीरिवमातरः। ऊँ तस्म्माऽअरङ्गमामवः। ऊँ यस्यक्षयायजिन्न्वथ। ऊँ आपोजनयथाचनः।

हे जल! तुम निश्चय ही कल्याणकारी हो, अतः (अन्नादि रसों के द्वारा) बल की वृद्धि के लिए तथा अत्यन्त रमणीय परमात्मदर्शन के लिए तुम हमारा पालन करो, जिस प्रकार पुत्रों की तुष्टि चाहने वाली माताएँ उन्हें अपने स्तनों का दुग्धपान कराती है, उसी प्रकार तुम्हारा जो परमकल्याणःप रस है, उसके भागी हमे बनाओं। हे जल! जगत्के जीवनाधारभूत जिस रस के अंश से तुम समस्त विश्व को तृप्त करते हो, उस रस की

पूर्णता को हम प्राप्त हो (अर्थात्उस रस से हम पूर्णतया तृप्ति लाभ करे)। हे जल! तुम हमे उस रस के भोक्ता बनाओ (अर्थात्उसे भोगने की क्षमता दो)।

तत्पश्चात्अधोलिखित विनियोग को पढ़े :–

द्रुपदादिवेत्यश्विसरस्वतीन्द्रा ऋषयोऽनुष्टप्छन्द आपो देवताः शिरस्सेके विनियोगः।

तत्पश्चात्हाथ में जल लेकर उसे दाहिने हाथ से ढक लेवे और नीचे लिखे मन्त्र से अभिमन्त्रित करके उसे सिर पर छिड़क देवे :–

ऊँ द्रुपदादिव मुमुचानः स्विन्नः स्नातो मलादिव। पूतं पवित्रेणेवाज्यमापः शुन्धन्तु मैनसः।

जैसे पादुका से अलग होता हुआ मनुष्य पादुका के मलादि दोषों से मुक्त हो जाता है, जिस प्रकार पसीने से भीगा हुआ पुरुष स्नान करके मल से रहित होता है तथा जैसे पवित्रक आदि घी से शुद्ध हो जाते है, उसी प्रकार जल मुझे पापों से शुद्ध करे (अर्थात्मुझे सर्वथा निष्पाप कर देवे)।

४.३.५. अघमर्षण

ऋतञ्चेति त्र्यृचस्य माधुच्छन्दसोऽघमर्षण ऋषिरनुष्टुप्छन्दो भाववृत्तं दैवतमघमर्षणे विनियोगः।

तत्पश्चात्दाहिने हाथ में जल लेकर नासिका में लगावे और (यदि सम्भव हो तो श्वास रोककर) नीचे लिखे मन्त्र को तीन बार या एक बार पढ़ते हुए मन–ही–मन यह भावना करे कि यह जल नासिका के बायें छिद्र से भीतर घुसकर अन्तः करण के पापों को दायें छिद्र से निकाल रहा है, तत्पश्चात्जल की ओर दृष्टि न डालकर अपनी बायीं ओर फेंक देवे (अथवा वामभाग में शिला की भावना करके उस पर पाप को पटककर नष्ट कर देने की भावना करे)।

अघमर्षण–मन्त्र :–

ऊँ ऋतञ्च सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत। ततो रात्र्यजायत ततः समुद्रो अर्णवः। समुद्रादर्णवादधि सम्वत्सरो अजायत। अहोरात्राणि विदधद्विश्ववस्यमिषतो वशी। सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्। दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः।।

इसके बाद नीचे लिखे विनियोग वाक्य को पढ़े :–

अन्तश्चरसीति तिरश्चीन ऋषिरनुष्टुप्छन्दः आपो देवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः।

तत्पश्चात्निम्नाङ्कित मन्त्र को एक बार पढ़कर एक बार आचमन करे :–

ऊँ अन्तश्चरसि भूतेषु गुहायां विश्वतोमुखः।

त्वं यज्ञस्त्वं वषट्कार आपो ज्योती रसोऽमृतम्।।

हे जलःप परमात्मन्! तुम समस्त प्राणियों के भीतर उनकी हृदय :प गुह्य में विचरते हो, तुम्हारा सभी ओर मुख है, तुम्ही यज्ञ हो, तुम्ही वषट्कार (इन्द्रादि का भाग हविष्य) हो और तुम्ही जल, प्रकाश, रस एवं अमृत हो।

सूर्यार्घ्य :–

तत्पश्चात्नीचे लिखे विनियोग करे :–

ऊँकारस्य ब्रह्मऋषिर्दैवी गायत्रीछन्दः परमात्मा देवता तिसृणां महाव्याहृतीनां प्रजापतिर्ऋषिर्गायत्र्युष्णिग्नुष्टुभछन्दांस्यग्निवायुसूर्या देवताः, तत्सवितुरिति विश्वामित्र ऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता सूर्यार्घ्यदाने विनियोगः।

तत्पश्चात् सूर्य के सामने एक चरण की एड़ी (पिछला भाग) उठाये हुए अथवा एक पैर से खड़ा होकर या एक पैर के आधे भाग से खड़ा हो ऊँकार और व्याहृतियों सहित गायत्री–मन्त्र को तीन बार पढ़कर पुष्प मिले हुए जल से सूर्य को तीन बार अर्घ्य देवे। प्रातः काल और मध्याह्नकाल का अर्घ्य जल में देना चाहिए। यदि जल न हो तो स्थल को भलीभांति जल से धोकर उसी पर अर्घ्य का जल गिरावे, परन्तु सायंकाल का अर्घ्य कदापि जल में न देवे। खड़ा होकर अर्घ्य देने का नियम केवल प्रातः और मध्याह्न की सन्ध्या में है, सायंकाल में तो बैठकर भूमिपर ही अर्घ्य का जल छोडना चाहिए। मध्याह्न की सन्ध्या में एक ही बार अर्घ्य देना चाहिए और प्रातः एवं सायं सन्ध्या में तीन–तीन बार सूर्यार्घ्य देने का मन्त्र (प्रणव–व्याहृतिसहित गायत्रीमन्त्र) :–

ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रयोदयात्।।

इस मन्त्र को पढ़कर ब्रह्मस्वःपिणे सूर्यनारायणाय इदमर्घ्यं दत्तं न मम्च्य ऐसा कहकर प्रातः काल अर्घ्य समर्पण करे (मध्याह्नकाल में श्शब्रह्मस्वःपिणे के स्थान पर श्शरुद्रस्वःपिणे और सायंकाल में श्शविष्णुस्वःपिणे – ऐसा परिवर्तन कर लेना चाहिए)।

तत्पश्चात्अधोलिखित मन्त्रों को पढ़कर विनियोग करे :–

1. उद्वयमित्यस्य प्रस्कण्व ऋषिरनुष्टुप्छन्दः सूर्यो देवता सूर्योपस्थाने विनियोगः।

2. उदुत्यमित्यस्य प्रस्कण्व ऋषिर्निचृद्गायत्रीछन्दः सूर्यो देवता सूर्योपस्थाने विनियोगः।

3. चित्रमित्यस्य कुत्साङ्गिरस ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दः सूर्यो देवता सूर्योपस्थाने विनियोगः।

4. तच्चक्षुरित्यस्य दध्यङ्गाथर्वण ऋषिरेकाधिका ब्राह्मी त्रिष्टुप्छन्दः सूर्यो देवता सूर्योपस्थाने विनियोगः।

तत्पश्चात्प्रातः काल में खड़ा होकर सायंकाल में बैठे हुए ही अञ्जलि बाँधकर तथा मध्याह्नकालमें खड़े होकर दोनों भुजाएँ ऊपर उठाकर (यदि सम्भव हो तो) सूर्य की ओर देखते हुए श्उद्वयम्च्य इत्यादि चार मन्त्रों को पढ़कर उन्हें प्रणाम करे, तत्पश्चात्अपने स्थान पर ही सूर्यदेव की एक बार प्रदक्षिणा करते हुए उन्हें नमस्कार करके बैठ जाये।

मध्याह्नकाल में गायत्रीमन्त्र, मैत्रसूक्त, पुरुषसूक्त, शिसङ्कल्पसूक्त ओर मण्डलब्राह्मण का भी यथासम्भव पाठ करना चाहिए।

१. ऊँ उद्वयं तमसस्परि स्वः पश्यन्त उत्तरम्। देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम्।

हम अन्धकार से ऊपर उठकर उत्तम स्वर्गलोक को तथा देवताओं में अत्यन्त उत्कृष्ट सूर्यदेव को भलीभांति देखते हुए उस सर्वोत्तम ज्योतिर्मय परमात्मा को प्राप्त हो।

२. ऊँ उदुत्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः। दृशे विश्वाय सूर्यम्।।

उत्पन्न हुए समस्त प्राणियों के ज्ञाता उन सूर्यदेव को छन्दोमय अश्व सम्पूर्ण जगत्के उनका दर्शन कराने (या दृष्टि प्रदान करने) के लिए ऊपर ही ऊपर शीघ्रगति से लिये जा रहे है।

३. ऊँ चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः।

आप्राद्यावापृथिवी अन्तरिक्ष œ सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च।।

जो तेजोमयी किरण के पुञ्ज है, मित्र, वरुण तथा अग्नि आदि देवताओं एवं समस्त विश्व के नेत्र है और स्थावर तथा जङ्गम – सभी के अन्तर्यामी आत्मा है, वे भगवान्सूर्य आकाश, पृथ्वी और अन्तरिक्ष लोक को अपने प्रकाश से पूर्ण करते हुए आश्चर्यःप से उदित हुए है।

4. ऊँ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत।

पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शत œ शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः

शतमदीना स्याम शरदः शतम्भूयश्च शरदः शतात।।

देवता आदि सम्पूर्ण जगत् का हित करने वाले और सभी के नेत्रःप वे तेजोमय भगवान्सूर्य पूर्वदिशा से उदित हो रहे है (उनके प्रसाद से) हम सौ वर्षों तक देखते रहे, सौ वर्षो तक जीते रहे, सौ वर्षो तक सुनते रहे, सौ वर्षो तक हममें बोलने की शक्ति रहे तथा सौ वर्षो तक हम कभी दीन–दशा को प्राप्त न हो। इतना ही नहीं, सौ वर्षो से अधिक काल तक भी देखे, जीवें, सुने, बोले एवं दीन–हीन न हो।

तत्पश्चात्ः–

तेजोऽसीति धामनामासीत्यस्य च परमेष्ठी प्रजापतिर्ऋषिर्यजुस्त्रिष्टुबृगुष्णिहौ छन्दसी सविता देवता गायत्र्यावाहने विनियोगः।

इस विनियोग को पढ़कर निम्नाङ्कित मन्त्र से विनयपूर्वक गायत्री देवी का आवाहन करे :–

ऊँ तेजोऽसि शुक्रमस्यमृतमसि। धामनामासि प्रियं देवानामनाधृष्टं देवयजनमसि।।

हे सूर्यस्वःपा गायत्री देवि! तुम देदीप्यमान तेजामयी हो, शुद्ध हो और अमृत (नित्य ब्रह्मःपा) हो, तुम्हीं परमधाम और नामःपा हो। तुम्हारा किसी से भी पराभव नहीं होता। तुम देवताओं की प्रिय और उनके यजन की साधनभूत हो (मैं तुम्हारा आवाहन करता हूँ)।

तत्पश्चात्अधोलिखित विनियोग वाक्य को पढ़े (गायत्री उपस्थान्) :–

गायत्र्यसीति विवस्वान्ऋषिः स्वराण्महापङ्क्तिश्छन्दः परमात्मा देवता गायत्र्युपस्थाने विनियोगः।

तत्पश्चात्अधोलिखित मन्त्र से गायत्री को प्रणाम करे :–

ऊँ गायत्र्यस्येकपदी द्विपदी त्रिपदी चतुष्पद्यपदसि न हि पद्यसे नमस्ते तुरीयाय दर्शनाय पदाय परोरजसेऽसावदो मा प्रापत्।।

हे गायत्री! तुम त्रिभुवनः प्रथम चरण से एकपदी हो, ऋक्, यजु एवं सामःप द्वितीय चरण से द्विपदी हो। प्राण, अपान तथा व्यानःपी तृतीय चरण से त्रिपदी हो और तुरीय ब्रह्मःप चतुर्थ चरण से चतुष्पदी हो। निर्गुण स्वःप से अचिन्त्य होने के कारण तुम अपद हो (इसलिए वेद नेति–नेति कहकर तुम्हारे स्वःप का वर्णन करते है)। अतएव मन–बुद्धि के अगोचर होने से तुम सभी के लिए प्राप्य नहीं हो। तुम्हारे दर्शनीय (अनुभव करने योग्य) चतुर्थपद को, जो प्रपञ्च से परे वर्तमान शुद्ध परब्रह्मःप है, नमस्कार है। तुम्हारी प्राप्ति में विघ्न डालने वाले के राग–द्वेष, काम–क्रोध आदिःप पाप मेरे पास न पहुँच सके (अर्थात्परब्रह्मस्वःपिणी तुमको मैं निर्विघ्न प्राप्त करूँ)।

गायत्री शाप विमोचन :–

ब्रह्मा, वसिष्ठ, विश्वामित्र व शुक्र के द्वारा गायत्री मन्त्र शापित है। अतः शापविमोचन करना आवश्यक है।

1 ब्रह्मशापविमोचन (हथेली पर जल लेकर विनियोग करें)

विनियोग :– ऊँ अस्य श्रीब्रह्मशापविमोचनमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिर्भुक्तिमुक्तिप्रदा ब्रह्मशापविमोचनी गायत्री शक्तिर्देवता गायत्री छन्दः ब्रह्मशापविमोचने विनियोगः।

मन्त्र :–

ऊँ गायत्रीं ब्रह्मेत्युपासीत्यद्रूपं ब्रह्मविदो विदुः।

तां पश्यन्ति धीराः सुमनसो वाचमग्रतः।।

ऊँ वेदान्तनाथाय विद्महे हिरण्यगर्भाय धीमहि तन्नो ब्रह्म प्रचोदयात्। ऊँ देवि! गायत्रि! त्वं ब्रह्मशापाद्विमुक्ता भव।

2 वसिष्ठशापविमोचन :–

विनियोग :– ऊँ अस्य श्रीवसिष्ठशापविमोचनमन्त्रस्य निग्रहानुग्रहकर्ता वसिष्ठ ऋषिर्वसिष्ठानुगृहीता गायत्री शक्तिर्देवता विश्वोद्भवा गायत्री छन्दः वसिष्ठशापविमोचननार्थं जपे विनियोगः।

मन्त्र :–

ऊँ सोऽहमर्कमयं ज्योतिरात्मज्योतिरहं शिवः।

आत्मज्योतिरिहं शुक्रः सर्वज्योतीरसोऽस्म्यहम्।।

योनिमुद्रा दिखाकर तीन बार गायत्री का जाप करे।

ऊँ देवि! गायत्रि! त्वं वसिष्ठशापाद्विमुक्ता भव।

3 विश्वामित्र शापविमोचन :–

विनियोग :– ऊँ अस्य श्रीविश्वामित्रशापविमोचनमन्त्रस्य विश्वामित्रऋषिर्विश्वामित्रानुगृहीता गायत्री शक्तिर्देवता वाग्देहा गायत्री छन्दः विश्वामित्रशापविमोचनार्थं जपे विनियोगः।

मन्त्र :–

ऊँ गायत्रीं भजाम्यग्निमुखीं विश्वगर्भां यदुद्भवाः।

देवाश्चक्रिरे विश्वसृष्टिं तां कल्याणीमिष्टकरीं प्रपद्ये।।

ऊँ देवि! गायत्रि! त्वं विश्वामित्रशापाद्विमुक्ता भव।

4 शुक्रशापविमोचन :–

विनियोग :– ऊँ अस्य श्रीशुक्रशापविमोचनमन्त्रस्य श्रीशुकऋषिः अनुष्टुप्छन्दः देवी गायत्री देवता शुक्रशापविमोचनार्थं जपे विनियोगः।

मन्त्र :–

ऊँ सोऽहमर्कमयं ज्योतिरात्मज्योतिरहं शिवः।

आत्मज्योतिरिहं शुक्रः सर्वज्योतीरसोऽस्म्यहम्।।

ऊँ देवि! गायत्रि! त्वं शुक्रशापाद्विमुक्ता भव।

प्रार्थना :–

ऊँ अहो देवि! महादेवि! सन्ध्ये विद्ये सरस्वति!।

अजरे अमरे चौव ब्रह्मयोनिर्नमोऽस्तु ते।।

ऊँ देवि गायत्रि त्वं ब्रह्मशापाद्विमुक्ता भव, वसिष्ठशापाद्विमुक्ता भव, विश्वामित्रशापाद्विमुक्ता भव, शुक्रशापाद्विमुक्ता भव।

जप के पूर्व की चौबीस मुद्रायें :–

१. सुमुखम्:– दोनों हाथों की अङ्गुलियों को मोड़कर मिलाये।

२. सम्पुटम्:– दोनों हाथों के मध्य में रिक्त स्थान रखते हुए मिलाये।

३. विततम्:– दोनों हाथों की हथेलियों को परस्पर आमने–सामने करे।

४. विस्तृतम्:– दोनों हाथों की अङ्गुलियाँ खोलकर कुछ अधिक दूर करे।

५. द्विमुखम्:– दोनों हाथों की कनिष्ठिकाओं तथा अनामिकाओं का पोरभाग आपस में मिलाये।

६. त्रिमुखम्:– दोनों हाथों की मध्यमाओं, कनिष्ठिकाओं तथा अनामिकाओं के पोरभाग को मिलाये।

७. चतुर्मुखम्:– दोनों हाथों की तर्जनियों, मध्यमाओं, अनामिकाओं तथा कनिष्ठिकाओं के पोरभाग को मिलाये।

८. पञ्चमुखम्:– दोनों हाथों के अङ्गुष्ठों, तर्जनियों, मध्यमाओं, अनामिकाओं तथा कनिष्ठिकाओं के पोरभाग को मिलाये।

९. षड्मुखम्:– दोनों हाथों की सभी अङ्गुलियों को मिलाकर कनिष्ठिकों को पृथक् करे।

१०. अधोमुखम्:– उल्टे हाथ की अङ्गुलियों को मोड़कर तथा मिलाकर नीचे की ओर करे, अङ्गुष्ठ को पृथक्रखे।

११. व्यापकाञ्जलिम्:– दोनों हाथों को आपस में मिलाकर (अञ्जलि की तरह) सीधा करे।

१२. शकटम्:– दोनों हाथों को उल्टा करके अङ्गुष्ठ से अङ्गुष्ठ मिलाकर तर्जनीयों को सीधा रखते हुए शेष अङ्गुलियों से मु–ी बाँधे।

१३. यमपाशम्:– तर्जनी से तर्जनी बाँधकर दोनों मु–ीयाँ विपरीत दिशा में बाँधे।

१४. ग्रथितम्:– दोनों हाथों की अङ्गुलियों को परस्पर एक–दूसरे फंसाये।

१५. उन्मुखोन्मुखम् :– हाथों की पाँचों अङ्गुलियों को मिलाकर प्रथममुद्रा (सुमुखम् की भांति बायें हाथ पर दाहिना, फिर दाहिने पर बायाँ हाथ रखे।

१६. प्रलम्बम्:– अङ्गुलियों को थोड़ा मोड़कर दोनों हाथों को उल्टा करके नीचे की ओर सीधा करे।

१७. मुष्टिकम्:– दोनों अङ्गुष्ठ ऊपर रखते हुए दोनों मु–ियाँ बाँधकर आपस में मिलाये।

१८. मत्स्य :– दाहिने हाथ की पीठ पर बायाँ हाथ उल्टा रखकर दोनों अङ्गुष्ठों को हिलाये।

१६. कूर्म :– सीधे बायें हाथ की मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठिका को मोड़करउल्टे दायें हाथ की मध्यमा, अनामिका को उन तीनों अङ्गुलियों के नीचे रखकर तर्जनी पर दाहिनी कनिष्ठिा और बायें अङ्गुष्ठ पर दाहिनी तर्जनी रखे।

२०. वराह :– दाहिने हाथ की तर्जनी को बायें हाथ के अङ्गुष्ठ से मिलाये तथा दोनों हाथों की शेष अङ्गुलियों को परस्पर बाँधे।

२१. सिंहाक्रान्तम्:– दोनों हाथों को कानों के समीप पूर्वाभिमुख खड़ा करे।

२२. महाक्रान्तम्:– दोनों हाथों की अङ्गुलियों को कानों के समीप हथेलियों को आमने–सामने रखते हुए खड़ा करे।

२३. मुद्गरम् :– मुट्ठी बाँधकर दाहिनी कोहिनी बाँये हाथ की हथेली पर रखे।

२४. पल्लवम्:– दाहिने हाथ की अङ्गुलियों को मुख के सामने हिलाये।

४.३.१०. गायत्री जप :–

तदनन्तर नीचे लिखे विनियोग वाक्य को पढ़े :–

ऊँकारस्य ब्रह्म ऋषिर्देवी गायत्रीछन्दः परमात्मा देवता, तिसृणां महाव्याहृतीनां प्रजापतिर्ऋषिर्गायत्र्युष्णिग्नुष्टु भश्छन्दांस्यग्निवायुसूर्या देवताः, तत्सवितुरिति विश्वामित्रऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता जपे विनियोगः।

तत्पश्चात्अधोलिखित गायत्री–मन्त्र का कम से कम १०८ बार माला आदि से गिनते हुए जप करे (अधिकस्य अधिकं फलम्)। जप के समय गायत्री के तेजोमय स्वःप का ध्यान और मन्त्र के अर्थ का अनुसन्धान होता रहे तो बहुत ही उत्तम है।

गायत्री ध्यान (प्रातः) :–

ऊँ बालां विद्यां तु गायत्रीं लोहितां चतुराननाम्।

रक्ताम्बरद्वयोपेतामक्षसूत्रकरां तथा।।

कमण्डलुधरां देवीं हंसवाहनसंस्थिताम्।

ब्रह्माणीं ब्रह्मदैवत्यां ब्रह्मलोकनिवासिनीम्।।

मन्त्रेणावाहयेद्देवीमायान्तीं सूर्यमण्डलात्।

गायत्री ध्यान (मध्याह्न) :–

ऊँ मध्याह्ने विष्णुःपां च तार्क्ष्यस्थां पीतवाससाम्।

युवतीं च यजुर्वेदां सूर्यमण्डलसंस्थिताम्।।

गायत्री ध्यान (सायं) :–

ऊँ सायाह्ने शिवःपां च वृद्धां वृषभवाहिनीम्।

सूर्यमण्डलमध्यस्थां सामवेदसमायुतम्।।

गायत्री मन्त्र :–

ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रयोदयात्।।

हम स्थावर–जङ्घमःप सम्पूर्ण विश्व को उत्पन्न करने वाले उन निरतिशय प्रकाशमय परमेश्वर को भजने योग्य तेज का ध्यान करते है जो हमारी बुद्धियों को सत्कर्मों की ओर प्रेरित करते है तथा जो भूर्लोक, भुवर्लोक और स्वर्लोक :प सच्चिदानन्दमय परब्रह्म है।

जप के पश्चात्करणीय आठ मुद्रायें :–

१. सुरभि :– दोनों हाथों की अङ्गुलियाँ गूँथकर बांये हाथ की तर्जनी से दायें हाथ की मध्यमा, तथा मध्यमा से तर्जनी, अनामिका से कनिष्ठिका और कनिष्ठिका से अनामिका को मिलाये।

२. ज्ञानम्:– दाहिने हाथ की तर्जनी से अङ्गुष्ठ मिलाकर हृदय के समीप रखे तथा बायाँ हाथ बायें घुटने पर सीधा रखे।

३. वैराग्यम्:– दोनों हाथों की तर्जनियों से दोनों हाथों के अङ्गुष्ठ मिलाकर घुटनों पर सीधा रखे।

४. योनि :– दोनों मध्यमाओं के नीचे बायीं तर्जनी के ऊपर दाहिनी अनामिका और दाहिनी तर्जनी पर बायीं अनामिका रखकर दोनों तर्जनियों से बाँधकर दोनों मध्यमाओं को ऊपर करे।

५. शङ्खम् :– बायें अङ्गुष्ठ को दाहिनी मु–ी में पकड़कर दाहिने अङ्गुष्ठ से बायीं अङ्गुलियों का मिलाये।

६. पङ्कजम् :– दोनों हाथों के अङ्गुष्ठ तथा कनिष्ठिका अङ्गुलियों को खुला हुआ मिलाये तथा शेष अङ्गुलियों को आमने–सामने खुला हुआ रखे तथा हाथों के मणिबन्धों को आपस में मिलाये।

७. लिङ्गम्:– दाहिने अङ्गुष्ठ को सीधा रखते हुए दोनों हाथों की अङ्गुलियों को गूँथकर बायां अङ्गुष्ठ दाहिने अङ्गुष्ठ की जड़ के ऊपर रखे।

८. निर्वाणम् :– उलटे हुए बायें हाथ पर दाहिना हाथ सीधा रखकर अङ्गुलियों को परस्पर गूँथे तथा दोनों हाथ अपनी ओर से घुमाकर दोनों तर्जनीयों को सीधा कान के समीप मिलाये।

सूर्य की प्रदक्षिणा :–

तत्पश्चात्अधोलिखित विनियोग का उच्चारण करे :–

ऊँ विश्वतश्चक्षुरिति भौवन ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दो विश्वकर्मा देवता सूर्यप्रदक्षिणायां विनियोगः।

तत्पश्चात्अधोलिखित मन्त्र से अपने स्थान पर खड़े होकर सूर्यदेव की एक बार ही प्रदक्षिणा करे :–

ऊँ व्विश्श्वतश्च्चक्क्षुरुत व्विश्श्वतोमुखो व्विश्श्वतोबाहुरुत व्विश्श्वत स्प्पात्।

सम्बाहुब्भ्यान्धमति सम्पतत्रैद्द्यावाभूमी जनयन्देवऽ एक् ।

वे एकमात्र परमात्मा पृथ्वी और आकश की रचना करते समय धर्माधर्मःप भुजाओं और पतनशील पञ्च महाभूतों से सङ्गत होते अर्थात्काम लेते है। तात्पर्य है कि धर्माधर्मःप निमित्त और पञ्चमहाभूत उपादान कारणों से अन्य साधन की सहायता लिए बिना ही सभी की सृष्टि करते है। उनके सभी ओर नेत्र है, सभी ओर मुख है, सभी ओर भुजाएँ है, सभी ओर चरण है (अर्थात्सर्वत्र उनकी सभी इन्द्रियाँ है अथवा सभी प्राणी परमेश्वर स्वःप है, अतः उनके जो नेत्र आदि है, वे उनमें व्याप्त परमात्मा के ही नेत्र आदि है)।

जप–निवेदन :–

तत्पश्चात्बैठकर अधोलिखित विनियोग का पाठ करे :–

ऊँ देवा गातुविद इति मनसस्पतिर्ऋषिर्विराडनुष्टुप्छन्दो वातो देवता जपनिवेदने विनियोगः।

ऊँ देवा गातुविदो गातुं वित्त्वा गातुमित मनसस्पत इमं देव यज्ञ ँ स्वाहा व्वाते धाः।।

हे यज्ञवेता देवताओं! आप लोग हमारे इस जपःपी यज्ञ को पूर्ण हुआ जानकर गन्तव्य मार्ग को पधारे। हे चित्त के प्रवर्तक परमेश्वर! मैं इस जप–यज्ञ को आपके हाथ में अर्पण करता हूँ, आप इसे वायुदेवता में स्थापित करे।

अधोलिखित मन्त्र को पढ़कर नमस्कार करे :–

अनेन यथाशक्तिकृतेन गायत्रीजपाख्येन कर्मणा भगवान्सूर्यनारायणः प्रीयतां न मम।

तत्पश्चात्विनियोग करे :–

उत्तमे शिखरे इति वामदेव ऋषिरनुष्टुप्छन्दः गायत्री देवता गायत्री विसर्जने विनियोगः।

तत्पश्चात्अधोलिखित मन्त्र को पढ़कर गायत्री देवी का विसर्जन करे :–

ऊँ उत्तमे शिखरे देवी भूम्यां पर्वतमूर्धनि।

ब्राह्मणेभ्योऽभ्यनुज्ञाता गच्छ देवि यथासुखम्।।

हे गायत्री देवि! अब तुम अपने उपासक ब्राह्मणों के पास से उनकी अनुमति लेकर भूमि पर स्थित जो मेरुनामक पर्वत है, उसकी चोटीपर विद्यमान जो सुरम्य शिखर है, वही तुम्हारा वास स्थान है, उसमें निवास करने के लिए सुखपूर्वक जाओ।

इस मन्त्र को पढ़कर गायत्री देवी का विसर्जन करे, फिर निम्नाङ्कित वाक्य पढ़कर यह सन्ध्योपासनकर्म परमेश्वर को समर्पित करे :–

अनेन सन्ध्योपासनाख्येन कर्मणा श्रीपरमेश्वरः प्रीयतां न मम।

ॐ तत्सद्ब्रह्मार्पणमस्तु।

तदनन्तर भगवान्का स्मरण करे :–

यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु।

न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्।।

।। श्रीविष्णवे नमः।। श्रीविष्णवे नमः।।

नित्यहोम (अग्निहोत्रि के लिए नित्य सन्ध्या के उपरान्त हवन–कर्म आवश्यक है, अन्य के लिए वैकल्पिक है)

प्रातः काल नित्यहोम करना चाहिए। नित्यहोम प्रातः और सायंकाल में किया जाता है। साग्निक स्थापित अग्नि में नित्यहोम करते है, निरग्निक पुरुष पृष्ठो दिवि–विधान के अनुसार नित्य हवनकाल में अग्नि स्थापित कर लेते है। आजकल अधिकांश लोग निरग्निक ही है, अतः उनकी सुविधा के लिए अग्निस्थापन पूर्वक हवन का विधान दिया जा रहा है। प्रातः काल सूर्योदय से पूर्व हवन का मुख्य काल है, उसके बाद गौणकाल है। सायंकाल में जब तक पश्चिम में लाली दिखायी दे और ताराएँ अच्छी तरह न उगी हो, तभी तक हवन का मुख्यकाल है, उसके पश्चात्गौणकाल है।

संकल्प :– पूर्वाभिमुख आसन पर बैठकर आचमन और प्राणायाम करके हाथ में कुश की पवित्री और जल लेकर निम्नाङ्कित वाक्य को पढ़कर सङ्कल्प करे :–

ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अखिलब्रह्माण्डान्तर्गत भूमण्डल मध्ये सप्तद्वीप मध्यवर्तिनी जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत ब्रह्मावर्तैकदेशे गंगायमुनयोः पश्चिमभागे नर्मदाया उत्तरे भागे अर्बुदारण्ये पुष्करक्षेत्रे राजस्थान प्रदेशे गालवाश्रम उपक्षेत्रे (जयपत्तने) अस्मिन् देवालये (गृहे) देव–ब्राह्मणानां सन्निधौ ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे रथन्तरादि द्वात्रिंशत्कल्पानां मध्ये अष्टमे श्रीश्वेतवाराहकल्पे स्वायंभुवादि मन्वन्तराणां मध्ये सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे चतुर्णां युगानां मध्ये वर्तमाने अष्टाविंशतितमे कलियुगे प्रथमचरणे बौद्धावतारे प्रभवादि षष्टिसम्वत्सराणां मध्येऽस्मिन् वर्तमाने अमुकनाम्नि सम्वत्सरे अमुकवैक्रमाब्दे विक्रमादित्यराज्यात् शालिवाहनशके अमुकायने अमुकऋतौ अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकराशिस्थिते चन्द्रे अमुकराशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते देवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथायथा राशिस्थान स्थितेषु सत्सु एवं गुणगणविशेषेण विशिष्टायां शुभपुण्य बेलायां अमुकगोत्रः (शर्मा/वर्मा/गुप्त/दास) अमुकोऽहं ममात्मनः श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफल प्राप्त्यर्थं ऐश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं अप्राप्तलक्ष्मी प्राप्त्यर्थं प्राप्तलक्ष्म्याश्चिरकाल संरक्षणार्थं सकलमनईप्सित कामना संसिध्यर्थं लोके सभायां राजद्वारे वा सर्वत्र यशोविजयलाभादि प्राप्त्यर्थं इह जन्मनि जन्मान्तरे वा सकलदुरितोपशमनार्थं मम सभार्यस्य सपुत्रस्य

सबान्धवस्य अखिलकुटुम्बसहितस्य समस्तभयव्याधि जरापीड़ा–मृत्यु परिहार द्वारा आयुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं मम जन्मराशेः नामराशेः वा सकाशाद्ये केचिद्विरुद्घचतुर्थाष्ट्मद्वादशस्थानस्थितक्रूरग्रहास्तैः सूचितं सूचयिष्यमाणं च यत्सर्वारिष्ट्ं तद्विनाशद्वारा एकादशस्थान–स्थितवच्छुभफल प्राप्त्यर्थं पुत्रपौत्रादि सन्ततेरविच्छिन्न वृद्ध्यर्थं आदित्यादिनवग्रहानुकूलतासिध्यर्थं त्रिविधतापोपशमनार्थं चतुर्विध पुरुषार्थ सिध्यर्थं ममोपात्तदुरिक्षयपूर्वकं श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं सायंप्रातर्होमं करिष्ये।

इसके बाद वेदी अथवा स्थण्ड़िल में पञ्चभूसंस्कार करना चाहिए। तीन कुशों से भूमि अथवा स्थण्डिल को झाड़ देवे, उन कुशाओं को ईशानकोण में त्यागकर गोमय और जल से लेपन करे। तत्पश्चात्स्रुवा अथवा तीन कुशों द्वारा उत्तरोत्तर क्रम से तीन–तीन पूर्वाग्र रेखायें करे। उल्लेखन क्रम से अनामिका और अङ्गुष्ठ द्वारा तीन बार मृत्तिका उठाकर ईशान में फेंक देवे, फिर वहाँ जल छिड़के। इस प्रकार संस्कार करके निम्नाङ्कित मन्त्र से वहाँ अग्नि ले आवे।

अग्न्याहरण मन्त्र :–

अन्वग्निरित्यस्य पुरोधा ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दोऽग्निर्देवता अग्न्यानयने विनियोगः।

ऊँ अन्व्ग्निरुषसामग्रमक्ख्यदन्व्हानि प्रथमो जात वेदाः।

अनु सूर्य्यस्य पुरुत्रा च रश्मीननु द्यावा पृथिवीऽआततन्थ।

तत्पश्चात्निम्राङ्कित मन्त्र पढ़कर पूर्वोक्त वेदी अथवा स्थण्डिल में अग्नि की स्थापना करे।

अग्निस्थापन मन्त्र :–

पृष्टो दिवीत्यस्य कुत्सऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दो वैश्वानरो देवता अग्निस्थापने विनियोगः।

ऊँ पृष्टो दिवि पृष्टोऽग्निः पृथिव्यां पृष्ट्हो व्विश्वाऽओषधीरा विवेश।

वैश्वानरः सहसा पृष्ट्होऽग्निः स नो दिवा स रिषस्पातु नक्तम्।।

तत्पश्चात्निम्नाङ्कित मन्त्रों से अग्नि का उपस्थान करे (प्रार्थना एवं प्रणाम करे)।

उपस्थान मन्त्र :–

समिधाग्निमिति तं त्वेति च देवा ऋषयो गायत्री छन्दोऽग्निर्देवता अग्न्युपस्थाने विनियोगः।

ऊँ समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोर्धियतातिथिम्। अस्मिन्हव्या जुहोतन।।

ऊँ तं त्वा समिद्भिरङ्गिरो घृतेन वर्द्धयामासि बृहच्छोचा यविष्ठ्य।।

तत्पश्चात्अधोलिखित (व्याहृतियों सहित तीन) मन्त्रों से अग्नि को प्रज्वलित करे।

अग्नि–प्रज्वालन मन्त्र :–

त्रिव्याहृतीनां प्रजापतिर्ऋषिर्गायत्र्युष्णिगनुष्टुभछन्दांस्यग्निवायुसूर्या देवताः ता ऽ सवितुरिति कण्व ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दः सविता देवता, तत्सवितुरिति विश्वामित्र ऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता, विश्वानि देवेतिनारायण ऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता सन्धुक्षणे विनियोगः।

ऊँ भूर्भुवः स्वः ता ऽ सवितुर्व्वरेण्यस्य चित्रामाहऽहं व्वृणे सुमतीं व्विश्वजन्याम्! यामस्य कण्वोऽअदुहत प्रपीना ऽ सहस्रधारां पयासामहीं गाम्।।

ऊँ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रयोदयात्।।

ऊँ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद्भद्रं तन्नऽआसुव।।

इस प्रकार इन मन्त्रों से अग्नि को प्रज्वलित करके बायें हाथ में तीन कुश रखे और खड़े होकर प्रादेशमात्र लम्बी तीन घृताक्त समिधाएँ अग्नि में छोड़े। अग्निसमिन्धन का मन्त्र :–

पुनस्त्वेति प्रजापतिर्ऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दोऽग्निर्देवता अग्निसमिन्धने विनियोगः।

पुनस्त्वादित्या रुद्रा वसवः समिन्धताम्पुनर्ब्रह्माणो व्वसुनीथ यज्ञैः।

घृतेन त्वन्तन्त्वं व्वर्धयस्वः सत्याः सन्तु यजमानस्य कामाः।।

तत्पश्चात् बैठकर जल से अग्नि का पर्युक्षण करे और घृत, दधि, खीर अथवा घृताक्त यव, चावल या तिल आदि से अथवा मधुर फल से निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा चार आहुतियाँ देवे। (इनमें आरम्भ की दो आहुतियाँ सायंकाल में दी जाती है और अन्त की दो आहुतियाँ प्रातः काल में दी जाती है, सायंकाल से आरम्भ करे। सायं–प्रातः मिलकर एक दिन का होम है, सायंकाल में जिस द्रव्य से होम करे, उसी से प्रातः काल भी करे।)

प्रातः होम :–

ऊँ सूर्याय स्वाहा, इदं सूर्याय न मम।

ऊँ प्रजापतये स्वाहा, इदं प्रजापतये न मम।।

साय होम :–

ऊँ अग्नये स्वाहा, इदमग्नये न मम।

ऊँ प्रजापतये स्वाहा, इदं प्रजापतये न मम।।

तत्पश्चात्अग्नि की प्रदक्षिणा करे प्रणाम करे और विनियोग करे :–

त्र्यायुषमिति नारायण ऋषिरुष्णिक्छन्द आशीर्देवता भस्मधारणे विनियोगः।

भस्माचरण :–

तत्पश्चात्भस्म से तिलक करे :–

ऊँ त्र्यायुषं जगदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषम्। यद्देवेषु त्र्यायुषं तन्नोऽस्तु त्र्यायुषम्।।

उपरोक्त मन्त्र से क्रमशः भस्म को ललाट, ग्रीवा, दक्षिण बाहुमूल व हृदय में लगावे। इसके बाद निम्नाङ्कित श्लोक पढ़कर न्यूनतापूर्ति के लिए भगवान्से प्रार्थना करे :–

ऊँ प्रमादात्कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।

स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः।।

यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु।

न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्।। ।। ऊँ विष्णवे नमः।। ऊँ विष्णवे नमः।।

4.4 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात्जप व प्राणायाम का महत्त्व सभी को ज्ञात होगा, सूर्य सृष्टि में साक्षात्देव है, आत्मा के कारक है और सूर्य की आराधना सन्ध्या के अन्तर्गत आती है। सूर्य की आराधना से मनुष्य का आत्मज्ञान चरम पर पहुँचता है। इस इकाई में यज्ञोपवीत धारण का महत्त्व बताय है। जप से पूर्व में सम्मुख, सम्पुट, वितत, विस्तृत, द्विमुख, त्रिमुख, चतुर्मुख, षड्मुख , अधोमुख आदि २४ मुद्राओं का परिचय देते इनका विवेचन किया गया है तथा जप के पश्चात्सुरभि, ज्ञान, वैराग्य, योनि, शङ्ख, पङ्कज, लिङ्ग, निर्वाण आदि ०८ मुद्राओं का परिचय तथा नित्यहोम की विधि सहित सन्ध्या का साङ्गोपाङ्ग वर्णन दिया गया है।

4.5 शब्दावली

१. जीर्ण = पुराना

२. प्राणवायु = प्राण वायु का आधान

३. पूरक = प्राणवायु का समाहित करना

४. कुम्भक = प्राणवायु को स्थिर करना

५. रेचक = प्राणवायु को बाहर निकालना

६. मार्जन = जल का छींटा देना

७. मुद्रा = पूजन में आकृति विशेष

८. करमाला = हाथ से जप गणना

4.6 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न – १ : प्राणायाम की तीन अवस्थायें लिखिए ?

उत्तर : प्राणायाम की तीन अवस्थायें – कुम्भक, पूरक, रेचक।

प्रश्न – २ : जप के पूर्व कितनी मुद्रायें शास्त्रों में वर्णित है?

उत्तर : जप के पूर्व २४ मुद्रायें शास्त्रों में वर्णित है।

प्रश्न – ३ : जप के पश्चात्कितनी मुद्रायें शास्त्रों में वर्णित है ?

उत्तर : जप के पश्चात्०८ मुद्रायें शास्त्रों में वर्णित है।

प्रश्न – ४ : ज्ञान मुद्रा का परिचय दीजिए ?

उत्तर : ज्ञानमुद्रा में दाहिने हाथ की तर्जनी से अङ्गुष्ठ मिलाकर हृदय के समीप रखते हुए बायाँ हाथ बायें घुटने पर सीधा रखते है।

प्रश्न – ५ : ब्रह्ममुहूर्त्त क्या है ?

इकाई – 5

पंचदेव – उपसना

इकाई की रूपरेखा

5.1 प्रस्तावना

5.2 उद्देश्य

5.3 प्रारम्भिक पूजन

5.4 गणपति पञ्चायतन पूजन

5.5 शिव पञ्चायतन पूजन

5.6 देवी पञ्चायतन पूजन

5.7 सूर्य पञ्चायतन पूजन

5.8 विष्णु पञ्चायतन पूजन

5.9 सारांश

5.10 शब्दावली

5.11 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

5.12 लघुत्तरात्मक प्रश्न

5.13 सन्दर्भ ग्रन्थ

5.1 प्रस्तावना

जिस प्रकार ब्रह्माण्ड में पञ्चमहाभूत (पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु, आकाश) विराजमान है, उसी प्रकार शरीर का निर्माण भी पञ्चभूत के बिना असम्भव है। देवों में पञ्चदेव अपना विशेष महत्त्व रखते है, इसी को आधार बनाते हुए पञ्चेदव उपासना का प्रादुर्भाव माना जाता है। यदि हम किसी भी देवता की पूजन–अर्चन करते है, तो उसकेमूल में पञ्चदेव में से ही किसी एक देव की शक्ति विद्यमान रहती है। अपने इष्टदेव के साथ पञ्चदेवों का पूजन करने मात्र से सभी देवताओं की पूजन का लाभ होता है।

आदित्यं गणनाथं च देवीं रुद्रं च केशवम्।

पञ्चदैवत्यमित्युक्तं सर्वकर्मसु पूजयेत्।।

सूर्य, गणेश, दुर्गा, शिव तथा विष्णु पञ्चदेव है। इनका पूजन सभी कार्यों में से करना चाहिए, अन्यथा पूजनकर्म निष्फल हो जाता है।

प्रतिदिन पञ्चेदव पूजन अवश्यक करना चाहिए, यदि वेदोक्त मन्त्र का अभ्यास न हो तो भी व्यक्ति को प्रचलित व शास्त्रोक्त विधि के अनुसार श्लोक अथवा नाममात्र से जल–चन्दन–पुष्पादि से पञ्चदेवों का यथोचित पूजन करना चाहिए। यदि व्यक्ति के पास कोई भी सामग्री इत्यादि उपलब्ध नही हो तो व्यक्ति को पृथ्वीःपी गन्ध का अनुलेपन करते हुए तथा भावना से ही वायुःपी धूप, अग्निःपी दीपक (सूर्य) तथा अमृतःपी नैवैद्य का ध्यान करते हुए अर्चन करना चाहिए।

पूजनक्रम में यदि पूजन सामग्री उपलब्ध न हो तो अधोलिखित मन्त्रों से मानस पूजन किया जा सकता है :–

ऊँ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं परिकल्पयामि। – हे प्रभु! मैं पृथ्वीःप गन्ध (चन्दन) आपको अर्पित करता हूँ।

ऊँ हं आकाशात्मकं पुष्पं परिकल्पयामि। – हे प्रभु! मैं आकाशःपी पुष्प आपको अर्पित करता हूँ।

ऊँ यं वाय्वात्मकं धूपं परिकल्पयामि। – हे प्रभु! मैं वायुःपी धूप आपको अर्पित करता हूँ।

ऊँ रं वह्न्यात्मकं दीपं परिकल्पयामि। – हे प्रभु! मैं अग्निःपी दीप आपको अर्पित करता हूँ।

ऊँ वं अमृतात्मकं नैवेद्यं परिकल्पयामि। – हे प्रभु! मैं अमृतःपी नैवेद्य आपको अर्पित करता हूँ।

तत्पश्चात्क्रमानुसार पञ्चदेवों का पूजन करे।

5.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से आप बता सकेंगे कि –

1 पञ्चदेवों (सूर्य, गणेश, दुर्गा, शिव तथा विष्णु) की विशिष्ट पूजा किस विधि से होती है।

2 पञ्चदेवों में पृथक् पृथक् कर्म के अनुसार पञ्चायतन पूजन का क्या विधान है।

3 पञ्चदेवों के अथर्वशीर्ष का पाठज्ञान करके उनका प्रयोग किस प्रकार किया जायेगा।

4 पञ्चेदेवों की जपविधि क्या है, उससे क्या लाभ संभव है।

5.3 प्रारम्भिक पूजन

चौकी स्थापित करके उस पर पञ्चदेवों के क्रम में यथाक्रम स्थापित करे। ईशान कोण में घी का दीपक रखे और अपने दायें हाथ में पूजा सामग्री रख लेवे। शुद्ध नवीन वस्त्र पहनकर पूर्वाभिमुख बैठे। कुंकुम

(रोली) का तिलक करके अपने दायें हाथ की अनामिका में सुवर्ण की अंगुठी पहनकर आचमन प्राणायाम कर पूजन आरम्भ करे।

कलशोदकेन शरीरप्रोक्षणम्(कलश के जल से शरीर का प्रोक्षण करे) :–

ऊँ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।

ऊँ पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसाधियः।

पुनन्तु विश्वाभूतानि जातवेदः पुनीहिमा।।

ऊँ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ३

आचमन (तीन बार आचमन करे) :–

ऊँ केशवाय नमः। ऊँ नारायणाय नमः। ऊँ माधवाय नमः।

प्राणायाम :–

गोविन्दाय नमः बोलकर हाथ धोवे और यदि ज्यादा ही कर सके तो तीन बार पूरक (दायें हाथ के अंगूठे से नाक का दायाँ छेद बन्द करके बायें छेद से श्वास अन्दर लेवे), कुम्भक (दायें हाथ की छोटी अंगुली से दूसरी अंगुली द्वारा बाया छेद भी बन्द करके श्वास को अन्दर रोके), रेचक (दायें अंगूठे को धीरे–धीरे हटाकर श्वास बाहर निकाले) करे।

पवित्रधारणम् – ॐ पविन्नस्थो व्वैष्णव्यौसवितुर्व्व प्प्रसवऽउत्पन्नुनाम्यच्छिन्नद्रेण पवित्रेण सूर्स्य रश्मिभिः । तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य त्कान्नमल प ुनेतच्छन्नकेयम्।।

यथा वज्रं सुरेन्द्रस्य यथा चक्रं हरेस्तथा।

त्रिशूलं च त्रिनेत्रस्य तथा मम पवित्रकम्।।

सपत्नीकः यजमानभाले स्वस्तितिलकम्ः–

ऊँ स्वस्ति नऽइन्द्रो व्वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा व्विश्ववेदाः।

स्वस्ति नस्तार्क्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु।।

ऊँ श्रीश्चते लक्ष्मीश्चपत्क्न्या वहोरात्रे पाश्र्श्वे नक्षत्राणि :पमश्वि नौव्व्यात्त।

इष्णन्निषाणामुम्मऽइषाण सर्व्वलोकं म ऽइषाण।।

त्रिपुण्डधारणम (त्रिपुण्ड़ का तिलक करे) :– परम्परागतनुयसा ही त्रिपुण्ड लगाना चाहिए।

त्र्यायुषञ्जमदग्ग्रे कश्श्यपस्य त्र्यायुषम् ।

यद्देवेषु त्र्यायुषन्तन्नोऽ अस्त्तु त्र्यायुषम्।

रुद्राक्षमाला धारण (माला धारण करे) :–

त्र्यम्बकँ य्यजामहे सुगन्धिम्पुष्टिवद्र्धनम्।

उर्व्वारुकमिव बन्धनान्न्मृत्त्योर्म्मुक्षीय मामृताम्।

शिखा बन्धन (शिखा का बन्धन करे तथा सिर पर वस्त्र रख देवे) :–

मा नस्तोके तनये मानऽआयुषि मा नो गोषु मा नोऽअश्श्वेषु–रीरिष।

मा नो व्वीरान्न्रुद्र्र भामिनो व्वधीर्हविष्मन्त सदमित्त्वा हवामहे।

ग्रन्थिबन्धन (लोकाचार से यजमान का सपत्नीक ग्रन्थिबन्धन करे) :–

ऊँ तम्पत्नीभिरनुगच्छेम देवाः पुत्रैर्ब्भ्रातृभिरुतवा हिरण्यैः।

नाकङ्गृब्भ्णानाः सुकृतस्यलोके तृतीयपृष्ठेऽअधिरोचने दिवः।।

भूमिपूजन (भूमि की पूजा करे) :–

ऊँ स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरानिवेशनि।

च्छा नः शर्म्म सप्रथाः।। ऊँ कर्मभूम्यै नमः।। (सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि)

आसनपूजन (आसन की पूजा करे) :–

ऊँ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।

त्वं च धारय मां देवि! पवित्रं कुरु चासनम् ।

ऊँ कूर्मासनाय नमः।

ऊँ अनन्तासनाय नमः।

ऊँ विमलासनाय नमः। (सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि)

भूतापसारण (बायें हाथ में सरसों लेकर उसे दाहिने हाथ से ढककर निम्न मन्त्र पढ़े) –

रक्षोहणं व्वलगहनं व्वैष्णवीमिदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे निष्ट्यो ममात्यो निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे समानोमसमानो निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे सबन्धुम सबन्धुर्न्निचखानेदमहन्तं व्वलगमुत्किरामि म्मे सजातो मसजातो निचखानोत्कृत्याङ्क्रामि।

ऊँ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः।

ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।।

अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्।

सर्वेषामवरोधेन पूजाकर्म समारभे।।

निम्न मन्त्रों से सरसों का सभी दिशाओं में विकिरण करे :–

प्राच्यैदिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशेस्वाहा दक्षिणायै दिशेस्वाहार्व्वाच्यै दिशेस्वाहा प्रतीच्यै दिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशे स्वाहोदीच्यै दिशे स्वाहा व्वाच्यै दिशे स्वाहोद्ध्वायै दिशेस्वाहा व्वाच्यै दिशे स्वाहा व्वाच्यै दिशे स्वाहार्व्वाच्यै दिशे स्वाहा।

पूर्वे रक्षतु गोविन्द आग्रेय्यां गरुड़ध्वजः। दक्षिणे रक्षतु वाराहो नारसिंहस्तु नैर्ऋते।।

पश्चिमे वारुणो रक्षेद्वायव्यां मधुसूदनः। उत्तरे श्रीधरो रक्षेद्ऐशान्ये तु गदाधरः।।

ऊर्ध्वं गोवर्धनो रक्षेद्अधस्ताद्त्रिविक्रमः। एवं दश दिशो रक्षेद्वासुदेवो जनार्दनः।।

भैरवनमस्कार (भैरव को नमस्कार करके पूजन की आज्ञा लेवे) :–

ऊँ तीक्ष्णदंष्ट्र महाकाय कल्पान्तदहनोपम।

भैरवाय नमस्तुभ्यम् अनुज्ञां दातुमर्हसि।।

कर्मपात्र पूजन् (ताँबे के पात्र में जलभरकर कलश को अक्षतपुञ्ज पर स्थापित करते हुए पूजन करे) :–

ऊँ तत्वाामि ब्रह्मणा व्वन्दमानस्तदाशास्ते जमानो हविर्भिः।

अहेडमानो व्वरुणे हबोद्ध्युरुश समानऽ आयुः प्रमोषीः।। ऊँ वरुणाय नमः।

पूर्वे ऋग्वेदाय नमः। दक्षिणे यजुर्वेदाय नमः।

पश्चिमे सामवेदाय नमः। उत्तरे अथर्ववेदाय नमः।

मध्ये साङ्गवरुणाय नमः। सर्वोपचारार्थे चन्दन अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

अंकुशमुद्रया सूर्यमण्डलात्सर्वाणि तीर्थानि आवाहयेत् (दायें हाथ की मध्यमा अङ्गुली से जलपात्र में सभी तीर्थों का आवाहन करे) :–

गङ्गे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति।

नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेस्मिन्सन्निधिं कुरु।।

कलशस्य मुखे विष्णु कण्ठे रुद्रः समाश्रितः।

मूले तत्र स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः।।

कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा।

ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः।।

अैश्च सहिताः सर्वे कलशाम्बु समाश्रिताः।

गायत्री चात्र सावित्री शान्तिः पुष्टिकरा तथा।

आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकाः।।

गे च यमुने चौव गोदावरी सरस्वती।

नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन्सन्निुध कुरु।।

ब्रह्माण्डोदर तीर्थानि करैः स्पृष्टानि ते रवे।

तेन सत्येन मे देव तीर्थं देहि दिवाकर।।

ऊँ जलबिम्बाय विद्महे नीलपुरुषाय धीमहि। तन्नो अम्बु प्रचोदयाम्। व मूलेन अष्टवारम्भिमन्त्र्य, धेनुमुद्रया अमृतीकृत्य, मत्स्यमुद्रया आच्छाद्य।

उदकेन पूजासामग्रीं स्वात्मानं च सम्प्रोक्षयेत् (पात्र के जल से पूजन सामग्री एवं स्वयं का प्रोक्षण करे) :–

ऊँ आपो हिष्ठामयोभुवस्तानऽऊर्ज्जेदधातन। महेरणायचक्षसे।।

योवः शिवतमोरसस्तस्यभाजयते हनः। उशतीरिवमातरः।।

तस्म्माऽअरङ्गमामवोयस्यक्षयायजिन्वथ आपोजनयथाचनः।।

दीपपूजनम् (देवताओं के दाहिने तरफ घी एवं विशेष कर्मों में बायें हाथ की तरफ तेल का दीपक जलाकर पूजन करना चाहिए) :–

अग्निर्देवता व्वातो देवता सूर्य्यो देवता चन्द्रमा देवता व्वसवो देवता रुद्द्रा देवतादित्त्या देवता मरुतो देवता विश्श्वे देवा देवता बृहस्प्पतिर्देवतेन्द्रो देवता व्वरुणो देवता।

ऊँ दीपनाथाय नमः। सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

सूर्य नमस्कारः (दिन में पूजन कर रहे हो तो सूर्य को नमस्कार करे) :–

ऊँ तच्च्वक्क्षुर्द्देवहितम्पुरस्ताच्छुक्क्रमुच्चरत्।

पश्श्येम शरद् शतञ्जीवेम शरद् शत श्रृणुयाम शरद्

शतम्प्रब्ब्रवाम शरद् शतमदीना स्याम शरद् शतम्भूयश्च्च शरद् शतात्।

चन्द्र नमस्कारः (रात्रि में पूजन कर रहे हो तो चन्द्रमा को नमस्कार करे) :–

ऊँ इमन्देवा ऽ असपत्न œ सुवध्वम्महते क्षत्रायमहते ज्ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय।

इममुख्य पुत्रममुख्यै पुत्रमस्यै विशऽएषवोमीराजासोमोऽस्माकं ब्राह्मणाना œ राजा।।

प्रार्थना :– ऊँ भो दीप देवःपस्त्वं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत्।

यावत्कर्मसमाप्तिः स्यात्तावदत्र स्थिरो भव।।

शंख पूजन –

1. **ऊँ अग्निर्ऋषि पवमान पाञ्चजन्य पुरोहित। तमीमहेमहागयम्।**

ऊँ पाञ्चजन्याय विद्महे पावमानाय धीमहि। तन्नोशंखः प्रचोदयात्।

ऊँ भूर्भुवः स्वः शंखस्थ देवतायै नमः। सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षत पुष्पाणि समर्पयामि।

घण्टा पूजन –

आगमनार्थं तु देवानां गमनार्थं तु रक्षसाम्।

घण्टानादं प्रकुर्वीत् तस्मात्घण्टां प्रपूजयेत्।

ऊँ सुपर्ण्णोसि गरुत्क्माँस्त्रिवृत्ते शिरो गायत्त्रर्ञ्चक्षुर्बृहद्रथन्तरे पक्षौ।

स्तोमऽ आत्माच्छन्दाœ स्यङ्ग्ानि जूœ षिनाम ।

साम ते तनूर्व्वामदेव्यँज्ञा यज्ञियं पुच्छन्धिष्ण्या शफा।

। हरिः ऊँ । व्विभ्राड्बृहत्पिबतु सोम्यम्मद्ध्वायुर्द्धद्द्यज्ञपता–वविह्रुतम्। व्वातजूतो योऽअभिरक्षति त्मना प्रजा पुपोष पुरुधा व्विराजति। १। उदुत्त्यञ्जातवेदसन्देवँ व्वहन्ति केतव़ः। द्दृशेव्विश्श्वाय सूर्य्यम्। २। येना पावक चक्षसा भुरण्यन्तञ्जनाँऽ अनु। त्वँ व्वरुणपश्श्यसि। ३। दैव्यावद्ध्वर्य्यूऽआगत रथेन सूर्य्यत्त्वचा। मद्ध्वा यज्ञ समञ्जाथे। तम्प्रत्क्रथायँव्वेनश्च्चित्रन्देवानाम्। ४। तम्प्रत्क्रथा पूर्व्वथा व्विश्श्वथेमथा ज्ज्येष्–ता तिम्बर्हिषदœ स्वर्व्विदम्। प्रतीचीनँ व्वृजनन्दोहसे धुनिमा शुञ्जयन्तमनु यासुव्वद्र्घसे। ५। अयँव्वेनश्च्चोदयत्पृश्निगर्भ्भा ज्ज्योतिर्ज्जरायू रजसो व्विमाने। इममपाœ सङ्गमे सूर्य्यस्य शिशुन्न व्विप्रा मतिभी रिहन्ति। ६। चित्रन्देवानामुदगादनीकञ्चक्षुर्म्मित्र्तस्य व्वरुण स्याग्ग्रे। आप्रा द्द्यावापृथिवीऽअन्तरिक्ष सूर्य्यऽआत्क्मा जगतस्त स्थुषश्च्च। ७। आ नऽइडाभिर्व्विदथे सुशस्ति व्विश्श्वानर सविता देवऽएतु। अपि यथा युवानो मत्सथा नो व्विश्श्वञ्जगदभि पित्त्वे मनीषा। ८।यदद्द्य कच्च व्वृत्रहन्नुदगाऽ अभि सूर्य्य। सर्व्वन्तदिन्द्र ते व्वशे। ९। तरणिर्व्विश्श्वदर्शतो ज्ज्योतिष्कृदसि सूर्य्य। व्विश्श्वमाभासि रोचनम्। १०। तत्त्सूर्य्यस्य देवत्त्वन्तन्म्महित्त्वम्मद्ध्या कर्त्तोर्व्वितत सञ्जभार। यदेदयुक्त हरित़ सधस्थादाद्द्रात्री व्वासस्तनुते सिमस्म्मै। ११। तन्म्मित्र्तस्य व्वरुणस्याभिचक्षे सूर्य्यो :पङ्कृणुते द्द्योरुपस्थे। अनन्तमन्यद्द्रुशदस्य पाज़ कृष्ण–मन्यद्घरित सम्भरन्ति। १२। बण्म्महाँऽ असि सूर्य्य बडादित्य महाँऽअसि। महस्ते सतो महिमा पनस्यतेद्घा देव महाँऽ असि। १३। बट्ट्सूर्य्य त्श्रवसा महाँऽ असि सत्रा देव महाँऽ असि। मह्ना देवानामसुर्य्य़ पुरोहितो व्विभु ज्ज्योतिरदाभ्यम्।१४। श्रायन्तऽइव सूर्य्यँ व्विश्श्वेदिन्द्रस्य भक्षत। व्वसूनि जाते जनमानऽओजसा प्रति भागन्न दीधिम। १५। अद्द्या देवाऽउदिता सूर्य्यस्य निर हस पिपृता निरवद्द्यात्। तन्नो मित्र्तो व्वरुणो मामहन्तामदिति सिन्धु पृथिवीऽउत द्द्यौ। १६। आ कृष्णेन रजसा व्वर्त्तमानो निवेशयन्न मृतम्मर्त्यञ्च। हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्श्यन्। १७।

वस्त्रं समर्पयामि। यज्ञोपवीतं। वस्त्रयज्ञोपवीतान्ते आचमनं समर्पयामि। गन्धं समर्पयामि। अक्षतान्समर्पयामि। पुष्पमालां समर्पयामि

अङ्ग्पूजनम् (गन्धाक्षतपुष्पैः) –

ऊँ आदित्याय पादौ पूजयामि, ऊँ दिवाकराय नमः गुल्फौ पूजयामि, ऊँ भास्कराय नमः जङ्घे पूजयामि, ऊँ प्रभाकराय नमः जानुनि पूजयामि, ऊँ सहस्रांश्वे नमः ऊरु पूजयामि, ऊँ पूष्णे नमः गुह्यं पूजयामि, ऊँ त्रिलोकेशाय नमः कटिं पूजयामि, ऊँ हरिदश्वाय नमः नाभिं पूजयामि, ऊँ रवये नमः उदरं पूजयामि, ऊँ दिवाकराय नमः हृदयं पूजयामि, ऊँ दशात्मकाय नमः स्कन्धौ पूजयामि, ऊँ अहस्कराय नमः हस्तौ पूजयामि, ऊँ त्रयीमूत्तये नमः कण्ठं पूजयामि, ऊँ सूर्याय नमः मुखं पूजयामि, ऊँ ब्रह्मःपाय नमः कर्णौ पूजयामि, ऊँ महेश्वराय नमः नेत्रं पूजयामि, ऊँ विष्णवे नमः ललाटं पूजयामि, ऊँ भानवे नमः शिरः पूजयामि, ऊँ दिवाकराय मनः सर्वाङ्गं पूजयामि।

परिमलद्रव्याणि समर्पयामि। सुगन्धिद्रव्यं समर्पयामि। धूपं आघ्रापयामि। दीपं दर्शयामि। हस्तप्रक्षालनम्। नैवेद्यं समर्पयामि। मध्ये आचमनं समर्पयामि। फलं समर्पयामि। पुनः आचमनं समर्पयामि। ताम्बूलं समर्पयामि। द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।

आरति :–

ऊँ अग्निर्देवता व्वातो देवता सूर्य्यो देवता चन्द्रमा देवता व्वसवो देवता रुद्द्रा

देवतादित्त्या देवता मरुतो देवता विश्श्वे देवा देवता बृहस्प्पतिर्द्देवतेन्द्रो

देवता व्वरुणो देवता।

पुष्पाञ्जलि :–

ऊँ ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्तीनारायण सरसिजासनसन्निविष्ट।

केयूरवान्मकरकुण्डलवान्किरीटीहारि हिरण्यमय वपुद्धृतशङ्खचक्रः।।

5.8 विष्णु पञ्चायतन पूजन :–

विष्णु पञ्चायतन पूजन में ईशानकोण में शिव, अग्निकोण में गणेश, नैर्ऋत्यकोण में सूर्य, वायव्यकोण में देवी तथा मध्य में प्रधानःप में विष्णु की स्थापन करते हुए पूजन करना चाहिए।

१. शिव :–

पञ्चवक्त्रं वृषाःढं प्रतिवक्त्रं त्रिलोचनम्त्त।

खट्वा'धारिणं वन्द्यं शिवमावाहयाम्यहम्त्त।।

ऊँ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शङ्कराय च मयस्कराय च नमः शिवाय शिवतराय च।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः शिवाय नमः, शिवमावहयामि स्थापयामि।

२. गणेश :–

गजास्य गणनाथत्त्वं सर्वविघ्नविनाशनम्त्त।

लम्बोदरं त्रिनेत्राढ्यं आगच्छ गणनायक!त्त।।

ऊँ गणानान्त्वा गणपति हवामहे प्रियाणान्त्वा प्रियपति हवामहे निधीनान्त्वा निधिपति हवामहे व्वसोमम । आहम् जानिगर्ब्भधमा त्त्वमजासिगर्ब्भधम्।

ऊँ भूर्भुवः स्वः गणपतये नमः, गणपतिमावाहयामि स्थापयामि।

३. सूर्य :–

जपाकुसुमस'ाशं काश्यपेयं महाद्युतिम।

तमोऽरिं सर्वपापघ्नं सूर्यमावाहयाम्यहम।।

ऊँ आकृष्णेनरजसा व्वर्तमानो निवेशयन्नमृतम्मर्त्यञ्च।

हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः सूर्याय नमः, मध्ये सूर्यमावाहयामि स्थापयामि।

४. देवी :–

पत्तने नगरे ग्रामे विपिने पर्वते गृहे।

नानाजाति कुलेशानीं दुर्गामावाहयाम्यहम।।

ऊँ अम्बेऽअम्बिके म्बालिकेनमानयति कश्चन। ससस्त्यश्वकः सुभद्रिकाङ्काम्पीलवासिनीम्।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः दुर्गादैव्यै नमः, दुर्गाम्ावाहयामि स्थापयामि।

५. विष्णु :– ऊँ

ऊँ मण्डूकादिपीठदेवताभ्यो नमः। सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

नवशक्ति पूजन :– ऊँ विमलायै नमः, ऊँ उत्कर्षिण्यै नमः, ऊँ ज्ञानायै नमः, ऊँ त्रियायै नमः, ऊँ योगायै नमः, ऊँ प्रभव्यै नमः, ऊँ सत्यायै नमः, ऊँ ईशानायै नमः, ऊँ अनुग्रहायै नमः। (गन्धाक्षत–पुष्प से पूजन करे)

तत्पश्चात्गणपति पञ्चायनत देव की भांति कलश स्थापन से प्रारम्भ करते हुए प्राणप्रतिष्ठा तक पूजन करे।

क्रमात्कौमोदकी पद्मशङ्कचक्रधरं विभुम्त्।

भक्तकल्पद्रुमं शान्तं विष्णुमावाहयाम्यहम्त्।।

ऊँ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधेपदम्। समूढमस्यपा œ सुरे स्वाहा।।

ऊँ भूर्भुवः स्वः विष्णवे नमः, विष्णुमावाहयामि स्थापयामि।

पूजनं कुर्यात् (उपलब्ध सामग्री के अनुसार गणपति की भांति ही आसनपाद्यादि से मन्त्र पुष्पाञ्जलि तक पूजन करे।) –

आसनार्थे पुष्पाणि समर्पयामि। पादयोः पाद्यं समर्पयामि। हस्तयोः अर्घ्यं समर्पयामि। मुखे आचमनं समर्पयामि। सर्वांगे स्नानं समर्पयामि। मिलितपंचामृतस्नानं समर्पयामि। शुद्धोदक स्नानं समर्पयामि।

अभिषेकः (गन्धादिभिः सम्पूज्य) –

ऊँ अथ पुरुषो ह वै नारायणोऽकामयत प्रजाः सृजेयेति। नारायणात्प्राणो जायते मनः सर्वेन्द्रियाणि च। खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी। नारायणाद्ब्रह्मा जायते। नारायणाद्रुदो जायते। नारायणादिन्द्रो जायते। नारायणात्प्रजापतिः प्रजायते। नारायणाद्द्वादशादित्या रुद्रा वसवः सर्वाणि छन्दांसि नारायणादेव समुत्पद्यन्ते। नारायणात्प्रवर्तन्ते। नारायणे प्रलीयन्ते। एतदृग्वेदशिरोऽधीते।।१।।

अथ नित्यो नारायणः। ब्रह्मा नारायणः। शिवश्च नारायणः। शक्रश्च नारायणः। कालश्च नारायणः। दिशश्च नारायणः। विदिशश्च नारायणः। ऊर्ध्वं च नारायणः। अधश्च नारायणः। अन्तर्बहिश्च नारायणः। नारायण एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्। निष्कलङ्को निरञ्जनो निर्विकल्पो निराख्यातः शुद्धो देव एको नारायणो न द्वितीयोऽस्ति कश्चित्। य एवं वेद स विष्णुरेव भवति स विष्णुरेव भवति। एतद्यजुर्वेदशिरोऽधीते।।२।।

ओमित्यग्रे व्याहरेत्। नम इति पश्चात्। नारायणायेत्युपरिष्टात्। ओमित्येकाक्षरम्। नम इति द्वे अक्षरे। नारायणायेति पञ्चाक्षराणि। एतद्वै नारायणस्याष्टाक्षरं पदम्। यो ह वै नारायणस्याष्टाक्षरं पदमध्येति। अनपब्रुवः सर्वमायुरेति। विन्दते प्राजापत्यं रायस्पोषं गौपत्यं ततोऽमृतत्वमश्नुते ततोऽमृतत्वमश्नुत इति। एतत्सामवेदशिरोऽधीते।।३।।

प्रत्यगानन्दं ब्रह्मपुरुषं प्रणवस्वःपम्। अकार उकारो मकर इति। ता अनेकधा समभवत्तदेतदोमिति। यमुक्त्वा मुच्यते योगी जन्मसंसारबन्धनात्। ऊँ नमो नारायणायेति मन्त्रोपासको वैकुण्ठभुवनं गमिष्यति। तदिदं पुण्डरीकं विज्ञानघनं तस्मात्तडिदाभमात्रम्। ब्रह्मण्यो देवकीपुत्रो ब्रह्मण्यो मधुसूदनः। ब्रह्मण्यः पुण्डरीकाक्षो ब्रह्मण्यो विष्णुरच्युत इति। सर्वभूतस्थमेकं वै नारायणं कारणपुरुषमकारणं परं ब्रह्मोम्। एतदथर्वशिरोऽधीते।।४।।

प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति। सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति। तत्सायं प्रातरधीयानः पापोऽपापो भवति। मध्यन्दिनमादित्याभिमुखोऽधीयानः पञ्चमहापातकोपपातकात्प्रमुच्यते। सर्ववेदपारायणपुण्यं लभते। नारायणसायुज्यमवाप्नोति श्रीमन्नारायणसायुज्यमवाप्नोति य एवं वेद।।५।। इति।।

तत्पश्चात्पुरुषसूक्त के षोड़श मन्त्रों से भी अभिषेक अथवा पूजन किया जा सकता है।

। हरिः ऊँ । सहस्रशीर्षा पुरुष सहस्राक्ष सहस्रपात्। सभूमि सर्व्वत स्पृत्त्वात्त्यतिष्ठ्द्दशाङ्गुलम्। १। पुरुषऽएवेद सर्व्वँ य्यद्भूतँ य्यच्च भाव्यम् । उतामृतत्त्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति। २। एतावानस्य महिमातो ज्ज्यायाँश्च्च पूरुष । पादोस्य व्विश्श्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि। ३। त्रिपादूर्ध्वऽउदैत्पुरुष पादोस्येहाभवत्पुन । ततो व्विष्व्वङ्ङ्व्यक्क्रामत्त्साशनानशनेऽअभि। ४। ततो व्विराडजायत व्विराजोऽअधिपूरुष। सजातो ऽअत्त्यरिच्च्यत पश्च्चाद्भूमिमथो पुर । ५। तस्म्माद्द्यज्ञात्त्सर्व्वहुत सम्भृतम्पृषदाज्ज्यम्। पशूँस्ताँश्चक्क्रे व्वायव्व्यानारण्ण्या ग्ग्राम्य्याश्च ये। ६। तस्म्माद्यज्ञात्त्सर्व्वहुतऽऋच सामानि जज्ञिरे। छन्दाœ सिजज्ञिरे तस्म्माद्द्यजुस्तस्म्मादजायत। ७। तस्म्मादश्श्वाऽअजायन्त ये के चोभयादत। गावो ह जज्ञिरे तस्म्मात्तस्म्माज्जाताऽ अजावय् । ८। तँय्यज्ञम्बर्हिषि प्प्रौक्षन्न्पुरुषञ्जातमग्ग्रत। तेन देवाऽअयजन्त साद्ध्याऽऋषयश्च्च ये। ९। यत्पुरुषँ व्व्यदधु कतिधा व्व्यकल्प्पयन्। मुखङ्क्मस्यासी त्क्किम्बाहू किमूः पादाऽउच्च्येते। १०। ब्राह्म्णोस्य मुखमासीद्बाहू राजन्न्य् कृत । ऊः तदस्य य्द्वैश्श्य् पद्भ्याœ शूद्द्रोऽ अजायत।११। चन्द्रमा

मनसो जातश्च्चक्षो सूर्य्योऽ अजायत। श्रोत्त्रार्द्वायुश्च्च प्राणश्च्च मुखादग्निरजायत। १२। नाब्म्याऽ आसीदन्तरिक्ष शीष्ण्र्णो द्यौ समवर्त्तत। पद्भ्या म्भूमिर्द्दिश श्रोत्त्रार्त्तथा लोका रँ ऽअकल्प्पयन्।१३। यत्त्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्न्वत। व्वसन्तो स्यासी दाज्ज्यङ्ग्रीष्म्मऽइध्ध्म शरद्घवि ।१४। सप्तास्यासन्न्परिधयस्त्रि सप्त्तसमिधकृता। देवा यद्यज्ञन्तन्न्वानाऽ अबध्नन्पुरुषम्पशुम्।१५। यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्म्माणि प्रथमान्न्यासन्। तेहनाकम्महिमान् सचन्त यत्रपूर्व्वे साद्धया सन्ति देवा। १६।

वस्त्रं समर्पयामि। यज्ञोपवीतं। वस्त्रयज्ञोपवीतान्ते आचमनं समर्पयामि। गन्धं समर्पयामि। अक्षतान्समर्पयामि। पुष्पमालां समर्पयामि।

अङ्ग्पूजनम् (गन्धाक्षतपुष्पैः) –

ऊँ दामोदरायै नमः पादौ पूजयामि, ऊँ माधवाय नमः जानुनिं पूजयामि, ऊँ कामपतये नमः गुह्यं पूजयामि, ऊँ वामनाय नमः कटिं पूजयामि, ऊँ पद्मनाभाय नमः नाभिं पूजयामि, ऊँ विश्वमूर्त्तये नमः उदरं पूजयामि, ऊँ ज्ञानगम्याय नमः हृदयं पूजयामि, ऊँ श्रीकण्ठं नमः कण्ठं पूजयामि, ऊँ सहस्रबाहवे नमः बाहौ पूजयामि, ऊँ योगिने नमः नेत्रं पूजयामि, ऊँ उरगाय नमः ललाट पूजयामि, ऊँ सुरेश्वराय नमः नासिका पूजयामि, श्रवणेशाय नमः कर्णौ पूजयामि, ऊँ सर्वकर्मप्रदाय नमः शिखा पूजयामि, ऊँ सहस्रशीर्षे नमः शिरः पूजयामि, ऊँ सर्वस्वःपिणे नमः सर्वाङ्ग पूजयामि। (गन्धाक्षत–पुष्प से पूजन करे)

परिमलद्रव्याणि समर्पयामि। सुगन्धिद्रव्यं समर्पयामि। धूपं आघ्रापयामि। दीपं दर्शयामि। हस्तप्रक्षालनम्। नैवेद्यं समर्पयामि। मध्ये आचमनं समर्पयामि। फलं समर्पयामि। पुनः आचमनं समर्पयामि। ताम्बूलं समर्पयामि। द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।

आरति :–

ऊँ जय जगदीश हरे प्रभु! जय जगदीश हरे।

भक्तजनों के सङ्कट क्षण में दूर करे। ऊँ।

जो ध्यावे फलपावै, दुःख विनसै मनका। प्रभु।

सुख सम्पत्तिघर आवे, कष्टमिटे तन का। ऊँ।

मात–पिता तुम मेरे, शरणगहूँ किसकी। प्रभु।

तुमबिन और न दूजा, आस करुँ किसकी। ऊँ।

तुम पूरण परमात्मा, तुम अन्तर्यामी। प्रभु।

पारब्रह्म परमेश्वर, तुम सबके स्वामी। ऊँ।

तुम कःणा के सागर, तुम पालनकर्त्ता। प्रभु।

मैं मूरख खलकामी, कृपाकरो भर्त्ता। ऊँ।

तुम हो एक अगोचर, सबके प्राणपति। प्रभु।

किसविधि मिलूँ दयामय! तुमको मै कुमति। ऊँ।

दीनबन्धु दुःखहर्त्ता तुम ठाकुर मेरे। प्रभु।

अपने हाथ उठाओ, द्वार पड़ा तेरे। ऊँ।

विषय विकार मिटाओ, पापहरो देवा। प्रभु।

श्रद्घाभक्ति बढ़ाओ, सन्तनपद सेवा। ऊँ।

तन, मन, धन सबकुछ है तेरा।

तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा। ऊँ।

श्रीजगदीशस्वामीकी आरती जो कोई नर गावे,

कहत शिवानन्द स्वामी मनवाञ्छित फलपावै। ऊँ।

पुष्पाञ्जलि :–

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशम्,

विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम्।

लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिर्भिध्र्यानगम्यम्,

वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम्।।

इस प्रकार सभी देवताओं का पूजन करके अक्षत पुष्प हाथ में लेकर निम्नलिखित मन्त्रों का उच्चारण करे :–

पत्रं पुष्पं फलं तोयं, रत्नानिविविधानि च। गृहाणार्घ्यं मयादत्तं देहि मे वाञ्छितं फलं। %पं देहि जयं देहि, भाग्यं भगवन् देहि मे। पुत्रान देहि धनं देहि, सर्वान् कामांश्च देहि मे। फलेन फलितं सर्वं त्रैलाक्यं सचराचरम्। फलस्यार्घ्यप्रदानेन सफलाः सन्तु मनोरथाः।

निम्न मन्त्रों से अक्षप पुष्प समर्पित करे :–

ऊँ साङ्गाय सायुधाय सावाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय। ऊँ नमो ..... नमः। मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।

प्रदक्षिणा :– यानि कानि च पापानि ज्ञाताज्ञातकृतानि च।

तानि सर्वाणि नश्यन्ति प्रदक्षिण पदे पदे। (भगवान्शिव की आधी परिक्रमा, देवी की एक परिक्रमा, विनायक की तीन परिक्रमा, विष्णु की चार तथा सूर्य की सात परिक्रमा करनी चाहिए।)

तत्पश्चात्देवताओं को पञ्चाङ्ग–प्रणाम करते हुए उनका विसर्जन करे :–

विसर्जन :– यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम्। इष्टकाम समृद्ध्यर्थं पुनरागमनाय च लक्ष्मी कुबेरौ विहाय।

इसके बाद अपने परिवार वालों के साथ निम्र मन्त्र द्वारा भगवान को नमस्कार करें –

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।

स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः।।

5.8 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात्छात्रों को पञ्चमहाभूतों (पृथ्वी, अग्रि, जल, वायु, आकाश) पर आधारित पञ्चदेवों (सूर्य, गणेश, दुर्गा, शिव और विष्णु) की उपासना के महत्त्व का ज्ञान अर्जित होगा। प्रत्येक पूजन कर्म ने इन पञ्चदेवों का पूजन परम आवश्यक है। इस इकाई में इन्हीं का विशेष पूजन साङ्गोपाङ्ग दिया गया है। पञ्चदेवों का अथर्वशीर्ष, वैदिक सूक्तों का भी इस इकाई में समावेश किया गया है, जिससे छात्र पञ्चदेव पूजन को विधिवित्स्वयं के स्तर पर सम्पादित कर सकेंगे।

5.10 शब्दावली

१. पञ्च = पाँच

२. आवाहन = देवों का पूजन में आवाहन

३. पञ्चायतन = समूह के पाँच देवता

४. अग्न्युत्तारण = मूर्ति को अग्नि में तपाना

५. अभिषेक = देवप्रतिमा को स्नान कराना

६. ताम्बूल = पान

5.11 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न – १ : पञ्चमहाभूत कौनसे है ?

उत्तर : पृथ्वी, अग्रि, जल, वायु तथा आकाश।

प्रश्न – २ : पञ्चदेवों के नाम बताईये ?

उत्तर : सूर्य, गणेश, दुर्गा, शिव और विष्णु।

प्रश्न – ३ : गणपति पञ्चायन में किस देव की किस दिशा में स्थापना होती है ?

उत्तर : गणेश पंचायतन में ईशानकोण में विष्णु, अग्रिकोण में शिव, नैर्ऋत्यकोण में सूर्य तथ वायव्य कोण में देवी की स्थापना करते मध्य में प्रधानःप में गणपति की स्थापना करते हुए यथोपचार पूजन करना चाहिए।

प्रश्न – ४ : देवी के पूजन में किस अथर्वशीर्ष का पाठ करना चाहिए ?

उत्तर : देवी के पूजन में देव्युथर्वशीर्ष का पाठ करना चाहिए।

प्रश्न – ५ : शिव पञ्चायन में किस देव की किस दिशा में स्थापना होती है ?

उत्तर : शिव पञ्चायतन पूजन में ईशानकोण में विष्णु, अग्निकोण में सूर्य, नैर्ऋत्यकोण में गणेश, वायव्यकोण में देवी तथा मध्य में प्रधानःप में शिव की स्थापन करते हुए पूजन करना चाहिए।

5.12 लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न – १ : पञ्चायतन देवताओं में पञ्चायत का क्रम बताइये ?

प्रश्न – २ : गणेशाङ्गपूजन बताइये ?

प्रश्न – ३ : पञ्चदेवों का नवशक्ति पूजन बताइये ?

प्रश्न – ४ : श्रीसूक्त के मन्त्रों का उल्लेख कीजिए ?

प्रश्न – ५ : पुरुषसूक्त के मन्त्रों का उल्लेख कीजिए ?

5.13 सन्दर्भ ग्रन्थ –

१. धर्मशास्त्र का इतिहास

लेखक – डॉ. पाण्डुरङ्ग वामन काणे

प्रकाशक :– उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

२. नित्यकर्म पूजा प्रकाश,

लेखक :– पं. बिहारी लाल मिश्र,

प्रकाशक :– गीताप्रेस, गोरखपुर।

३. अमृतवर्षा, नित्यकर्म, प्रभुसेवा

संकलन ग्रन्थ

प्रकाशक :– मल्होत्रा प्रकाशन, दिल्ली।

४. कर्मठगुरुः

लेखक – मुकुन्द वल्लभ ज्योतिषाचार्य

प्रकाशक – मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।

५. हवनात्मक दुर्गासप्तशती

सम्पादक – डॉ. रवि शर्मा

प्रकाशक – राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, जयपुर।

६. शुक्लयजुर्वेदीय रुद्राष्टध्यायी

सम्पादक – डॉ. रवि शर्मा

प्रकाशक – अखिल भारतीय प्राच्य ज्योतिष शोध संस्थान, जयपुर।

७. पञ्चदेव अथर्वशीर्ष संग्रह

प्रकाशक :– गीताप्रेस, गोरखपुर।

८. अनुष्ठाप्रकाश

सम्पादक : चतुर्थीलाल शर्मा

प्रकाशक :– खेमराज श्रीकृष्णदास, मुम्बई।

इकाई –6

बलि वैश्यदेव

इकाई की रूपरेखा

6.1 प्रस्तावना

6.2 उद्देश्य

6.3 बलिवैश्यदेव

6.4 देवयज्ञ

6.5 भूतयज्ञ

6.6 पितृयज्ञ

6.7 मनुष्य यज्ञ

6.8 पंचबलि–विधि

- 6.8.1 गाय हेतु बलि
- 6.8.2 श्वान हेतु बलि
- 6.8.3 काक हेतु बलि
- 6.8.4 देवताओ हेतु बलि
- 6.8.5 पिपीलिका हेतु बलि

6.9 भोजन विधि

- 6.9.1 पाचक शुद्धि
- 6.9.2 भाव शुद्धि
- 6.9.3 पात्र शुद्धि
- 6.9.4 पात्र संख्या
- 6.9.5 कच्चा पक्का भोजन
- 6.9.6 भोजन विधि
- 6.9.7 पञ्चाहुति
- 6.9.8 प्रार्थना
- 6.9.9 सांध्यदीप

6.10 सारांश

6.11 शब्दावली

6.12 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

6.13 लघुत्तरात्मक प्रश्न

6.14 संदर्भ ग्रन्थ सूची

6.1 प्रस्तावना :–

इसकी पूर्व ईकाई में अपने पंचदेवों की उपासना विधि का अध्ययन किया है। प्रस्तुत ईकाई में बलि–वैश्यदेव का प्रयोजन एवं उसकी विधियों सम्यक् अध्ययन आपके अध्ययनार्थ प्रस्तुत है। बलिवैश्यदेव मनुष्य के नित्यक्रमों का एक प्रमुख अंग है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, अतः नित्य दिनचार्य में यज्ञ एवं भोजनविधि का महत्त्वपूर्ण क्रम है। सभी जीवों के लिए भोजन का प्रबन्ध एवं समाज में मानवता का उत्थापन प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। इसी क्रम में नित्यकर्म का महत्वपूर्ण अंग है बलिवैश्यदेव और भोजनविधि। कहा भी है – **भारीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्।**

ये पाँच महायज्ञ है – 1 ब्रह्मयज्ञ, 2. देवयज्ञ, 3. भूतयज्ञ, 4. पितृयज्ञ और 5. मनुष्ययज्ञ। ब्रह्मयज्ञ को ऋषियज्ञ और स्वाध्यायोयज्ञ भी कहते है। मुख्यतः प्रतिदिन वेदों का स्वाध्याय करने से ब्रह्मयज्ञ सम्पन्न होता है, परन्तु याज्ञवल्क्य की सम्मति के अनुसार वेदो के अतिरिक्त पुराण, महाभारत, आध्यात्मविद्या, गीता एवं उपनिषदादि का पाठ अथवा श्रवण करने से भी ब्रह्मयज्ञ सम्पन्न होता है। यह सभी कार्य न हो सके तो गायत्री–जपमात्र से भी ब्रह्मयज्ञ के पालन से द्विज ऋषि–ऋण से मुक्त होकर ज्ञान प्राप्त करता है और इस प्रकार वह सहज ही परमात्मप्राप्ति का अधिकारी हो जाता है। प्रातः कालिक होम के पश्चात् तर्पण के पहले या बलिवैश्यदेव के बाद ब्रह्मयज्ञ करना चाहिए। यथा –

यैं श्रुतिजपः प्रोक्तो ब्रह्मयज्ञस्तु स स्मृतः।

स चार्वाक्तर्पणात् कार्य पैंद्वा प्रातराहुतेः।।

वैश्यदेवासाने वा नान्यत्र ह्मनिमित्तकान्।।

अतः इस ईकाई के अध्ययन के बाद आप पंचमाहयज्ञों का संक्षिप्त सम्पादन एवं नित्य कर्म में बलि वैश्यदेव का क्या महत्व है। इसे निश्चित ही बता सकेंगे।

6.2 उद्देश्य :– प्रस्तुत ईकाई के अध्ययन के पश्चात् आप निम्नलिखित का ज्ञान भी ले –

1. नित्य प्रतिदिन पूजन में संलग्रता करते हुए समाज का उत्थान।
2. सभी जीवों को भोजन की उपलब्धता।
3. भोजन विधि का ज्ञान।
4. अन्नदान का फल प्राप्त करना।

5. ब्रह्म, देव, भूत, पितृ, मनुष्य को तृप्त करने की विधि का ज्ञान प्राप्त करना इस ईकाई का उद्देश्य है।

6.3 बलिवैश्यदेव :–

द्विजो को प्रतिदिन पंचमहायज्ञ करने के लिए शास्त्रो का निर्देश है। प्रत्येक गृहस्थ के यहाँ चूल्हा, चक्की, झाड़ू, ओखली और जल का घड़ा– ये पांच हिंसा के स्थान है। इनका उपयोग करने से अनजाने में इच्छा न होते हुए भी कुछ जीवों की हिंसा हो ही जाती है। इस हिंसादोष को दूर करने के लिए पंचमहायज्ञों का विधान है। यथा –

ब्रह्मयज्ञ को छोडकर शेश चार देवयज्ञ आदि संक्षेप से वैश्यदेव कर्म मे ही आ जाते है, अत' प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक वैश्यदेव–कर्म अवश्य करना चाहिए।

देवताओं के निमित्त अग्नि में हवन करना देवयज्ञ कहलाता है। सृष्टि के आदि से ही देवता मनुष्यों को सुख पहुंचाने के लिए उनकी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए पशु, पक्षी, तृण, वृक्ष, औषधि आदि के सहित सभी की पृष्टि कर रहे है तथा अन्न, जल, पुष्प फल, धातु आदि मनुष्योपयोगी समस्त वस्तुएँ मनुष्यों को दे रहे है।

जो मनुष्य उन सभी वस्तुओं को उन देवताओं का ऋण चुकाये बिना उनका न्यायोचित स्वत्व उन्हें अर्पण किये बिना स्वयं अपने कार्य में लीन रहता है, वह गीता (3–12) के अनुसार उसे चोर कहा गया है। समस्त देवताओं को परमात्मा का ही स्वरूप समझकर उनके निमित्त हवन करना चाहिए, इसी में परमकल्याण है।

धाता– विधाता आदि भूताधिष्ठातृदेवताओं के निमित्त अन्न अर्पण करना चाहिए तथा कृषि, कीट, पतग, पशु–पक्षी, आदि के निमित्त भोज्य पदार्थ समर्पण करना चाहिए, यही भूतयज्ञ कहलाता है। अतः इससे द्विजों को शीघ्र ही परमपद की प्राप्ति होती हे। परलोकगत पितरों की तृप्ति के लिए ''स्वधा'' शब्द के उच्चारण पूर्वक अन्नजल समर्पण करना पितृयज्ञ कहलाता है। इससे पितर प्रसन्न होकर अपने कल्याणमय आशीर्वाद यजमान को अनुहीत करते है। द्वार पर आये हुए अतिथि को अन्नादि से तृप्त सनकादि द्विव्य मनुष्यों के निमित्त अन्न समर्पण करना मनुष्ययज्ञ कहलाता है। इससे अतिथिरूपी नारायण देव की आराधना होती है, जो मानवमात्र के लिए कल्याणकारी है।

बलिवैश्यदेव प्रतिदिन एक ही बार होता है। श्राद्ध के दिन सागिक के श्राद्ध के प्रथम और निरगक को भी श्राद्ध के अन्त में बलिवैश्यदेव करना चाहिए। नान्दी–मुख श्राद्ध निरगक को भी श्राद्ध के प्रथ ?म ही बलिवैश्यदेव करना चाहिए। जननाशौच और मरणशौच में बलिवैश्यदेव नही होता है। पाक के अभाव में उड़द, चना, मसूर, कोद, कुल्थी, लवण, मटर, पक्कातेल, मक्का, पर्युषित+ अन्न, भुक्तशेष अनादि वर्जित है।

बलिवैश्यदेव के प्रथम अतिथि–अभ्यागत उपस्थित हो जाये तो बलिवैश्यदेवनिमित्त अन्न को पृथक करके अतिथि को देना चाहिए। यदि दो भाई परस्पर अलग हो जाये, उनका पाककर्म पृथक्–पृथक् होने लगे तो श्राद्ध और बलिवैश्यदेव भी उन्हे अलग–अलग करना चाहिए।

यदि पाककर्म एक ही स्थान पर हो तो उनमें से जो भी ज्येष्ठ हो, उसे ही करना चाहिए। घर में अलग न होने पर भी यदि एक भाई परदेस में रहता हो, तो उसे अलग ही श्राद्ध अथवा बलिवैश्यदेव करना चाहिए। नित्य बलिवैश्यदेव करने से मनुष्य के समस्त पाप दूर हो जाते है। बलिवैश्यदेव से बचा हुआ अन्न यज्ञशिष्ट

अन्न होता है, यह अमृत के समान माना गया है, जो केवल अपने लिए भोजन बनाते हैं, वे पाप के भागी होते हैं यथा –

एकपाके निवसतां पितृदेवद्विजार्चनम्।

एकं भवेद् विभक्तानां तदेव स्याद् गृहे गृहे।। – गीता (3–13)

बलिवैश्यदेव के अनुष्ठान से बहुत बड़ा लाभ और त्याग से बहुत बड़ी हानि होती है– यह समझकर सभी को निरालस्य भाव से प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक बलि बलिवैश्यदेव करना चाहिए।

विधि :–

सर्वप्रथम आचमन और प्राणयाम करके दायें हाथ की अनामिका अंगुली में मन्त्रसहित (ओम् पवित्रेस्थो वैष्णव्यो सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्त रश्मिभिः। तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम्) कुश की पवित्री धारण करे, तत्पश्चात् निम्नाकिंत संकल्प करें।

संकल्प :–

हरिः ओम् विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः ओम तत्सदद्यैतस्तय महापुरूषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्य अद्यश्रीब्रह्मणो द्वितीय परार्द्धे तदादौ श्रीश्वेतवराहकल्पे, सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमें कलियुगे कलिः प्रथमचरणे जम्बुद्वीपे भरतखण्डे तत्रापि परमपवित्रे भारतवर्षे आर्यावर्तैकदेशान्तर्गत पुण्यक्षेत्रे (अपने देश का नाम) अमुक देशे (अपने राज्य का नाम) अमुक नगरे (अपने नगर का नाम) श्रीगग्यमुनयोः पश्चिमे भग नर्मदाया उत्तरे भागे, चान्द्रसंज्ञकानां प्रभवादि।

षष्टिसम्वत्सराणां मध्ये अमुक नाम्नि सम्वत्सरे (सम्वत्सर का नाम) श्रमत्रृपतिवीरविक्रमार्कसमयादमुसंख्यापरिमिते विक्रमाब्दे अमुकायने (उत्तरायण अथवा दक्षिणायन) अमुक ऋतौ (ऋतु का नाम) अमुकमासे (मास का नाम) अमुकपक्षे (पक्ष का नाम) अमुकतिथौ (तिथि का नाम) अमुकवासरे (वार का नाम) अमुकगोत्रः (गोत्र) अमुकशर्मा अहं (ब्राह्मण के लिए शर्मा, क्षत्रिय के लिए वर्मा, वैश्य के लिए गुप्ता, शूद्र के लिए दासान्त) मम गृहे पच्चसूनाजनितसकलदोषपरिहापूर्वकं नित्यकर्मानुष्ठानसिद्धिद्वारा श्रीपरमेंश्वरप्रीत्यर्थं बलिवैश्यदेवाख्यं कर्म करिष्ये।''

नोट :– पंचबलि के कर्म में पंचबलि कर्म करिष्ये का उच्चारण करना चाहिए।

सन्ध्या व तर्पण के अनुसाद देश, काल, नाम आदि की योजना कर लेनी चाहिए।

इसके पश्चात् लौकिक अग्नि प्रज्जवलित करके अग्निदेव का निम्नांकित मन्त्र पढ़ते हुए ध्यान करना चाहिए :–

ओम चत्वारि श्रृग्त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।

त्रिधा वृषभो रोरवीति महादेवो मर्त्यां आविवेश।।

इस अग्निदेव के चार सींग, तीन पैर, दो सिर, सात हाथ है। कामनाओं की वर्षा करने वाला यह महान् देव तीन स्थानों में बंधा हुआ शब्द करता है और प्राणियों के भीतर जठदाग्नि से प्रविष्ट है।

तत्पश्चात् निमोक्त मन्त्र को पढ़कर अग्निदेव को मानसिक आसन देवें : –

ओम एषो ह देवः प्रदिशोऽनु सर्वाः पूर्वो ह जा स उ गर्भे अन्तः।

स एव जातः स जनिष्यमाणः प्रत्यङ्जनास्तिष्ठति सर्वतोमुखः।।

यह अग्निस्वरूप परमात्मादेव ही सम्पूर्ण दिशा–विदिशाओं में व्याप्त है। यही हिरण्यगर्भरूप में सबसे प्रथम उत्पन्न हुआ था, माता के गर्भ में भी यही रहता है और यही उत्पन्न होने वाला है। हे मनुष्यों! यही सर्वव्यापक और सभी ओर मुखों वाला है।

तत्पश्चात् अग्निदेव को नमस्कार करके पात्र में बिना लवण का सपुक्क अन्न रख लेवे और यज्ञोपवीत को सव्यभाव में करके दाहिने घुटनों को पृथ्वी पर टिकाकर अन्न की पांच आहुतियाँ नीचे लिखे पांच मन्त्रों को क्रमशः पढ़ते हुए एक–एक करके अग्नि में छोड़े। अग्नि के अभाव में एक पात्र में जल रखकर उसी में आहुतियां छोड सकते है।

6.4 देवयज्ञ :–

1. ओम ब्रह्मणे स्वाहा, इदं ब्रह्मणे न मम। अर्थात् ब्रह्माजी के लिए इस अन्न का हवन किया जाता है, यह ब्रह्मा जी के लिए ही प्राप्त हो, इस पर मेरा अधिकार नही है।

इसी प्रकार अग्रिम 2,3,4 मन्त्रों में क्रमशः प्रजापति, गृह्मा, कश्यप तथा अनुमति के लिए हवन किया गया है।

2. ओम गृह्माभ्यः स्वाहा, इदं गृह्माभ्यो नमः।

3. ओम कश्यपाय स्वाहा, इदं कश्यपाय न मम।

4. ओम अनुमतये स्वाहा, इदं अनुमतये न मम।

पुनः अग्नि के पास ही एक चौकोना चक्र बनाकर क्रमशः बीस ग्रास अन्न देना चाहिए। निमोक्त चक्र से भी अर्थ स्पष्ट है, जहाँ केवल अग्र रखा है, उसमें जहाँ एक है, वहाँ प्रथम ग्रास और दो की जगह ग्रास देना चाहिए। इसी प्रकार तीन से चलकर बीस तक क्रमशः निर्दिष्ट स्थान पर ग्रास देना चाहिए।

निमोक्त बीस मन्त्रों को पढ़ते हुए एक–एक मन्त्र पढ़कर एक एक ग्रास अर्पित करना चाहिए।

6.5 भूतयज्ञ :– प्राणियों की तृप्ति हेतु किया जाने वाला भूत यज्ञ कहलाता है।

यज्ञोपवीत को सव्य करके पके हुए अन्न के 17 ग्रास अंकित मण्डल में यथायोग्य स्थान पर नीचे लिखे हुए मन्त्रों द्वारा क्रमशः छोडे :–

1. ओम धात्रे नमः, इदं धात्रे न मम।

2. ओम विधात्रे नमः, इदं विधात्रे न मम।

3. ओम वायवे नमः, इदं वायवे न मम।

4. ओम वायवे नमः, इदं वायवे न मम।

5. ओम वायवे नमः, इदं वायवे न मम।

6. ओम वायवे नमः, इदं वायवे न मम।

7. ओम प्राच्यै नमः, इदं प्राच्यै न मम।

8. ओम अवाच्यै नमः, इदमवाच्यै न मम।

9. ओम प्रतीच्यै नमः, इदं प्रतीच्यै न मम।

10. ओम उदीच्यै नमः, इदमुदीच्यै न मम।

11. ओम ब्राह्मणे नमः, इदं ब्राह्मणे न मम।

12. ओम अन्तरिक्षाय नमः, इमन्तरिक्षाय न मम।

13. ओम सूर्याय नमः, इदं सूर्याय न मम।

14. ओम विश्वेभ्यो देवोभ्यो नमः, इदं विश्वेभ्यो देवोभ्यो न मम।

15. ओम विश्वेभ्यो भूतेभ्यो नमः, इदं विश्वेभ्यो भूतेभ्यो न मम।

16. ओम उषसे नमः, इदमुषसे न मम।

17. ओम भूतानां पतये नमः, इदं भूतानां पतये न मम।

6.6 पितृयज्ञ :–

यज्ञोपवीत को अपसव्य करके बायें घुटने को पृथ्वी पर रखकर दक्षिण की ओर मुख करके हाथ में तिल लेकर, पकाअन्न सहित अंकित मण्डल में निर्दिष्ट स्थान पर मन्त्र पढ़तें हुए छोड देवें।

18. ओम पितृभ्यः स्वधा नमः, इदं पितृभ्यः स्वधा न मम।

निर्णेजनम् :– यज्ञोपवीत को सव्य करे अन्न के पात्र को धोकर वह जल अंकित मण्डल में 19वें अंक की जगह मन्त्र को पढ़कर छोड दें।

19. ओम यक्ष्मैतत्ते निर्णेजनं नमः, इदं यक्ष्मणे न मम।

6.7 मनुष्ययज्ञ :–

अतिथियों का सम्मान सहित भोजन करवान चाहिए। मनुष्य यज्ञ मे जो सनकादि मनुष्यों को अन्न दिया जाता है, उससे भिन्न अन्न श्रेष्ठ ब्राह्मणो को दिया जाता है, वह मनुष्ययज्ञ कहलाता है। यह भी देखना होता है कि नियमित भोजन कराने वाले जो भृत्य है, उनका उपरोध किसी भी प्रकार न हो। अभाव की स्थिति में श्रेष्ठ आचरण से अतिथि को प्रसन्न करना चाहिए। आसन बिछाकर स्थान ग्रहण कराते हुए जलपान की व्यवस्था करें। अतिथियों का सत्कार ज्योतिष्टोम यज्ञ से भी अधिक पुण्यदायी होता है। अतिथि को लौटाना नही चाहिए, ऐसा करने से पाप लगता है। मध्याह में आये हुए अतिथि की अपेक्षा सूर्यास्त के समय आये हुए अतिथि का आठगुणा अधिक फल मिलता है। सूर्यास्त के समय आये हुए अतिथि को सूर्योढ़ कहते है। सूर्योढ़ अतिथि यदि असमय भी आ जाये तो उसे बिना भोजन करवाये नही जाने देना चाहिए। वेश्यदेव के समय आगत अतिथि को नारायण का स्वरूप मानते हुए, उसके कुल शील, आचार, गुण–दोष, विद्या–अविद्या आदि पर विचार नही करना चाहिए।

यज्ञोपवीत को सव्य करके अन्न के पात्र को धोकर पक्का हुए अन्न अंकित मण्डल में 20वें अंक की जगह पर मन्त्र छोड़ देवें।

20. ओम हन्त ते सनकादिमनुष्येभ्यो नमः, इदं हन्त ते सनकादिमनुष्येभ्यो न मम।

6.8 पंचबलि–विधि :–

6.8.1 गाय हेतु बलि (पत्ते पर) :– मण्डल के बाहर पश्चिम की ओर निम्नलिखित मन्त्र (यदि मन्त्र याद न हो तो 'गोभ्यो नमः' आदि मन्त्र से प्रदान कर सकते है।) पढ़ते हुए सव्य एवं दक्षिणाभिमुख होकर गोबलि पत्ते पर देवें –

ओम सौरभेय्यः सर्वहिता पवित्राः पुण्यराशयः।

प्रतिगृह्णन्तु में ग्रासं गावस्त्रैलोक्यमातरः।।

इदं गोभ्यो न मम कहें।

6.8.2 श्वान हेतु बलि (पत्ते पर) :– जनेऊ को कण्ठी करके निम्नलिखित मन्त्र से कुत्ते को बलि देवें –

दो श्वानौ श्यामशबलौ वैवस्वतकुलो(वौ।

ताभ्यामंत्र प्रयच्छामि स्यातामेतावहिंसकौ।।

इदं श्वाभ्यां न मम कहें।

6.8.3 काक हेतु बलि (पृथ्वी पर) :– अपसव्य एवं उत्तराभिमुख होकर निम्नलिखित मंत्र पढ़कर कौओ को भूमि पर अन्न देवे –

ओम ऐन्द्रवारूणवायव्या याम्या वै नैर्)तास्तथा।

वायसा प्रतिगृह्नन्तु भूमौ पिण्डं मयोज्झितम्।।

इदं अन्नं वायसेभ्यो न मम कहें।

6.8.4 देवताओं हेतु बलि (पत्ते पर) :– सव्य होकर निम्नलिखित मंत्र पढ़कर देवता आदि के लिए अन्न देवें– ओम देवा मनुष्याः पशवो वयांसि, सि(ाः सयक्षोरगदैत्यसलः।

प्रेता पिशाचास्तरवः समस्ताः,

ये चान्नमिच्छन्ति मया प्रदत्तम्।।

इदं देवादिभ्यो न मम कहें।

6.8.5 पिपीलिका हेतु बलि (पत्ते पर) :– इसी प्रकार निम्नलिखित मन्त्र से चींटी आदि को बलि देवे–

पिपीलिकाः कीटपतङ्गकाद्या,

बुभुक्षिताः कर्मनिबन्धब(ाः।

तेषां हि तृप्त्यर्थमिदं मयान्नां,

तेभ्यो विसृष्टं सुखिनो भवन्तु।।

इदं पिपीलिकादिभ्यो न मम कहें।

पंचबलि देने के बाद एक थाली में सभी पकवान परोसकर अपसव्य और दक्षिणाभिमुख होकर निम्न संकल्प करे – अद्य अमुक गोत्रः अमुक शर्माऽहममुकगोत्रस्वय मम पितुः (पितामहस्य मातुः वा) वार्षिकश्राद्धे (महालयश्राद्धे वा) अक्षयतृप्त्यर्थमिदमन्नं तस्मे (तस्यै वा) स्वधा।

उपयुक्त संकल्प करने के बाद ''ओम इदमन्नाम्', 'ओम इमा आपः', 'ओम इदमाज्यम्', 'ओम इदं हविः' इस प्रकार बोलते हुए अन्न, जल घी तथा पुनः अन्न को दाहिने हाथ के अंगुष्ठ से स्पर्श करें।

तत्पश्चात् दाहिने हाथ में जल, अक्षत आदि लेकर निम्न संकल्प (ब्राह्मण भोजन का संकल्प) करें –

अद्य अमुकगोत्रः अमुकोऽहं मम पितुः ;मातुः वाद्ध वार्षिकश्रा(यथासंख्यकान् ब्राह्मणान् भोजयिष्ये।

पच्चंबलि निकालकर कौओ के निमित्त निकाला गया अन्न कौवे को, कुत्ते का अन्न कुत्ते को, देवताओं का अन्न देवताओं को, चींटियों का अन्न चींटियों को तथा गया को देने के बाद निम्नलिखित मंत्र से ब्राह्मणों के पैर धौकर भोजन करायें।

यत् फलं कपिलादाने कार्तिक्यां ज्येष्ठपुष्करें।

तत्फलं पाण्डश्रेष्ठ विप्राणां पादसेचने।।

इसके बाद उन्हे अन्न, वस्त्र और द्रव्य–दक्षिणा देकर तिलक करके नमस्कार करे, तत्पश्चात् नीचे लिखे वाक्य यजमान व ब्राह्मण दोनो बोले –

यजमान :– शेषान्नेन किं कर्त्तव्यम्। (श्राद्ध में बचे अन्न का क्या करूं ?)

ब्राह्मण :– इष्टैः सह भोक्तव्यम्। (अपने इष्ट–मित्रों के साथ भोजन करें।)

इसके बाद अपने परिवार वालो के साथ स्वयं भी भोजन करे तथा निम्न मंत्र द्वारा भगवान को नमस्कार करें–

प्रमादात् कुर्वतां कम्र प्रच्यवेताध्वरेषु यत्। स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्ण स्यादिति श्रुतिः।।

तत्पश्चात् सव्यभाव से पूर्वाभिमुख होकर पवित्र भूमिपर थोड़ा अन्न तथा जल रखकर हाथ जोडकर निम्नांकित श्लोको को पढ़े :–

ओम देवा मनुष्याः पशवो वयांसि, सिद्धाः सयक्षोरगदैत्यसंघाः।

प्रेताः पिशाचास्तरवः समस्ताः, ये चान्नामिच्छन्ति मया प्रदत्तम्।।

पिपीलिकाः कीटपतग्काद्याा, बुभुक्षिताः कर्मनिबन्धबद्धाः।

तेषां हि तृप्त्यर्थमिदं मयान्नां, तेभ्यो विससृष्टं सुखिनो भवन्तु।।

भूतानि सर्वाणि तथान्नामेत्दहं च विष्णुर्न ततोऽन्यदसति।

तस्मादहं भूतनिकायभूतमंन्ना प्रयच्छामि भवाय तेषाम्।।

चतुर्दशो भूतगणो य एष तत्र स्थिता येऽखिलभूतसंघाः।

तृप्तर्थमंन्ना हि मया विसृष्टं तेषामिदं ते मुदिता भवन्तु।।

देवता, मनुष्य, पशु, पक्षी, सिद्ध, यक्ष, सर्प, नाग, अन्य भूतसमूह, प्रेत, पिशाच तथा सम्पूर्ण वृक्ष एवं चींटी, कीडे और पतंग आदि जीव जो कर्म–बन्धन में बँधे हुए भूख प्यास से कष्ट पा रहे हो और मुझसे अन्न चाहते हो, उनके लिए यह अन्ना? मैनें रखा है, इससे उनकी तृप्ति हो और वे सुखी हो। सभी जीव, यह अन्न और मैं– सभी विष्णु ही है, उनसे अन्य कुछ भी नही है, इस कारण मैं जीवों के शरीर की उत्पति और पोषण में हेतुभूत इस अन्न को उन प्राणियों की रक्षा के लिए देता हूं। यह जौ चौदह प्रकार का भूतों का समुदाय है, इसमें जो सम्पूर्ण जीव–समूह स्थित है, उनकी तृप्ति के लिए मैंने यह अन्न दिया है, वे प्रसन्न हो।

तत्पश्चात् हाथ धोकर भस्म लगावे और निम्नांकित मन्त्र से अग्नि का विसर्जन करे :–

ओम यज्ञ यज्ञं गच्छ यज्ञपतिं गच्छ स्वां योनिं गच्छ स्वाहा।

एष ते यज्ञो यज्ञपटे सहसूक्त वाकः सर्ववीरस्तं जुषस्व स्वाहा।।

हे यज्ञ! तू (अपनी प्रतिष्ठा के लिए) यज्ञस्वरूप विष्णु भगवान् को प्राप्त हो, कर्म के फलरूप से यज्ञपति–यजमान को प्राप्त हो तथा अपनी सिद्धि के लिए तू अपने कारणभूत – वायुदेव की क्रिया– शक्ति को प्राप्त हो, यह हवन सुन्दर रूप से सम्पन्न हो। हे यजमान! स्तपनीय चरू, पुरोड़ाश आदि सभी अगें तथा सूक्त, अनुवाक् और स्तोत्रों के सहित यह किया जाने वाला यज्ञ तुम्हारा हो, तुम इस यज्ञ का सेवन करो। यह हवनकर्म सुन्दर रूप से सम्पन्न हो।

तत्पश्चात् कर्म में न्यूनता की पूर्ति के लिए निम्नकिंत श्लोको को पढ़ते हुए भगवान् प्रार्थना करें :–

ओम प्रमादात्कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।

स्मरणोदव तद्विष्णोः सम्पूर्ण स्यादिति श्रुतिः।।

यस्य स्मृत्या च नामोक्त्या तपोयज्ञक्रियादिषु।

न्यूनं सम्पूर्णतां याति सद्यो वन्दे तमच्युतम्।।

तत्पश्चात् सभी कर्म प्रभु को समर्पित करें :–

अनेन वैस्वदेवाख्येन कर्मणा श्रयज्ञक्राराणस्वरूपी परमेश्रवरवासुदेवः प्रीयतां न मम।

ओम तत्सद् ब्रह्मार्पणमस्तु। ओम विष्णवे नमः।

उपयुक्त दोनो कार्यो को करते समय दाहिने हाथ में अक्षत अथवा जल का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

6.9 भोजनविधि :–

6.9.1 पाचक शुद्धि :–

यह भोजन बनाने वाला प्रतिदिन स्नान न करता हो, गंदे कपड़े पहनता हो, अभक्ष्य भक्षण करता हो, मदिरा–तंबाकू पीता हो, शोच के बाद ठीक से हाथ साफ न करता हो, तो उसके हाथ का बनाया भोजन भी शुद्ध नही होता। उक्त दोषों से युक्त लोगों से भोजन नही बनवाना चाहिएं। भोजन मे सबसे बडी बात है शुद्धता की, पवित्रता की। पवित्र भोजन ही रूचि, तुष्टि और पुष्टि प्रदान करता है। माँ, पत्नी आदि जिस प्यार और उदार भाव से भोजन बनाकर खिलाती है, नौकरों से तो उस भाव की आशा ी नही की जा सकती। इसलिए तो कहते है। कि' माता के पर से, मघा के बरसे' ही तृप्ति होती है।

6.9.2 भाव शुद्धि :–

एक व्यक्ति न्याय धन से दूध, बादाम आदि पदार्थ लाता है, पत्नी पवित्र चौके में उससे खीर आदि बनवाती है। सर्व प्रकार से शुद्ध सात्विक खीर को भी यदि पति–पत्नी इस भाव से खाते है कि इससे शरीर पुष्ट होगा तो खूब सांसारिक सुख भोगेंगे तो इस राजस भाव से खाया हुआ सात्विक भोजन भी राजस कामभाव को ही उत्पन्न करेगा। अतः भाव शुद्धि के लिए ही भगवान् का भोग लगाकर प्रसाद रूप में भोजन का विधान है। इससे भाव शुद्धि के अतिरिक्त अज्ञात अन्न दोष का प्रभाव भी नही पडता। धर्मशास्त्र में कहा है –

अन्नां ब्रह्मा रसो विष्णुर्भोक्त ा देवो महेश्वरः।

एवं ध्यात्वा च यो भुड्क्ते सोऽन्नादोषैर्न लिप्यते।।

'अन्न ब्रह्मा है, रस विष्णु है और खाने वाला महेश्वर है। ऐसा ध्यान करके जो भोजन करता है, वह अन्न के दोषों से लित्प नही होता।'

अपने भावो के अतिरिक्त देखने वाले के भावो का प्रभाव भी पडता ळै इसलिए बच्चो की झिडकता हुआ तथा देखने वालों के बिना दिये न खाये– ऐसा कहा जाता है।

न शिशून् भर्त्ससन् नाप्रादाय प्रेक्षमाणेभ्योऽश्रोयात्।

दृष्टि दोष से बचने के लिए ही कुत्ता, कौआ आदि की दृष्टि से भोजन को बचाने के लिए कहा है, घृणा के कारण नहीं, क्योंकि उन्हीं शास्त्रों में नित्य ही कौआ–कुत्ता को भी रोटी देने का विधान है।

6.9.3 पात्र शुद्धि :–

पात्रो की शुद्धि अशुद्धि तन मन को लाभ हानिप्रद धातुओं से बने होने के कारण और आगन्तुक दोष गुण ग्रहण–अग्रहण के कारण और आगन्तुक दोष गुण से संयुक्त वियुक्त होने के कारण मानी जाती है। आधारों पर विचार उपस्थित किया जा रहा है।

तांबे के पात्र में भोजन करना इसलिए मना किया है कि तांबे में वमनकारक गुण होता है। जैसे लोहे की कच्ची भस्म हानिकारक होती है, वैसे ही लोहे के बर्तन में भोजन करने से लोहे का कच्चा अंश पेट में जाकर रोग पैदा करता है। जैसे लोहे की पक्की भस्म यकृत प्लीहा संबंधी रोगो का नाश तथा रक्त वृद्धि करती है, वैसे ही लोहे की कडाही में बनाये भोजन में लोहे का अंश मिश्रित हो जाने से लाभ होता है। इसीलिए लोहे के पात्र में भोजन करने का निषेध तथा बनाने का विधान किया है। लोहे की अति शुद्ध करके बनाये स्टेनलेस स्टील के बर्तन भी कालान्तर में रोग उत्पन्न करते ही है– ऐसा वैज्ञानिक भी स्वीकार करते है। लोहे की तरह स्टेनलेस स्टील को चुम्बक नही पकडता, इस प्रकार स्टील मे रासायनिक परिवर्तन हो जाने के कारण इनमें भोजन बनाना भी हानिकारक है, ऐसा भौतिक विज्ञानी कहते है। अर्थविज्ञान की दृष्टि से देखे तो स्टेनलेस स्टील महँगा भी बहुत पडता है। पुराने स्टील के बर्तनो से एक पैसा भी नही मिलता, जब कि पुराने पीतल काँसे के बर्तनों का आधा पैसा मिल जाता है। एलमोनियम, प्लास्टिक आदि आधुनिक धातुओं के बर्तन सस्ते होते है किंतु कैंसर जैसे भयावह रोगो के जनक होने से अशुद्ध है।

स्वर्ण तथा चांदी अनेक रोगो के नाशक है। इनमें कोई भी दोष नही है, परन्तु सोना चांदी अति मंहगे होने के कारण सबके पास इनके बर्तन होना सम्भव नही है। अतः सर्वसुलभ निर्दोष तथा गुणयुक्त होने के कारण

पीतल और काँसे के बर्तन ही रखने चाहिए। जो मनुष्य नित्य काँसे के पात्र में भोजन करता है उसकी आयु वृद्धि बल यश की वृद्धि होती है, ऐसा सुश्रुत तथा पैठीनस ऋषि ने कहा है –

नित्यमेव तु यो भुडक्ते विमले कांसाभाजने।

चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुः प्रज्ञा यशो बलम्।।

मिट्टी के पात्र निर्दोष तन–मन के लिए हितकार है। इन का एक बार प्रयोग करके फेंक देना चाहिए, क्योंकि ये भोजन के रस को ग्रहण कर लेते है। काँच, चीनी मिट्टी के पात्र रस को ग्रहण नही करते है, फिर भी मिट्टी के ही होने से ही इनमें एक बार खाने से ये जूँठे हो जाते है। इसलिए धर्मशास्त्र की दृष्टि से इनमें पुनः भगवान का भोग नही लगाय जा सकता। आर्थिक दृष्टि से भी हानिकारक है, क्योंकि बाल बच्चो वाले घर में चाहे जितना सम्हाल कर रखा जाए, ये फुटते बहुत है।

कौए, कुत्ते, गोमुख, मल, मूत्र, मद्य आदि के पात्र आगनतुक दोषो से संयुक्त हो जाते है। अतः अनेक बार माँजकर आग में खूब तपाकर यथायोग्य शुद्धि करके ही कम लेने चाहिए। मिट्टी काष्ठ आदि के पात्रों का तो फैंक ही देना चाहिए। वट, अर्क (आक), पीतल आदि के पत्तों में दूध रहता है, उनमें भोजन करने से भोजन से मिश्रण से दोष आ जाते है, इसलिए इनमें भोजन का निषेध किया गया है –

'वटार्काश्रवत्थपत्रेषु भुक्त्वा चान्द्रायण चरेत।'

पलाश, कमल, आम, केला, महुआ आदि के पत्तों में तन–मन के लिए कोई हानि कर दोष नहीं तथा इनमें भोजन रस शीघ्र प्रविष्ट नही होता, अतः इनकी पत्तलों में भोजन का विधान है –

पलाशपानीचतुकर्दलीहेमराजते।

मधुपत्रेषु भोक्तव्यं ग्रासमेकगोफलम्।।

विवाह आदि कार्यो में जहाँ सैंकडो हजारो व्यक्तियों को भोजन कराना हो वहाँ पत्तलों तथा मिट्टी के बर्तनो का प्रयोग ही करना चाहिए, क्योंकि ये निर्दोष है, अर्थ भी कम खर्च होता है, समय की बचत होती है और गरीबो को जीविका मिलती है। धातुओं के तथा काँच या चीनी मिट्टी के हजारो बर्तन किराए से लेने में टूट–फुट तथा गुम होने के पैसे देने में अर्थ बहुत खर्च होता है। इन्हे जुटाने में श्रम तथा समय बहुत नष्ट होता है। इतने अधिक बर्तनो की सफाई ठीक नही हो पाती, जिससे रोग पैदा होते है। अतः विचारने पर प्राचीन प्रणाली आज के लिए भी समीचीन है।

6.9.4 पात्र संख्या :–

भोजन बनाने एवं खाने में जितने कम पात्रो से काम चल जाए उतने ही पात्र काम में लाने चाहिए। इससे समय तथा श्रम की बचत होती है। अतः जो पदार्थ थाली में रखे जा सकते हो उन्हे कटोरा या तस्तरी मे नही रखना चाहिए। चार शाक थोडे–थोडे रोज खाने में तथा एक एक शाक पर्याप्त मात्रा में खाकर चार दिनो में उन्ही चार शाक पर्याप्त मात्रा में खाने में स्वास्थ्य की दृष्टि से कोई अन्तर नही होगा। किंतु चार शाक प्रतिदिन बनाने खाने में बर्तन अधिक होंगे, समय, श्रम नष्ट होगा, जिव्हा की लोलुपता बढेगी। प्रसग्तः

शाक के बारे में जान लेना चाहिए कि आयुर्वेद के अनुसार परबल–जैसे उत्तम शाक कम खाना चाहिए। दालों में प्रोटीन अधिक होता है। अतः दालें ज्यादा खानी चाहिए।

6.9.5 कच्चा पक्का भोजन :–

कच्चे भोजन की तरह पक्का भोजन शीघ्र खराब नही होता तथा दोषो को ग्रहण नही करता। इसलिए पक्का भोजन बासी तथा चौके से बाहर भी खाया जा सकता है। इससे यात्रा काल में सुविधा भी होती है। जितना घी लगाकर पूडी बनाते है उतना ही घी पराठे में रोटी में लगा देने पर भी पूडी की अपेक्षा पराठा और पराठो की अपेक्षा रोटी शीघ्र खराब हो जाएगी। जल बिल्कुल न डालकर केवल घृत में भुने बेसन के लड्डू बनाये तो गर्मी, बरसात में एक माह तक तथा सर्दी में दो तीन माह तक खराब नही होंगे। केवल घृत पक्क की तरह केवल अग्निपक्क भुने हुए चने, चिउडे भी बहुत दिन खराब नहीं होते। इसलिए इन्हे बासी खाने या बाहर ले जाने में दोष नह माना जाता है।

6.9.6 भोजन विधिः–

भोजन के समय पेट दबा रहे तो भोजन अधिक मात्रा में नहीं हो सकेगा, पेट नही बढ़ेगा। अतः पल्थी मार कर बैठना चाहिए। पैरो के बल बैठने से पेट अधिक दबता है। इसलिए 'पादाभ्यां धरणीं स्पृष्टा' ऐसा विधान भी किया है। अतः जिन प्रान्तो में पैर के बल बैठकर भोजन की प्रथा है, उसे असभ्य नही मानना चाहिए। प्राचीन परिपाटियों की वास्तविकता समझे बिना किसी प्रथा को जंगली कहना दुर्विनीतता है।

सुप्रक्षालितपाणिपादोऽयं आचम्य शुचौ संवृते देशे अन्नमुपसंगृहा कामक्रोधलोभमोहानपहत्य सर्वाभिरंगुलिभिः शब्दमकुर्वन् प्राश्नोयात्।

अच्छी तरह हाथ पैर धोकर आचमन करके पवित्र देश (चौके में) एकान्त स्थान में भोजन करना चाहिए। काम, क्रोध, लोभ, मोहादि को त्यागकर सभी अंगुलियों से शब्द न करता हुआ भोजन करना चाहिए। गंदे रास्ते मे चलने से पैर गंदे हो जाते है। उन गंदे पेरो` पवित्र चौके में प्रवेश करना तथा गंदे पेरो से पास थाली रखकर भोजन करना उचित नही, इसलिए पैर धोने का विधान है। हाथ–पैर धोकर ही भोजन करना चाहिए। गले की रूक्षता नष्ट होकर स्निग्धता आ जाए, जिससे ग्रास का फन्दा न लगे, (अटके न) इसलिए भोजन से पूर्वआचमन का विधान है। लोगो की दोष दृष्टि से बचाने के लिए बंद जगह में भोजन करने को कहा जाता है। जिस भाव से भावित होकर भोजन किया जाता है, उसी भाव से मन बनता है, इसलिए कामादि भाव के विधान का त्याग किया गया है। सभी अंगुलियों से भोजन आदि वस्त्रो पर नही गिरती। अंगुलियों की अपेक्षा जिव्हा को उष्णता अधिक सहन नही होती है, अतः अंगुलियों से भोजन करने से जिव्हा जलने का डर नही रहता, इसलिए जिन पतले पदार्थो को अंगुलियों से न उठाया जा सकता हो उन्हे ही चम्मच से खाना चाहिए। आवाज न हो इसके लिए मुख बंद कर ही ग्रास चबाना चाहिए। इससे मुख में मच्छर आदि के प्रवेश का भय नही रहेगा। इससे शब्द न करते हुए भोजन का विधान किया है। मुंह खोलकर अन्न चबाने की आदत असामाजिक है, और साथ खाने वालो को भी बुरा लगता है तथा उन्हे घृणा होती है।

एक वस्त्र धारण करके भोजन पूजन करते समय छींक, आंसू आदि से रक्षा न हो सकेगी, इसलिए भोजनादि एक वस्त्र में निषेध किया गया है यदि एक ही वस्त्र हो तो उसके उत्तरी भाग से शरीर को ढ़क ले। भोजन करते समय शरीर में गर्मी उत्पन्न होती है, तथा भारतवर्ष गर्म देश है। यदि बहुत वस्त्र धारण करके भोजन किया जाएगा तो गर्मी और अधिक उत्पन्न होगी। सिर पर वस्त्र बंधा हुआ होगा तो गर्मी निकल न सकेगी,

जिससे सिरपर बुरा असर होगा। इसलिए बहुत वस्त्र धारण करके तथा सिर बाँध करके भोजन का निषेध किया गया है।

एकवस्त्रो न भुज्जीत न कुर्याद् देवतार्चनम्

एकं चेद् वासो भवति

तस्यै वोत्तरवगैंण प्रच्छादयीद

न वेष्टितशिराश्श्रापि न बहुतवस्त्रयुतोऽपि वा।।

सुक्ष्म दर्शक यंत्र से देखने पर यह स्पष्ट अनुभव होता है कि जिसमें लार लग जाती है उस भोजन या पानीं में लाखो कीटाणु चिपक जाते हैं इसलिए अपना ही जूँठा भोजन या पानी भी बाद में खाने पीने के लिए मना किया है।

'ग्रासशेष तु नाश्रीयात् पीतशेषं पिवेन्न चं'

प्रत्येक ग्रास में सन्तुष्टि होनी चाहिए तन्मय होकर भोजन करने पर ही पूरा रसास्वादन होता है, इससे मुख तथा अमाशय से पाचक रस अधिक निकलता है, जिससे सूगमता से पच जाता है रस, धातु अधिक बनती है। भोजन के प्रारम्भ में पित्त प्रबल होता है, उसके शमन के लिए मधुर रस खाने का विधान है। मध्य में पित्तवर्धक नमकीन, खटाईयुक्त पदार्थ खाने से जठराग्नि तीव्र होकर पाचन अच्छा होता है। अन्त में कफ प्रबल होता है। उसका शमन करने के लिए कटु–पित्त कषाय खाने को कहा है –

अश्रीयात्तन्मना भूत्वा पूर्वे तु मधुरं रसम्।

लवणाम्लौ तथा मध्ये कटुतिक्तकांसततः।।

प्रारम्भ में पतला पदार्थ खाने से आमाशय की कोमल त्वचा पर आघात नहीं होता है। मध्य में खाया कठिन पदार्थ सुगमता से गल जाए, इसलिए अन्त में भी पतले पदार्थ का विधान किया है–

प्राग्द्रवं पुरूषोऽश्रीयात् मध्ये तु कठिनाशनः।

अन्ते पुनर्द्रवाशी च बलोरोग्ये न मुच्यति।।

'**आयुर्वैघृतम्**' इस वेदवचनानुसार घृत आयुवर्धक है, बल वीर्यवर्धक तथा पवित्र है। सात्विक भाववर्धक होने से अघनाशक कहा है। इसलिए घृत युक्त भोजन नित्य करने का विधान है–

न भुच्चीताघृतं नित्यं गृहस्थो भोजने स्वयम्।

पत्रित्रमथ वृष्यं च सर्पिराहुरघापहम्।।

आधे पेट अन्न से, चौथाई जल से पूरा करे और चौथाई वायु संचार के लिए खाली रखे –

जठरं पूरयेदर्धमन्नैर्भागं जलेन च।

वायो सच्चारणार्थे तु चतुर्थमवशेषयेत्।।

भोजन के बाद मुख तथा अन्ननलिका को साफ करने के लिए तथा अन्न को अमृत रूप जल से ढकने के लिए थोडा थोडा जिल पीने का विधान किया है –

भुक्त्वाऽमृतधिपनार्थे पिबेक्तोयं सकृतृ सकृत्।

२६ जोडी दाँतो में फँसे अन्न को अच्छी तरह साफ करने के लिए २६ कुले करने का विधान किया गय है –

कुर्याद् द्वादश गण्डूषान् पुरीषोतसर्जनेद्विजः।

मूत्रोत्सर्गे तु चतुरो भोजनान्ते तु षोडश।।

मल त्यागकर ५२, मूत्र त्यागकर ४ और भोजन करके ५६ कुल करे। भोजन करके बैठे रहने से स्थूलता, तुरन्त सो जाने से रोग, दौडने से मृत्यु का भय तथा भ्रमण चहलकदमी करने से आयु वृद्धि होती है। ऐसा चिकित्सा शास्त्र कहता है–

भुक्त्वोपविशतः स्थौल्यं शयानस्य रूजस्तथा।

आयुश्चक्रममाणस्वय मृत्युर्धावति धावतः।।

सायंकालीन सन्ध्या वन्दन करके तथा सन्ध्या समाप्त होने पर ही भोजन करना चाहिए।

भोजनालय में प्रवेश करने पूर्व शरीर शुद्धि आवश्यक है। यथाचित्त प्रकार से शरीर की शुद्धि कर लेनी चाहिए। **ओम भूर्भुवः स्वः** – इस मन्त्र से गण्डूष (कुल) करते हुए दो बार आचमन करे। भोजन हेतु पूर्वमुखी अथवा उत्तरतुखी आसन ग्रहण करना चाहिए। भोजन के थाल को चौकी पर रखे तथा चौकी के चारो ओर जल से परिधि (दाहिनी ओर से प्रारम्भ करके) बना देवे। सर्वप्रथम अन्नपूर्णा देवी अथवा अपने आराध्य देव को भोग लगाकर (यदि अशौच आदि अवस्था में भोग नही लगा पावे तो मानसिक स्मरण भी कर सकते है।) अन्न को पात्र में परासकर प्रणाम करें :– ''ऊँ अस्माकं नित्यमस्त्वेतत्।''

तत्पश्चात् हाथ में जल लेकर निम्न मन्त्रों से प्रोक्षण करें :–

दिवाकाल में :–

''सत्यं त्वर्तेन त्वा परिषिच्चमि''।

रात्रिकाल में :–

''ऋतं त्वा सत्येन परिषिच्चमि''।

तत्पश्चात् पात्र से दस या पांच अंगुल हटकर दाहिनी ओर पृथ्वी पर जल का आसन देकर निम्नलिखि मन्त्र पढते हुए तीन ग्रास निकाले :–

1. ओम भूपतये स्वाहा।
2. ओम भूवनपतये स्वाहा।
3. ओम भूतानां पतये स्वाहा।

उपरोक्त मन्त्रो द्वारा पृथ्वी पर चौदह भुवनों तथा सम्पूर्ण प्राणियों के स्वामी परमात्मा की तृप्ति की जाती है, जिससे सभी की तृप्ति स्वतः हो जाती है।

6.9.7 पच्चाहुति :– प्राणो के संदर्भ में –

दाहिने हाथ में थोडा जल लेकर ''ओम अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा'' इस मन्त्र से शान्तिपूर्वक आचमन करें (भोजन से पूर्व अमृतरूपी जल का असन प्रदान करे)। तत्पश्चात् मौन होकर बेर अथवा आंवला के बराबर पांच ग्रास द्वारा निम्नलिखित मन्त्रो से प्राणाहुतियाँ देवें –

1. ओम प्राणाय स्वाहा।
2. ओम अपानाय स्वाहा।
3. ओम व्यानाय स्वाहा।
4. ओम उदानाय स्वाहा।
5. ओम समानाय स्वाहा।

भोजनपूर्व उच्चारणीय मन्त्र :–

यन्तु नदयो वर्षन्तु पर्जन्याः।

सुपिप्पला ओषध्यो भवन्तु।

अन्नावतामोदनवतामामिक्षताम्। एषां राजा भूयासम्।

ओदनमुद्ब्रुवते परमेष्ठी वा एषः यदोदनः।

परमामेवैनम् श्रियं गमयति।।

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन् मा स्वसारमुतस्वसा।

साम्यच्च सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया।।

ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्रौ ब्रह्मणा हुतम्।

ब्रह्मौव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना

6.9.8 प्रार्थना :–

निम्नलिखित मन्त्र में विश्वषभुत्व की भावना कल्पित और प्रस्तुत है। अन्न ग्रहण करके शरीर को पोषण का क्या प्रयोजन है वह इस मन्त्र से अभिभूत हो जाता है –

1. प्रसरति भावः यास्मिन अथवा प्रसादस्तु प्रसन्नता, अर्थात भोग लगाई हुई साम्रगी प्रसाद हो जाती है और उसमें सर्वदा प्रसन्नता का भाव रखने से श्रयंस्कर होता है।

ओम सहनाववतु स नौ भुनक्तु सह वीर्य करवावहै।

तजस्विनावधीतमस्तु मा विद् विषावहै।

ओम शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

तत्पश्चात् हाथ धोकर प्रसाद (ठाकुरजी के भोग लगने के पश्चात् की प्रसादसंज्ञा हो जाती है।) ग्रहण करें। जिनके पिता ज्येष्ठ भाई जीवित हो, उन्हे प्राणाहुतिक ही मौन रखना चाहिए। बचे हुए बरे के बराबर अन्न को दाहिने हाथ में रखकर थोडा जल भी रख लेना चाहिए। इसे निम्नलिखित मन्त्रा पढ़कर बलिस्थान की ओर रख देना चाहिएः–

अस्मत्कुले मृता ये च पितृलोकविवर्जिताः।

भुवन्तु मम चोच्छिष्टं ..... पात्राच्चैव बहिः क्षिपेत्।।

तत्पश्चात् दाहिने हाथ में जल लेकर निम्नलिखित मन्त्र पढ़ते हुए ''ओम अमृतापिधानमसि स्वाहा।'' आधा जल पी लेना चाहिए और अवशिष्ट जल को निम्न मन्त्र पढते हुए उच्छिष्ट अन्न पर छोड देना चाहिएः–

रौरवेऽपुण्यनिलये पद्यार्बुदनिवासिनाम्।

अर्थिनामुदकं दत्तमक्षय्यमुपतिष्ठात्।।

तत्पश्चात् सभी बलि अन्न को लेकर आंगन में आ जाना चाहिए और उसे कौओं को दे देवे। हाथ और मुंह धोकर बायीं ओर सोलह (16) गण्डूष (कुल) करें। थोडा जल लेकर हथेली पर रखे और इसे दोनो हथेलियों से खूब घिसकर दोनो आँखों में अंगुष्ठ की सहायता से निम्नलिखित मन्त्र पढ़तें हुए डाल देवें :–

शर्यातिं च सुकन्या च च्यवनं शक्रमश्विनौ।

भोजनानते स्मरन्नक्ष्णोरङ्गुलाग्राम्बु निक्षिपेत्।।

उचित परिपाक के लिए निम्नलिखित मन्त्र पढ़ते हुए उदर पर तीन बार हाथ फेरे :–

अगस्त्यं वैनतेयं च शनिं च वडवानलम्।

अन्नस्य परिमाणार्थं स्मरेद् भीमं च पच्चमम्।।

भोजन के पश्चात् भगवान् पर समर्पित तुलसी, लौंग, इलायची आदि का सेवन करें।

भोजन के पश्चात् के कर्म :–

विश्राम :–

भोजन के पश्चात् विश्राम अपेक्षित है, किन्तु दिन में नही सोना चाहिए। भोजन के पश्चात् कम से कम सौ (100) मीटर चलकर आठ (8) श्वास तक चित्त, सोलहह (16) श्वास तक दाहिनी करवट और बत्तीस (32) श्वास तक बायीं करवट लेट जाना चाहिए। इससे पाचन में सुविधा होती है तथा आलस्य भी नहीं आता है।

विश्राम के पश्चात् अपने दैनिक कर्मों में व्यस्त हो जाना चाहिए। शास्त्रानुसार भोजन के पश्चात् धामिक एवं ज्ञानवर्द्धक पुस्तकों के अध्ययन, ज्ञान का सम्प्रेषण तथा दैनिक जीविकोपार्जन में व्यस्त हो जाना चाहिए।

लोकयात्रा व सन्ध्योपासना :–

सूर्य के होने से पूर्व मन्दिरों में दर्शन हेतु अवश्य जाना चाहिए। सूर्यास्त से 24 मिनट पूर्व स्नान के पश्चात् शुद्धवस्त्र धारण करके सन्ध्योपासन हेतु भी समय देना चाहिए। सन्ध्योपासना के पश्चात् नित्य एकाग्रता से भगवत् स्मरण करे तथा अपने इष्टदेव का जप करे। भगवान् पर समर्पित चन्दनादि को भी साफ कर देना चाहिए। भाग लगाकर आरती करने के पश्चात् ठाकुरजी को शयन करवा देना चाहिए।

सांध्यदीप :–

सूर्यास्त के समय दीपक जला देना चाहिए, इससे लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। दीप प्रज्जवल के पश्चात् निम्नलिखित मन्त्रों से दीपक प्रकाशरूप ब्रह्म समझकर प्रणाम करें :–

दीपो ज्योतिः परं ब्रह्म दीपो ज्योतिर्जनार्दनः।

दीपो हरतु मे पापं सांध्यदीप! नमोऽस्तु ते।।

शुभं करोतु कल्याणमारोग्यं सुखसम्पदाम्।

शत्रुबुद्धिविनाशं च दीपज्योतिर्नमोऽस्तु ते।।

दीपक को अक्षतपुंज (स्टैण्ड) आदि स्थापित करना चाहिए। सीधे जमीन पर रखना वर्जित है। सायंकालिक भोजन के पश्चात् दिनभर अपने कृत्यों का सिंहावलोकन करना चाहिए।

6.10 सारांश :–

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् छात्र को ब्रह्म, देव, भूत, पितृ, मनुष्य को तृप्त करने हेतु पूजन का ज्ञान प्राप्त होगा। भोजन विधि के ज्ञान से अनेक रोगों से बचाव का ज्ञान प्राप्त होगा। बलिवैश्वदेव एवं भोजन में पंचबलि का विधान मनुष्य के आत्मरक्षण हेतु बताया गया है। पशुओं में भोजन की पहचान करने की अद्भत शक्ति विद्यमान होती है। यदि हम अपने भोजन का कुछ अंश पशुओं को देते हैं तो उनके आचरण से हमें उस भोजन के भक्ष्य अथवा अभक्ष्य होने के संकेत मिल जाते हैं। सभी मनुष्यों को नित्य दिनचर्या में इस सम्मिलित करते हुए इसका आचरण करना चाहिए।

अतः इस इकाई का अध्ययन करने के पश्चात आप नित्यकर्म के महत्वपूर्ण अंगभूत बलिवैश्वदेव प्रकरण में वर्णित पंचमहायज्ञों के विधि–विधानों एवं उनके विधि–निषेधों का भली प्रकार ज्ञान करके बलिवैश्वदेव की समग्र विशेषताओं को संक्षेप में समझा सकेंगे।

6.11 शब्दावली –

1. ब्रह्मयज्ञ	=	शास्त्रों का अध्ययन/वाचन एवं करणीयकर्म
2. देवयज्ञ	=	देव तृप्ति हेतु पूजन, यजन
3. मनुष्ययज्ञ	=	मानवसेवा
4. पितृयज्ञ	=	श्राद्ध करना
5. पंचबलि	=	गाय, श्वान, काक, अतिथि, चींटी को भोजन देना क्रिया में वाक्यों द्वारा
6. अपसव्य	=	जनेऊ तथा उपवस्त्र को दाहिने कन्धे के ऊपर डालकर बायें हाथ के नीचे कर लेना।

6.12 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न :–

प्रश्न –1 : पंचमहायज्ञों के नाम बताइये ?

उत्तर : ये पाँच महायज्ञ है – 1. ब्रह्मयज्ञ, 2. देवयज्ञ, 3. भूतयज्ञ, 4. पितृयज्ञ और 5. मनुष्ययज्ञ।

प्रश्न –2 : देवयज्ञ से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर : देवताओं के निमित्त अग्नि में हवन करना देवयज्ञ कहलाता है।

प्रश्न –3 : भूतयज्ञ में भोजन के मितने ग्रास दिये जाते हैं ?

उत्तर : भूतयज्ञ में भोजन के सत्रह (17) ग्रास दिये जाते हैं।

प्रश्न –4 : पंचबलि में किस–किस के निमित्त भोजन दिया जाता हैं ?

उत्तर : गाय, कुत्ता, कौआ, अतिथि व कीटादि के निमित्त पंचबल दी जाती है।

प्रश्न –5 : ब्राह्मण–भोजन के पश्चात् शेष अन्न का क्या किया जाता है ?

उत्तर : इष्टमित्रों के साथ परिवासहित प्रसाद ग्रहण किया जाता है।

6.13 लघुत्तरात्मक प्रश्न :–

प्रश्न –1 : देवयज्ञ का विधान बताइये ?
प्रश्न –2 : पंचबलि का विधान बताइये ?
प्रश्न –3 : भूतयज्ञ का विधान बताइये ?
प्रश्न –4 : भोजन में पात्र का महत्त्व बताइये ?
प्रश्न –5 : भोजन विधि का वर्णन कीजिये ?

6.14 सन्दर्भ ग्रन्थ –

1. धर्मशास्त्र का इतिहास
लेखक – डॉ. पाण्डुरंग वामन काणे
प्रकाशन – उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

2. नित्यकर्म पूजा प्रकाश,
लेखक – पं. बिहारी लाल मिश्र,
प्रकाशन :– गीताप्रेस, गोरखपुर।

3. अमृतवर्षा, नित्यकर्म, प्रभूसेवा
संकलन ग्रन्थ
प्रकाशन – मल्होत्रा प्रकाशन, दिल्ली।

4. कर्मठगुरू :
लेखक – मुकुन्द वल्लभ ज्योतिषाचार्य
प्रकाशन – मोतीलाल बनारसीदास, वाराणासी।

इकाई –7

नित्य तर्पण

इकाई की रूपरेखा

7.1 प्रस्तावना

7.2 उद्देश्य

7.3 हाथों में तीर्थ का स्थान

7.3.1 तर्पण विधि

7.3.2 देवतर्पण

7.3.3 ऋषि तर्पण

7.3.4 . दिव्य मनुष्य तर्पण

7.3.5 दिव्य पितृ तर्पण

7.3.6 यमतर्पण

7.3.7 मनुष्य अथवा पितर तर्पण

7.3.8 द्वितीय गोत्र तर्पण

7.3.9 भीष्मतर्पण

7.3.10 अर्घ्यदान

7.3.11 सूर्यापस्थान

7.3.12 मुख माजर्न

7.3.13 विसर्जन

7.3.14 समर्पण

7.4 सारांश

7.5 शब्दावली

7.6 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

7.7 लघुत्तरात्मक प्रश्न

7.8 सन्दर्भ ग्रन्थ

7.1 प्रस्तावना

तर्पण का प्रयोजन ऋण से मुक्ति है। इसके पूर्व की इकाई में आपने बलिवैश्यदेव के प्रकरण में पितृयज्ञ का अध्ययन किया है। प्रस्तुत इकाई में नित्यकर्म के अन्तर्गत तर्पण करने की विधि का संगोपांग वर्णन किया गया है।

मनुष्य जीवन में श्राद एवं तर्पण का अपरियार्ह महत्व है। इसी के माध्यम से पितरों का पोषण और परिवार का कल्याण भी मान्य है। तर्पण कार्य प्रतिदिन किया जाना चाहिए। अपरिहार्य परिस्थितियों में यह कार्य श्रादों के अवसर पर सदैव होना चाहिए। तर्पण में तिल मिश्रित जल तीन अज्जली देने का विधान है। शास्त्रीय मान्यताएं है कि तर्पण से मनुयस के पाप नष्ट होते हैं। प्रत्येक मनुष्य के उपर उसके पितरों का ऋण होता है। उससे मुक्त होने के लिए ऋषि मुनियों ने गृहस्थ अथवा अन्य जीवन में भी तर्पण की अनिवार्यता को बताया है। वस्तुतः ''सन्ततिः पितृ स्नोकानां की संकल्पना जो पितृ ऋण से मुक्त कराती है वह तो है ही।

इस इकाई में वर्णित तर्पण विधि (देवाषिपित) का सम्यक् अध्ययन करके आप दैनिक जीवन में तर्पण प्रयोग के महत्व को जानकार तर्पण के द्वारा प्राप्त होने वाले लाभों एवं उससे शमन होने वाले विभिन्न दोषों को समझा सकेगे।

7.2 उद्देश्य

देवर्पिपितृ तर्पण से संबंधित इस इकाई के अध्ययन के पश्चात आप –

1 पितृ तर्पण की महत्ता बता सकेंगे।
2 देव तर्पण और पितृ तर्पण में अन्तर समझा सकेंगे।
3 दिव्य तर्पण की परिभाषा बता सकेंगे।
4 तर्पण विधान का उल्लेख कर सकेंगे।
5 शास्त्रों में तर्पण संबंधी जो विशिष्ट तथ्य है, उनका ज्ञान करा सकेंगे।
6 भीष्म तर्पण, अर्ध्यदान, सूर्यापस्थान इत्यादि की क्रियाओं को समझा सकेंगे।

7.3 हाथों में तीर्थ का स्थान :–



7.3.1 तर्पण विधि

प्रातः काल ब्रह्मवेला के पूर्व शयन से उठकर शौचादि से निवृत्त होकर किसी नदी, सरोवर या कुएँ पर ही अपनी सुविधा के अनुसार स्नान करके शुद्ध उज्ज्वल वस्त्र धारण करके पूर्वाभिमुख हो कुशासन पर बैठकर तर्पण करना चाहिए। स्वर्ण, चाँदी, तांबा, काँसे का पात्र पितरों के तर्पण हेतु श्रेष्ठ बताया गया है। मिट्टी तथा लोहे का पात्र सर्वथा वर्जित है।

सप्तमी एवं रविवार को, घर में, जन्मदिन में, दास, पुत्र और स्त्री की कामना वाला मनुष्य तिल से तर्पण नहीं करे। नन्दातिथि (१–६–११), शुक्रवार, कृतिका, मघा एवं भरणी नक्षत्र, रविवार तथा गजच्छाया योग में तिल से जल में कदापि तर्पण नहीं करे।

तर्पण का फल सूर्योदय से आधे प्रहर तक अमृत, एक प्रहर तक मधु, डेढ़ प्रहर तक दूध तथा साढ़े तीन प्रहर तक जल :प से पितरों को प्राप्त होता है। इसके उपरान्त दिया गया जल राक्षसों को प्राप्त होता है।

कुशा के अग्रभाग से देवताओं का, मध्यभाग से मनुष्यों का और मूलभाग तथा अग्रभाग से पितरों का तर्पण करे। घर में ग्रहणकाल, पितृश्राद्ध, व्यतिपातयोग, अमावस्या, तथा संक्रान्ति के दिन निषेध होने पर भी तिल से तर्पण करना चाहिए, किन्तु अन्य दिनों में घर में तिल से तर्पण नहीं करना चाहिए।

तत्पश्चात्तीन बार आचमन, पवित्रीधारण, प्राणायाम आदि करे :–

ऊँ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।

ऊँ पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसाधियः।

पुनन्तु विश्वाभूतानि जातवेदः पुनीहिमा।।

ऊँ पुण्डरीकाक्षः पुनातु (तीन बार उच्चारण करे)

बायें हाथ में जल लेकर तीन बार आचमन करे :– ऊँ केशवाय नमः। ऊँ नारायणाय नमः। ऊँ माधवाय नमः। पुनः गोविन्दाय नमः बोलकर हाथ धोवे और यदि ज्यादा ही कर सके तो तीन बार पूरक (दायें हाथ के अंगूठे से नाक का दायाँ छेद बन्द करके बायें छेद से श्वास अन्दर लेवे), कुम्भक (दायें हाथ की छोटी अंगुली से दूसरी अंगुली द्वारा बाया छेद भी बन्द करके श्वास को अन्दर रोके), रेचक (दायें अंगूठे को धीरे–धीरे हटाकर श्वास बाहर निकाले) करे।

नोट :– नित्य स्नानाङ्ग तर्पण अर्थात्नदी, तालाब अथवा जल में तर्पण के समय भूमि एवं आसनादि की पूजा की आवश्यकता नहीं है परन्तु नित्यकर्म के समय आसनादि भूमि की पूजा, शिखाबन्धन, वरुण पूजन आदि प्रत्येक कार्य में अवश्य करनी चाहिए।

संक्षिप्त भूमिपूजन :–(भूमि का पूजन करें) :–

ऊँ स्योना पृथिवि नो भवानृक्षरानिवेशनि।

च्छा नः शर्म्म सप्रथाः।। ऊँ कर्मभूम्यै नमः।। (सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि)

आसनपूजन (आसन की पूजा करे) :–

ऊँ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।

त्वं च धारय मां देवि! पवित्रं कुरु चासनम् ।

ऊँ कूर्मासनाय नमः।

ऊँ अनन्तासनाय नमः।

ऊँ विमलासनाय नमः। (सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षतपुष्पाणि समर्पयामि)

शिखा बन्धन (शिखा का बन्धन करे तथा सिर पर वस्त्र रख देवे) :–

मा नस्तोके तनये मानऽआयुषि मा नो गोषु मा नोऽअश्श्वेषु–रीरिष।

मा नो व्वीरान्नरुद्र्र भामिनो व्वधीर्हविष्मन्त सदमित्त्वा हवामहे।

प्रार्थना (तीर्थ आवाहन – यदि तीर्थ, सरोवर आदि स्थान पर स्नानाङ्ग तर्पण कर रहे है तो तीर्थों की प्रार्थना अवश्य करे) :–

पुष्कराद्यानि तीर्थानि गङ्गाद्याः सरितस्तथा।

आगच्छन्तु पवित्राणि स्नानकाले सदा मम।।

गङ्गे च यमुने चौव गोदावरि सरस्वति।

नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु।।

त्वं राजा सर्वतीर्थानां त्वमेव जगतः पिता।

याचितं देहि मे तीर्थं तीर्थराज नमोऽस्तुते।।

गङ्गा प्रार्थना :–

विष्णुपादाब्जसम्भूते! गङ्गे! त्रिपथगामिनी!

धर्म्मद्रवेति विख्याते! पापं मे हर जाह्नवी।।

गङ्ग गङ्गेति यो ब्याद्योजनानां शतैरपि।

मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति।।

वरुण पूजन् (ताँबे के पात्र में जलभरकर कलश को स्थापित करते हुए पूजन करे) :–

ऊँ तत्वाामि ब्रह्मणा व्वन्दमानस्तदाशास्ते जमानो हविर्भिः।

अहेडमानो व्वरुणे हबोद्ध्युरुश œ समानऽ आयुः प्रमोषीः।। ऊँ वरुणाय नमः।

पूर्वे ऋग्वेदाय नमः। दक्षिणे यजुर्वेदाय नमः।

पश्चिमे सामवेदाय नमः। उत्तरे अथर्ववेदाय नमः।

मध्ये साङ्गवरुणाय नमः। सर्वोपचारार्थे चन्दन अक्षतपुष्पाणि समर्पयामि।

अंकुशमुद्रया सूर्यमण्डलात्सर्वाणि तीर्थानि आवाहयेत् (दायें हाथ की मध्यमा अङ्गुली से जलपात्र में सभी तीर्थों का आवाहन करे) :–

गङ्गे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति।

नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेस्मिन्सन्निधिं कुरु।।

कलशस्य मुखे विष्णु कण्ठे रुद्ररू समाश्रितरू।

मूले तत्र स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणारू स्मृतारू।।

कुक्षौ तु सागरारू सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा।

ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदरू सामवेदो ह्यथर्वणरू।।

औश्च सहितारू सर्वे कलशाम्बु समाश्रितारू।

गायत्री चात्र सावित्री शान्तिरू पुष्टिकरा तथा।

आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकारू।।

गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।

नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन्सन्निुध कुरु।।

ब्रह्माण्डोदर तीर्थानि करैरू स्पृष्टानि ते रवे।

तेन सत्येन मे देव तीर्थं देहि दिवाकर।।

ऊँ जलबिम्बाय विद्महे नीलपुरुषाय धीमहि। तन्नो अम्बु प्रचोदयात्। श्श्क्यच्य मूलेन अष्टवारम्भिमन्त्र्य, धेनुमुद्रया अमृतीकृत्य, मत्स्यमुद्रया आच्छाद्य।

उदकेन पूजासामग्रीं स्वात्मानं च सम्प्रोक्षयेत्(पात्र के जल से पूजन सामग्री एवं स्वयं का प्रोक्षण करे) :–

ऊँ आपो हिष्ठामयोभुवस्तानऽऊर्ज्जेदधातन। महेरणायचक्षसे।।

ोवः शिवतमोरसस्तस्यभाजयते हनः। उशतीरिवमातरः।।

तस्म्माऽअरङ्गमामवोयस्यक्षयायजिन्न्वथ आपोजनयथाचनः।।

निम्न मन्त्रों से सरसों का विकिरण करे अथवा सभी दिशाओं में नमस्कार करे :–

पूर्वे रक्षतु गोविन्द	–	पूर्व में गोविन्द रक्षा करे।
आग्रेय्यां गरुड़ध्वजः	–	आग्रेय कोण में गरुड़ध्वज रक्षा करे।
दक्षिणे रक्षतु वाराहो	–	दक्षिण में वराह रक्षा करे।
नारसिंहस्तु नैर्ऋते	–	नैर्ऋत्यकोण में नृसिंह रक्षा करे।

पश्चिमे वारुणो रक्षेद् – पश्चिम में वरुण रक्षा करे।

वायव्यां मधुसूदनः – वायव्यकोण मधुसूदन रक्षा करे।

उत्तरे श्रीधरो रक्षेद् – उत्तर में श्रीधर रक्षा करे।

ऐशान्ये तु गदाधरः – ईशानकोण में गदाधर रक्षा करे।

ऊर्ध्वं गोवर्धनो रक्षेद् – ऊपर गोवर्धन रक्षा करे।

अधस्ताद्त्रिविक्रमः – नीचे त्रिविक्रम विष्णु रक्षा करे।

एवं दश दिशो रक्षेद्वासुदेवो जनार्दनः – सभी दिशाओं में जनार्दन वासुदेव रक्षा करे।

तत्पश्चात्हाथ दायें हाथ में त्रिकुश, यव, अक्षत और जल लेकर अधोलिखित सङ्कल्प करे :–

ऊँ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अखिलब्रह्माण्डान्तर्गत भूमण्डल मध्ये सप्तद्वीप मध्यवर्तिनी जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत ब्रह्मावर्तैकदेशे गंगायमुनयोः पश्चिमभागे नर्मदाया उत्तरे भागे अर्बुदारण्ये पुष्करक्षेत्रे राजस्थान प्रदेशे गालवाश्रम उपक्षेत्रे (जयपत्तने) अस्मिन् देवालये (गृहे) देव–ब्राह्मणानां सन्निधौ ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे रथन्तरादि द्वात्रिंशत्कल्पानां मध्ये अष्टमे श्रीश्वेतवाराहकल्पे स्वायंभुवादि मन्वन्तराणां मध्ये सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे चतुर्णां युगानां मध्ये वर्तमाने अष्टाविंशतितमे कलियुगे प्रथमचरणे बौद्धावतारे प्रभवादि षष्टिसम्वत्सराणां मध्येऽस्मिन् वर्तमाने अमुकनाम्नि सम्वत्सरे अमुकवैक्रमाब्दे विक्रमादित्यराज्यात् शालिवाहनशके अमुकायने अमुकऋतौ अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकराशिस्थिते चन्द्रे अमुकराशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते देवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथायथा राशिस्थान स्थितेषु सत्सु एवं गुणगणविशेषेण विशिष्टायां शुभपुण्य बेलायां अमुकगोत्रः (शर्मा/वर्मा/गुप्त/दास) अमुकोऽहं ममात्मनः श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफल प्राप्त्यर्थं ऐश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं अप्राप्तलक्ष्मी प्राप्त्यर्थं प्राप्तलक्ष्म्याश्चिरकाल संरक्षणार्थं सकलमनईप्सित कामना संसिध्यर्थं लोके सभायां राजद्वारे वा सर्वत्र यशोविजयलाभादि प्राप्त्यर्थं इह जन्मनि जन्मान्तरे वा सकलदुरितोपशमनार्थं मम सभार्यस्य सपुत्रस्य सबान्धवस्य अखिलकुटुम्बसहितस्य समस्तभयव्याधि जरापीड़ा–मृत्यु परिहार द्वारा आयुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्ध्यर्थं मम जन्मराशेः नामराशेः वा सकाशाद्ये केचिद्विरुद्घचतुर्थाष्टमद्वादशस्थानस्थितक्रूरग्रहास्तैः सूचितं सूचयिष्यमाणं च यत्सर्वारिष्टं तद्विनाशद्वारा एकादशस्थान–स्थितवच्छुभफल प्राप्त्यर्थं पुत्रपौत्रादि सन्ततेरविच्छिन्न वृद्ध्यर्थं आदित्यादिनवग्रहानुकूलतासिध्यर्थं त्रिविधतापोपशमनार्थं चतुर्विध पुरुषार्थ सिध्यर्थं देव–ऋषि–मनुष्य–पितृ तर्पणमहं करिष्ये।

तत्पश्चात्एक ताम्र पात्र अथवा चाँदी (स्वर्ण अथवा कांस्य का भी ग्राह्य है) के पात्र में श्वेत चन्दन, अक्षत, सुगन्धित पुष्प और तुलसीदल रखे, फिर उस पात्र के ऊपर एक हाथ या प्रादेशमात्र लम्बे तीन कुश रखे, जिनका अग्रभाग पूर्व की ओर रहे। इसके बाद उस पात्र में तर्पण के लिए जल भर देवे, तत्पश्चात्उसमें रखे हुए तीनों कुशों को तुलसी सहित सम्पुटाकार दायें हाथ में लेकर बायें हाथ से उसे ढक लेवे और निम्नाङ्कित मन्त्र पढ़ते हुए देवताओं का आवाहन करे :–

ऊँ विश्वेदेवास आगत शृणुता म इम ꣳ हवम्। इदं बर्हिर्निषीदत।।

अर्थात्हे विश्वेदेवगण! हमारे प्रेमपूर्वक किये हुए इस आवाहन को सुने और इस कुश के आसन पर विराजमान हो।

प्रार्थना करे :– हे विश्वेदेवगण! आप लोगों में से जो अन्तरिक्ष में हो, जो द्युलोक (स्वर्ग) के समीप हो तथा अग्नि के समान जिह्वावाले एवं यजन करने योग्य हो, वे सभी हमारे इस आवाहन को सुने और इस कुशासन पर बैठकर तृप्त हो।

आगच्छन्तु महाभागः विश्वेदेवा महाबलाः।

ये तर्पणेऽत्र विहिताः सावधाना भवन्तु ते।।

जिनका इस तर्पण में वेदविहित अधिकार है, वे महान्बलशाली महाभाग विश्वेदेवगण यहाँ आवे और सावधान हो जाये।

इस प्रकार आवाहन करके कुश का आसन देवे और उन पूर्वाग्रकुशों (देवताओं का तर्पण कुश के अग्रभाग से, मनुष्यों का मध्यभाग से और पितरों का मूलाग्र एवं दक्षिणाग्रभाग से करना चाहिए। इसी प्रकार देवतर्पण में पूर्वाभिमुख, मनुष्यतर्पण में उत्तराभिमुख और पितृतर्पण में दक्षिणाभिमुखी रहना चाहिए।) द्वारा दायें हाथ की समस्त अङ्गुलियों के अग्रभाग अर्थात्देवतीर्थ से ब्रह्मादि देवताओं के लिए पूर्वोक्त पात्र में से एक–एक अञ्जलि चावल मिश्रित जल लेकर दूसरे पात्र में गिरावे, और निम्राङ्कित :प से उन–उन देवताओं के नाममन्त्र पढ़ता रहे।

देवताओं को एक–एक, मनुष्यों को दो–दो और पितरों को तीन–तीन अञ्जलि जल देना चाहिए। स्त्रियों में माता, पितामही और प्रपितामही आदि को तीन–तीन, सौतेली माँ और आचार्य–पत्नी को दो–दो तथा अन्य सभी स्त्रियों को एक–एक अञ्जलि जल देना चाहिए। यथा –

एकैकमञ्जलिं देवा द्वौ द्वौ तु सनकादयः।

अर्हन्ति पितरस्त्रींस्त्रीन्स्त्रिय एकैकमञ्जलिम्।।

7.3.2 **देवतर्पण** (देवताओं को एक–एक अञ्जलि जल देना चाहिए।) :–

१. ऊँ ब्रह्मास्तृप्यताम्, २. ऊँ विष्णुस्तृप्यताम्,

३. ऊँ रुद्रस्तृप्यताम्, ४. ऊँ प्रजापतिस्तृप्यताम्,

५. ऊँ देवास्तृप्यन्ताम्, ६. ऊँ छन्दांसि तृप्यन्ताम्,

७. ऊँ वेदास्तृप्यन्ताम्, ८. ऊँ ऋषयस्तृप्यन्ताम्,

९. ऊँ पुराणाचार्यास्तृप्यन्ताम्, १०. ऊँ गन्धर्वास्तृप्यन्ताम्,

११. ऊँ इतराचार्यास्तृप्यन्ताम्, १२. ऊँ सम्वत्सरः सावयवस्तृप्यन्ताम्,

१३. ऊँ देव्यस्तृप्यन्ताम्, १४. ऊँ अप्सरसस्तृप्यन्ताम्,

१५. ऊँ देवानुगास्तृप्यन्ताम्, १६. ऊँ नागास्तृप्यन्ताम्,

१७. ऊँ सागरास्तृप्यन्ताम्, १८. ऊँ पर्वतास्तृप्यन्ताम्,

१९. ऊँ सरितस्तृप्यन्ताम्, २०. ऊँ मनुष्यास्तृप्यन्ताम्,

२१. ऊँ यक्षास्तृप्यन्ताम्, २२. ऊँ रक्षांसि तृप्यन्ताम्,

२३. ऊँ पिशाचास्तृप्यन्ताम्, २४. ऊँ सुपर्णास्तृप्यन्ताम्,

२५. ऊँ भूतानि तृप्यन्ताम्, २६. ऊँ पशवस्तृप्यन्ताम्,

२७. ऊँ वनस्पतयस्तृप्यन्ताम्, २८. ऊँ ओषधयस्तृप्यन्ताम्,

२९. ऊँ भूताग्रामश्चतुर्विधस्तृप्यन्ताम्।

7.3.3 ऋषि तर्पण :–

पूर्ववत्निम्नाङ्कित मन्त्रवाक्यों से मरीचि आदि ऋषियों को भी एक–एक अञ्जलि देवे :–

१. ऊँ मरीचिस्तृप्यताम्, २. ऊँ अत्रिस्तृप्यताम्,

३. ऊँ अङ्गिरास्तृप्यताम्, ४. ऊँ पुलस्त्यस्तृप्यताम्,

५. ऊँ पुलहस्तृप्यताम्, ६. ऊँ क्रतुस्तृप्यताम्,

७. ऊँ वसिष्ठस्तृप्यताम्, ८. ऊँ प्रचेतास्तृप्यताम्,

९. ऊँ भृगुस्तृप्यताम्, १०. ऊँ नारदस्तृप्यताम्,

7.3.4 दिव्यमनुष्य तर्पण (प्रत्येक को दो–दो अञ्जलि यव सहित जल प्राजापत्य तीर्थ से अर्पण करे) :–

इसके पश्चात्यज्ञोपवीत को माला की भाँति गले में धारण करते हुए नींवीबन्धन करके (देवतर्पण तथा अन्य कार्यों में यज्ञोपवीत बायें कन्धे पर रहता है, इसकी उपवीत संज्ञा है, पितृकार्य में यज्ञोपवीत दायें कन्धे पर रहता है, इसको अपसव्य कहते है) पूर्वोक्त कुशों को दायें हाथ की कनिष्ठिका के मूलभाग मे उत्तराग्र रखकर स्वयं उत्तराभिमुख हो निम्नाङ्कित मन्त्र को पढ़ते हुए दिव्य मनुष्यों के लिए प्रत्येक को दो–दो अञ्जलि यव सहित जल प्राजापत्य तीर्थ (कनिष्ठिका के मूलभाग) से अर्पण करे :–

१. ऊँ सनकस्तृप्यताम्, २. ऊँ सनन्दनस्तृप्यताम्,

३. ऊँ सनातनस्तृप्यताम्, ४. ऊँ कपिलस्तृप्यताम्,

५. ऊँ आसुरिस्तृप्यताम्, ६. ऊँ वोढुस्तृप्यताम्,

७. ऊँ पञ्चशिखस्तृप्यताम्।

7.3.5 दिव्यपितृ तर्पण (दिव्य पितरों के लिए तीन–तीन अञ्जलि देवे) :–

तत्पश्चात्उन कुशों को द्विगुण–भुग्न करके उनका मूल और अनुभाग दक्षिण की ओर किये हुए उन ही उन्हें अङ्गुष्ठ और तर्जनी के बीच में रखे और स्वयं दक्षिणाभिमुख होकर बायें घुटने को पृथ्वी पर रखकर अपसव्य–भाव से (जनेऊ को दायें कन्धे पर रखकर) पूर्वोक्त पात्रस्थ जल में काले तिल (तिल और कुशा के साथ श्रद्धा से जो कुछ दिया जाता है, वह अमृतःप होकर पितरों को प्राप्त होता है। याज्ञवल्क्य के अनुसार देवताओं के लिए श्वेत, दिव्य मनुष्यों के लिए शबल और पितरों के लिए काले तिल का उपयोग करना चाहिए। अग्निपुराण के अनुसार जिसका पुत्र जीवित हो, उसके द्वारा तिल–तर्पण का निषेध किया गया है।) मिलाकर पितृतीर्थ से (अङ्गुष्ठ और तर्जनी के मध्यभाग से) दिव्य पितरों के लिए निम्नाङ्कित मन्त्रवाक्यों को पढ़ते हुए तीन–तीन अञ्जलि देवे। यथा –

१. ऊँ कव्यवाडनलस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

२. ऊँ सोमस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

३. ऊँ यमस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

४. ऊँ अर्यमा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

५. ऊँ अग्निष्वात्ताः पितरस्तृप्यन्ताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तेभ्यः स्वधा नमः।।

६. ऊँ सोमपाः पितरस्तृप्यन्ताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तेभ्यः स्वधा नमः।।

७. ऊँ बर्हिषदः पितरस्तृप्यन्ताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तेभ्यः स्वधा नमः।।

7.3.6 यमतर्पण :–

पूर्ववत्निम्नलिखित मन्त्र–वाक्यों को पढ़ते हुए चौदह यमों के लिए भी पितृतीर्थ से ही तीन–तीन अञ्जलि तिलसहित जल देवे :–

१. ऊँ यमाय नमः, २. ऊँ धर्मराजाय नमः, ३. ऊँ मृत्यवे नमः,

४. ऊँ अन्तकाय नमः, ५. ऊँ वैवस्वताय नमः, ६. ऊँ कालाय नमः,

७. ऊँ सर्वभूतक्षयाय नमः, ८. ऊँ औदुम्बराय नमः, ९. ऊँ दध्नाय नमः,

१०. ऊँ नीलाय नमः, ११. ऊँ ऊँ परमेष्ठिने नमः, १२. ऊँ वृकोदराय नमः,

१३. ऊँ चित्राय नमः, १४. ऊँ चित्रगुप्ताय नमः ।

७.१०. मनुष्य अथवा पितर तर्पण :–

तत्पश्चात्निम्नाङ्कित मन्त्र से पितरों का आवाहन करे :–

ऊँ उशन्तस्त्वा निधीमह्युशन्तः समिधीमहि।

अशन्नुशत आवाह पितृन्हविषे अत्तवे।।

हे अग्नि! तुम्हारे यजन की कामना करते हुए हम तुम्हे हविष्य स्थापित करते है। यजन की इच्छा रखते हुए तुम्हें प्रज्वलित करते है। हविष्य की इच्छा रखते हुए तुम भी तृप्ति की कामना वाले हमारे पितरों को हविष्य भोजन करने के लिए बुलाओ।

आयन्तु नः पितरः सोम्यासोऽग्निष्वात्ताः पथिभिर्देवयानैः।

अस्मिन्यज्ञे स्वधया मदन्तोऽधिब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान्।।

हमारे सोमपान करने योग्य अग्निष्वात्त (जिनके शरीर का अग्नि ने आस्वादन किया है अर्थात्इस लोक में मृत्यु के पश्चात्जिनका शरीर दग्ध किया गया है, वे अग्निष्वात्त है।) पितृगण देवताओं के साथ गमन करने योग्य मार्गों से यहाँ आवें और इस यज्ञ में स्वधा से तृप्त होकर हमे मानसिक उपदेश देते हुए हमारी रक्षा करे।

तत्पश्चात्अपने पितृगणों (तर्पण में पितरों का क्रम – पिता, पितामह, प्रपितामह । माता, पितामही, प्रपितामही, सौतेली माता, मातामह, प्रमातामह, वृद्धप्रमातामह, मातामही, प्रमातामही, वृद्धप्रमातामही, पत्नी, पुत्र (सपत्नीक एवं पुत्र सहित), पति–पुत्र सहित पुत्री । पत्नी–पुत्रादि सहित फूफा तथा मौसी, बहिन तथा सौतेली बहन। पत्नी आदि सहित श्वसुर, सद्गुरु, शिष्य तथा आप्तपुरुष – ये सभी इसी क्रम से महालयविधि तथा तीर्थश्राद्ध एवं तर्पण के लिए पितर निश्चित किये गये है।) का नाम–गोत्र आदि उच्चारण करते हुए प्रत्येक के लिए पूर्वोक्त विधि से ही तीन–तीन अञ्जलि तिलसहित जल देवे। यथा–

ऊँ अमुकगोत्रः अस्मत्पिता (पिता) अमुकशर्मा वसुःपातृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकगोत्रः अस्मत्पितामहः (दादा) अमुकशर्मा रुद्रःपातृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकगोत्रः अस्मत्प्रपितामहः (परदादा) अमुकशर्मा आदित्यःपातृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

नोट :– मतान्तर से गोभिल सूत्र के अनुसार स्त्रियों के नाम के अन्त में श्श्दाय्य लगाना चाहिए।

अमुकगोत्रा अस्मन्माता (माता) अमुकीदेवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकगोत्रा अस्मत्पितामही (दादी) अमुकीदेवी रुद्रःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकगोत्रा अस्मत्प्रपितामही (परदादी) अमुकीदेवी आदित्यःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकगोत्रा अस्मत्सापत्नमाता (सौतेली माँ) अमुकीदेवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

तत्पश्चात्अधोलिखित नौ मन्त्रों को पढ़ते हुए पितृतीर्थ से जल गिराते रहे :– ऊँ उदीरतामवर अत्परास उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः। असुं य ईयुरवृका ऋतज्ञास्ते नोऽवन्तु पितरो हवेषु।।

इस लोक में स्थित, परलोक में स्थित और मध्यलोक में स्थित सोमभागी पितृगण क्रम से ऊर्ध्वलोक को प्राप्त हो। जो वायुःप को प्राप्त हो चुके है, वे शत्रुहीन सत्यवेत्ता पितर आवाहन करने पर यहाँ उपस्थित होकर हम सभी की रक्षा करे।

१. अङ्गिरसो नः पितरो न वग्वा अथर्वाणो भृगवः सोम्यासः।

तेषां वय ँ सुमतौ यज्ञियानामपि भद्रे सौमनसे स्याम।।

२. आयन्तु नः पितरः सोम्यासोऽग्निष्वात्ताः पथिभिर्देवयानैः।

अस्मिन्यज्ञे स्वधया मदन्तोऽधिब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान्।।

३. ऊर्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परिस्रुतम्। स्वधास्य तर्पयत मे पितॄन्।

४. पितृब्यः स्वधायिब्यः स्वधानमः पितामहेभ्यः स्वधायिब्यः स्वधानमः प्प्रपितामहेब्यः

स्वधायिब्यः स्वधानमः। अक्षन्निपतरोमीमदन्तपितरोतीतृपन्त पितरः पितरः शुन्धध्वम्।

५. ये चेह पितरो ये च नेह यांश्च विद्म याँ उ च न प्रविद्म।

त्वं वेत्थ याति ते जातवेदः स्वधाभिर्यज्ञ ँ सुकृतं जुषस्व।।

६. मधु वता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः। माध्वीर्न सन्त्वोषधीः।।

मधु नक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिव ँ रजः। मधु द्यौरस्तु नः पिता।।

मधुमान्नो वस्पतिर्मधुमाँ अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः।।

ऊँ मधु। मधु। मधु। तृप्यध्वम्। तृप्यध्वम्। तृप्यध्वम्।

७. ऊँ नमो वः पितरो रसाय नमो वः पितरः शोषाय नमो वः पितरो जीवाय नमो वः

पितरः स्वधायै

नमो वः पितरो घोराय नमो वः पितरो मन्यवे नमो वः पितरः पितरो नमो वो गृहान्न पितरो दत्त सतो

वः पितरो द्वेष्मैतद्वः पितरो वास आधत्त।

१. अङ्गिरा के कुल में, अथर्व मुनि के वंश में तथा भृगुकुल में उत्पन्न हुए नवीन गतिवाले एवं सोमपान करने योग्य जो हमारे पितर इस समय पितृलोक को प्राप्त है, उन यज्ञ में पूजनीय पितरों की सुन्दर बुद्धि में तथा उनके कल्याणकारी मन में हम स्थित रहे अर्थात्उनकी मन–बुद्धि में हमारे कल्याण की भावना बनी रहे।

२. हमारे सोमपान करने योग्य अग्निष्वात्त (जिनके शरीर का अग्नि ने आस्वादन किया है अर्थात्इस लोक में मृत्यु के पश्चात्जिनका शरीर दग्ध किया गया है, वे अग्निवात्त है।) पितृगण देवताओं के साथ गमन करने योग्य मार्गों से यहाँ आवें और इस यज्ञ में स्वधा से तृप्त होकर हमे मानसिक उपदेश देवे तथा वे हमारी रक्षा करे।

३. हे जल! तुम स्वादिष्ट अन्न के सारभूत रस, रोग, मृत्यु को दूर करने वाले घी और सभी प्रकार का कष्ट मिटाने वाले दुग्ध का वहन करते हो तथा सभी ओर प्रवाहित होते हो, अतएव तुम पितरों के लिए हविस्वःप हो, इसलिए मेरे पितरों को तृप्त करो।

४. स्वधा (अन्न) के प्रति गमन करने वाले पितरों को स्वधा (स्वधा वै पितृणामन्नम्) संज्ञक अन्न प्राप्त हो, उन पितरों को हमारा नमस्कार है। स्वधा के प्रति जाने वाले पितामहों को स्वधा प्राप्त हो, उन्हें हमारा नमस्कार है। स्वधा के प्रति गमन करने वाले प्रपितामहों को स्वधा प्राप्त हो, उन्हें हमारा नमस्कार है। पितर पूर्ण आहार कर चुके, पितर आनन्दित हुए पितर तृप्त हुए। हे पितरो! अब आपलोग (आचमन आदि करके) शुद्ध हो।

५. जो पितर इस लोक में वर्तमान है और जो इस लोक में नहीं (किन्तु पितृलोक में विद्यमान है) तथा जिन पितरों को हम जानते है और जिनको (स्मरण न होने के कारण) नहीं जानते है, वे सभी पितर जितने है, उन सभी को हे जातवेद अग्निदेव! तुम जानते हो। (पितरों के निमित्त दी जाने वाली) स्वधा के द्वारा तुम इस श्रेष्ठ यज्ञ का सेवन करो, इसे सफल बनाओ।

६. यज्ञ की इच्छा करने वाले यजमान के लिए वायु मधु (पुष्प–रस) की वर्षा करती है। बहने वाली नदियाँ मधु के समान मधुर जल का स्रोत बहाती है। समस्त औषधियाँ हमारे लिए मधुर रस से युक्त हो। हमारे रात–दिन सभी मधुमय हो। पिता के समान पालन करने वाला द्युलोक हमारे लिए मधुमय–अमृतमय हो। माता के समान पोषण करने वाली पृथ्वी की धूल हमारे लिए मधुमयी हो। वनस्पति और सूर्य भी हमारे लिए मधुमान (मधुर रस से युक्त) हो। हमारी समस्त गायें माध्वी – मधु के समान दूध देने वाली है।

७. हे पितृगण! तुम से सम्बन्ध रखने वाली रसस्वःप वसन्त–ऋतु को नमस्कार है, शोषण करने वाली ग्रीष्म–ऋतु को नमस्कार है, स्वधाःप शरद्–ऋतु को नमस्कार है, प्राणियों के लिए घोर प्रतीत होने वाली हेमन्त ऋतु को नमस्कार है, क्रोध स्वःप शिशिर–ऋतु को नमस्कार है। (अर्थात्तुम से सम्बन्ध रखने वाली सभी ऋतुएँ तुम्हारी कृपा से सर्वथा अनुकूल होकर सभी को लाभ पहुँचाने वाली हो) हे षड्ऋतुःप पितरो! तुम हमें (साध्वी पत्नी और सत्पुत्र आदि से युक्त) उत्तम गृह प्रदान करो। हे

पितृगण! इन प्रस्तुत दातव्य वस्तुओं को हम तुम्हे अर्पण करते है, तुम्हारे लिए यह (सूत्रःप) वस्त्र है, इसे धारण करो।

7.3.8 द्वितीय गोत्र तर्पण :–

इसके बाद द्वितीय गोत्र मातामह आदि का तर्पण करे, यहाँ भी पहले की ही भाँति अधोलिखित मन्त्रों को तीन–तीन बार पढ़कर तिलसहित जल की तीन–तीन जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे :–

ऊँ अद्य अमुकगोत्रः अस्मन्मातामहः (नाना) अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकगोत्रः अस्मत्प्रमातामहः (परनाना) अमुकशर्मा रुद्रःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकशर्मा अमुकगोत्रः अस्मद्वृद्धप्रमातामहः (वृद्ध परनाना) आदित्यःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकगोत्रा अस्मन्मातामही (नानी) अमुकी देवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकगोत्रा अस्मत्प्रमातामही (परनानी) अमुकी देवी रुद्रःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

अमुकगोत्रा अस्मद्वृद्धप्रमातामही (वृद्धनानी) अमुकी देवी आदित्यःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।।

पत्न्यादि तर्पण :– तत्पश्चात्यहाँ भी पहले की ही भाँति अधोलिखित मन्त्रों को पढ़कर तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे :–

अमुकगोत्रा अस्मत्पत्नी (भार्या) अमुकी देवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – एक बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मत्सुतः (पुत्र) अमुकशर्मा वसुःपास्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रा अस्मत्कन्या (पुत्री) अमुकीदेवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – एक बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मत्पितृव्यः (पिता के भाई) अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मन्मातुलः (मामा) अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मद्भ्राता (अपना भाई) अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मत्सापत्नभ्राता (सौतेला भाई) अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रा अस्मत्पितृभगिनी (बुआ) अमुकीदेवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – एक बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रा अस्मन्मातृभगिनी (मौसी) अमुकीदेवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – एक बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रा अस्मत्आत्मभगिनी (अपनी बहिन) अमुकीदेवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – एक बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रा अस्मत्सापत्नसापत्नभगिनी (सौतेली बहिन) अमुकीदेवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – एक बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मच्छ्वशुरः (श्वसुर) अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मद्गुरुः (गुरु) अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रा अस्मदाचार्य पत्नी (आचार्य की पत्नी) अमुकीदेवी वसुःपा तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – दो बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मच्छिष्यः (अपना शिष्य) अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मत्सखा (अपना मित्र) अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

अमुकगोत्रः अस्मदाप्तपुरुषः अमुकशर्मा वसुःपस्तृप्यताम्इदं सतिलं जलं (गङ्गाजलं वा) तस्मै स्वधा नमः।। – तीन बार तिलसहित जल की जलाञ्जलि पितृतीर्थ से देवे।

तत्पश्चात्सव्य होकर पूर्वाभिमुख होकर नीचे लिख श्लोकों को पढ़ते हुए जलाञ्जलि देवे :–

देवाऽसुरास्तथा यक्षा नागा गन्धर्वराक्षसाः।

पिशाचा गुह्यकाः सिद्धाः कूष्माण्डास्तरवः खगाः।।१।।

जलेचरा भूनिलया वाय्वाधाराश्च जन्तवः।

प्रीतिमेते प्रयान्त्वाशु मद्दत्तेनाम्बुनाखिलाः।।२।।

नरकेषु समस्तेषु यातनासु च ये स्थिताः।

तेषामाप्यायनायैतद्दीयते सलिलं मया।।३।।

येऽबान्धवा बान्धवा वा येऽन्यजन्मनि बान्धवाः।

ते सर्वे तृप्तिमायान्तु ये चास्मत्तोयकाङ्क्षिणः।।४।।

देवता, असुर, यक्ष, नाग, गन्धर्व, राक्षस, पिशाच, गुह्यक, सिद्ध, कूष्माण्ड, वृक्षवर्ग, पक्षी, जलचर तथा थलचर जीव और वायु के आधार पर रहने वाले जन्तु – ये सभी मेरे दिये हुए जल से शीघ्र तृप्त हो। जो समस्त नरकों तथा वहाँ की यातनाओं में पड़े–पड़े दुःख भोग रहे हैं, उनको पुष्ट तथा शान्त करने की इच्छा से मैं यह जल देता हूँ। जो मेरे बान्धव न रहे हो, जो इस जन्म में मेरे बान्धव रहे हो अथवा किसी दूसरे जन्म में मेरे बान्धव रहे हो, वे सभी तथा इनके अतिरिक्त भी जो मुझसे जल पाने की इच्छा रखते हो, वे भी मेरे दिये हुए जल से तृप्त हो।

ॐ आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं देवर्षिपितृमानवाः।

तृप्यन्तु पितरः सर्वे मातृमातामहादयः।।१।।

अतीतकुलकोटीनां सप्तद्वीपनिवासिनाम्।

आब्रह्मभुवनाल्लोकादिदमस्तु तिलोदकम्।।२।।

येऽबान्धवा बान्धवा वा येऽन्यजन्मनि बान्धवाः।

ते सर्वे तृप्तिमायान्तु मया दत्तेन वारिणा।।३।।

ब्रह्माजी से लेकर कीटों तक जितने जीव है, वे तथा देवता, ऋषि, पितर, मनुष्य और माता, नाना आदि पितृगण – ये सभी तृप्त होवे, मेरे कुल की बीती हुई करोड़ों पीढियों में उत्पन्न हुए जो–जो पितर ब्रह्मलोक पर्यन्त सात द्वीपों के भीतर कहीं भी निवास करते हो, उनकी तृप्ति के लिए मेरा दिया हुआ यह तिलयुक्त जल उन्हें प्राप्त हो। जो मेरे बान्धव न रहे हो, जो इस जन्म में या किसी दूसरे जन्म में मेरे बान्धव रहे हो, वे सभी मेरे दिये हुए जल से तृप्त हो जाये।

वस्त्र निष्पीडन (वस्त्र निचोडने से जो जल निकलता है, वह स्नान करने वाले पुरुष के श्उच्छिष्टभागीय जीवों का भाग है, अतः उसे स्थल में निचोडना चाहिए। जब तक इन ऋषियों और पितरों का तर्पण न कर लेवे, तब तक मनुष्य उस वस्त्र को न निचोड़े जिसे पहनकर उसे स्नान किया हो, वस्त्र को चार आवृत्ति लपेटकर उसे जल से बाहर ले जाकर निचोड़े। फिर उसे बायीं कलाई पर रखकर दो बार आचमन करके पवित्र हो जाये।) :–

तत्पश्चात्वस्त्र को चार आवृत्ति लपेटकर जल में डुबाये और बाहर ले आकर अधोलिखित मन्त्र को पढ़ते हुए अपसव्य होकर अपने बायें भाग में भूमि पर उस वस्त्र को निचोड़े। पवित्रक को तर्पण किये हुए जल में छोड़

देवे, यदि घर में किसी मृत पुरुष का वार्षिक श्राद्ध आदि कर्म हो तो वस्त्र–निष्पीडऩ नहीं करना चाहिए। मन्त्र :–

ये चास्माकं कुले जाता अपुत्रा गोत्रिणो मृताः।

ते गृह्णन्तु मया दत्तं वस्त्रनिष्पीडऩोदकम्।।

7.3.9 भीष्मतर्पण :–

तत्पश्चात्दक्षिणाभिमुख होकर पितृतर्पण के समान ही जनेऊ अपसव्य करके हाथ में कुशधारण किये हुए ही बाल ब्रह्मचारी भक्तप्रवर भीष्म के लिए पितृतीर्थ से तिलमिश्रित जल के द्वारा तर्पण करे।

मन्त्र :– **वैयाघ्रपदगोत्राय शाङ्कृतिप्रवराय च।**

गङ्गापुत्राय भीष्माय प्रदास्येऽहं तिलोदकम्।

अपुत्राय ददाम्येतत्सलिलं भीष्मवर्मणे।।

7.3.10 अर्घ्यदान :–

तत्पश्चात्शुद्ध जल से आचमन करके प्राणायाम करे। इसके बाद यज्ञोपवीत बायें कन्धे पर करके पात्र में शुद्ध जल भरकर उसके मध्यभाग में अनामिका से षड्दल कमल बनावे और उसमें श्वेत चन्दन, अक्षत, पुष्प तथा तुलसीदल छोड़ देवे। फिर दूसरे पात्र में चन्दन से षड्दल कमल बनाकर उसमें पूर्वादि दिशा के क्रम से ब्रह्मादि देवताओं का आवाहन–पूजन करे तथा पहले पात्र के जल से उन पूजित देवताओं के लिए अर्घ्य अर्पण करे। अर्घ्यदान का मन्त्र :–

ऊँ ब्रह्मज्ञानम्प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोव्वेनआवः।

सबुध्न्याऽ उपमाऽ अस्यविष्ठाः सतश्चयोनिमसतश्च व्विवः।।

ऊँ ब्रह्मणे नमः।

सर्वप्रथम पूर्व दिशा से प्रकट होने वाले आदित्यःप ब्रह्म ने भूलोक के मध्यभाग से आरम्भ करके इन समस्त सुन्दर कान्तिवाले लोकों को अपने प्रकाश से व्यक्त किया है तथा वह अत्यन्त कमनीय आदित्य इस जगत्की निवास स्थानभूत अवकाशयुक्त दिशाओं को, विद्यमान – मूर्त्तपदार्थ के स्थानों को और अमूर्त्त वायु आदि के उत्पत्ति स्थानों को भी प्रकाशित करता है।

ऊँ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधेपदम्। समूढमस्यपा œ सुरे स्वाहा।।

ऊँ विष्णवे नमः ।

सर्वव्यापी त्रिविक्रम (वामन) अवतारधारी भगवान्विष्णु ने इस चराचर जगत्को विभक्त करके (चरणों से) आक्रान्त किया है। उन्होने पृथ्वी, आकाश और द्युलोक – इन तीनों स्थानों में अपना चरण स्थापित किया है

अथवा उक्त तीनों स्थानों में वे क्रमशः अग्नि, वायु, सूर्यःप में स्थित है। इन विष्णु भगवान्के चरणों में समस्त विश्व अन्तर्भूत है। हम इनके निमित्त अग्नि हवि प्रदान करते है।

ऊँ नमस्ते रुद्द्र मन्यवऽउतोतऽइषवे नम। बाहुब्यामुतते नम।

ऊँ रुद्राय नमः।

हे रुद्र! आपके क्रोध और बाण को नमस्कार है तथा आपकी दोनों भुजाओं को नमस्कार है।

ऊँ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रयोदयात्।।

ऊँ सवित्रे नमः।

हम स्थावर जङ्गमःप सम्पूर्ण विश्व को उत्पन्न करने वाले उन निरतिशय प्रकाशमय सूर्यस्वःप परमेश्वर के भजने योग्य तेज का ध्यान करते है, जो कि हमारी बुद्धि को सत्कर्मों की ओर प्रेरित करते रहते है।

ऊँ मित्रस्य चर्षणीधृतोऽवोदेवस्य सानसि। द्युम्नं चित्रश्रवस्तमम्।।

ऊँ मित्राय नमः।

मनुष्यों का पोषण करने वाले दीप्तिमान्मित्र देवता का यह रक्षणकार्य सनातन यशःप से प्रसिद्ध, विचित्र तथा श्रवण करने योग्य है।

ऊँ इमम्मेव्वरुणत्त्शुधीहवमद्या च मृडय। त्वामवस्युराचके।।

ऊँ वरुणाय नमः।

हे संसार के अधिपति वरुणदेव! अपनी रक्षा के लिए मैं आपको आमन्त्रित करना चाहता हूँ, आप मेरे इस आवाहन को सुनिये और यहाँ शीघ्र पधारकर आज हमें सभी प्रकार के सुख प्रदान कीजिये।

सूर्योपस्थान :–

इसके बाद अधोलिखित मन्त्र पढ़ते हुए सूर्योपस्थान करे :–

ऊँ अदृश्रमस्य केतवा विरश्मयो जनाँ २ अनु भ्राजन्तो अग्नयो यथा। उपयामगृहीतोऽसि सूर्याय त्वा भ्राजयैष ते योनिः सूर्याय त्वा भ्राजाय। सूर्य भ्राजिष्ठ भ्राजिष्ठस्त्वं देवेष्वसि भ्राजिष्ठोऽहम्मनुष्येषु भूयासम्। ह्व ऽ सः शुचिषद्व्वसुरन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदातिथिर्दुरोणसत्नृषत्व्वरसदृतसद्व्योमसदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत्।।

प्रज्ञा की हेतुभूत एवं सम्पूर्ण पदार्थों का ज्ञान कराने वली इन सूर्यदेव की किरणें समस्त प्राणियों के भीतर विशेषःप से अनुगत देखी गयी है, जैसे देदीप्यमान अग्नि सर्वत्र व्याप्त देखी जाती है। हे सोम! तुम उपयाम पात्र द्वारा गृहीत हो, मैं दीप्तमान सूर्यदेव के निमित्त तुम्हें ग्रहण करता हूँ, यह तुम्हारा स्थान है। मैं दीप्तिशाली भगवान्सूर्यदेव के लिए तुम्हें इस स्थान पर रखता हूँ। हे अत्यन्त देदीप्यमान सूर्यदेव! जिस

प्रकार तुम सभी देवताओं में अत्यन्त प्रकाशमान हो, उसी प्रकार तुम्हारे प्रकाश से मैं भी मनुष्यों में अत्यन्त प्रकाशमान होऊँ।

हे सूर्य भगवान्! आप अहंकार का नाश करने वाले, प्रकाश में गमन करने वाले अपने में सभी को निवासित करने वाले, वायुःप से अन्तरिक्ष में गमन करने, देवों को बुलाने वाले, अग्निःप से वेदी पर स्थित होने वाले, सभी के पूजनीय, यज्ञशाला में आहवनीयादि अग्निःप से प्राप्त होने वाले, प्राण :प से मनुष्यों में विचरने वाले, श्रेष्ठ स्थानों में गमन करने वाले, यज्ञ में प्राप्त होने वाले और आकाश में विचरने वाले है तथा आप जल में उत्पन्न होने वाले, चार प्रकार के प्राणियों के :प में पृथ्वी पर उत्पन्न होने वाले, सत्य से उत्पन्न होने वाले, पर्वतों में होने वाले एवं सत्यःप और महान्है। मैं आपको प्रणाम करता हूँ।

तत्पश्चात्दिग्देवताओं को पूर्वादि क्रम से नमस्कार करे :–

१. ऊँ इन्द्राय नमः – प्राच्यै, २. ऊँ अग्नये नमः – आग्रेय्यै,

३. ऊँ यमाय नमः – दक्षिणायै, ४. ऊँ निर्ऋतये नमः, नैर्ऋत्यै,

५. ऊँ वरुणाय नमः – पश्चिमायै, ६. ऊँ वायवे नमः – वायव्यै,

७. ऊँ सोमाय नमः – उदीच्यै, ८. ऊँ ईशानाय नमः – ऐशान्यै,

९. ऊँ ब्रह्मणे नमः – ऊर्ध्वायै, १०. ऊँ अनन्ताय नमः – अधरायै।

तत्पश्चात्जल में नमस्कार करे :–

१. ऊँ ब्रह्मणे नमः, २. ऊँ अग्नये नमः,

३. ऊँ पृथिव्यै नमः, ४. ऊँ ओषधिभ्यो नमः,

५. ऊँ वाचे नमः, ६. ऊँ वाचस्पतये नमः,

७. ऊँ महद्भ्यो नमः, ८. ऊँ विष्णवे नमः,

९. ऊँ अद्भ्यो नमः, १०. ऊँ अपाम्पतये नमः,

११. ऊँ वरुणाय नमः।

मुखमार्जन :– तत्पश्चात्अधोलिखित मन्त्र पढ़कर शुद्ध जल से मुखप्रक्षालन करे :–

ऊँ संवर्चसा पयसा सन्तूनभिरगन्महि मनसा स ँ शिवेन त्वष्टा

सुदत्रो विदधातु रायाऽनुमार्ष्टु तन्वो यद्विलिष्टम्।

हम ब्रह्मतेज से, क्षीर आदि रस से, कर्म करने में असमर्थ सुदृढ़ अङ्गों से और शान्त मन से संयुक्त हो। सम्यक्प्रकार से दान करने वाले तवष्टा देवता हमें धन देवे और हमारे शरीर में जो शक्ति आदि की न्यूनता आ गयी है, उसका मार्जन करे अर्थात्हमारे धन और शरीर की पुष्टि करे।

विसर्जन :–

अधोलिखित मन्त्र पढ़ते हुए विसर्जन करे :–

ऊँ देवा गातुविदो गातु वित्त्वा गातुमित।

मनसस्पत इमं देव यज्ञ ँ स्वाहा वाते धाः।।

हे यज्ञवेत्ता देवताओं! आप लोग हमारे इस तर्पण :पी यज्ञ को समाप्त जानकर अपने गन्तव्यमार्ग को पधारे। हे चित्त के प्रवर्तक परमेश्वर! मैं इस यज्ञ को आप के हाथ में अर्पण करता हूँ, आप इसे वायु देवता में स्थापित करे।

समर्पण :–

अधोलिखित मन्त्रों से तर्पण–कर्म प्रभु के श्रीचरणों में समर्पित करे :–

अनेन यथाशक्तिकृतेन देवर्षिमनुष्यपितृतर्पणाख्येन कर्मणा भगवान्मम समस्तपितृस्वःपी जनार्दनवासुदेवः प्रीयतां न मम।

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।

स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्ण स्यादिति श्रुतिः।।

ऊँ विष्णवे नमः। ऊँ विष्णवे नमः। ऊँ विष्णवे नमः।

7.4 सारांश

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात्छात्र स्वयं के स्तर पर स्नानाङ्ग तर्पण एवं नित्य कर्म में तथा पर्वों पर भी तर्पण करवाने में सक्षम हो सकेंगे। मनुष्य को देव–पितृ–ऋषि–मनुष्य आदि ऋणों से मुक्ति तथा इनकी तृप्ति हेतु तर्पण अवश्य करना चाहिए। इस इकाई में छात्रों को तर्पण का विधि–विधान साङ्गोपाङ्ग बताया गया है। इसके अन्तर्गत देवतर्पण का उल्लेख का किया गया है जिसके अन्तर्गत ब्रह्मा, विष्णु, रुद्रादि देवताओं के लिए, ऋषितर्पण के अन्तर्गत मरीचि, अत्रि, अङ्गिरस आदि ऋषियों के लिए तथा मनुष्य तर्पण के अन्तर्गत सनक, सनन्दन, सनातन, कपिलादि दिव्यमनुष्यों के लिए तर्पण का विधि–विधान बताया गया है। दिव्यपितरों के अन्तर्गत कव्य, सोम, यम, अर्यमादि दिव्यपितरों का तर्पण, यमतर्पण के अन्तर्गत धर्मराज, मृत्यु, अनन्त, कालादि चौदह यमों का तर्पण तथा अपने पूर्वजों में पिता–पितामह–प्रपितामह–मातापितामही–प्रपितामही आदि का तर्पण बताया गया है। इस इकाई में अपने पितृकुल, मातृकुल तथा सभी सगे–सम्बन्धियों का तर्पण बताया गया है। तर्पण का प्रत्येक मनुष्य के जीवन में महत्त्व है, इसके बिना वह अपने पूर्वजों की तृप्ति नहीं कर सकता है।

7.5 शब्दावली

१. तर्पण	=	पितरों को जल देने की विधि,
२. देवतीर्थ	=	देवताओं को अंजलि देने का स्थान अर्थात्अङ्गुलियों का अग्रभाग
३. ब्रह्मतीर्थ	=	मणिबन्ध का स्थान
४. प्रमातामहः	=	परनाना
५. मातामह	=	नाना
६. वृद्धप्रमातामह	=	वृद्धपरनाना
७. मातामही	=	नानी
७. प्रमातामही	=	परनानी
८. वृद्धप्रमातामही	=	वृद्धपरनानी
९. पितामह	=	दादा
१०. प्रपितामह	=	परदादा
११. पितामही	=	दादी
१२. प्रपितामही	=	परदादी
१३. हंस	=	अहंकार का नाश करने वाले
१४. अन्तरक्षिसत्	=	वायु :प से अन्तरिक्ष में गमन अथवा विचरण करने वाले
१५. होता	=	देवों को बुलाने वाले
१६. वेदिषत्	=	वेदी पर स्थित होने वाले
१७. नृषत्	=	मनुष्यों में प्राणःप से विचरण करने वाले
१८. व्योमसत्	=	आकाश में विचरण करने वाले
१९. अब्ज	=	जल में उत्पन्न होने वाले
२०. ऋतजा	=	सत्य से उत्पन्न होने वाले

२१. अद्रज = पर्वतों में उत्पन्न होने वाले

7.6 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न – १ : देवतर्पण में प्रत्येक देव के लिए कितनी बार तर्पण किया जाता है?

उत्तर : देवतर्पण में प्रत्येक देव के लिए एक बार तर्पण किया जाता है।

प्रश्न – २ : मरीचि आदि ऋषियों के तर्पण में प्रत्येक ऋषि के लिए कितनी बार तर्पण किया जाता है।

उत्तर : ऋषियों के तर्पण में प्रत्येक ऋषि के लिए एक बार तर्पण किया जाता है ।

प्रश्न – ३ : सनकादि दिव्यमनुष्यों के तर्पण में प्रत्येक के लिए कितनी बार तर्पण किया जाता है?

उत्तर : सनकादि दिव्यमनुष्यों के तर्पण में प्रत्येक के लिए दो बार तर्पण किया जाता है।

प्रश्न – ४ : पितरों के लिए तर्पण में प्रत्येक के लिए कितनी बार तर्पण किया जाता है?

उत्तर : पितरों के लिए तर्पण में प्रत्येक के लिए तीन बार तर्पण किया जाता है।

प्रश्न – ५ : तर्पण का जल किस समय किस :प में पितरों को प्राप्त होता है?

उत्तर : तर्पण का फल सूर्योदय से आधे प्रहर तक अमृत, एक प्रहर तक मधु, डेढ़ प्रहर तक दूध तथा साढ़े तीन प्रहर तक जल :प से पितरों को प्राप्त होता है। इसके उपरान्त दिया गया जल राक्षसों को प्राप्त होता है।

7.7 लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न – १ : तर्पण की विवेचना कीजिए ?

प्रश्न – २ : देवतर्पण की विधि बताइये ?

प्रश्न – ३ : ऋषि व दिव्यमनुष्य तर्पण की विधि बताईये ?

प्रश्न – ४ : पितरों के तर्पण की विधि बताइये ?

प्रश्न – ५ : वस्त्र निष्पीडन् से क्या तात्पर्य है? विधि बताइये।

7.8 सन्दर्भ ग्रन्थ

1. धर्मशास्त्र का इतिहास

लेखक – डॉ. पाण्डुरङ्ग वामन काणे

प्रकाशक :– उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

2. नित्यकर्म पूजा प्रकाश,

लेखक :– पं. बिहारी लाल मिश्र,

प्रकाशक :– गीताप्रेस, गोरखपुर।

3. अमृतवर्षा, नित्यकर्म, प्रभुसेवा

संकलन ग्रन्थ

प्रकाशक :– मल्होत्रा प्रकाशन, दिल्ली।

4 कर्मठगुरुः

लेखक – मुकुन्द वल्लभ ज्योतिषाचार्य

प्रकाशक – मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।

5 हवनात्मक दुर्गासप्तशती

सम्पादक – डॉ. रवि शर्मा

प्रकाशक – राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, जयपुर।

इकाई – 8

उत्तरकर्म

इकाई की रूपरेखा

8.1 प्रस्तावना

8.2 उद्देश्य

8.3 दशदान

8.4 प्राण त्यागने के पश्चात्

8.5 पञ्चक–शान्ति

8.6 अस्थि संचय

8.7 दशगात्र विधि

8.7.1 पिण्ड़दान मलिन षोड़शी

8.7.2 एकादशाह

8.7.2 उत्तम षोड़शी

8.8 सपिण्डन श्राद्ध

8.9 शय्यादान

8.10 एकोद्दिष्ट श्राद्ध

8.11 सारांश

8.12 शब्दावली

8.13 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

8.14 लघुत्तरात्मक प्रश्न

8.15 सन्दर्भ ग्रन्थ

8.1 प्रस्तावना

मृत्यु समय निकट देखकर पुत्र अथवा सम्बन्धी लोग भक्ति का उपदेश, भगवान्के नामों का उच्चारण, गायत्री मन्त्र का जाप, ऊँकार अथवा महामृत्युञ्जय का जाप, गङ्गा, राम, कृष्ण का स्मरण करवायें या जिसकी मृत्यु निकट आ गयी हो, उसे गीता, विष्णुसहस्रनाम, गङ्गा सहस्रनाम, श्रीमद्भगवद्गीता आदि पुण्य शास्त्रों का पाठ सुनावें, जिससे अन्तकाल में प्राणी भगवान्नाम को स्मरण अथवा श्रवण करते हुए मुक्त हो सके। प्राण प्रयाण के समय मृतक के मुख में गङ्गाजल, तुलसीदल, स्वर्ण अथवा पञ्चरत्न भी देना शास्त्रों का निर्देश है। इस समय कुटुम्बजन भूमि पर गोबर व मिट्टी का लेप करके तिल बिखेर देवे, कुशा डालकर उसके ऊपर ऊर्णवस्त्र बिछाकर उसके ऊपर मरणासन्न व्यक्ति को लिटा देवे, यदि सुवर्ण न हो तो सुवर्ण के अभाव में घृत की बूँद भी दे सकते है।

वैदिक सनातन धर्मालम्बी को मृत्यु के पश्चात्निम्न सामग्री एकत्रित करनी चाहिए

1 अर्थी बनाने के लिए बाँस आदि अर्थी पर बिछाने के लिए कुशासन अथवा चटाई।

2 सफेद नया कपड़ा मलमल का अथवा रामनाम की चद्दर।

3 सौभाग्यवती स्त्री के शव को पहनाने के लिए चुनरी और ढकने के लिए गोटे वाली रंगीन ओढनी एवं अलंकृत करने के लिए सौभाग्यद्रव्य (सिन्दूर, चूड़ा, मेंहदी आदि)।

4 शव को बाँधने के लिए मूँज की रस्सी, साथ में मौली (सौभाग्यवती स्त्री) अथवा कच्चा सूत (पुरुषों के लिए)।

5 अर्थी को सजाने के लिए पुष्प एवं पुष्पमाला, अबीर–बुक्का, इत्र, रुई, धूपबत्ती, दियासलाई, थाली, लोटा, यज्ञोपवीत ।

6 लोकाचार से शव की परिक्रमा करने हेतु नारियल (पुरुष हेतु) तथा गोलागिरि (स्त्रियों के लिए)।

7 शव के ऊपर उछालने के लिए रजत अथवा स्वर्ण खण्ड़, सिक्के, रुई, धानका लावा, रुपये, श्वेत–पुष्प आदि।

पिण्ड़दान की सामग्री :– जौ का आटा, तिल, मधु, गोघृत, कुश, सफेद पुष्प, पलाश की पत्तल

8.2 उद्देश्य :

1 मृत्यु प्राप्त करने वाले की सद्गति हेतु पौरोहित्य का उचित ज्ञान प्रदान करना।

2 सामान्य जन में उचित रीति एवं भ्रान्ति का भेद स्पष्ट करना।

3 समाज में उत्तर कर्म की उपयोगिता सिद्ध करना।

4 उत्तमकर्म के शास्त्रीय विधानों को समझना।

8.3 दशदान

मृत्यु प्राप्ति के निकट पहुँच चुके सद्धति प्राप्ति के लिए व्यक्ति से सद्गति प्राप्ति हेतु दशदान एवं गोदान सङ्कल्पपूर्वक करवा लेने चाहिए :–

ऊँ अद्येत्यादि ..... अनेकजन्मोपार्जितज्ञाताज्ञात कायिकवाचिकमानसिक सांसर्गिक समस्तपापानां निवृत्यर्थं शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भगवत्प्रीत्यर्थं सद्गतिप्राप्त्यर्थं च अमुकगोत्रस्य अमुकशर्मणः ब्राह्मणाय सुपूजित सालंकृत सवत्सगौदानमहं करिष्ये।

गोभूतिल हिरण्याज्यवासोधान्य गुड़ानिच।

रौप्यं लवणमित्याहु दशदानानि पण्डिताः।।

अर्थात् सद्गति प्राप्ति के लिए अलग अलग निरिष्ट सामग्रियों का उन–उन देवताओं की प्राप्ति के लिए पृथक संकल्प पूर्वक दान कराये जैसे – गौ, भूमि, स्वर्ण, छी, वस्त्र,धान्य, गुड़, रौप्य (रूप – चांदी) नमक आदि का दान करना चाहिए।

निम्नलिखित समस्त दानों को जल, अक्षत एवं द्रण्यादि यथा प्रचलन के अनुसार व्यक्ति के हाथों में रखकर ही सम्पन्न कराना चाहिए। किसी भी संकल्प में हथेली में जलाक्षत, इत्यादि होना अनिवार्य माना गया है।

विष्णु देवता के निमित्त भूमि दानः–

ऊँ अद्येत्यादि ..... अनेकजन्मोपार्जितज्ञाताज्ञात कायिकवाचिकमानसिक सांसर्गिक समस्तपापानां निवृत्यर्थं शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भगवत्प्रीत्यर्थं सद्गतिप्राप्त्यर्थं च अमुकगोत्रस्य अमुकशर्मणः ब्राह्मणाय भूमिदानम् अहं करिष्ये।

भूमि सर्वाश्रया च या वराहेण समुद्धृता।

अनन्त पुण्यफलदा शान्तिदानात्प्रच्छतु।।

पुनः विष्णुदेवता के लिए तिल दान :–

ऊँ अद्येत्यादि ..... अनेकजन्मोपार्जितज्ञाताज्ञात कायिकवाचिकमानसिक सांसर्गिक समस्तपापानां निवृत्यर्थं शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भगवत्प्रीत्यर्थं सद्गतिप्राप्त्यर्थं च अमुकगोत्रस्य अमुकशर्मणः ब्राह्मणाय द्रोणादिपरिमितानेतांस्तिलदानम् अहं करिष्ये।

महर्षे गोत्र सम्भूताः कश्यपस्य तिला स्मृता।

तस्मादेषां प्रदानेन सर्वपापं व्यपोहतु।।

अग्निदेवता के लिए स्वर्ण दान :–

ऊँ अद्येत्यादि ..... अनेकजन्मोपार्जितज्ञाताज्ञात कायिकवाचिकमानसिक सांसर्गिक समस्तपापानां निवृत्यर्थं शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भगवत्प्रीत्यर्थं सद्गतिप्राप्त्यर्थं च अमुकगोत्रस्य अमुकशर्मणः ब्राह्मणाय स्वर्णदानम् अहं करिष्ये।

हिरण्यगर्भगर्भस्थ हेमबीजं विभावसो।

अनन्तं पुण्यं फलदमतः शान्ति प्रयच्छ मे।।

विष्णुदेवता के लिए घी दान :–

ऊँ अद्येत्यादि ..... अनेकजन्मोपार्जितज्ञाताज्ञात कायिकवाचिकमानसिक सांसर्गिक समस्तपापानां निवृत्यर्थं शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भगवत्प्रीत्यर्थं सद्गतिप्राप्त्यर्थं च अमुकगोत्रस्य अमुकशर्मणः ब्राह्मणाय घृतदानम् अहं करिष्ये।

कामधेनु समुद्भूतं सर्व यज्ञेषु संस्थितम्।

देवनामाज्यमाहारोदानेनास्या सुखं स्थिरम्।।

शीतवातोष्णसंत्राणं लज्जाया रक्षकं परम्।

देहालङ्करणं वस्त्रं दानेनास्यास्तु मे सुखम्।।

प्रजापति देवता के लिए धान्य :– ऊँ अद्येत्यादि ..... अनेकजन्मोपार्जितज्ञाताज्ञात कायिकवाचिकमानसिक सांसर्गिक समस्तपापानां निवृत्यर्थं शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भगवत्प्रीत्यर्थं सद्गतिप्राप्त्यर्थं च अमुकगोत्रस्य अमुकशर्मणः ब्राह्मणाय अन्नदानम्अहं करिष्ये।

सर्वदेवमयं धान्यं सर्वोत्पत्ति करं परम्।

प्राणिनां जीवनोपायो दानादस्य सुखं मम।।

सोम देवता के लिए गुड़ दान :– **ऊँ अद्येत्यादि ..... अनेकजन्मोपार्जितज्ञाताज्ञात कायिकवाचिकमानसिक सांसर्गिक समस्तपापानां निवृत्यर्थं शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भगवत्प्रीत्यर्थं सद्गतिप्राप्त्यर्थं च अमुकगोत्रस्य अमुकशर्मणः ब्राह्मणाय गुडदानम्अहं करिष्ये।**

गुडमिक्षुरसोद्भुतं मन्त्राणां प्रणवोयथा।

दानेनास्य सदाशान्तिर्भवत्वीश प्रसादतः।।

चन्द्रदेवता के लिए रौप्य चांदी का दान :–

ऊँ अद्येत्यादि ..... अनेकजन्मोपार्जितज्ञाताज्ञात कायिकवाचिकमानसिक सांसर्गिक समस्तपापानां निवृत्यर्थं शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भगवत्प्रीत्यर्थं सद्गतिप्राप्त्यर्थं च अमुकगोत्रस्य अमुकशर्मणः ब्राह्मणाय रजतदानम्अहं करिष्ये।

रजतः प्रीतिश्च पितृणां विष्णुशङ्करयोस्तथा।

शिवनेत्रेतद्भवरौप्यमस्य दानेन मे सुखम्।।

सोमदेवता के लिए नमक दान :–

ऊँ अद्येत्यादि ..... अनेकजन्मोपार्जितज्ञाताज्ञात कायिकवाचिकमानसिक सांसर्गिक समस्तपापानां निवृत्यर्थं शास्त्रोक्तफलप्राप्त्यर्थं भगवत्प्रीत्यर्थं सद्‌गतिप्राप्त्यर्थं च अमुकगोत्रस्य अमुकशर्मणः ब्राह्मणाय लवणदानम्‌अहं करिष्ये।

यस्मादन्ये रसाः सर्वे नोत्कृष्टाः लवणं बिना।

सोमः प्रीतिकरा यस्माद्दानेनास्य सदा सुखम्।।

गोदान :–

धेनुदान–पाप धेनुदान, ऋण धेनुदान, प्रायश्चित धेनुदान तथा वैतरणी धेनुदान – ये चार धेनुदान सन्तान अपने माता–पिता से करवायें। मरण समय उक्त पापों को दूर करने के लिए धेनुदान करे, धेनु के अभाव में यथाशक्ति गाय का मूल्य रखकर मुंह पूर्व या उत्तर की ओर करके पृथक्–पृथक्‌सङ्कल्प करे :–

१. पापधेनुदान :– पापधेनवे नमः सम्पूज्य, श्वेत गाय का पूजन करके ब्राह्मण का पूजन करे। फिर सङ्कल्प करे :– अद्येत्यादि ..... अमुकोऽहं मम सर्व क्षयपापपूर्वकं स्वर्गलोकावाप्तये इमां सुपूजितां श्वेतां गां रुद्र दैवता वा तन्निष्क्रयीभूतद्रव्यं चन्द्रादिदैवतं अमुकगोत्राय अमुकशर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददे न मम।

पुनः गाय की प्रार्थना करे :– **आजन्मोपार्जितं पापं मनोवाक्‌कायकर्मभिः।**

तत्सर्वनाशमायातु पापधेनुप्रदानतः।।

२. ऋण धेनुदान :– ऋणधेनवे नमः सम्पूज्य, रक्त गौ का पूजन करके ब्राह्मण का पूजन करे। फिर सङ्कल्प करे :– अद्येत्यादि ..... अमुकोऽहं मम अनेकजन्मार्जितपापप्रशमनपूर्वकसद्‌गतिप्राप्तये सुपूजितामिमाऋणधेनुरक्तां ब्रह्मदैवतां अमुकगोत्राय अमुकशर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददे।

पुनः गाय की प्रार्थना करे :– **ऐहिकामुष्मिकं यच्च सप्तजन्मार्जितं मम।**

विजयं तदृणं यातु गामेतां प्रदतो मम।।

३. प्रायश्चित धेनुदान :– प्रायश्चित धेनवे नमः, गौ का पूजन करके ब्राह्मण का पूजन करे। फिर सङ्कल्प करे :– अद्येत्यादि ..... अमुकोऽहं मम सप्तजन्मार्जितज्ञाताज्ञात अनेकविधप्रायश्चित्तोपयोगीसमस्तदुरितदूरीकरणीपूर्वक सद्‌गतिप्राप्तये इमां सुपूजितां प्रायश्चित्तधेनुम्‌अमुक गोत्रया अमुक शर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददे।

पुनः गाय की प्रार्थना करे :– **प्रायश्चित्ते समुत्पन्ने निष्कृतिर्न कृता मया।**

सर्वपाप शान्त्यर्थं धेनुर्येषार्पिता मया।।

४. वैतरणि धेनुदान :– वैतरणि धेनवे नमः, कृष्ण गौ का पूजन करके ब्राह्मण का पूजन करे। फिर सङ्कल्प करे :– अद्येत्यादि ..... अमुकोऽहं मम जन्मजन्मान्तर्जितपापापनोदन पूर्वकशतयोजनविस्तृर्णां वैतरणीनदीं तर्तुकामाय सुपूजितां वैतरणीयधेनुमिमां यमराजदेवतां अमुकगोत्राय अमुकशर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददे।

पुनः गाय की प्रार्थना करे :– **यमद्वारे पथे घोरे घोरां वैतरणीनदीम्।**

तर्तुकामः प्रयच्छामि कृष्णां वैतरणीं चगाम्।।

मोक्ष धेनुदान :– गौ पूजन–आवाहन

आवाहयाम्यहं देवीं गां त्वां त्रयलोक्यमातरम्।

यस्या स्मरणमात्रेण सर्वपापैः प्रमुच्यते।।

त्वं देवी त्वं जगन्माता त्वमेवासि वसुन्धरा।

गायत्री त्वं च सावित्री गङ्गा त्वं च सरस्वती।।

तृणानि भक्ष्यसे नित्यं अमृतं स्रवसं प्रभो।

भूतप्रेत पिशाचांश्च पितृदेवर्षि मानुषान्।।

सर्वास्तारयते देवीनरकात्पापसङ्कटात्।

गाय का पूजन गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, दक्षिणा से करते हुए ब्राह्मण पूजन करके सङ्कल्प करे :–

अद्येत्यादि ..... अमुकोऽहं मम ज्ञाताज्ञात मनोवाक्काय कर्मजन्य पापप्रशमन पूर्वकं मुक्ति हेतवे सुपूजितां कपिलां मोक्षधेनुमिमां रुद्रदेवता मोक्षप्राप्तये अमुकगोत्राय अमुकशर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददे।

प्रार्थना :– **मोक्षं देहि जगन्नाथ! मोक्षं देहि जनार्दनः।**

मोक्षधेनुप्रदानेन श्रीविष्णुः प्रीयतां मम।।

8.4 प्राण त्यागने के प□चात्

मरणोपरान्त सर्वप्रथम कर्म करने वाला (पुत्र अथवा उत्तराधिकारी) दक्षिणाभिमुख होकर मुण्डनादि करवाये तथा स्नान करके द्वादश तिलकों को धारण करे, मृतव्यक्ति को भी शुद्ध जल अथवा गङ्गाजल (यथोपलब्ध केवड़ा इत्यादि सुगन्धित जल) से स्नान करवाकर नवीन मृतवस्त्र (मृतचौल अथवा क+फन) धारण करवाये। गोपीचन्दन का तिलक लगाये, पुष्पमाला धारण करवाये तथा यथाशक्ति अर्थी (मृत्युशैय्या) को सुसज्जित करके उसमें मृतक का सिर दक्षिण की ओर रखते हुए अर्थी पर लेटाकर यथोचित सामग्री से इस तरह बाँध लेवे कि शव रास्ते मे अव्यवस्थित ना हो सके।

जौ का आटा व तिलादि को मिलाकर पाँच पिण्ड (देशाचार के अनुसार छः पिण्ड) बनाये।

१. मृतक शैय्या (मृतस्थान) के पास जाकर अपसव्य होकर जल–तिल–कुश आदि से पितृतीर्थ (अङ्गूठे की ओर से) की मुद्रा से सङ्कल्प करे – ..... अद्य अमुकगोत्रः अमुकप्रेतस्य मृतस्थाने एष ते पिण्डो मया दीयते तव उपतिष्ठताम्। – उच्चारित करते हुए पिण्ड को मृतक के हाथ में रख देवे।

२. द्वारदेश का पिण्ड (मृतक के घर की देहली का पिण्ड) :–

..... अद्य अमुकगोत्रः अमुकप्रेतस्य द्वारदेशे पान्थनिमित्त एष ते पिण्डो मया दीयते तव उपतिष्ठताम्।

३. चतुष्पद पिण्ड (चौराहे का पिण्ड) :–

..... अद्य अमुकगोत्रः अमुकप्रेतस्य चत्वरे खेचर निमित्त एष ते पिण्डो मया दीयते तव उपतिष्ठताम्।

४. विश्राम–स्थल पिण्ड (बीचले वासे का पिण्ड़) :–

..... अद्य अमुकगोत्रः अमुकप्रेतस्य विश्रान्तो भूतनाम्ना एष ते पिण्डो मया दीयते तव उपतिष्ठताम्।

५. चिता स्थान का पिण्ड :–

..... अद्य अमुकगोत्रः अमुकप्रेतस्य साधकनामप्रेतःएषः चित्रगुप्तदैवतः चितापिण्डस्ते मया दीयते तव उपतिष्ठताम्।

पुनः अवनेजलन (जल–तिल) पिण्ड़ पर डाल देवे। पश्चात्शव के मस्तक की दूसरी तरफ भूमि को शुद्ध करके पञ्चभूसंस्कार करके क्रव्य नामक अग्नि को जलावे और पूजन करते हुए निम्न आहुतियाँ देवे :–

१. ऊँ लोमेब्य स्वाहा	२. ऊँ त्वचे स्वाहा	३. ऊँ लोहिताय स्वाहा
४. ऊँ मेदोब्य स्वाहा	५. ऊँ माœ सेब्य स्वाहा	६. ऊँ स्न्नावब्य स्वाहा
७. ऊँ अस्त्थब्य स्वाहा	८. ऊँ मज्जब्य स्वाहा	६. ऊँ रेतसे स्वाहा
१०. ऊँ पायवे स्वाहा	११. ऊँ आयासाय स्वाहा	१२. ऊँ प्रायासाय स्वाहा
१३. ऊँ सँय्यासाय स्वाहा	१४. ऊँ व्वियासाय स्वाहा	१५. ऊँ उद्द्यासाय स्वाहा
१६. ऊँ शुचे स्वाहा	१७. ऊँ शोचते स्वाहा	१८. ऊँ शोचमानाय स्वाहा
१६. ऊँ शोकाय स्वाहा	२०. ऊँ तपसे स्वाहा	२१. ऊँ तप्यते स्वाहा
२२. ऊँ तप्यमानाय स्वाहा	२३. ऊँ तप्ताय स्वाहा	२४. ऊँ धर्म्माय स्वाहा
२५. ऊँ निष्कृत्यै स्वाहा	२६. ऊँ प्रायश्च्चित्यै स्वाहा	२७. ऊँ भेषजाय स्वाहा

२८. ऊँ यमाय स्वाहा २९. ऊँ अन्तकाय स्वाहा ३०. ऊँ मृत्यवे स्वाहा

३१. ऊँ ब्रह्ममणे स्वाहा ३२. ऊँ ब्रह्मम्हत्त्यायै स्वाहा

३३. ऊँ व्विश्श्वेब्भ्यो देवेब्भ्य स्वाहा

३४. ऊँ द्द्यावापृथिवीब्भ्याœ स्वाहा।।

हवन के पश्चात्जलती हुई अग्नि में लेकर मुँह दक्षिण दिशा में रखकर यह मन्त्र पढ़े :–

ऊँ कृत्वासुदुष्कृतं कर्म जानता वाप्यजानता।

मृत्यु कालवशं प्राप्य नर पञ्चत्वमागताः।।

धर्माधर्मसमायुक्तः लोभमोहसमावृतः।

देहेयं सर्वगात्रणि दिव्यान्लोकान्सगच्छतु।।

हाथ की अग्नि को लेकर चिता की परिक्रमा करते हुए सिर की तरफ से चिता में अग्नि देवे।

8.5 पञ्चक–शान्ति

यदि पंचक के भीतर किसी की मृत्यु हो जाये तब धनिष्ठादि पञ्चनक्षत्रों में मृत व्यक्ति की पञ्चक–शान्ति हेतु कुशा से पाँच प्रतिमायें बनाकर सङ्कल्प करे :–

देशकालौ सङ्कीत्र्य ..... अद्य अमुकगोत्रः अमुकप्रेतस्य पञ्चकमरणजनितवशारिष्टपरिहारार्थं पञ्चकशान्तिकर्म अमुकामुक अहं करिष्ये।

दर्भमय पाँच प्रतिमाओं को ऊन के वस्त्र से वेष्टित करके निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करके अग्नि में आहुति देकर यथास्थान रखे। धनिष्ठादि पाँच नक्षत्रों की निम्न मन्त्रों से पूजन करके आहुतियाँ देवे :–

१. धनिष्ठा :– ऊँ व्वसो् पवित्रमसि शतधारं व्वसो् पवित्रमसि सहस्रधारम्।

देवस्त्वा सविता पुनातुव्वसो् पवित्रेण शतधारेण सुप्वा कामधुक्ष्।

१.१. ऊँ प्रेतवाहाय नमः – सिर पर

२. शतभिषा :– ऊँ व्वरुणस्योत्तम्भनमसि व्वरुणस्यस्कम्भसर्ज्जनीस्थो व्वरुणस्य ऽ

ऋतसदन्यसि वरुणस्य ऽ ऋतसदनमसि व्वरुणस्य ऽ ऋतसदनमासीद।।

२.१. ऊँ प्रेतसखाय नमः – नेत्रों पर

३. पूर्वाभाद्रपद :– ऊँ उतनोहिर्ब्बुध्न्यः शृणोत्वजऽएकपात्पृथिवीसमुद्रः।

विश्वेदेवा ऋतावृधोहुवानास्तुतामन्त्राः कविशस्ताऽअवन्तु।।

३.१. ऊँ प्रेतमाय नमः – वामकुक्षि पर

४. उत्तराभाद्रपद :– ऊँ शिवो नामासि स्वधितिस्ते पिता नमस्तेऽअस्तु मा मा हि सी।

निवर्त्तयाम्यायुषेन्नाद्द्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्य्याय।

४.१. ऊँ प्रेतभूमिपाय नमः – नाभि पर

५. रेवती :– ऊँ पूषन्तवव्रतेव्वयन्नरिष्येन्न कदाचन। स्तोतारस्तऽइहस्मसि।।

५.१. ऊँ प्रेतहर्त्रे नमः – चरणों पर

कपाल क्रिया :–

शव के अर्द्धदग्ध होने पर कर्मकर्ता बाँस के डण्डे को आगे से तोड़कर नारियल में घी भरकर सिर के ब्रह्मरन्ध्र का छेदन (कपाल–क्रिया) करे। तत्पश्चात्सभी व्यक्ति अपने स्थान का परित्याग करते हुए मृतक को गोमयपिण्ड (छाणे/कण्डे/समिधादान) समर्पित करे। अत्येष्टि के पश्चात्शुद्ध जल से स्नानादि करके मृतक के निमित्त पीपलादि वृक्ष में जलाञ्जलि देकर घर को प्रस्थान करे।

8.6 अस्थि संचय

प्रथम दिवस से दस दिन के भीतर मृतक की अस्थियों को गङ्गा आदि पवित्र नदीयों में प्रवाहित करने का विधान है। चिता भस्म को ठण्डी होने के बाद पहले या तीसरे दिन एक मिट्टी या ताँबे की मटकी को शुद्ध कर लेवे, अपसव्य होकर कर्मकर्ता अनामिका अङ्गुष्ठ से मृतक की अस्थियों को चुने। अस्थियों को गङ्गाजल व दूध से धोकर कलश में रखे, रेशमी वस्त्र से ढककर तीर्थ में भेजने की व्यवस्था करे अथवा बाद में भेजना हो तो अस्थिकलश को सुरक्षित स्थान में रखे देवे।

अस्थि संचय में क्षेत्रविशेष :– सामान्यतया अस्थि संचय तीसरे दिन होता है क्योंकि चिता की अग्नि को शान्त होने में समय लगता है तत्पश्चात्परिवारजन अस्थ्यिों को गङ्गा आदि पवित्र नदीयों में प्रवाहित करते है।

गङ्गानदी या अन्य पवित्र नदियों के किनारे पर रहने वाले लोग दाह–संस्कार वाले दिन ही अस्थि–संचय/अस्थि–विसर्जन कर देते है। अतः यहाँ देश–काल–परिस्थिति के अनुसार कार्य करना चाहिए।

पुनः चिता की भस्म को जल में बहाकर अन्य लोग (पुत्रादि बान्धव) दक्षिण मुखकरके मुण्डऩ करावे। अर्थी को ले जाने वाले दक्षिणमुख कर अपसव्य होकर (सगोत्री) जलाञ्जलि देवे :–

ऊँ अद्यामुकगोत्रामुकप्रेततच्चिता दाहोपशमनार्थं एषा तिलतोयाञ्जलिस्ते मयादीयते तवोपतिष्ठताम्।

पुनः घर के लिए प्रस्थान करे, घर में गोमूत्र अथवा जल आदि का स्पर्श कर अन्य इष्ट–मित्र स्वगृह हेतु प्रस्थान करे। कर्मकर्ता ब्रह्मचर्य होकर एक समय भोजन करे, पृथ्वी पर सोये। दशगात्र में गरुड़–पुराण की कथा का श्रवण करे, जिससे मृतक की आत्मा को शान्ति पहुँचे।

कर्मकर्ता घर आकर नीम के पत्ते को दाँतों से काटे, ऐसा भी प्रचलन है। सायंकाल मृतक स्थान पर बाहरवें दिन तक दीपक जलायें।

8.7 दशगात्र विधि

दशगात्र की सामग्री लेकर गाँव/नगर के बाहर पीपल के वृक्ष के पास नदी/तालाब के समीप श्राद्ध भूमि बनाकर पिण्ड़दान की व्यवस्था कर्मकर्ता शिखा खोलकर स्नान के लिए सङ्कल्प करे। अपसव्य होकर कुश–तिल जल हाथ में लेकर सङ्कल्प करे :–

अद्येत्यादि ..... अमुकगोत्रस्यामुकप्रेतस्य (स्त्री हो तो – गोत्रयाः प्रेतायाः) प्रेतत्वनिवृत्तये उत्तमलोकप्राप्त्यर्थं च करिष्यमाण प्रथमदिनकृत्यर्थं (जितने दिन हो, वैसा कहे) स्नानमहं करिष्ये।

पुनः अपसव्य होकर बायाँ घुटना झुकाकर कुशा से वेदी के ऊपर दक्षिण से उत्तर को रेखा खींचे :– ऊँ अपहता असुरा रक्षा सिवेदिषदः।।

जलता हुआ अङ्गारा लेकर वेदी की रेखा के ऊपर घुमाकर दक्षिण की ओर रख देवे :–

ऊँ ये :पाणि प्रतिमुञ्चमाना असुराः सन्तः स्वध्याचरन्ति।।

परा पुरोनिपुरो ये भरन्त्यनिष्टां लोकात्प्रणुदात्यस्मात्।।

पुनः वेदी में जल का प्रोक्षण करे :–

जल :– ऊँ शन्नोदेवीरभिष्ट्य ऽ आपोभवन्तु पीतये। शौंरभिस्रवन्तुनः।।

तिल :– ऊँ तिलोसि सोमदैवत्यो गोसवो देव निर्मितः। प्रत्नमद्भि पृक्तः स्वधयापितृलोकान्प्रीणाहि नः।।

गन्धाक्षतपुष्पं निक्षिप्य।।

दोने को बायें हाथ में रखकर, उसमें रखे हुई कुशा को वेदी पर रखकर कुश–तिल–जल हाथ में लेकर सङ्कल्प करे :– अद्यामुकगोत्रः वसुस्वःपास्मत्पितरमुकशर्मन्साम्वत्सरिकैकोद्दिष्ट श्राद्धे पिण्डस्थानेऽत्रावनेनिक्ष्व ते स्वधा।।

दोने के जल को वेदी की कुशा के ऊपर छोड़े तथा दोने को रखकर पिण्ड़ पर घी व शहद लगाये, कुश–तिल–जल को हाथ में लेकर सङ्कल्प करे :– अद्यामुकगोत्रः वसुस्वःपास्मत्पितरमुकशर्मन्साम्वत्सरिकैकोद्दिष्ट श्राद्धे एष ते पिण्ड़ स्वधा नमः।।

वेदी के मध्य कुशासन के ऊपर पिण्ड़ को रखकर थाली में पिण्ड़ के शेष अन्न को पिण्ड़ के पास रख देवे :– लेपभागभुजस्तृप्यन्तु।।

कुशमूल से हाथ पोंछकर सव्य होकर आमचन करके प्राणायाम रीति से उत्तर की ओर मुख करके श्वास लेकर और दक्षिण दिशा की ओर मुख करके श्वास छोड़े।

अर्घ्य के पात्र को हाथ में लेकर अपसव्य होकर जल को पिण्ड़ पर छोड़े। अद्यामुकगोत्रः वसुस्वःपास्मत्पितरमुकशर्मन्साम्वत्सरिकैकोद्दिष्ट श्राद्धे पिण्ड़ प्रत्यवने निक्ष्वते स्वधा।।

नींवी, कुशा आदि को पिण्ड़ के पास रखकर सव्य होकर आचमन करे, पुनः अपसव्य होकर बायीं जङ्घा नीची करके कार्पाससूत्र हाथ में लेकर दक्षिणमुखी होकर पिण्ड़ पर चढ़ावे :–

ऊँ नमो वः पितरो रसाय नमो वः पितरशोषाय नमो वः पितरः जीवाय नमो वः पितरो स्वधायै नमो वः पितरो घोराय नमो वः पितरो मन्यवे नमो वः पितरः नमो वः पितरो नमो वः गृहान्नः पितरो दत्त सत्तो वः पितरो द्वैष्मै तद्वः पितरो वास आधत।।

हाथ में तिल–कुश–जल लेकर सङ्कल्प करे :– अद्यामुकगोत्रः वसुस्वःपास्मत्पितरमुकशर्मन्साम्वत्सरिकैकोद्दिष्ट श्राद्धे पिण्ड़े एतत्ते वासः स्वधा।।

पिण्ड़ पर गन्ध, अक्षत, पुष्प, तुलसी, धूप, दीप, ताम्बूल, दक्षिणा चढ़ाकर वस्त्र से ढककर पिण्ड़ का शेषान्न पिण्ड़ के पास छोड़ देवे :–

ऊँ शिवा आपः सन्तु। – जल

ऊँ सौमनस्यमस्तु। – पुष्प

ऊँ अक्षतं चारिष्टम्चास्तु। – यव व तिल

दोने पर जल में तिल रखकर अक्षोदक देवे :– अद्यामुकगोत्रः वसुस्वःपास्मत्पितरमुकशर्मन्साम्वत्सरिकैकोद्दिष्ट श्राद्धे प्राणाप्यापन कामनायै दत्तै तदन्नपानादिकं अक्षयं अस्तु।।

सव्य होकर पूर्वमुखी होकर पितरों को नमस्कार करके अशीष ग्रहण करे :– ऊँ अघोरः पिताऽस्तु।।

पुनः उच्चारण करे :– अघोराः पितरः सन्तु। गोत्रं नो वर्धन्ताम्। दातारो नोऽभिवर्द्धन्ताम्। वेदाश्च नोऽभिवर्द्धन्ताम्। सन्ततिर्नोऽभिवर्द्धन्ताम्। श्रद्धा च नो माव्यगमत्। बहुदेयं च नोऽस्तु। अन्नं च नो बहु भवेत्। अतिथींश्च लभेमहि। याचितारश्च न सन्तु। एता आशीषः सत्याः सन्तु।

पुनः अपसव्य होकर पिण्ड़ के ऊपर तीन कुशा रखकर जल देवे :– ऊँ ऊर्ज्जं वहन्ती अमृतं घृतं कीलालं परिस्रुतम्। स्वधास्थतर्पयतमे पितरम्।

अर्घ्यपात्र को उल्टा करे देवे, यथाशक्ति दक्षिणा लेकर सङ्कल्प करे :– अद्यामुकगोत्रः वसुस्वःपास्मत्पितरमुकशर्मन्साम्वत्सरिकैकोद्दिष्ट श्राद्धप्रतिष्ठार्थमिदं रजतचन्द्रदैवतममुक गोत्रायामुकशर्मणे ब्राह्मणाय दक्षिणात्वेन दातुमहमुत्सृजे।।

ब्राह्मण को दक्षिणा देकर, पिण्ड़ को उठाकर सूंघकर थाली में रखे तथा कुश से जलते अङ्गार को अग्नि में डालकर दीपक को बुझा देवे। हाथ–पैर धोकर सव्य होकर प्रार्थना करे :–

ऊँ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।

नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः।।

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।

स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः।।

पितृःप कुश को उठाकर पिण्ड़ के साथ जल में विसर्जन कर देवे, एकोद्दिष्ट श्राद्ध में शय्यादान, वस्त्र, अन्न, आमान्न, गौ, आदि का दान करे तथा कर्मकर्ता पके हुए अन्न को पात्र में रखकर पञ्चबलि निकालकर कौओं के निमित्त निकाला गया अन्न कौवे को देवे, कुत्ते का अन्न कुत्ते को देवे, देवताओं का अन्न भिक्षुक अथवा अतिथि को देवे, चींटियों का अन्न चींटियों अथवा कीटादि को तथा गाय का अन्न गाय को देने के बाद निम्नलिखित मन्त्र से ब्राह्मणों के पैर धोकर भोजन करायें।

यत् फलं कपिलादाने कार्तिक्यां ज्येष्ठपुष्करे।

तत्फलं पाण्डवश्रेष्ठ विप्राणां पादसेचने ।

इसके बाद उन्हें अन्न, वस्त्र और द्रव्य–दक्षिणा देकर तिलक करके नमस्कार करे।

8.11 सारांश

इस इकाई में छात्रों को अन्त्येष्टि कर्म में जीवन की अन्तिम श्वास से लेकर षोड़शी सपिण्डन् तक की विधि का परिचय दिया गया है। जिससे छात्र मृत्यशय्या पर पहुँच चुके व्यक्ति का दशमहादान भी स्वयं करवा सकता है। इसके अध्ययने के पश्चात्छात्र मृत्यु के पश्चात्देय पाँच पिण्ड़, पञ्चकशान्ति, कपाल क्रिया, अस्थि संचय, दशगात्र, मलिनषोड़शी, एकादशाह, द्वादशाह, उत्तम षोड़शी, सपिण्डन् श्राद्ध इत्यादि सहित मृतक की शान्ति हेतु सभी आवश्यक कर्मों में पारङ्गत हो जायेगा। प्रत्येक व्यक्ति जीवन भर स्वयं के कर्मों पर आश्रित रहता है, परन्तु मृत्यु के पश्चात्सन्तान को दिये गये संस्कार के फलस्वःप ही उसकी गति होती है। यदि मनुष्य सन्तान को धर्म की यथोचित विधियों से परिचित करवा दे तो मृत्यु के पश्चात्उसकी

सद्गति अवश्य ही हो जायेगी। अतः इस इकाई के अध्ययन की आवश्यकता केवलमात्र यही नहीं है कि छात्र स्वयं कर्म करवाने जाये, अपितु वह यह भी जान पायें कि उसके परिवार के व्यक्ति का जो संस्कार हो रहा है, वह यथोचित विधि से सम्पन्न हो रहा है अथवा नहीं।

8.12 शब्दावली

१. अपमृत्यु	=	अकालमृत्यु
२. अर्थी	=	मृतक–शव को श्मशान ले जाने के लिए बाँस की विशेष शय्या।
३. कपाल क्रिया	=	अर्द्धदग्ध शव के कपाल का भेदन
४. चतुष्पद	=	चौराहा
५. क्रव्याद्	=	चिता की अग्नि की संज्ञा
६. निवीती	=	तिल–कुश–जौ को धोती की अण्टी में कमर पर बाँधना
७. मुण्डऩ	=	केशत्याग करना (गंजा होना अर्थात्सिर के बाल मुण्ड़वाना)
८. अस्थिसंचय	=	चिताग्नि शान्त होने पर मृतक की अस्थियों (हड्डीयों) को संग्रह करना
९. पंचक	=	धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद व रेवती नक्षत्रों का संयोग।
१०. नारायणबलि	=	ग्याहरवें दिन सम्पन्न होने वाली विधि

8.13 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न – १ : शवयात्रा के समय श्मशान तक कितने पिण्ड़ों का दान किया जाता है?

उत्तर : शवयात्रा के समय श्मशान तक पाँच पिण्ड़ों का दान किया जाता है।

प्रश्न – २ : कपाल क्रिया कब की जाती है?

उत्तर : शव के अर्द्धदग्ध हो जाने पर कपाल क्रिया की जाती है।

प्रश्न – ३ : पञ्चक शान्ति के समय निर्मित पुतलों की स्थापना किन–किन अङ्गों पर की जाती है?

उत्तर : १. सिर पर, २. नेत्रों पर, ३. वाम कुक्षि पर, ४. नाभि पर, ५. चरणों पर पुतलों की स्थापना की जाती है।

प्रश्न – ४ : नारायण बलि कब की जाती है ?

उत्तर : मृत्यु अथवा अग्निदाह से ग्याहरवें दिन नारायण बलि की जाती है।

प्रश्न – ५ : सपिण्डन श्राद्ध कब किया जाता है ?

उत्तर : मृत्यु अथवा अग्निदाह से बाहरवें दिन सपिण्डन श्राद्ध किया जाता है।

8.14 लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न – १ : मृत्यु के पश्चात्पुत्र अथवा उत्तराधिकारी द्वारा किये जाने वाले कार्यों की विवेचना कीजिये ?

प्रश्न – २ : शवयात्रा के समय मृतकस्थान से चिता तक दिये जाने वाले पिण्ड़ों की विधि का वर्णन कीजिये ?

प्रश्न – ३ : पञ्चकशान्ति से आप क्या समझते है? विधि बताईये?

प्रश्न – ४ : मलिनषोड़शी का वर्णन कीजिये ?

प्रश्न – ५ : सपिण्डन श्राद्ध की विधि बताईये ?

8.15 सन्दर्भ ग्रन्थ –

1 धर्मशास्त्र का इतिहास
लेखक – डॉ. पाण्डुरङ्ग वामन काणे
प्रकाशक :– उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

2 श्राद्ध विवेक
लेखक :– महामहोपाध्याय श्री रुद्रधर
प्रकाशक :– चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी।

3 श्राद्ध पारिजात
लेखक :– डॉ. मधुसूदन पाण्डेय
प्रकाशक :– प्राच्य प्रकाशन, गया।

४. अन्त्येष्टि श्राद्ध कर्म पद्धति
लेखक :– पण्ड़ित चतुर्थी लाल
प्रकाशक :– खेमराज श्रीकृष्णदास, मुम्बई।

इकाई –9

सूक्तो की व्याख्या

इकाई की रूपरेखा

9.1 प्रस्तावना
9.2 उद्देश्य
9.3 विषय प्रवेश
9.3.1 शिव संकल्प सूक्त
9.3.2 पुरूष सूक्त
9.3.3 उत्तरनारायण सूक्त
9.3.4 अप्रतिरथ सूक्त
9.3.5 रूद्र सूक्त
9.3.6 भद्र सूक्त
9.4 सारांश
9.5 शब्दावली
9.6 अतिलघुतरीय प्रश्न
9.6 लघुउत्तरीय प्रश्न
9.8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

9.1 प्रस्तावना :–

इस देश मे जितने प्रकार के उपवास व्रत पूजन अथवा होम–नियम प्रचलित है उनमे शिवरात्रि–व्रत के समान अन्य किसी का प्रचार नही देखा जाता । इस विशाल भारत में स्त्री–पुरूष, बाल–वृद्ध ,प्रौढ – युवा प्रायः किसी न किसी रूप मे इसके अनुष्ठान मे रत देख जाते है । बहुत से लोग पूजा आदि न करते हुए भी उपवास कर लेते है । जिनकी उपवास मे रूचि नही होती ,वे रात्रि – जागरण करके ही इस व्रत का पुण्य प्राप्त करते है।

साम्ब सदाशिव की आराधना से चतुर्वर्ग फलाप्ति का अमोघ वैदिक उपाय है ''रूद्राभिषेक''। शिव और रूद्र ब्रह्म के ही पर्यायवाची शब्द है। 'वेदः शिवः शिवो वेदः' वेद शिव है और शिव ही वेद है अर्थात् शिव वेदस्वरूप है। ' वेदो नारायणः साक्षात् ' भी कहा गया है । वास्तव मे श्रीमद्भागवतोक्त वचनानुसार '' परः पुरूष एक एवास्य धत्ते स्थित्यादये हरिविरचिहरेति संज्ञाम्'' यही सनातन धर्म का संस्थापित सिद्धान्त है। आशुतोष शिव की अर्चना सर्वदेवार्चनमयी है । '' सर्वदेवात्मको रूद्रः सर्वे देवाः शिवात्मकाः '' तथा '' ब्रह्मविष्णुमयो रूद्र अग्नि सोमात्मकं जगत्'' आदि से यही सिद्ध होता है।

भगवान् रूद्र (साम्बशिव) की उपासना के लिए रूद्राष्टध्यायी ग्रन्थ वेद का ही सारभूत संग्रह है । इसमे गणपति से प्रारम्भ करके पुरूषसूक्त के रूप से नारायण , रूद्रसूक्त के माध्यम से शिव तथा अन्य सभी देवो का स्तवन सहज रूप मे किया जाता है । इस ग्रन्थ मे परब्रह्म के निर्गुण एवं सगुण दोनो रूपो का वर्णन है । रूद्राष्टध्यायी व्यक्ति को इसके जप , पाठ तथा अभिषेक से भगवत्भक्ति ,सुख,शान्ति,सन्तोष,पुत्र,पौत्रादि की वृद्धि , स्वास्वथ्य, आरोग्य धनधान्य की सम्पन्नता आदि के लौकिक तथा परमपद प्राप्ति (मोक्ष) के परलौकिक अनन्य उपलब्ध करता है।

जिस भाँति ,दुग्ध से नवनीत निकाल लिया जाता है,उसी भाँति मानव कल्याणार्थ शुक्लयजुर्वेद से रूद्राष्टध्यायी का संग्रह किया गया है। इस मन्त्रो मे गृहस्थ – धर्म ,राजधर्म, ज्ञान– वैराग्य, ईश्वर –स्तवन आदि विषयो का वर्णन किया गया है।

9.2 उद्देश्य :–

शिव संकल्प , पुरूष , उत्तरनारायण ,भडसूक्त एवं रूद्राष्टाध्यायी के पंचम अध्याय के मंत्रो की व्याख्या से सम्बलित इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप –

1. शिव के विभिन्न वैशिष्ट्यो का ज्ञान करा सकेगे।

2. सृष्टि प्रक्रिया में विरात पुरूष को परिभाषित करेगें।

3. नारायण की विशेषताओ से परिचित होगें।

4. भद्र सूक्त के माध्यम से विश्व कल्याण की कल्पना को समझा सके ।

5. संक्षिप्त अभिषेक विधि को बता सकेगें ।

6. इस इकाई के माध्यम से यजुर्वेद के वैशिस्ट्रय को समझा सकेगें।

9.3 विशय प्रवेश

9.3.1 शिवसंकल्पसूक्त :–

मनुष्य के शरीर मे सभी कुछ महत्वपूर्ण है। हाथ की छोटी से छोटी अगुंली भी अपना महत्व रखती है , परन्तु मन का महत्व सर्वाधिक है। इसमे विलक्षण शक्ति निहित है। मनुष्य के सुख–दुःख तथा बन्धन और मोक्ष मन के ही अधीन है। संसार में ऐसा कोई स्थल नही जो मन के लिए अगम्य हो, मन सर्वत्र जा सकता है, एक पल मे जा सकता है । चक्षुरादि इन्द्रियाँ जहाँ नही पहुँच सकती , जिसे नही देख सकती , मन वहाँ जा सकता है , उसे ग्रहण कर सकता है। जिस आत्म ज्ञान से शोकसागर को पार कर नित्य निरतिशय सुख का अनुभव किया जा सकता है , वह मन के ही अधीन है। मन ही आत्म आक्षात्कार के लिए नेत्रवत् है। श्रुति भी कहती है –**'मनसैवानुद्रश्टव्यम्'** संसार मे हम जो भी उत्कर्ष प्राप्त करते है, उनकी मुख्य हेतु है –हमारी स्वस्थ और सक्षम ज्ञानेन्द्रियाँ। कानो से सुनायी न देता हो, आँखो से दिखायी न देता हो तो कोई कितना भी कुशाग्रबुद्धि क्यो न हो , कैसे विद्या प्राप्त करेगा ? विज्ञान एवं कला के मे कैसे व क्या वैशिष्ट्य सम्पादन करेगा ? अर्थोपार्जन भी कैसे करेगा ? ऐसा व्यक्ति तो संसार मे दीन–हीन रहेगा। अपनी जीवनयात्रा के लिए भी वह दूसरो पर आधारित होकर भारभूत ही होगा। अतः इस सत्य से कोई इन्कार

नही कर सकता कि हमारे उत्कर्ष प्रथम एवं महत्वपूर्ण साधन है – हमारी स्वस्थ और सक्षम ज्ञानेन्द्रियाँ। परन्तु यह नही भूलना चाहिए कि इन्द्रियो का प्रवर्तक है मन । यदि मन असहयोग कर दे तो स्वस्थ तथा सक्षम इन्द्रियाँ भी अपने विषय को ग्रहण करने मे समर्थ नही रह जायेगी। जब इन्द्रियो का प्रवर्तन–निवर्तन मन पर आधारित है और स्पष्ट हो जाता है कि हमारा अभ्युदय की प्राप्ति सम्यक् कर्म सम्पादन पर आधारित है , तब यह आपने आप स्पष्ट हो जाता है कि हमारा अभ्युदय मन के शुभ संकल्प युक्त होने पर निर्भर है इसीलिए मन्त्रद्रष्टा ऋषि इस शिवसंकल्प सूक्त के माध्यम से प्रार्थना करते है।

यज्जाग्रतो दूरमुदैति देवं तदु सुप्तस्य तथैवैति।

दूरंगमं ज्योतिशां ज्योतिरेक तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।। (शुक्लयजुर्वेद, 34/1)

मेरा वह मन धर्मविषयक सकंल्पवाला (शिवसंकल्प) हो , मन में कभी पापभाव न हो , जाग्रदवस्था में देखे–सुने दूर से दूर स्थल तक दौड़ है–(दूरमुदैति) और सुषुप्तावस्था में पुनः अपने स्थान पर लग जाता है। जो ज्योतिः स्वरूप (देव) आत्मा को ग्रहण करने का एकमात्र साधन है (दूर मम्) , दूरगामी तथा विषयों को प्रकाशित करने वाली इन्द्रियों–ज्योतियों–का एकपात्र प्रकाशक (ज्योतिरेकं) अर्थात् प्रवर्तक हैं। वह मेरा मन शुभ सकल्पों वाला हो।

मन के ही निर्मल , उत्साहयुक्त और श्रद्धावान् होने पर बुद्धिमान् यज्ञ–विधि–विधानज्ञ कर्मपरायणजन यज्ञों की सब क्रियाओ को सम्पन्न करते है । मेधावी पुरूष बुद्धि के सम्यक् प्रयोग से वेदादि सच्छास्त्रो का प्रामाण्य समझ सकते है । न्याय और मीमांसा आदि दर्शनशास्त्रो की प्रक्रिया का गूढ़ अनुशीलन कर अप्रामाण्य की सब शंकाओ को दूर कर अपने हृदय में दृढतापूर्वक यह निश्चय कर सकते है। वेदादि – शास्त्र अपने विषय मे (धर्म और ब्रह्म के विषय में) निर्विवाद प्रमाण है। अकोसहित वेदो का अध्ययन करके विविध फलों का सम्पादन करने वाले के विधि–विधान और अनुष्ठान की सम्पूर्ण तभी हो सकता है, जब मन निर्मल ,श्रद्धोपेत तथा उत्साहयुक्त हो । वैदिक क्रियाओ कालप मन की अनुकूलता पर निर्भर है। हम एक–आध बार भले ही मन की उपेक्षा कर दें , परन्तु हम सदा ऐसा नही कर सकते हैं, मन को सदा खिन्न रखकर हम अपना जीवन भी नही चला सकते हैं, मन को भगवान स्वयं अपनी 'विभूति' बतलाते है–'इन्द्रियाणां मनश्चास्मि' (गीता, 10/12) –' इन्द्रियो मे मैं मन हूँ।' अतः मन पूज्य है। हमे उसकी पूजा करनी ही पडेगी, उसका रूख देखना ही पडेगा इसलिए ऋषि दूसरी ऋचा में प्रार्थना करते है–

येन कर्माण्यपसो मनीशिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेशु धीराः।

यदपूर्वं यक्षमन्त प्रजानां तन्मे मनः शिवसकंल्पमस्तु।।

जिस मन के स्वस्थ और निर्मल होने पर मेधावी पुरूष (मनीषिणः) यज्ञ में कार्य करते है– (कर्माणि कृण्वन्ति), मेधावी जो कर्मपरायण है (अपसः) तथा यज्ञसम्बन्धी विधि–विधान (विदथेषु) मे बड़े दक्ष (धीराः) है तथा जो मन संकल्प विकल्पों से रहित हुआ साक्षात् आत्मरूप ही है। 'यदपूर्वं' इत्यादि श्रुति इन लक्षणों से आत्म का ही लक्ष्य कराती है और पूज्य (यक्षम्) है, जो प्राणियो के शरीर के अन्दर ही स्थित है (अन्तः प्रजानाम्), वह मेरा मन शुभसंकल्प वाला हो।

प्रत्यक्षादि प्रमाणो के माध्यम से उत्पन्न होने वाली ज्ञानवस्तु मन के द्वारा ही उत्पन्न होता है। सामान्य तथा विशेष दोनो प्रकार के ज्ञानों का जनक मन ही है। क्षुधा और पिपासा इत्यादि की पीडा से मन जब अत्यन्त व्यथित हो जाता है , तब बुद्धि मे कुछ भी ज्ञान स्फुरित नही हो पाता। ज्ञान ही मनुष्य की विशेषता है।

ज्ञान के बल से ही वह मर्त्यलोक के अन्य जीवों से श्रेष्ठ बना , उनका सिरमौर बना। ज्ञान की वृद्धि करके उसने अतुल सुख और सम्पत्ति प्राप्त की। ज्ञान के ही द्वारा उसने पशुओ की अपेक्षा अपने जीवन को मधुर बनाया। मोक्ष भी आत्मज्ञान से ही प्राप्त किया जा सकता है । उस ज्ञान का जनक यह मन ही है।

हमारी जीवनयात्रा निष्कण्टक नहीं। अनेक विघ्न–बाधायें इसमे उपस्थित होती है । अभ्युदय और उत्कर्ष का कोई मार्ग अपनाओ , वह निरापद नहीं होगा। कठिनाइयाँ और क्लेश हमारे सामने आयेगे ही । यदि हम उन कठिनाईयो को जीतने में समर्थ नही तो मार्गपर आगे प्रगति नही कर सकते है। यदि प्रगति अभीष्ट है तो कठिनाईयो से सघर्ष करके उन पर विजय प्राप्त करना होगा। । इसके लिए धैर्य चाहिए । थोडी–थोडी कठिनाईयों में अधीर हो जाने वाले व्यक्ति तो कोई भी उद्यम नही कर सकते। कार्य उद्यम करने से सिद्ध होते है , मनोरथमात्र से नहीं। अतः सफलतारूप प्रसाद का एक मुख्य स्तम्भ धैर्य है। धैर्य मन मे ही अभिव्यक्त होता है , अतः धैर्य का उत्पादक होने से जल को जीवन कहने की भाँति मन को ही धैर्य मन में ही अभिव्यक्त होता है, अतः धैर्य का उत्पादक होने से जल को जीवन कहने की भाँति मन को ही धैर्यरूप कहा गया है। मन के बिना कोई भी लौकिक–वैदिक कर्म सम्पादित नहीं किया जा सकता है। अतः तीसरी ऋचा से ऋषि कामना करते है–

यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृतिश्च यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु।

यस्मान्न ऋते किं चन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।। (शुक्लयजुर्वेद,34/3)

जो मन प्रज्ञान अर्थात् विशेषरूप से ज्ञान उत्पन्न करने वाला है तथा पदार्थो को प्रकाशित करने वाला (चेतः) सामान्य ज्ञानजनक है जो धैर्यरूप है, सभी प्राणियो में (प्रजासु) स्थित होकर अन्तज्योर्ति अर्थात् इन्द्रियादि को अथवा आभ्यन्तर पदार्थो को प्रकाशित करने वाला है एवं जिसकी सहायता और अनुकूलता के बिना कोई कार्य सम्पन्न नही हो सकता , मेरा वह मन शुभसंकल्प वाला हो ।

चक्षुरादि इन्द्रियाँ केवल उन पदार्थो को ग्रहण कर सकती है , जिनसे उनका साक्षात् सम्बन्ध हो , पर उन अप्रत्यक्ष पदार्थो को भी ग्रहण करने मे समर्थ है। चतुर्थ ऋचा से ऋषि यही भाव व्यक्त करते है–

येनेदं भूतं भुवनं भविश्यत् परिगृहीतममृतेन सर्वम्।

येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।। – (शुक्लयजुर्वेद, 34/4)

जिस मन के द्वारा यह सब भलीप्रकार जाना जाता है ,ग्रहण किया जाता है (परिगृहीतम्) , भूत , भविष्यत् और वर्तमान सम्बन्धी सभी बातो को परिज्ञान होता है (भूतं भुवनं भविष्यत्) जो मन शाश्रवत है– संकल्प–विकल्प से रहित हुआ आत्मरूप (अमृतेन) ही है जिस श्रद्धायुक्त और स्वस्थ मन से सप्त होताओ वाला (अग्निष्टोम यज्ञ में सप्त होता है।) किया जाता है (तायते), वह मेरा मन शुभसंकल्प वाला हो।

हमारा जितना भी ज्ञान है , वह सब शब्द–राशि में ओतप्रोत है। शब्दानुगम से रहित लोक मे कोई भी ज्ञान उपलब्ध नहीं होता । जैसे आत्मा की अभिव्यक्ति शरीर मे होती है , वैसे ही ज्ञान की अभिव्यक्ति शब्दरूप कलेवर मे ही होती है। वे शब्द मन में ही प्रतिष्ठित होते है । मन के स्वस्थ होने पर उनकी स्फूर्ति होगी और मन के व्यग्र होने पर वे स्फुरित नहीं होगें । छन्दोग्योपनिषद् मे कहा गया है – **' अन्नमयं हि सोम्य मनः '** – ' हे सोम्य ! मन अन्नमय है। ' इस सत्य का अनुभव कराने के लिए शिष्य को कुछ दिनों तक भोजन नही दिया गया। भोजन न मिलने से जब वह बहुत कृश हो गया , तब उसे पढे हुए वेद को सुनाने के लिए कहा गया । वह बोला कि ' इस समय वह पढ हुआ कुछ भी मन में स्फुरित नही हो रहा है ।'

अनन्तर उसे भोजन कराया गया है । भोजन से तृप्त होने पर उसके मन में वह पढा हुआ वेद स्फुरित हो गया । इस अन्वय और व्यातिरेक से यह भी सिद्ध होता है कि ज्ञान की प्रतिष्ठा तथा स्फुर्ति मन मे ही होती है। यदि मन प्रसन्न है तो ज्ञान–सम्पादन और विचार–विमर्श सफल होगें। यदि वह व्यग्र एवं अधीर हो रहा है तो कोई भी कार्य सफल न होगा। अतः मन का निर्मल और प्रसन्न होना सबसे अधिक महत्व का है इसलिए पाँचवी ऋचा में ऋषि प्रार्थना करते है–

यस्मिन्नृचः साम यजूषि यस्मिन् प्रतिष्ठिता रथनाभाविवाराः।

यस्मिँश्चित्त सर्वमोतं प्रजानां तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।। – (शुक्लयजुर्वेद , 34/5)

जिस मन मे ऋक्, यजुः और सामरूप वेदत्रयी ठीक उसी प्रकार प्रतिष्ठित है , जैसे रथचक्र नाभि मे चक्के–अरे, जिस मन मे प्राणियो का लोक विषयकज्ञान (चित्तम्) पट में तन्तु की भाँति ओतप्रोत है , वह मेरा मन शुभसंकल्प वाला हो।

बुद्धिमान् सब जानते हैं कि मन ही मनुष्य को सब जगह भटकाता रहता है। यही आग्रह करके उन्हें किसी मार्ग में प्रवृत्त करता है अथवा उससे निवृत्त करता है। नयन और नियमन मन के ही अधीन हैं। यदि मन पवित्र संकल्प वाला होगा तो उत्तम स्थान पर लेजायेगा और सत्–प्रवृत्तियों से इसका नियमन करेगा। यदि मन पाप संकल्पों से आक्रान्त होगा तो मनुष्य को बुरे मार्ग में लगाकर उसके विनाश दुर्गति का कारण बन जाएगा। छटी ऋचा में ऋषि ने यही बात कहकर मन के पवित्र होने की प्रार्थना की है।

सुषारथरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्जानिव इव।

हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु।। – (शुक्लजयुर्वेद, 34/6)

जैसे कुशल सारथि (सुषारथिः) चाबुक हाथ में लेकर (अश्वान्) घोडों को जिधर चाहता है, ले जाता है (नेनीयते), वैसे ही जो मन मनुष्यों को (मनुष्यान्) जिधर चाहता है, ले जाता है तथा जिस प्रकार सुसारथि बागडोर हाथ में लेकर (अभीशुभिः) घोड़ों का अपने मनचाहे स्थान पर ले जाता है (वाजिनः नेनीयते), वैसे ही जो मन मनुष्य को ले जाता हैं, जो प्राणियों के हृदय में प्रतिष्ठित है (हृत्प्रतिष्ठम्), शरीर के वृद्ध होने पर भी जो वृद्ध नहीं होता, जो अत्यन्त वेगवान् है (जविष्ठम्), मेरा वह मन शुभसंकल्पवाला हो।

दो दृष्टान्त देकर बतलाया कि 'मन शरीर का नयन और नियमन दोनों करता है। शरीर के शिथिल होने पर भी मन का वेग कम नहीं होता। अत्यन्त वेगवान् होने से जल्दी वश में नहीं आता है।' बिगड़ उठे तो बलवान् होने से व्यक्ति बुरी तरह झकझारे देता है। यदि मन शुद्ध और पवित्र बन जाये तो हमारे जीवन की धारा बदल जाएगी और हमारी समस्त शक्तियाँ मंगलमय कार्यों में ही लगेगी।

9.3.2 पुरूष सूक्त :–

सभी सूक्तों में 'पुरूषसूक्त' श्रेष्ठ माना गया है। इसका सम्बन्ध सृष्टि सृजन से जुड़ा हुआ है। इसमें सोलह ऋचाएँ हैं, जो भगवान् नारायण के सृष्टि सृजन के स्वरूप को लेकर इससे जुड़ी हुई हैं। इन सोलह ऋचाओं से ही देवता के षोड़शोपचार पूजन हैं। पूजन के प्रत्येक उपचार के साथ पुरूषसूक्त की एक एक ऋचा जुड़ी है। इसके भावार्थ से ही सृष्टि सृजन का बोध होता है। इसके प्रथम मन्त्र में ही सहस्त्र शिरो से भाव है समस्त ब्रह्माण्ड जिसका अंश अस विश्व मृत्युलोक में समसत प्राणियों से जुड़ा हुआ है। यह स्वरूप हजारों नेत्र, हाथ पैर, अन्द्रिय होने से विराट् स्वरूप में प्रत्यक्ष है, जीवन में प्रत्यक्ष इसका आविर्भाव होता है।

जीव का अंत हो जाने पर इसका तिरोभाव होताहै। इससे परब्रह्म महानारायण परमात्मा का व्यक्त और अव्यक्त निराकार और साकार रूप प्रकट होता है, जो अनंत स्वरूप है, जिसकी हजारों मूर्तियाँ है, जिसके हजारों पाँव, आँखें भुजाएँ हैं वह अच्युत पुरूष कोटियुगों से विद्यमान है। वस्तुतः वही सृष्टि का सृजन तत्त्व रूप में विद्यमान है। उस पुरूषोत्तम पुरूष को हम बार–बार नमस्कार करते हैं। 'सहस्त्रशीर्ष' शब्द अनन्त द्युलोक से युक्त उस महाविराट्पुरूष का द्योतक है। उस महाविराट् से ही इस क्षुद्र विरा् की उत्पत्ति होती है। उस महान् विराट् पुरूष के रोम–रोम से अनन्त भूः भुवः एवं स्वर्लोकों से समन्वित अगणित ब्रह्माण्ड वर्तमान रहते हैं। वह चतुष्पात् पूर्ण पुरूष एकपाद से अगणित ग्रह्माण्डों के रूप में विकसित रहता है। उसे ही महानारायण विष्णु रूप में कहा गया है। सहस्त्रशीर्षा पुरूष चतुष्पात् पूर्ण पुरूष है। वह अपने एक पाद से अगणित विश्व ब्रह्माण्डों के रूप में विकसित हुआ। वह अन्तर्यामी रूप में सन्निविष्ट रहताहै। इसे कोटी महनारायण या विष्णु कहकर पुकारते हैं। वह ज्यायमान है। पुराणों में इसे ही शेष अथवा अनन्त कहते हैं।

सहस्त्राशीर्षा पुरूषः सहस्त्राकक्षः सहस्त्रपात्।

सभूमिः सर्व्वत स्पृत्त्वात्त्यतिष्ट्ठद्दशांगुलम्।।1।।

हे मनुष्यों! जिस पूर्ण परामात्मा में हम मनुष्य आदि के असंख्य शिर, आँखे और पैर आदि अवयव है जो भूमि आदि से उपलक्षित हुए पाँच स्थूल और पाँच सूक्ष्म भूतों से युक्त जगत् को अपनी सत्ता से पूर्ण कर जहाँ जगत नहीं वहाँ भी पूर्ण हो रहा है।

पुरूषऽएवेदः सर्व्वँ य्यद्भूतँ य्यच्च भागव्यम्।

उतामृतत्त्वस्येशानों यदन्नेनातिरोहति।।2।।

वह विराट पुरूष ही भूतत, भविष्य और वर्तमान है, वही ''अमृतत्वस्य ईशानः'' अर्थात अमरता का स्वामी है।यत् अन्नेन अतिरोहति अर्थात् जो अन्न से बढ़ता है। अन्न का अर्थ प्राण भी है।

एतावानस्य महिमातो ज्ज्यायाँश्च्च पुरूषः।

पदोस्य व्विश्श्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतन्दिवि।।3।।

इस विराट की इतनी महिमा है कि उससे भी बढ़कर व परूष पहिमा वाला है इसके एक पादस्वरूप यह समस्त चराचर जगत है और तीन पादस्वरूप अमृतत्व दिव्य लोभ है।

त्रिपादूर्ध्वऽउदैत्पुरूषः पादोस्येहाभवत्पुन।

ततो व्विष्व्वङ्डव्यक्क्रामत्त्साशनानशनेऽअभि।।4।।

यह पूर्वोक्त परमेश्वर कार्यजगत् से पृथक तीन अंश से प्रकाशित हुआ एक अंश अपने सामर्थ्य से सब जगत को बार बार उत्पन्न करता है, पीछे उस चराचर जगत् में व्याप्त होकर स्थित है। अर्थात् अनशन और अशन की सृष्टि में शासन के अन्तर्गत जगत जिसमें अन्नादि सृष्टि के प्राणी एवं अनशन अर्थात दिव्यलोक के प्राणी निवास करते है।

ततो व्विराडजायत व्विराजोऽअधिपूरूषः।

सजातो ऽअत्त्यरिच्च्यत पश्च्वाद्भमिमथो पुरः।।5।।

परमेश्वर ही से सब समष्टिरूप जगत् उत्पनन होता है, वह उस जगत् से पृथक् उसमें व्याप्त भी हुआ, उसके दोषों से लिप्त न होकर इस सबका अधिष्ठाता है। इस प्रकार सामान्य रूप से जगत की रचना का वर्णन कर विशेषकर भूमि आदि की रचना को क्रम से कहते है।

तस्म्माद्द्यज्ञात्त्सर्व्वहुतः सम्भृतम्पृषदाज्ज्यम्।

पशूँस्ताँश्चक्क्रे व्वयव्व्यानारण्ण्या गग्राम्म्याश्च ये।।6।।

जिस सबका गहण करने योग्य, पूजनीय परमेश्वर ने सब जगत के हित के लिए दही आदि भोग्य पदार्थो ओर ग्राम के तथा वन के पशु बनायें है उसकी सब लोग उपासना करो।

तस्म्माद्यज्ञात्त्सर्व्वहुतऽऋचः सामानि जज्ञिरे।

छन्दाः सिजज्ञिरे तस्म्माद्द्यजुस्त्स्म्मादजायत।।7।।

हे मनुष्यां! तुम को चाहिए कि उस पूर्ण अत्यन्त पूजनीय जिसके अर्थ सब लोग समस्त पदार्थों को देते या समर्पण करते है उस परमात्मा से ऋग्वेद, सामवेद उत्पनन हुआ; उस परमात्मा से अथर्ववेद उत्पन्न हुआ और उस पुरूष से यजुर्वेद उत्पन्न होता है और उस वेद को पढ़ो और उसकी आज्ञा के अनुकूल वर्त्त के सुखी होओ।

तस्म्मादश्श्वाऽअजायन्त ये के चौभयदतः

गावो हे जज्ञिरे तस्म्मात्तस्म्माज्जाताऽअजावय।।8।।

हे मनुष्यों! तुम को घोड़े तथा जो कोई गदहा आदि दोनों, ओर ऊपर नीचे दाँतों वाले हैं वे उस परमेश्वर से उत्पन्न हुए उसी से गौवें या अन्य भी एक ओर दाँत वाले जीव निश्चय करके उत्पन्न हुए हैं, इस प्रकार कहना चाहिए।

तँय्यज्ञम्बर्हिषि प्प्रौक्षन्नपुरूषंजातमग्ग्रतः।

तेन देवाऽअयजन्त साद्ध्याऽऋषयश्च्च ये।।9।।

विद्वान मनुष्यों को चाहिए कि सृष्टिकर्त्ता ईश्वर का योगाभ्यासादि से सदा हृदयरूप अवकाश में ध्यान और पूजन किया करे।

यत्त्पुरूषँ व्व्यदधुः कतिधा व्व्यकल्प्पयन्।

मुखंकिमस्यासी त्त्किम्बाहू किमूरू पदाऽउच्च्येते।।10।।

हे विद्वानों! आप जिस पूर्ण परमेश्वर को विविध प्रकार से धारण करते हो उसको कितने प्रकार से विशेषकर कहते हैं और इस ईश्वर की सृष्टि में मुख के समान श्रेष्ठ कौन है? भुजबल को धारण करने वाला कौन है? उरू अर्थात् घोंटू के कार्य करने वाले कौन है और पाँव के समान तुच्छ कौन कहे जाते हैं?

ब्राह्मणोस्य मुखमासीद्बाहू राजन्नयः कृतः।

ऊरू तदस्य यद्वैश्श्यः पद्भ्याश शूद्द्रोऽ अजायत।।11।।

हे जिज्ञासु लोगो! तुम उस ईश्वर की सृष्टि में वेद व ईश्वर का ज्ञाता इनका सेवक या उपासक मुख के तुल्य उत्तम ब्राह्मण है। भुजाओं के तुल्य बल पराक्रमयुक्त राजन्य (क्षत्रिय) है। ऊरू अर्थात् जंघाओं के तुल्य वेगादि से काम करने वाला अथवा व्यापारविद्या में प्रवीण वैश्य है। सेवा और अभिमान से रहित होने से शूद्र उत्पन्न हुआ है।

चन्द्रमा मनसो जातश्च्चक्षोः सूर्य्योऽ अजायत।

श्रोत्त्राद्वायुश्च्च प्राणश्च्च मुखादग्निरजायत।।12।।

जा यह सब जगत् कारण ईश्वर ने उत्पन्न किया है उसमें चन्द्रलोक मनरूप, सूर्यलोक नेत्ररूप वायु और प्राण श्रोत्र के तुल्य, मुख के तुल्य अग्नि औषधि और वनस्पति रोमों के तुल्य नदी नाड़ियों के तुल्य और पर्वतादि हड्डी के तुल्य है ऐसा जानना चाहिए।

नाभ्याऽ आसीदन्तरिक्षः शीष्ण्णों द्यौः समवर्त्तत।

पद्भ्या म्भूमिर्द्दिशः श्रोत्त्रात्तथा लोकां ।। ऽअकल्प्पयन्।।13।।

हे मनुष्यों! जो जो इस सृष्टि में कार्यरूप वस्तु है वह सब विराटरूप कार्यकारण का अवयवरूप है, ऐसा जानना चाहिए।

यत्पुरूषेण हविषा देवा यज्ञमतन्न्वत।

व्वसन्तो स्यासी दाज्जयडृग्रीष्म्मऽइध्ध्मः शरद्धविः।।14।।

जब ब्राह्य सामग्री के अभाव में विद्वान् लोग सृष्किर्त्ता ईश्वर की उपासनारूप मानस ज्ञानयज्ञ को विस्तृत करें तब पूर्वाह्न आदि काल ही साधनरूप से कल्पना करना चाहिए।

सप्तास्यासन्न्परिधयस्त्रिः सप्तसमिध÷कृताः।

देवा यद्द्यज्ञन्तन्न्वानाऽ अबध्नन्पुरूषम्पशुम्।।15।।

हे मनुष्यों! जिस मानस ज्ञानयज्ञ को विस्तृत करते हुए विद्वान लोग जानने योग्य परमात्मा को हृदय में बांधते है। इस यज्ञ के सात गायत्री आदि छन्द चारों ओर से सूत के सात लपेटों (परिधि) के समान है। इक्कीस अर्थात् प्रकृति, महत्तत्त्व, अहंकार, पाँच सूक्ष्मभूत, पाँच स्थूलभूत, पाँच ज्ञानेन्द्रिय और सत्व, रजस्

तीन गुण ये सामग्री रूप किये उस यज्ञ को अथावत् जानो। इस विशेषताओं वाले पुरूष को यज्ञ विस्तार है उसकी पशुता को समाप्त करने के लिए बाँधा अर्थात् यज्ञ वेदी पर आहूत किया।

यज्ञेन यज्ञमयजनत देवास्तानि धर्म्माण प्प्रथमान्न्यासन्।

तेहनाकम्महिमान÷ सचन्त यत्रपूर्व्वे साद्ध्याः सन्ति देवाः।।16।।

हे मनुष्यों! जो विद्वान् लोग पूर्वोक्त ज्ञानयज्ञ से पूजनीय सर्वरक्षक अग्निवत् तेजस्वि ईश्वर की पूजा करते है, वे ईश्वर की पूजा आदि धरणरूप धर्म अनादि रूप से मुख्य है, वे विद्वान् महत्व से युक्त हुए जिस मुख में इस समय से पूव साधनों को किये हुए प्रकाशमान विद्वान् है उस सब दुःखरहित मुक्तिसुख को ही प्रापत होते है, उसको तुमलोग भी प्राप्त होवोगे।

9.3.3 उत्तरनारायण सूक्त –

अद्भ्यः सम्भृतः पृथिव्यै रसाच्च व्विश्श्वकर्म्मणः समवर्त्तताग्ग्रे।

तस्य त्त्वष्टा व्विदधद्द्रूपमेति तन्मर्त्त्यस्य देवत्वमाजानमग्ग्रे।।17।।

जल, पृथ्वी आदि से बनने वाले इस विश्व अथवा जगत् से पूर्व इन जलादि तत्वों को धारण करने वाले महापुरूष सूर्य के रूप में परमपिता ईश्वर ही मुख्य आराध्य देव है।

वेदाहमेतम्पुरूषम्महान्तमादित्यवर्ण्णन्तमसः परस्तात्।

तमेव व्विदित्वाति मृत्युमेतिनान्न्यः पन्थाव्विद्यतेयनाय।।18।।

इस मन्त्र में मनुष्य की मुक्ति का मार्ग बताते हुए कहा है कि सूर्य ही ज्ञानरूवरूप परमपिता है। इस ज्ञान को प्राप्त करने वाला ही अमृत तत्व को प्राप्त करता है।

प्रजापतिश्च्चरति गर्ब्भेऽअन्तरजायमानोबहुधाव्विजायते।

तस्य योनिम्परिपश्श्यन्ति धीरास्तस्मिन्नह तस्थुर्ब्भुवनानि व्विश्श्वा।।19।।

नित्य परमपिता प्रजापति स्वयं जन्म न लेते हुए भी गर्भ के मध्य में सहजता से अपनी उपस्थिति बताता है तथा ब्रह्म को जानने वाले भी उस ब्रह्म के सभी योनियों/लोकों में दर्शन कर पाते है।

यो देवेब्म्यऽआतपति यो देवानाम्पुरोहितः।

पूर्व्वो यो देवेब्म्यों जातो नमो रूचाय ब्राह्मये।।20।।

परमब्रह्म ज्योतिस्वरूप सभी देवताओं को अपने ज्ञान से ज्ञानवान् तथा शक्ति से शक्तिमान् बनाता है। जो अनित्य है, उस परमपुरूष को हम नमस्कार करते है।

रूचम्ब्राह्मंजनयन्तो देवाऽअग्ग्रेतदब्ब्रुवन्।

यस्त्वैवम्ब्राह्मणोव्विद्द्यात्तस्य देवाऽ असन्नवशे।।21।।

वेद को जानने वाले विद्वान् को चाहिए कि ईश्वर के नित्य स्वरूप को जानकर उसकी उपासना करे, जिसके करने से उसकी सभी अभिलाषायें पूर्ण हो सके।

श्रीश्च्वते लक्ष्मीश्च्च पत्न्यावहोरात्त्रे पाश्र्वे नक्क्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम्।

इष्णन्निषाणा मुम्मऽइषाण सर्व्वलोकम्मऽइषाण।।22।।

श्री और लक्ष्मी जिस परब्रह्म की पत्नियाँ है, दिन और रात पार्श्व मे विद्यमान है। सूर्य और चन्द्र नक्षत्ररूप में तथ पृथ्वी और आकाशरूप में आप सुशोभित है, अपने आशीर्वचन से मेरा कल्याण करे।

9.3.4 अप्रतिरथ सूक्त

अप्रतिरथ सूक्त का विशेष माहात्म्य है, इसकी ऋचाओं के पाठ से ईश्वर की कृपा होती है तथा मनुष्य की सभी मनोकामनायें पूर्ण होती है।

।। हरिः ओम्।।

आशुः शिशनो व्वृषभो न भीमो घनाघनः क्क्षोभणश्च्वर्षणीनाम्।

सङ्क्रन्दनोनिमिषऽएकवीरः शतः सेनाऽअजयत्सा कमिन्द्र÷।।1।।

देवताओं के सेनानायक इन्द्र के प्रति विशेषणों से युक्त यह अप्रतिरथ सूक्त है। भगवान् रूद्र का यह कवच रूप समझा जाता है। युद्ध में इस का पाठ प्रशस्त माना गया है। संक्षेप में अर्थ है वज्र के समान शीघ्रगामी, भयकारी शत्रुओं के घातक, क्षोभ हेतु बार–बार गर्जना करने वाले अत्यन्त सावधान इन्द्र सैंकड़ों सेनाओं को जीत लेते हैं।

सङ्क्रदनेना निमिषेण जिष्णुना युत्कारेण दुश्च्व्य–वनेनधृष्णुना।

तदिन्द्रेण जयततत्सहद्ध्वँ य्युधोनरऽ–इषुहस्तेन व्वृष्णा।।2।।

हे युद्ध करने वाले वीरों तुम अनेक युद्धों को जीतने वाले भय रहित बाण धारण करने वाले तुम अजेय हो और देव सेनानायक इन्द्र के प्रभाव से शत्रुसेना का युद्ध में विनष्ट कर दो।

सऽइषुहस्तैः सनिषंङिभिर्व्वशीसः स्त्रष्ट्टासयुधऽइन्द्रोग–णेन।

सः सृष्ट्ट जित्सोमपाबाहु शद्ध्र्युग्र धन्वा प्रतिहि–ताभिरस्ता।।3।।

यह सूक्त पुनः इन्द्र को सम्बोधित है। हे इन्द्र! आप शत्रुओं को नाश करने वाले होवे। रथ के साथ सभी दिशाओं में विचरण करें। राक्षसों का नाश करें। हाथ में बाण लेकर सभी ओ विचारण करें शत्रुओं को पीड़ित करें। धनुषधारियों को युद्ध में ललकारने वाले बाहुबली भी इन्द्र अपने धनुष से छोड़े हुए बाणों से जो शत्रुओं का नाश कर देते हैं, वे इद्र हमारी रक्षा करें।

बृहस्पते परिदीया रथेन रक्षोहामित्त्रां।। ऽअपबाधमानः।

प्रभंजन्त्सेनाः प्रमृणो युधा जयन्नस्म्माकमेद्ध्यविता रथानाम्।।4।।

बृहस्पति को सम्बोधित करते हुए कहा है – है बृहस्पति! आप राक्षसों का नाश करने वाले बने। रथ से सभी ओर विचरण करें। शत्रुओं को पीड़ित कर उनकी सेनाओं को हानि पहुँचाकर युद्ध में हिंसा करने वालों को जीत कर हमारे रथों की रक्षा करें।

बलविज्ञाय स्त्थविरः प्रवीरः सहस्वान्न्वाजी सहमानऽउग्रः।

अभिवीरोऽ अभिसत्त्वा सहोजा जैत्त्रमिन्द्र रथमातिष्ठ गोवित्।।5।।

पुनः इद्र को वीरता पूर्ण विशेषणों से संबोधित करके कहा है – है इन्द्र! आप दूसरों केवल की जानने वाले, बहुत शूरवीर, महाबलशाली, अन्न देने वाले युद्ध में अतिक्रूर, सब ओर वीर योद्धाओं से युक्त, सभी ओर से सेवकों से घिरे हुए आप अपने विजयशील रथ पर चढ़ जाएँ।

गोत्त्रभिदंगोविदँ्वज्ज्रबाहुंजयन्तमज्जम प्रमृणन्तमोजसा।

इन सजाताऽअनु वीरयद्ध्व मिन्द्रः सखायोऽ अनु सः रभद्ध्वम्।।6।।

हे इन्द्र! आप शत्रुओं को मारने वाले, असुर कुल के नाशक वेदवाणी के ज्ञाता, हाथ में वज्र लेकर संग्राम को जीतने वाले, बल से शत्रुओं का संहार करने वाले इस इन्द्र को पराक्रम दिखाने के लिए उत्साह दिलाइये। इसको उत्साहित कर आप स्वयं उत्साहित हो जाओ।

अभि गोत्त्राणि सहसा गाहमानोदयो व्वीरः शतमन्न्युरिन्द्र÷।

दुश्च्य्यवनः पृतनाषाडयुद्ध्योस्म्माकः सेनाऽअवतु प्रयुत्त्सु।।7।।

शत्रुओं के प्रति दयाहीन–रूद्र के लिए पुनः विशेषण लगाए गए हैं। पराक्रम सम्पन्न अनेक प्रकार से क्रोध युक्त अथवा सैंकड़ों यज्ञ करने वाले दूसरे से नष्ट न होने योग्य, शत्रुओं का संहार करने वाले किसी के भी द्वारा प्रहारित न हो सकने वाले देवसेना नायक इन्द्र असुरों के कुलो का नाश करने वाले हमारी सेना की रक्षा करें।

इन्द्रऽआसान्नेता बृहस्पतिर्द्दक्षिणा यज्ञः पुरऽएतु सोम÷।

देवसेनानामभिभंजतीनांजयन्तीनाम्मरूतो यन्त्वग्ग्रस्।।8।।

यहाँ पर देवसेना नायकों इन्द्र और बृहस्पति की प्रसंसा की गई है बृहस्पति और इन्द्र सभी प्रकार से शत्रु सेनाओं का मर्दन करने वाली विजयशील देवसेनाओं के नायक हैं यज्ञ पुरूष विष्णु सोम सभी मरूद्गण और दक्षिण चले।

इन्द्रस्य व्वृष्णे व्वरूणस्त राज्ञऽआदित्त्यानाम्मरुताः शर्द्धऽउग्ग्रम्।

महामनसाम्भुवनच्च्यवानांघोंषों देवानांजयता मुदस्त्थात्।।9।।

उक्त सूक्त में वरूण जल देवता का आवाहन किया गया है। सभी लोकों के नाश करने की सामर्थ्य वरूण में है। महानुभाव वरण की सभा से जय जयकार का शब्द उठ रहा है, जो देवताओं बारह आदित्यों और मरूद्गणों को जल–वर्षा के द्वारा प्रदान करता है। उस इन्द्र और वरुण की सभा से जय जयकार उठ रही है।

उद्धर्षय मघवन्नायुधान्युत्सत्त्वनाम्मामकानाम्मनाःसि।

उद्वत्त्रहन्वाजिनाँ व्वाजिनान्युद्ददथानांजयताँय्यन्तु घोषाः।।10।।

पुनः इन्द्र को उक्त सूक्त में संबोधित कर जयघोष और विजय प्राप्ति की कामना की गयी है। युद्ध में विजय प्राप्त हो। हे इन्द्र! आप अपने घोड़ों की गति को तेज कीजिए, आप अपने शस्त्रो को भली प्रकार से सुसज्जित करो, मेरे वीर सैनिकों के मन को हर्षित कीजिए। आपके विजय चाहने वाले रथों से जय विजय की घोषणा होनी चाहिए।

अस्म्माकमिन्द्रः समृतेषु द्ध्वजेष्ष्वस्माकँय्याऽइषवस्त्ता जयन्तु।

अस्म्माकँ व्वीराऽउत्तरे भवन्त्वस्म्मा रँ।।ऽउ देवाऽअवता हवेषु।।11।।

उक्त सूक्त में संग्राम और यद्ध में विजय प्राप्ति की कामना की गई है। हे अन्द्र! शत्रु की पताकाओं के साथ हमारी पताकाओं के मिलने पर अर्थात् युद्ध का सामना होने पर हमारी रक्षा करें। हमारे बाण शत्रुओं को नष्ट कर विजय प्राप्त करें। हमारे वीर सैनिक शत्रुओं के सैनिकों से श्रेष्ठता प्राप्त करें। हे देवगण! आप लोग संग्रामों में हमारी रक्षा कीजिए।

अमीषा चित्तम्प्रतिलोभयन्ती गृहाणांगन्न्यप्प्वे परेहि।

अभिप्प्रे हिनिर्द्दह ह्रत्सु शोकैरन्धेना मित्त्रास्तमसा सचन्ताम्।।12।।

यहाँ पुनः शत्रुओं का नाश हो ऐसे प्रयत्नों का आवाहन हुआ है, उनके चित्त भंग हो जाएँ इस कामना से उन में व्याधियो के द्वारा उनके चित्त को मोहित करो। उनके सिर आदि अंगों कोग्रहण करो, दूर जाकर पुनः उनके पास लौट कर उनके ह्रदयों को शोक से दग्ध कर दो हमारे शत्रु घने अंधकार से आच्छन्न हो जाएँ।

अवसृष्ट्टा परापत शरव्ये ब्ब्रह्मसः शिते।

गच्छामित्त्रान्प्र पद्द्यस्व मामीशांकंचनोच्छिषः ।।13।।

यहाँ पुनः बाण रूपी ब्रह्मास्त्र का वर्णन है – हे बाण रूपी ब्रह्मास्त्र। वेद मन्त्रों से तक्षण हो कर मेरे द्वारा प्रक्षिप्त होने पर तुम शत्रुसेना पर गिरो। शत्रु के पस जाकर पहुँच जाओ और उनके शरीर में प्रविष्ट होकर उनमें से किसी को भी जीवित मत छोड़ों।

प्रेता जयता नरऽइन्द्रो वः शर्म्म यच्छतु।

उग्ग्रा व÷ सन्तु बाहवोनाधृष्ष्या यथासथ।।14।।

यहाँ पर पुनः विजय की कामना करते हुए कहा है – हे हमारे वीर पुरूषों! शत्रु सेना पर आक्रमण करो और विजय प्राप्त करो। देव सेनानायक इद्र तुम्हारा कल्याण करें। तुम्हारी भुजाएँ शस्. उठाएँ तुम किसी भी प्रकार से शत्रु से पराजय का तिरस्कार प्राप्त न करें।

असौ या सेना मरूतः परेषामभ्यैति नऽओजसा स्पर्द्धमाना।

ताङ्गूहत तमसा पव्व्रतेन यथामीऽअन्नयोऽअन्नयन्न जानन्।।15।।

यहाँ पर शत्रु सैनिक स्वयं ही अपने में विद्रोह करके नष्ट हो जाये ऐसे भाव हैं :– हे मरूद्गण! जो शत्रुसेना–बल लिए आ रा है उसमें अकर्मण्यता का अंधेरा फैलाकर उसे नष्ट कर दो। उस अंधकार में शत्रु सैनिक एक दूसरे को पहिचान न सके और परस्पर कट कर शस्त्र चलाने से नष्ट हो जाये।

यत्र बाणाः सम्पतन्ति कुमारा व्विशिखऽइव।

तन्नऽइन्द्रो बृहस्पतिरदितिः शर्म्म यच्छतु व्विश्श्वाहा शर्म्मयच्छतु।।16।।

यहाँ पर बृहस्पति इन्द्र और देवमाा को सम्बोधित विजय कल्याण क कामना की गयी है। जिस युद्ध में शत्रु के बाण फैली हुई शिखा वाले बालकों के समान इधर–उधर गिरते हैं, उसमें इन्द्र बृहस्पति और देव माता अदिति हमे विजय दिलाये। सभी देवता सर्वदा हमारा कल्याण करें।

मर्म्माणिते व्वर्म्मणा च्छादयामि सोमस्त्वा राजामृते–नानुवस्ततम्।

उरोर्व्वरीयो व्वरूणस्ते कृणोतु जयन्तन्त्वानु देवा मदन्तु।।17।।

उक्त सूक्त यजमान को सम्बोधित किया गया है :–

हे यजमान! मैं तुम्हारे मर्म स्थानों को कवच से आच्छादित करता हूँ। वरुण तुम्हारे कवच का और उत्कृष्ट बनावे, अन्य देवता तुम्हारा उत्साह बढ़ाकर विजय प्राप्ति की आरे जावें।

9.3.5 रुद्र सूक्त :–

नमक चमक के द्वारा शिवलिंग के आभिषेक की पुरानी परम्परा है। रुद्राष्टध्यायी का पंचम अध्याय शतरूद्रिय माना जाता है। इसे भगवान् रूद्रके सौ से अधिक नाम गिनाएँ गए हैं। शतरूद्रिय पाठ समस्त वेदों के पारायण के तुल्य माना जाता है। इसको ही रूद्राध्याय भी कहते है। शतरूद्रिय परम पवित्र तथा धन, यश और आयु की वृद्धि करने वाला है। इसके पाठ से सम्पूर्ण मनोरथों की सिद्धि होती है। इसका पाठ परम पवित्र एवं पापों का नाश करने वाला होता है। ये मनोरथ की सिद्धि इसी से प्राप्त होती है, दुःख और भय को दूर करने वाला होता है। जो कोई इसके परम पवित्र पाठ का श्रवण करता है, वह उत्तम कामनाओं को प्राप्त करता है। महर्षि याज्ञवल्क्य ने शतरूद्रिय पाठ को अमृतत्व का साधन माना है। शतरूद्रिय पाठ करने वाला, पूत होता है, वायुपूत होता है, आत्मपूत होता है, सुरापान या मदिरापान दोष से छूटता है, ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्त हो जाता है। शुभाशुभ कर्मों से उद्धार पाठ करता है। सदाशिव आश्रित हो जाता है। इस प्रकार उसे मोक्ष जन्म मरण विमुक्त होकर कैवल्य प्राप्त होता है।

विभिन पदार्थो द्वारा निर्मित शिवलिंग –

अपने देश में प्रायः सभी स्थानों पर पार्थिव–पूजा का प्रचलन व मान्यता है। लिंग मात्र की पूजा में पार्वती व शिव दोनों की पूजा हो जाती है। लिंग के मूल ब्रह्म, मध्यभाग में श्री विष्णु और ऊपर ओंकार रूप महादेव विराजमान है। वेदी महादेवी और लिंग महादेव है। गरूडपुराण में अनेक पदार्थो के शिवलिंग निर्माण करके, अनेक अभीष्ट कार्यो की सिद्धि हेतु पूजन करने का प्रकरण विस्तार से है, जिसमें सवार्धिक महत्व पारद निर्मित शिवलिंग का बताया गया है। शास्त्रों में अनुसार शिवलिंग अनन्त स्वरूप और निर्माण–विधियों का वर्णन भी मिलता है। विभिन्न कामना सिद्धि हेतु अनेक पदार्थो के शिवलिंग निर्माण किए जाते है, जिनमें कुछ इस प्रकार है।

गन्धलिंग :– यह लिंग दो भाग कस्तूरी, चार भाग चन्दन तथा तीन भाग कुंकुम द्वारा निर्मित किया जाता हैं। इसकी पूजा शिव का सायुजय प्राप्त करने के लिए की जाती है।

पुष्पलिंग :– इसका निर्माण विभिन्न रंगों के फूलों द्वारा किया जाता है, पृथ्वी का आधिपत्य प्राप्त करने के लिए इसकी पूजा की जाती है।

रजोमयलिंग :– यह मिट्टी (बालूका) द्वारा बनाया जाता है। इसका अर्चन करने से विद्या की प्राप्ति होती है।

यवगोधूमशालिजलिंग :– जौ, गेहूं, चावल इन तीनों का आटा समान भाग लेकर इसका निर्माण किया जाता है। इसकी पूजा सौन्द्रर्य, स्वास्थ्य और पुत्र–प्राप्ति के लिए करनी चाहिए।

सिताखंडमयलिंग :– यह मिश्री के बने हुए सिट्टे का बनाया जाता है। रोगों से मुक्ति पाने तथा स्वास्थ्य के लिए इसका पूजन सार्थक माना गया है।

लवणजलिंग :– हरताल त्रिकूट (सोंठ, मिर्च, पीपल) को नमक में मिलाकर इसका निर्माण करते हैं। वशीकरण के अर्थ में इसका पूजन तत्काल फलदायक है।

तिलपिष्टोन्थलिंग :– तिलो को पीसने के बाद उसका लिंग बनावे। इसका पूजन सभी प्रकार की इच्छापूर्ति हेतु किया जाता है।

गुडोत्थलिंग :– यज्ञकुन्ड से लेकर बनाए गए लिंग को भस्मलिंग कहा जाता है। इसका पूजन अनेक प्रकार से फलदायक है।

शर्करामयशिवलिंग :– चीनी (शर्करा) द्वारा निर्मित लिंग के पूजन से सुख–शान्ति प्राप्त होती है।

वशांकुरमयलिंग :– बांस के कोमल अंकुर द्वारा बनाए गए शिवलिंग की पूजा करने से वंश की वृद्धि होती है।

दधिदुग्धोद्भवलिंग :– कच्चे दूध को लेकर उसमें दही मिलावें। इस प्रकार दूध और दही के बने हुए शिवलिंग की पूजा करने से यश और लक्ष्मी, दोनों की प्राप्ति होत है।

धान्यजशिवलिंग :– कई प्रकार के धान्य (अनाज) गुड़ के साथ मिलकर उसका लिंग पूजन करने से धन (अनाज) की वृद्धि होती है।

फलोत्थालिंग :– फलों को धागे में पिरोकर लिंगरूप बनाया जाता है। ऐसे लिंग के अर्चन से फलसिद्धि होती है।

धात्रीफलमयलिंग :– आँवले को पीसकर बनाया गया शिवलिंग मुक्ति देने वाला होता है।

नवनीतजलिंग :– वृक्षों के कोमल पत्तों को पीसकर बनाए गए लिंग पूजन से यश और सौभाग्य प्राप्त होता है।

कर्पूरजलिंग :– कपूर से बनाया गया लिंग भक्ति का प्रेरक कहलाता है।

अयस्यान्तकमणिजलिंग :– लोहे (धातु) द्वारा बनाया गया शिवलिंग सिद्धिदायक है।

मौक्तिशिवलिंग :– मोतियों द्वारा बनाया गया लिंग स्त्रियों को सौभाग्य प्रदान करता है। पुरूष इसकी पूजा करे तो भाग्य–वृद्धि होती है।

स्वर्णनिर्मितलिंग :– सोने के शिवलिंग का पूजन करने से धनधन्य और सुख–समृद्धि प्राप्त होते है। अनन्तः मनुष्य मुक्ति को प्राप्त होताहै।

रजमयशिवलिंग :– चाँदी के लिंग का पूजन भी सभी प्रकार की सुख–समृद्धि को देने वाला है।

वैदूर्यजमणिलिंग :– लहसुनिया से निर्मित लिंग शत्रुनाश करने वाला सर्वत्र विजय प्राप्त करने वाला है।

स्फटिकमणिलिंग :– स्फटिकमणि से निर्मित लिंग का पूजन इच्छाओं की पूर्ति हेतु सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसके दर्शन मात्र से ही पापों का नाश हो जाता है। इसके पूजन से अनेक प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त होती है।

इसके अलावा भी अन्य कई प्रकार के लिंगो का निर्माण और उनकी पूजा का विधन बताया गया है। गरूड़पुराण में लिंगो का महत्व उनका आकार–प्रकार और उनके प्रकार की फल प्राप्तियो का विस्तार पूर्वक उल्लेख मिल जाता है।

।। हरिः ओम।।

भूर्भुवः स्व÷। नमस्ते रुद्द्र मन्यवऽउतोतऽइषवे नम÷।

बाहुब्भ्यामुतते नम÷।।1।।

या ते रुद्द्र शिवा तनूरघोरापापकाशिनी।

तया नस्तन्न्वा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि।।2।।

यामिषुंगिरिशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे।

शिवांगिरित्र तांकुरुमा हिः सीः पुरुषंजगत्।।3।।

शिवेन व्वचसा त्त्वा गिरिशाच्छा व्वदामसि।

यथा नः सर्व्व मिज्जगदयक्ष्मः सुमनाऽअसत्।।4।।

अद्ध्यवोचदधिवक्ता प्प्रथमो दैव्व्यों भिषक्।

अहींश्च सर्व्वांजम्भयन्त्सर्व्वाश्च्च यातुधान्न्योधराचीः परासुव।।5।।

असौ यस्ताम्म्रोऽअरुणऽउत बब्भ्रुः सुमंगल÷।

ये चैनः रुद्द्राऽअभितो दिक्क्षु श्रिश्रताः सहस्त्रशोवैषाः हेडऽईमहे।।6।।

असौ योवसर्प्पति नीलग्ग्रीवो व्विलोहितः।

उतैनंगोपाऽअदृ श्रश्रन्नदृश्रश्रन्नुदहार्य्य÷ स दृष्ट्टो मुडयाति नः।।7।।

नमोस्तु नीलग्ग्रीवाय सहस्त्राक्क्षाय मीढुषे।

यथो येऽअस्य सत्त्वानो हन्तेब्भ्यो करन्नमः।।8।।

प्रमुंच धन्नवनस्त्वमुभयोरात्क्न्यों म्।

याश्च्चते हस्तऽइषवः परा ता भगवो व्वप।।9।।

व्विज्जयन्धनु÷ कपर्द्दिनो व्विशल्ल्यो बाणवाꣳ।।ऽउत।

अनेश न्नस्य याऽइषवऽआभुरस्य निषंगधिः।।10।।

या ते हेतिर्म्मीढुष्ट्टम हस्ते बभूव ते धनु÷।

तयास्म्मा न्व्विश्श्वत स्त्वमयक्ष्मया परिभुज।।11।।

परि ते धन्व्वनो हेतिरस्म्मान्व्वृणक्तु व्विश्श्वत÷।

अथो यऽइषुधिस्त्तवारेऽ अस्म्मन्निधेहि तम्।।12।।

अवतत्त्य धनुष्ट्ट्वः सहस्त्राक्ष रातेषुधे।

निशीर्य्य शल्ल्या नाम्मुख शिवो न÷ सुमना भव।।13।।

नमस्तऽआयुधायानाततायधृष्णवे।

उभाब्भ्यामुत ते नमो बाहुब्भ्यान्तव धन्वने।।14।।

मा नो महान्तुमुतमानाऽ अर्ब्भकम्मा नऽउक्षन्तमुत मानऽक्षितम्।

मा नो व्वधीः पितरम्मोत मातरम्मा न÷ प्प्रियास्तन्वो रुद्द्र रीरिषः।।15।।

मा नस्तोके तनये मा नऽआयुषि मा नो गोषु मानोऽअश्श्वे षुरीरिषः।

मा नो व्वीरान्त्रुद्द्र भामिनो व्वधीर्हविष्मन्तः सदमित्त्वा हवामहे।।16।।

नमो हिरण्ण्यबाहवे सेनान्न्ये दिशांच पतये नमो नमोव्वृक्षेब्भ्यो हरिकेशेब्भ्यः पशूनाम्पतये

नमो नम÷ शष्पिंजराय त्त्विषीमते पथीनाम्पतये नमो नमो हरिकेशायोपवीतिने पुष्ट्टानाम्पतये नमो नमो बब्भ्लुशाय।।27।।

नमो बब्भ्लुशाय व्व्याधिनेन्नाम्पतये नमो नमो भवस्य हेत्त्यै जगताम्पतये नमो रुद्द्रायाततायिने क्षेत्त्राणाम्पतये नमो नम÷ सूतायाहन्त्यै व्वनानाम्पतये नमो नमोरोहिताय।।18।।

नमो रोहिताय स्त्थपतये व्वृक्षाणाम्पतये नमो नमो भुवन्तये व्वारिवस्कृतायौष धीनाम्पतये नमो नमो मन्त्रिणे व्वाणिजाय कक्षाणाम्पतये नमो नमऽउच्चैर्घ्घोषायाक्रन्दयते पत्तीनाम्पतये नमो नम÷ कृत्स्त्रायतया।।19।।

नम÷ कृत्स्त्रायतया धावते सत्त्वनाम्पतये नमो नमः सह मानाय निव्व्याधिनऽ आव्व्याधिनीनाम्पतये नमो नमो निषंगिणे ककुभाय स्तेनानाम्पतये नमो नमो निचेरवे परिचरायारण्ण्या नाम्पतये नमो नमो व्वंचले।।20।।

नमो व्वंचते परिवंचते स्तायूनाम्पतये नमो नमो निषंगिणऽइषुधिमते तस्क्कराणाम्पतये नमो नम÷ सृकायिब्भ्यो जिघाः सद्भ्यो मुष्ण्णताम्पतये नमो नमो सिमद्भ्यो नक्तंचरद्भ्यो व्विकृन्तानाम्पतये नम÷।।21।।

नमऽ उष्ण्णीषिणे गिरिचराय कुलुंचानाम्पतये नमो नमऽइषुमद्भ्यो धन्व्वायिब्भ्यश्च्च वो नमो नमऽ आतन्व्वानेब्भ्य÷ प्प्रतिदधाने ब्भ्यश्च्च वो नमो नमऽ आयच्छद्भ्योस्यद्भ्यश्च्च वो नमो नमोव्विसृजद्भ्य÷ ।।22।।

नमो व्विसृजद्भ्यो व्विद्ध्यद्भ्यश्च्च वो नमो नम÷ स्वपद्भ्यो जाग्ग्रद्भ्यश्च्च वो नमो नमः शयानेब्भ्यऽ आसीनेब्भ्यश्च्च वो नमो नमस्तिष्ट्ठद्भ्यो धावद्भ्यश्च्च वो नमा नम÷ सभाब्भ्य÷।।23।।

नम÷ सभाब्भ्य÷ सभापतिब्भ्यश्च्च वो नमो नमो श्श्वेब्भ्यो श्श्वपतिब्भ्यश्च्च वो नमो नमऽआव्व्याधिनीब्भ्यो व्विविद्ध्यन्तीब्भ्यश्च्च वो नमो नमऽ उगाणाब्भ्यस्तृः हतीब्भ्यश्च्च वो नमो नमो गणेब्भ्य÷ ।।24।।

नमो गणेब्यो गणपतिब्यश्च्च वो नमो नमो व्रतेब्यो व्रातपतिब्यश्च्च वो नमो नमो गृत्सेब्यो गृत्सपतिब्यश्च्च वो नमो नमो व्विरूपेब्यो व्विश्श्वरूपेब्यश्च्च वो नमो नमः सेनाब्यः।।25।।

नमः सेनाब्यः सेनानिब्यश्च्च वो नमो नमो रथिब्योऽअर थेब्यश्च्च वो नमो नम÷ क्षत्तृब्य÷ सङ्ग्रहीतृब्यश्च्च वो नमो महद्भ्यो ऽ अर्भकेब्यश्च्च वो नम÷।।26।।

नमस्तक्षब्यों रथकारेब्यश्च्च वो नमो नमः कुलालेब्यः कर्म्मारेब्यश्च्च वो नमो नमो निषादेब्य÷ पुंजिष्ट्ब्यश्च्च वो नमो नम÷ श्वनिब्यो मृगयुब्यश्च्च वो नमो नमः श्वब्य÷।।27।।

नमः श्वब्यः श्वपतिब्यश्च्च वो नमो नमो भवाय च रुद्द्राय च नम÷ शर्व्वाय च पशुपतये च नमो नीलग्ग्रीवाय च शिति कण्डाय च नम÷ कपर्द्दिने।।28।।

नम÷ कपर्द्दिने च व्व्युप्तकेशाय च नम÷ सहस्त्राक्षाय च शतधन्व्वने च नमो गिरिशयाय च शिपिविष्ट्टाय च नमो मीढुष्ट्टमाय चेषुमते च नमो ह्रस्वाय।।29।।

नम÷ ह्रस्वाय च व्वामनाय च नमो बृहते च व्वर्षीयसे च नमो व्वृद्धाय च सवृधे च नमोग्ग्रयाय च प्प्रथमाय च नमऽआशवे।।30।।

नमऽआशवे चाजिराय च नमः शीग्घ्र्याय च शीब्याय च नमऽ–ऊम्म्र्याय चावस्वन्न्याय च नमो नादेयाय च द्द्वीप्प्याय च।।31।।

नमो ज्ज्येष्ट्ठाय च कनिष्ट्टाय च नम÷ पूर्व्वजाय चापरजाय च नमो मद्ध्यमाय चापगल्भाय च नमो जघन्न्याय च बुद्ध्न्याय च नमः सोब्याय।।32।।

नमः सोब्याय च प्प्रतिसर्य्याय च नमो याम्म्याय च क्षेम्मयाय च नमः श्लोक्क्याय चावसालन्न्याय च नमऽउर्व्वर्य्याय च खल्ल्याय च नमो व्वन्न्याय।।33।।

नमो व्वन्न्याय च कक्ष्याय च नम÷ रवाय च प्प्रतिश्र्श्रवाय च नमऽआशुषेणाय चाशुरथाय च नमः शूराय चावभेदिने च नमो बिल्म्मने।।34।।

नमो बिल्म्मने च कवचिने च नमो व्वर्म्मिणे च व्वरूथिन च नम÷ श्र्श्रुताय च श्र्श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुब्याय चाहनन्न्यायच नमो धृष्णवे।।35।।

नमो धृष्णवे च प्प्रमृशाय च नमो निषंगिणे चेषुधिमते च नमस्त्ती–क्ष्णेषवे चायुधिने च नम÷ स्वायुधाय च सुधन्व्वने च।।36।।

नमः स्त्रुत्त्याय च पत्थ्याय च नमः काट्ट्याय च नीप्प्याय च नमः कुल्ल्याय च सरस्याय च नमो नादेयाय च व्वैशन्ताय च नमः कूप्प्याय।।37।।

नमः कूप्प्याय चावट्टयाय च नमो व्वीध्र्याय चातप्पयाय च नमो मेग्घ्याय च व्विद्द्युत्त्याय च नमो व्वर्ष्म्याय चावर्ष्म्याय च नमो व्वात्त्याय।।38।।

नमो व्वात्त्याय च रेष्म्मयाय च नमो व्वास्तव्व्याय च व्वास्त्तुपाय च नमः सोमाय च रूद्द्राय च नमस्ताम्प्राय चारूणाय च नम÷ शंगवे।।39।।

नम÷ शंगवे च पशुपतये च नमऽ उग्ग्राय च भीमाय च नमोग्ग्रेवधाय च दूरेवधाय च नमो हन्त्रे च हनीयसे च नमो व्वृक्क्षेब्म्यो हरिकेशेब्म्यो नमस्ताराय।।40।।

नम÷शम्भवाय च मयोभवाय च नम÷ शंकराय च मयस्क्कराय च नम÷ शिवाय च शिवतराय च।।41।।

नमः पार्य्याय चावार्य्याय च नम÷ प्प्रतरणाय चोत्त्रणय च नमस्तीत्त्र्थ्याय च कूल्ल्याय च नमः शष्प्प्याय च फेन्न्याय च नम÷ सिकत्त्याय।।42।।

नम÷ सिकत्तय च प्रवाह्य्याय च नम÷ किः शिलाय च क्षयणाय च नम÷ कपर्द्दिने च पुलस्त्तये च नमऽइरिण्ण्यायच प्प्रपत्त्थ्याय च नमो व्व्रज्ज्याय।।43।।

नमो व्व्रज्ज्याय च गोष्ट्ठ्याय नमस्तल्प्प्याय च गेह्य्याय च नमो ह्रदय्याय च निवेष्प्याय च नमः काट्ट्याय च गव्हरेष्ठाय च नमः शुष्क्क्याय।।44।।

नम÷ पण्ण्याय च पर्ण्णशदाय च मनऽउद्गुरमाणाय चाभिग्घ्रते च नमऽआखिदते च प्प्रखिदते च नमऽइषुकृद्भ्यो धनुष्कृद्भ्यश्च्व वो नमो नमो वः किरिकेब्म्यो देवानाः ह्रदयेब्म्यो नमो व्विचिन्न्वत्त्केब्म्यो नमो व्विक्षिणत्त्केब्म्यों नमऽआनिर्हतेब्म्य÷।।46।।

द्रापेऽ अन्धसस्प्ते दरिद्द्र नीललोहित।

आसाम्प्रजानामेषा म्पशूनाम्मा भेर्म्मारोङ्ङ्मो च नः किंचनाममत्।।47।।

इमा रूद्द्राय तवसे कपर्द्दिने क्षयद्द्वीराय प्प्रभरामे मती।

यथा शमसद्द्विपदे चतुष्प्पदे विश्श्वम्पुष्ट्टङ्ग्रामेऽ अस्मिन्ननातुरम।।48।।

या ते रूद्द्र शिवा तनूः शिवा व्विश्श्वाहा भेषजी।

शिवा रूतस्य भेषजी तया नो मृड जीवसे।।49।।

परि नो रूद्द्रस्य हेतिर्व्वृणक्क्तु परि त्त्वेषस्य दुर्म्मतिरघायोः।

अव स्त्थिरा मघवद्भ्यस्त्तनुष्व मीढ्स्तोकाय तनयाय मृड।।50।।

मीढुष्ट्टम शिवतम शिवो न÷ सुमना भव।

परमे वृक्क्षऽआयु धन्निधाय कृत्तिँव्वसनऽआचार पिनाकम्बिब्भ्रदागहि।।51।।

व्विकिरद्द्र व्विलोहित नमस्तेऽ अस्त्तु भगवः।

यास्ते सहस्त्रः हेतयोन्नयमस्म्मान्निवपन्तु ताः।।52।।

सहस्त्राणि सहस्त्रशो बाह्वोस्तव हेतय÷।

तासामीशानो भगवः पराचीना मुखा कृधि।।53।।

असङ्ख्याता सहस्त्राणि ये रूद्द्राऽअधि भम्मयाम्।

तेषाः सहस्त्रयोजनेव धन्वानि तन्म्मसि।।54।।

अस्म्मिन्न्महत्त्यर्ण्णवेन्तरिक्षे भवाऽअधि।

तेषाः सहस्त्रयोजनेव धन्वाति तन्म्मसि।।55।।

नीलग्ग्रीवाः शितिकण्ठा दिवः रूद्द्राऽउपश्रिश्रताः।

तेषाः सहस्त्रयो जनेव धन्वानि तन्म्मसि।।56।।

नीलग्ग्रीवाः शितिकण्ठाः शर्व्वाऽ अधः क्षमाचरा।

तेषाः सहस्त्रयो जनेव धन्वानि तन्म्मसि।।57।।

ये व्वृक्षेषु शष्प्पिंजरा नीलग्ग्रीवा व्विलोहिताः

तेषाः सहस्त्रयो जनेव धन्वानि तन्म्मसि।।58।।

ये भूतानामधिपतयो व्विशिखास÷ कपर्द्दिन÷।

तेषाः सहस्त्रयो जनेवा धन्वानि तन्म्मसि।।59।।

ये पथाम्पथिरक्षयऽ ऐलबृदाऽ आयुर्य्युध÷।

तेषाः सहस्त्रयो जनेवा धन्वानि तन्म्मसि।।60।।

ये तीर्त्थानि प्प्रचरन्ति सृकाहस्ता निषंगिण÷।

तेषाः सहस्त्रयो जनेवा धन्वानि तन्म्मसि।।61।।

येन्नेषु व्विविद्ध्यन्ति पात्त्रेषु पिबतो जनान्।

तेषाः सहस्त्रयो जनेवा धन्वानि तन्म्मसि।।62।।

यऽएतावन्तश्च्च भूयाः सश्च्च दिशो रूद्द्रा व्वितस्थिरे।

तेषाः सहस्त्रयो जनेवा धन्वानि तन्मसि।।63।।

नमोस्तु रूद्द्रेब्भ्यो ये दिवि येषाँव्वर्षमिषवः।

तेब्भ्यो दश प्राचीर्दश दक्षिणादश प्रतीचीर्दशोद्ध्वाः।

तेब्भ्यो नमोऽअस्तु ते नोवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यन्द्विष्मो यश्च्व नो द्वेष्टि तमेषांजम्भे दद्ध्मः।।64।।

नमोस्तु रूद्द्रेब्भ्यो येन्तरिक्षे येषाँव्वातऽइषवः।

तेब्भ्यो दश प्राचीर्दश दक्षिणा दश प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोद्ध्वाः।

तेब्भ्यो नमोऽअस्तु ते नोवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यन्द्विष्मो यश्च्व नो

द्वेष्टि तमेषांजम्भे दद्ध्मः।।65।।

नमोस्तु रूद्द्रेब्भ्यो ये पृथ्विव्यॉ य्येषामन्नमिषवः।

तेब्भ्यो दश प्राचीर्दश दक्षिणा दश प्रतीचीर्दशोदीचीर्दशोद्ध्वाः।

तेब्भ्यो नमोऽअस्तु ते नोवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यन्द्विष्मो यश्च्व नो

द्वेष्टि तमेषांजम्भेदद्ध्यः।।66।।

9.3.6 भद्रसूक्त

ओम आनो भद्द्राः क्रतवो यन्तु व्विश्वतो दब्धासोऽअपरीतासऽउद्भिदः।

दवानो यथा सदमिद्वृधेऽअसन्न्प्रायुवोरक्षितारो दिवेदिवे।।1।।

सभी मनुष्यों को ईश्वर के विज्ञान व विद्वानों के सत्संग से बुद्धि को प्राप् करके जीवन में धर्म का आचरण करते हुए प्रतिदिन सभी की रक्षा करनी चाहिए।

देवानां भद्द्रा सुमतिर्ऋजूयतान्देवानाः रातिरभिनोनिवर्त्तताम्।

देवानाः सक्ख्यमुपसेदिमा व्वयं देवानऽआयुः प्रतिरन्तुजीवसे।।2।।

सभी मनुष्यों को चाहिए कि वे विद्वानों के सानिध्य से उत्तम बुद्धि को पाकर ब्रह्मचर्य आश्रम का पालन करते हुए आयु को बढ़ाकर सदैव धार्मिक जनों के साथ मित्रता बनायें रखे।

तान्पूर्वया निविदा हूमहे व्वयं भगम्मित्रमदितिं दक्षमस्त्रिधम्।

अर्य्यमणं व्वरूणः सोममश्विना सरस्वती नः सुभगामयस्करत्।।3।।

प्रत्येक मनुष्य को देव में आदेशित कार्य का ही अनुष्ठान करना चाहिए। जिस प्रकार माता अपने सन्ता को अच्छी शिक्षा देकर उनके ज्ञान को बढ़ाती है, उसी प्रकार सभी के लिए कर्मों में श्रेष्ठता लाते हुए सभी को सुख प्रदान करे।

तन्नोव्वातो मयो भुव्वातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता द्यौः।

तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयो भुवस्तदश्विना श्रृणुतं धिष्ण्या युवम्।।4।।

जिसकी पृथ्वी के समान माता व सूर्य के समान पिता है, वह स्वयं सुखभाव की अनुभूति करते हुए सभी को सुखी व निरोगी बनाये रखे।

तामीशानंजगतस्तस्थुषस्पति–न्धियंजिन्व्मवसे हूमहे व्वयम्।

पूषा नो यथा व्वेदसामद्वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये।।5।।

इसमें सभी उपदेशकर्ताओं से कामना की गयी है कि वे ऐसे उपदेश करे जिससे सर्वशक्तिमान् ईश्वर की सभी लोग प्रार्थना करे तथा उसी से सम्पूर्ण सुखों का प्रदाता जानें।

स्वस्ति न ऽइन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषाव्विश्ववेदाः।

स्वस्तिनस्तार्क्ष्यो ऽ अरिष्टनेमिः स्वस्तिनोबृहस्पतिर्दधातु।।6।।

प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि जिस प्रकार व्यक्ति स्वयं के सुख की आकांक्षा करता है, उसी प्रकार अपने आचरण से सभी को सुख प्रदान करे।

पृषदश्वा मरुतः पृश्रिमातरः शुभं व्यावानो व्विदथेषु जग्मयः।

अग्निजिह्व्वामनवः सूरचक्षसो व्विश्वेनोदेवाऽअवसा गमन्निह।।7।।

प्रत्येक मनुष्य का विद्वानो का सत्संग करना चाहिए, जिस प्रकार से इस संसार में वायु आदि पदार्थ सभी प्राणियों के लिए है, उसी प्रकार इस जगत् में विद्या अथवा ज्ञान सभी के लिए है।

भद्द्रंकर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्द्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।

स्थिररैरंगैस्तुष्टवाः सस्तनूभिर्व्व्यशेमहि देवहितं य्यदायुः।।8।।

विद्वानों के सत्संग से मनुष्य सत्य को सुने, सत्य को देखे तथा ईश्वर की प्रार्थना करे तो वह पूर्णायु को प्राप्त होता है। विवेकी मनुष्य को असत्य भाषण, दुष्टकृत्य करना अथवा देखना तथा झुठी प्रशंसा से सदैव दूर रहना चाहिए।

शतमिन्नुशरदो ऽ अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसंतनूनाम्।

पुत्रासो यत्र पितरो भवनित मानो मध्दया रीरिषतायुर्गन्तोः।।9।।

इस मन्त्र में देवताओं से प्रार्थना की गयी है कि वे अपने अर्चक को पूर्णायु का आशीर्वाद देवे तथा ऐसे पुत्र देवे जो कि आयुजनित कष्टों से उनकी रक्षा कर सके।

अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः।

विश्वेदेवा ऽ अदितिः पंचजना ऽ अदितिर्ज्जातमदितिर्ज्जनित्वम्।।10।।

देवमाता अदिति एवं जगत्पिता परमात्मा की कृति अर्थात् प्रकृति ही नित्य अर्थात् अविनाशी है, इसकी ना तो कभी उत्पत्ति होती है और ना ही कभी अन्त होता है।

यतो यतः समीहसे ततो नो ऽ अभयं कुरु। शन्नः कुरु प्रजाब्योभयन्नः पशुभ्यः।।11।।

